...emical Works Ltd.

...IRA (Gujerat State)

...facturers of

...SHOE" Brand Chemicals

- ★ SODA ASH
- ★ CALCIUM CHLORIDE
- ★ SODA BICARB
- ★ SALT
- ★ HYDROCHLORIC ACID
- ★ RAYON GRADE CAUSTIC SODA (Solid & Flakes)

Managing Agents

SAHU BROS. (SAURASHTRA) PRIVATE LIMITED

For Your Requirements

Please Contact

15-A, HORNIMAN CIRCLE

FORT, BOMBAY-1

Telegram "SAHUJAIN Bombay   *Telephone* 251218-19-10

दिल्ली जैन डायरेक्टरी

प्रकाशक

जैन सभा नयी दिल्ली

दिल्ली जैन डायरेक्ट्री का शुद्धि-पत्र

(१) भूमिका में पृष्ठ तेरह पर अंतिम पैराग्राफ की पांचवीं पंक्ति में 'श्री लक्ष्मण सिंह भंसाली' के स्थान पर 'श्री धनपत सिंह भंसाली' पढ़िये ।

(२) विषय सूची में क्रमांक २२ के सामने

(I) विषयानुसार क्रमिका के स्थान पर जैन सभा नई दिल्ली - सदस्य सूची ; और

(II) पृष्ठ संख्या २६० के स्थान पर २६१ पढ़िये ।

(३) पृष्ठ १२ पर प्रथम पंक्ति निम्न प्रकार पढ़िये - धर्मपुरा के अत्यन्त दर्शनीय व भव्य कलापूर्ण 'जैन मन्दिर' का निर्माण उन्होंने ही सन् १८०७ में कराया था कहा जाता है

(४) पृष्ठ २८ पर नं० १० के विवरण में दिगम्बर जैन मेहर मन्दिर की प्रतिष्ठा तिथि '२३ जनवरी सन् १७३२ के स्थान पर '२३ जनवरी सन् १८७६' पढ़िये ।

सम्पादन मण्डल.....—

दो शब्द

प्राचीन काल से, कौरव पाण्डवो के समय से तो अवश्य ही, दिल्ली भारतवर्ष का एक प्रमुख नगर रहा है और आज तो, स्वतन्त्र भारत की राजधानी होने के नाते, इसकी गणना संसार के गिने-चुने नगरों में है। दिल्ली के इतिहास मे जैनो का हिन्दू, मुसलमान व ब्रिटिश काल मे राजकीय व सामाजिक क्षेत्रों मे ऊंचा स्थान रहा है। स्वतन्त्रता सग्राम मे दिल्ली के जैन किसी से पीछे नहीं रहे है और स्वतन्त्रता प्राप्त होने के बाद, न केवल इनकी जनसंख्या बढ़ कर तीस-पैंतीस हज़ार हो गई है किन्तु व्यापारिक, औद्योगिक, सामाजिक, राजनैतिक व राजकीय आदि सभी क्षेत्रों में इनका एक विशेष स्थान हो गया है। ऐसी दशा मे यह दुख का विषय है कि पृथक-पृथक जातियों व सम्प्रदायों में बंटे होने, नगर के भिन्न-भिन्न भागो मे रहने-सहने और उनका कोई दिल्ली-व्यापी, असाम्प्रदायिक संगठन न होने के कारण आपस मे जानकारी नही के बराबर है। इस कारण बहुत दिनो से इस बात की आवश्यकता अनुभव की जा रही थी कि दिल्ली के जैनो के बारे मे ऐसी डायरेक्टरी प्रकाशित की जावे जिस से उनकी सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा अन्य स्थिति का परिज्ञान हो ताकि पारस्परिक जानकारी हो और सम्पर्कों में वृद्धि हो सके।

गतवर्ष जैन मिलन की एक बैठक मे जब नई दिल्ली जैन सभा के मन्त्री श्री चक्रेश कुमार जैन से यह मालूम हुआ कि उनकी सभा ऐसी ही डायरेक्टरी निकालने का विचार कर रही है तो मुझे बडी प्रसन्नता हुई और मैंने उन्हे इस कार्य मे पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

प्रस्तावित डायरेक्टरी के लिए जन साधारण मे उत्साह पैदा करने व सभी कार्यकर्ताओ का सहयोग प्राप्त करने के हेतु श्री लाल मन्दिर जी मे दो एक मीटिङ्ग करने के बाद सम्पादन मण्डल के साथी कार्य में जुट गये। अपने ढग का नया और पहिला प्रयास होने और इस समय तक एक भी ऐसा प्रकाशन न होने से जिससे हमारा मार्ग प्रदर्शन हो सके, मडल को शुरू से ही जटिल समस्याओं का सामना करना पडा। रूपरेखा बार-बार बदलनी पडी। कार्य सभी को सुन्दर और उपयोगी लगने पर भी पूरी सामग्री इकट्ठा करने मे हर किसी का पर्याप्त सहयोग प्राप्त न कर सके। डायरेक्टरी को पूर्णतया स्वावलम्बी बनाने के लिए जैन व्यापारियो व उद्योगपतियो से विज्ञापन देने की प्रार्थना की और यह बडे सतोष की बात है कि इस कार्य के लिए हम जिन सज्जनो के पास भी पहुचे उन्होने बड़ी उदारता से हमे अपना सहयोग प्रदान किया जिसके कारण ही हम इस डायरेक्टरी को समाज मे प्रचारार्थ लागत के एक तिहाई दामों पर देने मे सफल हुये है और डायरेक्टरी के काम को आगे जारी रखने और निकट भविष्य मे इसका सशोधित और पूर्णतम सस्करण निकालने के लिए नीव पडी है। सम्पादन मंडल प्रत्येक विज्ञापनदाता महानुभाव का हार्दिक आभार मानता है। साथ ही हमें उन सज्जनो की भी सराहना करनी है जिन्होने विज्ञापन दिलवाने में अपना अमूल्य समय दिया।

मंडल ने डायरेक्टरी मे दिल्ली के जैनो के अतीत और वर्तमान की एक झांकी पेश की है जिससे समाज को अपनी स्थिति व सामाजिक महत्व व प्रगतियो पर दृष्टिपात करने का एक अवसर मिलेगा। साथ ही दिल्ली के १०१ दर्शनीय स्थानो भारत के जैन तीर्थ स्थानो व प्रमुख जैन केन्द्रों का हाल देकर इसे और उपयोगी बनाने का प्रयत्न किया है। मंडल को खेद है कि गली कूचों मे व्यापार करने वाले भाई इस डायरेक्टरी में स्थान न पा सके और कई वर्गों की सूची अधूरी है। यह भी सम्भव है कि कुछ व्यापारियों, संस्थाओ आदि का विवरण रह गया हो या अधूरा हो। सम्पादन मंडल ऐसे सभी सज्जनों से क्षमा प्रार्थी है।

यह डायरेक्टरी समस्त समाज के सहयोग का फल है। मंडल सभी बन्धुओं का अत्यन्त आभारी है जिनसे परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से इस डायरेक्टरी के निकालने में किसी भी प्रकार की सहायता मिली है। सपादन मंडल के सहयोगियो के कार्य की सराहना मैं किन शब्दो में करूं। वैसे तो सभी किसी न किसी रूप मे बहुमूल्य योग देते रहे हैं फिर भी कुछ साथियों का जिक्र करना, मैं अपना आवश्यक कर्तव्य समझता हू।

श्री शिवदयाल सिंह हमारा सदैव उत्साह बढाते रहे हैं और जब जब जिस प्रकार की सहायता की आवश्यकता पडी, देने के लिए उद्यत रहे और सहर्ष मिलती रही। श्री चक्रेश कुमार की योग्यता, कार्य कुशलता, कर्तव्य परायणता, और अथक परिश्रम डायरेक्टरी की योजना की सफलता का मुख्य कारण है। डायरेक्टरी का आकर्षक और सुन्दर रूप श्री मुनीन्द्र कुमार जैन की लगन और उनके महीना के कठिन परिश्रम का फल है। श्री आदीश्वर प्रसाद के सार्वजनिक जीवन का अनुभव मडल के काम में बडा सहायक रहा है और इनसे न केवल अच्छे-अच्छे सुझाव ही मिलते रहे हैं वरन् डायरेक्टरी के प्रत्येक कार्य मे पहिले दिन से ही इनका पूर्ण सहयोग मिलता रहा है। दिल्ली के मन्दिरो के सयोजन और ब्लाक बनाने का कार्य श्री उग्रसेन दिगम्बर, प्रोप्राइटर दिगम्बर आर्ट काटेज, ने बडे उत्साह से कलापूर्ण और रुचिकर रूप में किया है।

सपादन मडल, जैन सभा नई दिल्ली, का बडा आभारी है कि इसे सभा के इस वर्ष के प्रकाशन के सम्पादन का अवसर मिला, जिसे सभा ने जो गत वर्षों मे अंग्रेजी मे केन्द्रीय सरकार के जैन कर्मचारियों की सूची प्रकाशित करती रही है, समाज के हितार्थ पहिली बार एक वास्तविक दिल्ली जैन डायरेक्टरी का रूप दिया है।

आज ससार मे बलवान देश कमज़ोर जातियो पर स्वत्व जमाए हुये है और उन पर तरह-तरह के अत्याचार ढा रहे हैं। छोटे देश ही नही, वरन् बड़े देश भी एक दूसरे से भयभीत है और अपनी रक्षा के नाम पर नित्य नये हिंसात्मक अस्त्र शस्त्र बना रहे है जो युद्ध छिड़ने पर मनुष्य जाति के सर्वनाश नही तो बहुत बडे विध्वस का कारण बनेंगे। धर्म, विज्ञान और स्वास्थ्य के नाम पर प्रतिदिन हज़ारों बेज़बान, पशु-पक्षियो के खून से धरती लाल हो रही है। नैतिकता का ह्रास हो रहा है। ससार मे दिनो दिन बढ़ती जनसख्या के लिए पर्याप्त भोजन, वस्त्र, मकान आदि उपलब्ध नही है। भगवान ऋषभदेव ने करोड़ो वर्ष और भगवान महावीर ने २,५०० वर्ष पूर्व मानव समाज को अहिंसा, अनेकान्त सत्य, अभय, अपरिग्रह आदि का उपदेश दिया था। इन सिद्धान्तो की सत्यता और उपयुक्तता आज भी ज्यो की त्यों है। जैनों का तो सदा जैन धर्म पर स्वभावत अटल विश्वास रहा है परन्तु आज तो Einstein की Theory of Relativity, डाक्टर जगदीश चन्द्र बसु का यन्त्रों द्वारा बनस्पति में जीव की सिद्धि, महात्मा गान्धी का सत्य और अहिंसा द्वारा भारत को स्वाधीन कराना, अफ्रीका का पराधीन व पद्दलित जातियो का गान्धी जी के सत्याग्रह का अनुकरण, रूस और अमरीका आदि देशो के विज्ञानशास्त्रियो का और नई पृथ्वियो व उनमे हमारे जैसे मनुष्यो के अस्तित्व की सभावना आदि जैन शास्त्रो की सत्यता ससार के सामने लाते जा रहे हैं। ऐसी अवस्था मे जैनो का केवल यह श्रद्धान रखना ही पर्याप्त नही हैं कि जैन धर्म आत्मा का निज धर्म होने के कारण यह किसी विशेष जाति या देश का धर्म नही है अपितु यह ससार के प्राणी मात्र का धर्म है, उनका यह कर्तव्य हो जाता है कि वह इस धर्म के सिद्धान्तों का व्यवहारिक व रचनात्मक रूप मे प्रसार करे। इस कार्य को सम्पन्न करने के लिए आवश्यकता है दिल्ली मे समूचे जैनों की अपनी एक असाम्प्रदायिक सस्था की। डायरेक्टरी बनाने मे सभी सम्प्रदाय जाति व क्षेत्र के बहुत से जैनो ने मिल कर कार्य किया है और जैन समाज मे एक नवीन उत्साह और आशा की लहर दौड़ी है। यदि समाज अतीत के आदर्शों से प्रेरणा और कमज़ोरियो से शिक्षा लेकर विकासशील प्रवृत्ति अपना कर भविष्य के निर्माण मे लगेगी तो सम्पादन मंडल अपने इस श्रम को सफल समझेगा।

चांदनी चौक, दिल्ली
७ नवम्बर, १९६१

डिप्टीमल जैन
अध्यक्ष, सम्पादन मडल

भूमिका

जैन सभा नयी दिल्ली द्वारा जैन निर्देशिकाओ (Jain Directories) का सकलन व प्रकाशन अपनी स्थापना के साथ ही होता आ रहा है, किन्तु इनमे दी गई जानकारी केवल नई दिल्ली क्षेत्र तक ही सीमित हुआ करती थी । नई दिल्ली क्षेत्र से सम्बन्धित जानकारी में भी नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय सरकार के विभिन्न कार्यालयो मे काम करने वाले जैन अधिकारियो से सम्बन्धित जानकारी मुख्यरूप से होती थी । सर्व प्रथम यह सकलन सन १९४१ में सभा के प्रथम मत्री स्व० श्री बुद्धि प्रकाश जी एम० ए० के सद्प्रयत्नो से साइक्लोस्टाइल्ड सूची के रूप मे निकाला गया और इसी भाति कई वर्षो तक बाद मे भी प्रतिवर्ष निकलता रहा । सन १९४३, १९४८ और १९५५ मे इसे छोटी सी पुस्तिका के आकार मे मुद्रित करवा कर प्रकाशित किया गया । सन १९५५ के सस्करण के साथ ही अलग से एक स्थानीय सस्थाओ की सूची उनके पदाधिकारियो के नाम व पते सहित निकाली गई ।

विगत वर्षो मे प्रकाशित उक्त निर्देशिकाए अत्यन्त ही लाभदायक सिद्ध हुई है । इनके द्वारा स्थानीय समाज मे पारस्परिक सम्पर्को मे जो अभिवृद्धि हुई है, वह विशेष महत्वपूर्ण है ।

गत वर्ष जब नवीन कार्यकारिणी का चुनाव हुआ तो मेरे मित्र श्री गोकुल प्रसाद जी, एम० ए०, ने सुझाव दिया कि दिल्ली मे आज जैनो की सख्या तीस-पैंतीस हजार के लगभग है और वे अनेक विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों मे है, यदि सभा इस प्रकार की एक डायरेक्टरी का, जिसमे कि समूचे दिल्ली प्रदेश के जैनो के बारे मे जानकारी प्राप्त हो सके, सकलन और प्रकाशन करे तो वह न केवल स्थानीय जैन व जैनेतर समाज को, वरन् बाहर से आने वालो के लिये भी उपयोगी हो सकेगी । पिछली डायरेक्टरी का सशोधित सस्करण निकालने का विचार तो पहले से था ही केवल उस के क्षेत्र को बढ़ाने का प्रश्न था। कार्य के महत्व और इसकी उपयोगिता को दृष्टि मे रखते हुए यह विचार किया गया कि यदि विभिन्न सम्बन्धित क्षेत्रो से सहयोग प्राप्त हो तो यह कार्य भली भाति सम्पन्न और पूर्ण हो सकता है । तदनुसार सभा के प्रधान श्री शिवदयाल सिंह जी, श्री गोकुल प्रसाद जी, व सयुक्त मत्री श्री सतीश कुमार जी के साथ कई बैठको मे डायरेक्टरी की भावी रूपरेखा काफी चर्चा के बाद बनायी गयी । इस रूपरेखा को सभा की आम बैठक (बजट) मे सरसरी तौर पर और बाद मे कार्यकारिणी के समक्ष विशदरूप से प्रस्तुत कर इसे निश्चित रूप दिया गया ।

इसी दौरान मे जैन मिलन की एक बैठक कान्स्टीट्यूशन क्लब में हुई जिसमे लाला डिप्टीमल जी आदि दिल्ली व नई दिल्ली के कई महानुभाव सम्मिलित हुए । मैंने लाला जी से इस योजना के सम्बन्ध मे चर्चा चलाई तो उन्होंने इस विषय मे केवल प्रसन्नता ही प्रकट न की, बल्कि पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया । इसके बाद ही लगभग प्रति दूसरे या चौथे दिन कार्यकर्त्ताओ की बैठके लाला जी के निवास स्थान अथवा दुकान पर होनी आरम्भ हुई और यह कार्यक्रम डायरेक्टरी के पूर्ण होने तक अनवरत रूप से चलता रहा, अन्तर केवल इतना हुआ कि कुछ कार्यकर्त्ता जो आरम्भ मे थे वे अपनी किन्ही व्यक्तिगत कठिनाइयो अथवा अन्य कारणो से अन्त तक सहयोग न दे सके और नवीन कार्यकर्त्ता सम्मिलित हुए ।

डायरेक्टरी के लिये जानकारी एकत्रित करने के लिये विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयो, संस्थाओं व प्रमुख कार्यकर्त्ताओं के पास अनेक पत्र और उसके बाद अनेक स्मरण-पत्र भेजे गये। समय

समय पर टैलीफोन तथा व्यक्तिगत रूप से भी जानकारी भेजने के लिये प्रार्थना की गई। ग्राम समाज की जानकारी के लिये प्रत्येक मन्दिर आदि ग्राम स्थानो पर इन सूचनाओ को लगवाया गया। इस विषय मे परामर्श करने और अधिक से अधिक व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त करने की दृष्टि से दिल्ली प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रो के लगभग ७५ प्रमुख कार्यकर्त्ताओं की एक बैठक श्री लाल मन्दिर जी मे दिनाङ्क २३ अक्टूबर सन १९६० को सायकाल बुलाई गई। उस बैठक के निर्णय के अनुसार लगभग ३५० कार्यकर्ताओ की एक और बड़ी बैठक श्री लाल मन्दिर जी मे दिनाङ्क ६ नवम्बर १९६० को अपरान्ह बुलाई गई। आमंत्रित व्यक्तियो में सामाजिक कार्यकर्त्ता तथा विभिन्न व्यापारों, व्यवसायो आदि सभी क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्ति थे। इसी प्रकार की एक बैठक सदर बाजार के अन्तर्गत क्षेत्र वाले प्रतिनिधि व्यक्तियों की भी की गई। इन बैठक के होने से कार्य की सफलता के लिये समुचित वातावरण बनने के साथ-साथ कई नवीन व्यक्तियों द्वारा रचनात्मक सहयोग भी प्राप्त हुआ।

विभिन्न क्षेत्रो से धीरे धीरे सामग्री प्राप्त होती रही और आज से लगभग ४ मास पूर्व यह स्थिति आ सकी जब इस के प्रकाशन आदि की व्यवस्था के बारे मे विचार किया जावे। इसमे कोई अतिशयोक्ति नही कि जितना कठिन कार्य डायरेक्टरी की सामग्री इकट्ठी करने का था, उतना ही कठिन कार्य इसके प्रकाशन और उसके लिये आवश्यक धनराशि एकत्रित करने का था। अनुमानित व्यय लगभग पाच हजार की यह धनराशि भी केवल विज्ञापनो द्वारा ही एकत्रित होनी थी। अत. प्रकाशन संबन्धी और विज्ञापन लेने के दोनो ही कार्य साथ ही साथ आरम्भ किये गये।

इस डायरेक्टरी के प्रकाशन मे वैसे तो रूपरेखा बनने के समय से लेकर पूर्ण होने तक ही अनेकानेक कठिनाइयां उपस्थित हुई किन्तु उनमे सबसे बडी कठिनाई सामग्री को एकत्रित करने की थी। मुझे खेद है, कि अब भी ऐसे अनेक व्यक्ति है, जिन्होंने अनेको बार मौखिक, लिखित और व्यक्तिगत रूप से की गई प्रार्थनाओ पर भी जानकारी देने या भेजने का कष्ट नही किया। वास्तव मे इसी कठिनाई के कारण मुद्रण के लिये कोई निश्चित पाडुलिपि भी प्रेस मे नही दी जा सकी और जो पाडुलिपि दी भी गई, उसमे प्रूफ स्टेज तक बीच बीच मे नवीन सामग्री के आ जाने पर सशोधन करने पडे। डायरेक्टरी के निकलने मे जो विलम्ब हुआ है, उसका प्रधान कारण यह कठिनाई रही है।

डायरेक्टरी की प्रस्तुत सामग्री मे प्रथम अध्याय दिल्ली के जैनो के इतिहास का है। हमारे पूर्वजों का इतिहास जैसा चाहिये, वैसा उपलब्ध नही है। जैन सघ मे समय समय पर महान् तपस्वी एव उद्भट विद्वान आचार्य हुए, उनका कोई प्रमाणिक जीवन-चरित्र नही, अनेक लोकोपयोगी कार्य हुए, उनकी कोई सूची नही, जैन सम्राटो, मंत्रियो, सेनापतियो के बल-पराक्रम, शासन-प्रणालियो का लेखा नही, जैन श्रेष्ठिवर्ग जो अपने महान् त्याग और जन-हित के कार्यों के लिये सदैव प्रख्यात् रहा है, उनके कार्य कलाप की कोई तालिका नही, और इसी भाति साहित्यको, कवियो और समाज सेवियों का कोई परिचय नही। और तो क्या, विगत ४०-५० वर्ष मे ही अनेक विभूतियां हुई, उनका भी कही कोई लिपिबद्ध विवरण नही। देश की समूची समाज के बारे मे जब यह स्थिति है तो एक प्रात के बारे मे क्या सामग्री होगी, यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता हैं। प्राचीन शास्त्रो, लेखो व राजपत्रो से तथा वयोवृद्ध व्यक्तियों के अनुभवों को सुनकर जितना भी कुछ यत्र तत्र बिखरे मोतियों की भाति अतीत की धूल से उठाया जा सके, उससे ही संतोष करने के सिवाय अन्य कोई चारा नही। दिल्ली का इतिहास लिखने मे मुझे आरम्भ से ही खोज करने की विशेष आवश्यकता नहीं हुई, क्योकि इस दिशा मे प० परमानन्द शास्त्री कुछ वर्ष पूर्व प्रयास कर चुके है। उन्होंने अपनी शोधपूर्ण लेखमाला में, जो अनेकात के कई अंकों में प्रकाशित हुई, राजपूत और मुसलमान काल मे जैन जगत की सुन्दर झाकी प्रस्तुत की थी। इन लेखों ने इतिहास के लिखने मे महत्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध की। भट्टारक परम्परा का इतिहास श्री विद्याधर जोहरापुरकर, एम. ए., द्वारा सम्पादित 'भट्टारक सम्प्रदाय' नामक पुस्तक में दिये गये लेखों आदि पर आधारित। 'अंग्रेजों के काल तथा उसके बाद' के अन्तर्गत दिया गया विवरण सामान्यतः सन १९४७ से पूर्व का है। इसमे दिये गये तथ्य जीवित वयोवृद्ध पुरुषों से प्राप्त जानकारी, विविध जैन पत्रों में प्रकाशित लेखों तथा राजकीय पत्रों

आदि से दिये गये हैं। यह जानकारी लाला डिप्टीमल जी ने स्वयं कई दिन विभिन्न स्थानों पर तथा अनेकव्य क्तियों के पास जा जाकर एकत्रित की है। सन १६४७ के बाद के वृत्तांत मे बहुत कुछ अंश वर्तमान से ही सम्बन्धित है।

इतिहास के बाद के अध्यायो मे मन्दिरो व स्थानकों, धर्मशालाओं व पुस्तकालयों, औषधालयों व शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक तथा साहित्यिक सस्थाओं का परिचय तथा पदाधिकारियों के नाम व पते दिये गये है। सामाजिक संस्थाओं मे स्थानीय सस्थाओ के अतिरिक्त अखिल भारतवर्षीय संस्था की, जिनके कार्यालय दिल्ली में हैं, जानकारी भी सम्मिलित की गई हैं। संस्थाओ के परिचय में सामान्यत: उनकी स्थापना-तिथि तथा उनके कार्य-कलाप का ही उल्लेख किया गया है, उद्देश्यो आदि का नही। संस्थाओं के पश्चात् 'भारतीय ससद व केन्द्रीय सरकार' के अन्तर्गत केन्द्रीय मत्री, ससद सदस्य, ससद तथा केन्द्रीय सचिवालयों और उनके सम्बन्धित व अधीनस्थ कार्यालयों में जैन अधिकारियों के नाम, पद व घर के पते (जहा उपलब्ध हो सके) दिये गये हैं। प्रथम पंक्ति में अधिकारी के नाम के साथ उनका पद व कार्यालय का टेलीफोन नम्बर तथा द्वितीय पक्ति मे घर का पता व टेलीफोन नम्बर (यदि हो) भी दिया गया है। सामान्यत: पद का उल्लेख केवल उन व्यक्तियो के लिये ही किया गया है जो गजटेड अथवा सुपरवाइजरी पद ग्रहण किये है। इसी के अनुरूप बाद के अध्यायों मे जहा दूनावासो, दिल्ली प्रशासन, बैंक व बीमा कम्पनियों आदि में काम करने वाले जैनो का उल्लेख है, यही पद्धति अपनाई गई है।

'उद्योग व व्यापार' के अध्याय मे औद्योगिक सस्थानो के अन्तर्गत उन संस्थानों के स्वामियों अथवा लिमिटेड कम्पनियो के डायरेक्टरों के नाम, घर के पते व टेलीफोन नम्बर भी दिये गये हैं। व्यापारिक संस्थानों को मुख्य मुख्य श्रेणियो मे विभाजित कर हिन्दी वर्णमाला के आधार पर दिया गया है। प्रत्येक श्रेणी में व्यापार विशेष के महत्व की दृष्टि से प्रधान क्षेत्रो को प्राथमिकता दी गई है। व्यापारिक सस्थानो के केवल नाम व टेलीफोन नम्बर (यदि हो) प्रथम पक्ति मे तथा कार्यालय का पता व टेलीफोन दूसरी पक्ति मे दिया गया है। व्यवसायों, वैज्ञानिक, साहित्यकार व जैन विद्वानो तथा सार्वजनिक क्षेत्रो में जैन पदाधिकारियो के बारे में सामान्यतः सरकारी कार्यालयो वाली ही व्यवस्था अपनायी गयी है।

अन्त के दो अध्यायो मे क्रमश. 'दिल्ली के १०१ दर्शनीय स्थान' तथा 'भारत के जैन तीर्थों' का विवरण है। दर्शनीय स्थानो मे इतर ऐतिहासिक स्थानो के अतिरिक्त ऐतिहासिक व स्थापत्यकला आदि की दृष्टि से प्रमुख माने जाने वाले जैन सास्कृतिक केन्द्रो को भी सम्मिलित किया गया है। जैन तीर्थों मे सभी तीर्थों व प्रमुख अतिशय क्षेत्रों के अतिरिक्त भारत के अन्य महत्वपूर्ण स्थानो का भी वर्णन दिया गया है।

डायरेक्टरी मे सम्पूर्ण सामग्री के अनुक्रम को नियत करने और विवरण को प्रस्तुत करने मे साम्प्रदायिक भेद को विशेष रूप से गौण रखा गया है। उदाहरण के लिये मन्दिरो व सस्थाओं आदि को दिगम्बर-श्वेताम्बर व अन्य उप-सम्प्रदायो मे विभक्त नही किया है और इन विशेषणो को केवल वहा ही प्रयोग किया गया है जहा अन्य किसी सुविधा के कारण आवश्यकीय समझा है। हमारी सस्कृति एक है, एतदर्थ हम अनेक में भी एक है। हमारे सभी धार्मिक व सास्कृतिक स्थान, चाहे वे किसी सम्प्रदाय विशेष की प्रधानता लेकर हो, समग्र जैन सघ के गौरव के प्रतीक है।

इस डायरेक्टरी की सामग्री एकत्रित करने तथा प्रकाशन आदि की 'व्यवस्था मे व्यवस्थापन व सम्पादन मंडल' के अतिरिक्त अनेक महानुभावों से सहयोग प्राप्त हुआ है। सामग्री के एकत्रित करने मे श्री सुमत प्रसाद (आर्मी हेड क्वाटर्स), श्री वकीलचन्द्र, बी० काम (आनर्स) (अर्थ मंत्रालय), श्री गोकुलप्रसाद एम० ए० (विधि मत्रालय), श्री विलायती राम (अर्थ मत्रालय), श्री प्रेम चन्द्र 'नश्तर' (सिविल एवियेशन), श्री श्रीकृष्ण (पब्लीकेशंस डिवी०), लाला करमचंद, श्री एन० आर० शाह, लाला कुंजलाल ओसवाल, श्री लक्ष्मण सिंह भंसाली, लाला जग्गीमल कपडे वाले, श्री जिनेन्द्र कुमार, कश्मीरी लाल बी० ए०, (राज्य सभा सचिवालय), श्री मनोहर लाल (इंस्टीच्यूट आफ चार्टर्ड एका०), श्री दर्शनलाल (म्यू० कार्पो०), श्री जगमोहन, श्री सागर चन्द्र व श्री गजेन्द्र कुमार (दिल्ली प्रशासन), श्री नरेन्द्र प्रसाद बी०

ए० (लोक सभा), श्री विजय कुमार व श्री मेहर चन्द्र (शिक्षा मंत्रा०), श्री नेमचन्द्र बी० ए० (अर्थ मंत्रा०), श्री जय कुमार (सू० व प्र० मंत्रा०), श्री प्रद्युम्न कुमार (व० हा० एण्ड स०), श्री गुलाब चन्द (डी०जी०एस० एण्ड डी०), श्री जयकुमार (परि० मंत्रा०), श्री हंस राज (कंट्रो० आफ प्रि०), श्री सुखमाल चन्द बी० ए० (भ्रा० हेड०), श्री हुकुम चन्द्र (जी० पी० ओ०), श्री धर्म किशोर (सी० बी० आर०), श्री महावीर प्रसाद (एक्साइज), श्री एम० के० जैन (एस० टी० सी०), श्री कुंदन लाल एम० ए०, श्री अतरचन्द्र, श्री राजकुमार (सी० पी० ड० डी०) श्री अक्षय कुमार (मेचवेल), श्री देव कुमार, श्री अरिदमन कुमार, श्री होश्यारसिंह, श्री प्रेम सागर (ए० जी०सी० आर०), व श्री सुरेन्द्रबीर सिंह, एकाउटस आफीसर, श्री अजित प्रसाद बिजली वाले आदि ने विशेषरूप से सहयोग प्रदान किया है। श्री माई दयाल जी बी० ए०, बी० टी०, व लाला पन्नालाल जी अग्रवाल किताब वाले ने अनेक प्राचीन लेख, राजकीय पत्रों की प्रतिलिपियां आदि सामग्री उपलब्ध की है।

विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों मे श्री सुखेन्द्र लाल (लोदी कालोनी सभा), ला० भगतराम (दि० जैन परिषद) व श्री रमेश चन्द्र (सा० वि० सभा) आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है।

विज्ञापनों के प्राप्त करने मे लाला जसवत सिंह, लाला प्रेम चन्द्र (जयना वाच कम्पनी), श्री पी० आर० मित्तल, लाला बनारसी दास ओसवाल, लाला खजाचीमल, लाला दौलत सिंह व श्री प्रेमचन्द्र (एम० एस० लक्ष्मी एण्ड कं०) ने अपना अमूल्य समय दिया है। प० परमानन्द शास्त्री ने अपना लेख सग्रह तथा अन्य सामग्री उपलब्ध कर दिल्ली का इतिहास लिखने मे बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया है। श्री प्रमोद कुमार बी० एससी० (द्वितीय वर्ष) ने तीर्थ-सम्बन्धी पुस्तकों की निर्देश अनुक्रमणिका बनाकर दी, जिससे मुझे भारत के जैनतीर्थ लिखने मे बड़ी सुगमत[illegible]।

डायरेक्टरी की मुद्रण व्यवस्था का सम्पूर्ण भार श्री मुनीन्द्र कुमार, सहायक सम्पादक, कृषि मंत्रालय, ने सम्भाला और लगभग ४ मास के अथक परिश्रम से इस गुरुतर कार्य को सुन्दर और आकर्षक रूप मे प्रस्तुत किया। इतने व्यस्त उत्तरदायित्व के अतिरिक्त उन्होंने 'दिल्ली के १०१ दर्शनीय स्थानों' का सुन्दर विवरण भी लिखा है। सम्पूर्ण डायरेक्टरी की सामग्री के सुव्यवस्थित व क्रमबद्ध सकलन व सम्पादन मे श्री मुनीन्द्र जी का भाग महत्व-पूर्ण रहा है।

दिल्ली के मंदिरों के विविध चित्रों को उपलब्ध करने के लिये श्री मोतीराम, सहायक फोटो अधिकारी, सूचना मंत्रालय, ने अपना अमूल्य समय लगाया है। इन चित्रों के सयोजन और ब्लाक बनाने का कार्य श्री उग्रसेन दिगम्बर, प्रोपराइटर दिगम्बर आर्ट काटेज, ने बडे ही कलापूर्ण और रुचिकर रूप मे किया है। मुद्रण व्यवस्था की पूरी योजना को निश्चित करने के लिये उन्होंने कई बैठकों में अपना बहुमूल्य समय दिया। बाद मे भी समय समय पर महत्वपूर्ण सुझाव देकर हमारा मार्गदर्शन किया है। इतिहास के आरम्भ होने से पहले लगा हुआ भगवान महावीर व भगवान बाहुबलि का सुन्दर चित्र उन्हीं के द्वारा विज्ञापन के रूप मे प्राप्त हुआ है।

इस कार्य के लिये सभा के सरक्षक साहू श्रेयांस प्रसाद जी, लाला शीतल प्रसाद जी की शुभ-कामनाओं ने हमारा उत्साहवर्धन किया है। लाला राजेन्द्र कुमार जी बैंकर, सभा के उप-प्रधान बा० पीताम्बर दास जी एडवोकेट व श्री बी० बी० कपासी, पत्रकार, ने समय समय पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देकर प्रकाशन को अधिक उपयोगी बनाने मे सहायता दी है।

श्री अजित प्रसाद जी, रिटायर्ड एकाउट्स आफीसर (उत्तर रेलवे), व बा० त्रिलोक चन्द्र जी, असिस्टेंट डाय-रेक्टर रेलवे बोर्ड, ने अनेक महत्वपूर्ण सुझाव देने के अतिरिक्त सामग्री एकत्रित करने और विज्ञापन प्राप्त करने मे भी सहयोग प्रदान किया है। तीर्थों के विवरण को रेलवे लाइन के क्रम से प्रस्तुत करवाने मे बा० त्रिलोक चन्द्र जी ने अपना अमूल्य समय दिया है।

उक्त सभी महानुभावों तथा विज्ञापनदाताओं के, जिन्होने अपने विज्ञापन देकर उदारता का परिचय दिया और डायरेक्टरी के प्रकाशन को सुलभ किया, हम हार्दिक आभारी हैं।

डायरेक्टरी के मुद्रक जयन्ती प्रेस के व्यवस्थापक पार्टनर श्री एम० आर० कुमार और उनके फोरमेन श्री बिहारी लाल व श्री जगदीश जी का आदि से अन्त तक बराबर सहयोग प्राप्त होता रहा। मुझे प्रसन्नता है, कि डायरेक्टरी को अच्छे से अच्छे ढग मे प्रस्तुत करने का उन्होने पूरा प्रयास किया है।

अन्त मे, मैं व्यवस्थापन व सम्पादन मंडल के चेअरमेन तथा सदस्यगण का अत्यन्त ही आभारी हू, जिनके प्रयत्नो से यह कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्य मे हमारे प्रधान श्री शिवदयाल सिंह जी की आरम्भ से ही रुचि रही और उन्होने पग-पग पर हमारा मार्ग-दर्शन किया। जब भी हमने कमज़ोरी अनुभव की, उन्होने हमारा साहस बढाया और अपूर्व प्रेरणा दी। यही नही, सामग्री के सकलन, विज्ञापनो के प्राप्त करने आदि सभी कार्यों मे सक्रिय रूप से सहयोग दिया।

व्यवस्थापन मंडल के चेअरमेन लाला डिप्टीमल जी तो इस सम्पूर्ण योजना के पीछे शक्ति स्रोत रहे है। वे वयोवृद्ध है, किन्तु उनका उत्साह युवको से कहीं अधिक है। शहर के उद्योग व्यापार आदि की जानकारी का एकत्रित करना दुस्तर कार्य था और उससे भी अधिक था प्रकाशन के लिये पाच हज़ार रुपये की धनराशि एकत्रित करना। लाला जी ने लोगो से बारबार कहा, टेलीफोन पर अनेको ही बार स्मरण करवाया और जानकारी प्राप्त करवाई। अपने व्यक्तिगत सम्पर्कों से ही लगभग दो हज़ार के विज्ञापन तो उन्होंने टेलीफोन पर ही सुरक्षित कर दिये और शेष राशि के लिये हमारे साथ चलने मे भी सकोच नही किया। डायरेक्टरी की सामग्री को क्रम से व्यवस्थित रूप देने मे उनका ही प्रमुख हाथ है। लाला जी ने इस दुस्तर कार्य को सम्पन्न करने मे जो युवको सदृश परिश्रम किया वह अद्वितीय है। इस मे कोई अतिशयोक्ति नही कि लाला जी के ही अनवरत् प्रयत्नो का ही परिणाम है कि यह डायरेक्टरी और वह भी इस रूप मे प्रकाश मे आ सकी।

श्री आदीश्वर प्रसाद जी एम० ए० (यू० पी० एस० सी०) का सहयोग तो इतना विस्तृत रहा है कि इस सम्पूर्ण कार्य का कोई भी ऐसा पहलू नही जिस पर उनकी छाप न हो। योजना, सामग्री सकलन, प्रकाशन व्यवस्था, विज्ञापन प्राप्त करने आदि सभी कार्यो मे वह मेरे साथ रहे हैं।

इस कार्य मे भाई टेकचन्द्र जी, मित्र श्री सतीश कुमार व श्री वकीलचंद्र का पूर्ण साहाय्य प्राप्त हुआ है, एतदर्थ मैं उनका हार्दिक आभारी हूँ। इतने विशद क्षेत्र का यह प्रथम प्रयास है। अनेक प्रयत्नो के बावजूद भी बहुत सी कमिया रह गी है। खेद है, कि हम डायरेक्टरी मे उतनी सामग्री नहीं दे सके है जितनी होनी चाहिये थी। हम उन सभी महानुभावो से क्षमा प्रार्थी है जिनके बारे मे इसमें जानकारी उपलब्ध नही की जा सकी है। समाज के सहयोग और सद्भावना से यह डायरेक्टरी प्रकाश मे आ सकी और उसी सहयोग व सद्भावना से आगामी सस्करणो में इसकी अपूर्णता तथा अन्य कमियो को दूर किया जा सकेगा, ऐसा विश्वास है।

आज का युग सहकारिता का युग कहा जाता है। प्रस्तुत प्रयास सहकारिता के उस अनुपम सिद्धांत के महत्व की एक झलक है। यदि इस डायरेक्टरी मे दी गई जानकारी समाज मे सगठन और सहकारिता की भावना का सचार कर सके, तो यह प्रयास सफल होगा।

नयी दिल्ली,
कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी
वीर निर्वाण सम्वत् २४८८

चकेश कुमार
मत्री, जैन सभा नयी दिल्ली

श्री १०८ आचार्यरत्न विद्यालंकार
देशभूषण जी महाराज
का
शुभाशीर्वाद

"देहली भारतवर्ष की राजधानी है, यहा से निकले हुए शब्द तमाम भारतवर्ष मे फैलते हैं। अत देहली के जैन समाज का भारत म एक स्थान है। देहली की समाज सर्वदा भारत-मार्ग-दर्शक रही है। यहा की समाज बडी सगठित और उत्साही है, हर कार्य मे उसका बडा सहयोग रहता है। यहा की समाज राष्ट्र उन्नति के लिए कटिबद्ध रही है, देश तथा जाति का प्रेम कूट कूट कर भरा है, धर्म के प्रति बहुत ही श्रद्धालु है जिसकी झलक यहाँ के प्राचीन और अर्वाचीन विशाल जैन मदिरो, जैन विद्यालयो तथा अन्य जैन सस्थाओ से मिलती है।

देहली के जैन मदिर, विद्यालय, जैन सस्थाए, तथा जैन समाज के विषय मे जानकारी प्राप्त करने के लिए यह डायरेक्टरी बहुत ही उपयोगी होगी।

जिन महानुभावो ने इस कार्य मे सहयोग दिया है उन के लिये हमारा बार-बार शुभाशीर्वाद है।"

विश्व धर्म सम्मेलन के प्रेरक
मुनि रत्न श्री सुशील कुमार जी महाराज
का
शुभाशीर्वाद

"दिल्ली जैन डायरेक्टरी का प्रकाशन दिल्ली जैन समाज की सर्वाङ्गीण उन्नति के लिये श्रेष्ठतम प्रयास साबित होगा, इसका मुझे पूर्ण विश्वास है। दिल्ली जैन सभा समाज की समासिक एकता एव आर्थिक तथा अध्यात्मिक प्रगति के निमित्त जो भगीरथ प्रयास कर रही है उसकी मै सफलता चाहता हूं।

मेरा विश्वास है कि यह पहला प्रगतिक प्रयास है, अत निरन्तर इसकी पूर्णता की ओर ध्यान दिया जाय जिससे अभीष्ट सिद्धि हो सके और सामाजिक सगठन की नीव सबल की जा सके।

हार्दिक धन्यवाद"

दिल्ली जैन डायरेक्टरी

- दिल्ली के इतिहास में जैनों का योग
- मंदिरों व स्थानकों का विवरण
- सामाजिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक केन्द्र
- शिक्षण व पारमार्थिक संस्थाएं
- दिल्ली के १०१ दर्शनीय स्थान

—और—

भारत के प्रमुख जैन तीर्थ

★

मुख पृष्ठ (टाइटिल) के चित्रों का परिचय

खण्डेलवाल मंदिर, नयी दिल्ली में स्थापित
भगवान महावीर की मूलनायक प्रतिमा व
महरौली स्थित बड़ी दादाबाड़ी का एक दृश्य

★ ★ ★

प्रकाशक : जैन सभा नयी दिल्ली
जैन निशी मंदिर
लेडी हार्डिंग रोड
नई दिल्ली १

विषय सूची

अतीत की ओर एक दृष्टि

दिल्ली का इतिहास भारत का इतिहास है। प्राचीन कुरू देश की वैभवपूर्ण राजधानी 'इन्द्रप्रस्थ' के नाम से विख्यात होने के समय से लेकर आज तक इस नगर ने अपने उत्थान-पतन के अनेक उतार चढाव देखे है। अतीत की क्रीडाओ, उसके क्रदन एव हास्य की निस्तब्ध साक्षी यह वह रंगभूमि है, जिसके वक्षस्थल पर कितने ही साम्राज्य उदित हुए, पनपे, शैशव से प्रौढत्व को प्राप्त हुए, अपने विस्तार और वैभव से विश्व को चमत्कृत किया, पर अन्त मे अपने-अपने वैभव की सपदा को समेटकर, वे सब काल के दूरगामी क्षितिज मे विलुप्त हो गये। यदि इस नगर को अनेको बार राजधानी बनने का मान प्राप्त हुआ तो अनेको बार ही इसके धरातल पर भीषण रक्तपात व विध्वस के दृश्यो ने भी अपना पूरा अधिकार जमाया। इन सब परिवर्तनो की शृंखला की ओर दृष्टिपात किया जावे तो जैन दर्शन का 'उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य' का सिद्धात स्थूलरूप मे घटित होता है।

दिल्ली कब और किसने बसायी, इस पर इतिहासज्ञ एकमत नही है। पाण्डु पुत्र युधिष्ठिर द्वारा बसायी गयी 'इन्द्रपुरी' अथवा 'इन्द्रप्रस्थ' नगरी के कथन का उल्लेख महाभारत तथा बौद्ध जातकों मे मिलता है। यह अनुश्रुति भारत की जनता मे १६ वी शताब्दी मे भी प्रचलित थी जैसा कि अबुल फजल ने अपने प्रसिद्ध ग्रथ 'आइन-ए-अकबरी' मे उल्लेख किया है। कौरवो और पाण्डवो का समय लगभग चार साढे चार हजार वर्ष पूर्व बताया जाता है। यद्यपि यह अनुमान कि वर्तमान दिल्ली का 'पुराना किला' या उसके निकट का 'इन्द्रपत' ग्राम प्राचीन इन्द्रप्रस्थ के खण्डहरो पर ही बसा हुआ है, पाण्डवो का किला तथा महल आदि भी इसी स्थान पर थे और पाण्डवो ने ही इन्द्रप्रस्थ के निकट 'पाणिप्रस्थ', 'स्वर्ण-प्रस्थ' और 'भागप्रस्थ' बसाये थे जो कि आज क्रमश पानीपत, सोनीपत, व बागपत नामो से प्रसिद्ध है, नितात निर्मूल नही प्रतीत होता। इस कथन की पुष्टि के लिये उक्त पौराणिक आधारो के अतिरिक्त ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नही है। प्राचीन जैन ग्रथो, प्राचीन शिलालेखो, और दिल्ली के आस पास बहुत से प्रचलित लोक गीतों मे दिल्ली को 'योगिनीपुर' कहा गया है। पाण्डवो के पश्चात तोमरवशीय राजपूत अनगपाल (प्रथम) के शासनकाल तक इस प्राचीन इन्द्रप्रस्थ नगर का क्या महत्व रहा, वह प्रचलित कथाओ आदि से स्पष्ट नही है। तथापि ऐसा प्रतीत होता है कि इस दौरान मे इन्द्रप्रस्थ ने अपना प्राचीन महत्व खो दिया था।

ऐतिहासिक [1]तथ्यो के आधार पर दिल्ली को सर्व प्रथम सन् ७३६ मे तोमरवशीय राजा अनगपाल द्वारा बसाया जाना कहा जाता है। इसके खडहर आनदपुर (अनंगपुर) के पास आज तक विद्यमान है। इस कथन की पुष्टि दिल्ली के सग्रहालय मे उपलब्ध सन १३२७ के एक शिलालेख मे दिये निम्नलिखित अश से भी होती है

'देशोस्ति हरियानाख्यो पृथिव्यां स्वर्गसन्निभिः।
ढिल्लकाख्या पुरी तत्र तोमरै रस्ति निर्मिता॥

अनगपाल प्रथम के पश्चात दिल्ली मे उसके वशजो ने १२ वी शताब्दी के अर्ध भाग से कुछ अधिक समय तक शासन[2]

१. देखो, जनरल कनिघम की आर्कियोलोजीकल सर्वे आफ इडिया, पृ० १४६

२. देखो, दिल्ली अथवा इन्द्रप्रस्थ, पृ० ६, ओझा जी द्वारा सम्पादित, टाड राजस्थान, पृ० २२७, राजपूताने का इतिहास (प्रथम भाग), पृ० २३४।

किया, इनमे अनगपाल द्वितीय व अनगपाल तृतीय विशेष-रूप से उल्लेखनीय है। अनगपाल द्वितीय का समय जनरल कनिघम ने सन १०५१ निश्चित किया है। उसने अपने शासन-काल मे दिल्ली (मिहिरपुरी प्राचीन महरौली) मे अनेक नवीन निर्माण कर राजधानी को समृद्ध बनाया। कुतुब मीनार के निकट प्राचीन इमारतो के, जिनमे लाल कोट नाम का एक 'दुर्ग', तथा अनगताल नाम का कुंड विशेष प्रसिद्ध है, अवशिष्ट चिह्न अधिकांशरूप से उसके समय के ही माने जाते हैं। इस कारण ही किन्ही इतिहास-कारो ने उसे दिल्ली का समुद्धारक भी कहा है।

अनगपाल तृतीय के बारे मे सन ११३२ मे रचे गये जैन कविवर श्रीधर के 'पार्श्वपुराण' मे विस्तृत उल्लेख[3] मिलता है। इस पुराण की रचना उन्होंने दिल्ली मे ही की थी।

अनगपाल तृतीय के पश्चात तोमरवश के किन किन अन्य अन्य शासको ने और कितने समय दिल्ली पर शासन किया, यह अन्वेषणीय है।

सन ११६६ मे दादा गुरू श्री जिनचन्द्र सूरि के समाधि स्थान पर दादावाडी का निर्माण किया गया जो वर्तमान मे बडी दादावाडी के नाम से प्रसिद्ध है।

तोमर वश के अनतर दिल्ली पर चौहान वश के राज्य का अभ्युदय हुआ। इसी वश के अंतिम शासक पृथ्वीराज चौहान ने ऐतिहासिक काल की प्रथम दिल्ली 'पिथोरागढ' नाम से बसायी। इसके शासन काल मे मुहम्मद गौरी ने भारत पर आक्रमण किये और सन ११९२ के युद्ध मे गृह कलह के कारण पृथ्वीराज पराजित होकर बन्दी हुआ और कुछ समय पश्चात मारा गया। इस प्रकार भारत मे मुस-लमान राज्य की नीव पडी।

३ हरियाणए देसे असखगाम, गामियणजणि अणवरय काम परचक्क विहट्टणु सिरि सघट्टणु जो सुखइणा परिगणिय। रिउ रुहिरावट्टणु विउलू पवट्टणु ढिल्ली नामेणजि भणिय।

जहिं असिवर तोडिड रिउ कपालु। णारणाहु प्रसिद्ध अरणगवालु णिरुदलवडिढय हम्मीर बीरू। वदियणविद पवियणण चीरु॥ —पार्श्वपुराण

गौरी खानदान के बाद एबक, गुलाम, सैय्यद, तुगलक खिलजी, लोदी, पठान, और मुगल, बादशाहो के शासन काल मे राज्य परिवर्तन के साथ साथ दिल्ली के नाम और बसने के स्थान भी परिवर्तित हुए। उस समय से लेकर सन १९११ तक 'कोशके-सीरी' या किला-ए-अलाई', 'तुग-लकाबाद,' 'जहापनाह', 'फीरोजाबाद', 'पुराना किला', 'शाह-जनाबाद' और अग्रेजो की 'नयी दिल्ली'—इस प्रकार ७ दिल्लिया और बसी[4]।

उक्त ऐतिहासिक गति के विपरीत प्रथम बार अग्रेजो ने अपनी राजधानी (नयी दिल्ली) प्राचीन शाहजहानाबाद के दक्षिण मे बसायी। सम्भवत यह भी उस विशाल साम्राज्यवाद की अपनी साम्राज्य सीमा को ऐतिहासिक गति के विपरीत अनतकाल तक अक्षुण्ड बनाये रखने की नीति का अश होगी।

उपर्युक्त राज्य परिवर्तनो ने दिल्ली के राजनैतिक रग-मच पर समय-समय पर अनेक दृश्य उपस्थित किये। प्रत्येक शासन का समय अपना भिन्न भिन्न प्रकार दौरदौरा रखता था और प्रत्येक दौरे मे दिल्ली की राजनीति मे नाना प्रकार के रग पैदा होते थे। कभी शासन की बागडोर किसी मुह चढे गुलाम और कभी किसी धार्मिक, न्याय प्रिय प्रजारक्ष बादशाह या वजीर के हाथ मे होती थी। कभी किसी बडे योद्धा सिपहसालार या किसी महलो मे रहने वाली समझ-दार या नासमझ बेगम का जोर होता था तो कभी किसी धर्मान्ध की आज्ञाये धार्मिक विद्वेष की धधकती अग्नि में सहस्त्रों को निस्सकोच जीवित जला कर भीषण अट्टहास करती। यदि उस काल की राजनैतिक गतिविधियो की विवेचना की जावे तो यह प्रगट होगा कि दिल्ली के महलों और किलो की चहारदीवारी से राज्य सचालन मे समया-नुसार दो विभिन्न प्रकार के स्रोत फूटते थे जिनसे कि एक ओर तो प्रजापालन के एक बडे मैदान की सिचाई होती थी और दूसरी ओर मृत्यु और विध्वस का आलिगन किया जाता था।

इस कालचक्र की तीव्रगति मे जब जब प्रथम प्रकार के स्रोत का बाहुल्य रहा, तब तब सामाजिक और राज-नैतिक समृद्धि के साथ साथ प्रत्येक संस्कृति पल्लवित हुई।

४ देखो, दिल्ली की कहानी

तोमर और चौहान राज्य में जैन धर्म

उक्त मुसलमान शासन काल से पूर्व तोमर और चौहान वंश दोनों ही क्षत्रिय राजवंशों मे जैन धर्म बराबर फूलता फलता रहा। उस काल में अनेक मंदिरो का निर्माण, प्रतिष्ठा महोत्सव और जैन साहित्य की सृष्टि हुई। तोमर वंशीय अनंगपाल तृतीय का राज्य मंत्री साहू नट्टल अग्रवाल वंशी जैन था जिसने सन ११३२ में तेइसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का भव्य और अत्यन्त कलापूर्ण विशाल मंदिर [५] का निर्माण कराया जिसे तथा अन्य हिन्दू मन्दिरो को ध्वस करके ही कुतुबुद्दीन एबक ने कुतुबमीनार के निकट कुव्वत-उल-इस्लाम मसजिद का निर्माण कराया। इस मस्जिद के वर्तमान अवशिष्ट भग्नावशेषो में स्तम्भो व छतों मे उत्कीर्ण दिगम्बर जैन मूर्तियां, जैन मन्दिरो की शैली पर उत्कीर्ण चित्र व कलायुक्त धर्मचिह्न उस प्राचीन मन्दिर के साक्षी हैं। लोहे की कीली के सामने वाले दालान के दोनो ओर के गुम्बदों में पत्थरों में अंकित भगवान पार्श्वनाथ आदि तीर्थंकरो की मूर्तियां, देवेन्द्र द्वारा भगवान का अभिषेक करते हुए समय का दृश्य, तीर्थंकर के गर्भ मे आने के समय माता को दिखलाई देने वाले १६ स्वप्नो मे 'मीन युगल' का शुभ चिह्न[६] तथा नीचे के दोनो ओर के दालानो मे खभो पर हुई नक्काशी की गुच्छेदार जजीरो से लटकती घंटिया आदि प्राचीन जैन स्थापत्य-कला का दिग्दर्शन कराती हैं।

उक्त राज्यमंत्री साहू नट्टल के अनुरोध पर ही उसी वर्ष कविवर श्रीधरने श्री 'पार्श्वनाथ चरित' नामक काव्य[७] ग्रंथ की भी रचना की थी, जिसमें उनका व उनके द्वारा इस विशाल मन्दिर के निर्माण करवाने का उल्लेख मिलता है।

चौहान वंश के शासनकाल में भी जैन धर्म को पल्लवित होने का यथेष्ट अवसर मिला। इसमे न केवल दिल्ली व अजमेर के चौहानवंशी राजाओ ने योगदान दिया, किन्तु आगरा के पार्श्ववर्ती इलाके रपड़ी, रायवद्दिय और चन्द्रवाड़ के चौहानवशी राजाओं के राज्यकाल मे भी, जिनका राज्य १२ वी से लेकर १५ वी शताब्दी तक रहा है, विशेष प्रभावना हुई। उस समय लमेचू और जैसवाल आदि वशो के अनेक प्रतिष्ठित जैनो को राज्य मंत्री बनने का मान प्राप्त हुआ। इन मत्रियो ने अनेक विशाल मन्दिरो का निर्माण करवाया तथा अनेक साधनो से जिनशासन के महत्व मे वृद्धि की[८]। उस समय की अनेक महत्वपूर्ण साहित्यिक रचनाओ मे जैन कवि लक्ष्मण, धनपाल और धर्मधर द्वारा रचित 'अणुव्रत रत्नप्रदीप' 'बाहुबलि चरित' 'श्रीपाल चरित' व 'नागकुमार चरित' उल्लेखनीय है।

सन ११६९ के बिजौलिया के शिलालेख[९] से प्रकट है कि चौहानवशीय राजा पृथ्वीराज द्वितीय और सोमेश्वर ने 'मोरझरी' और 'खेणा' नाम के गाव दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ मन्दिर (जिसका कथन ऊपर आया है) को दान में दिये थे।

---

५. पश्चाद्बभूव शशिमंडल भासामान,
ख्यात क्षितीश्वर जनादपि लब्धमाना।
सद्दर्शनामृत रसायन पान पुष्ट.,
श्री नट्टलः सुभमनाः सप्नारिद्विष्टुः ॥
कवि श्रीधर रचित 'पार्श्वनाथ चरित' प्रशस्ति

६. येनाराध्य विशुद्ध धीरमतिना देवाधिदेव जिन,
सत्पुण्यं समुपर्जितं निजगुणै संतोषिता बांधव
जैनं चैत्यमकारि सुन्दरतर जैनी प्रतिष्ठा तथा
सश्रीमान विदित सदैव जयतात पृथ्वीतलेनट्टलः।
—पार्श्वनाथ चरित पांचवी संधि।

७. विक्कमणरिंद सुपसिद्ध कालि,
ढिल्ली पट्टणि धणकण विसालि,।
सणवासी एयारह सएहि,
परिवाडिएवरिस परिगएहिं ॥
कहाणट्ठमीहि आगहणमासि,
रविवार समाणिउ सिसिरभासि ॥
—पार्श्वनाथ चरित प्रशस्ति.

८. देखो, जैन गजट दि० १८ जून, १९५९-प० परमानद शास्त्री का लेख 'दिल्ली मे जैन धर्म।'

९. देखो, एपिग्राफिया इण्डिका, जिल्द २६, पृ० १०२, और अनेकांत वर्ष ११ किरण १० में प्रकाशित 'बिजोलिया का शिलालेख' नामक लेख।

मुसलमानी शासनकाल में जैन धर्म

मुहम्मद गौरी के स्वदेश वापिस चले चले जाने के बाद वास्तव मे भारत मे मुसलमानी शासन की सुदृढ नीव कुतुबुद्दीन एबक द्वारा डाली गई। कुतुबुद्दीन इस्लाम का कट्टर अनुयायी था। उसने अपनी धर्मांधता मे अनेको हिन्दू व जैन मन्दिरो को विध्वंस कराया। उपर्युक्त राजा अनग पाल तृतीय के राज्यमंत्री श्री साहू नट्टल द्वारा निर्मित विशाल मन्दिर को भी तोड़कर उसने कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद बनवायी। जनरल कनिंघम को दिल्ली की इस मसजिद की दीवाल पर एक अभिलेख अंकित मिला था कि इस मसजिद के वास्ते सामग्री प्रदान करने के लिये २७ भारतीय मन्दिर नष्ट किये गये[१०]।

उक्त प्रकार के कार्य सामान्यत अधिकांश मुसलमान बादशाहो के शासनकाल मे हुए, किन्तु इस वातावरण में भी जैन साधुओ व श्रावको ने अपने धर्म पर आरूढ रह कर तथा समुचित कर्तव्यो को निभा कर साहस व धैर्य का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

सन १२७२ मे, जबकि दिल्ली मे गुलाम वश के ही गयासुद्दीन बलबन का शासन था, आचार्य कुंदकुद के महान आध्यात्मिक ग्रथ 'पचास्तिकाय' की प्रति दिल्ली मे लिखी गई। इसकी एक प्रति जयपुर के तेरापंथी मदिर के शास्त्र भडार मे आज भी सुरक्षित[११] है। बलबन के शासन काल मे ही प्राग्वाट (पोरवाड) कुल के सूर और वीर दो जैन सरदार राज्यमत्री के पद पर नियुक्त किये गये[१२]

दिल्ली के सिहासन पर गुलामवश के बाद खिलजी वश का अभ्युदय हुआ। इस वश मे अलाउद्दीन खिलजी का समय ऐतिहासिक तथा जैन दृष्टि मे भी महत्वपूर्ण रहा है। यद्यपि अलाउद्दीन तीव्र और उग्र प्रवृत्ति का शासक था और उसकी किसी भी धर्म विशेष मे आस्था न थी, किन्तु किसी सयोगवश वह जब भी जैन श्रावक अथवा साधुओं के समागम मे आया, जैन धर्म की विशेषताओं ने उसके हृदय पर अपनी छाप अंकित की, जैसा कि निम्न प्रसंग से प्रकट होता है।

कहा जाता है कि एक बार बादशाह ने अपने एक दो कृपापात्र दरबारियों के कहने पर सभी धर्मों की परीक्षा लेने का विचार किया और इस बात की आज्ञा प्रचलित की कि जो धर्मावलम्बी अपने धर्म की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होंगे, उनको इस्लाम अगीकार करना पडेगा। जब जैनों को बुलाया गया तो उन्होने ६ मास का समय मांगा। बादशाह से अनुमति मिलने पर उन्होंने गुरु की खोज में दक्षिण की ओर प्रस्थान किया। दक्षिण मे उन्हे माहवसेन (माधवसेन) मुनिराज के दर्शन हुए। मुनिराज ने निश्चित अवधि की समाप्ति के बाद पहुचकर दरबार मे वाद-विवाद किया और जैन धर्म की महत्ता पर उपदेश दिया[१३] जिसे सुन कर बादशाह बड़ा प्रभावित हुआ और ३२ शाही फर्मानों द्वारा जैन धर्म की महत्ता के साथ अहिंसा की प्रतिष्ठा और यात्रा आदि की सुविधाओं के साथ जीव हिंसा न करने का उल्लेख किया। वे फर्मान काष्ठासघ माथुर गच्छ पुष्कर-गण के भट्टारक जगत्कीर्ति के शिष्य ललितकीर्ति के पास जो दिल्ली की गद्दी के भट्टारक थे सन १८३१ तक सुरक्षित रहे, उसके बाद वे फर्मान किस स्थान को ले जाये गये, अभी तक अज्ञात है। कहते हैं कि उन फर्मानों की कापियां नागौर और कोल्हापुर के भट्टारकीय भंडारो मे अब भी उपलब्ध है।

उपर्युक्त मुनिराज माधवसेन के पास जाने वाले श्रावकों में तत्कालीन दिल्ली के प्रसिद्ध सेठ पूर्णचन्द्र जी अग्रवाल प्रमुख थे। अलाउद्दीन के दरबार मे उनका बडा आदर था। उन्होंने बादशाह से आज्ञा लेकर गिरनार की यात्रार्थ एक तीर्थ यात्रा सघ[१४] निकाला था। उसी समय एक श्वेताम्बर संघ साहू पेथड के नेतृत्व मे गिरनार यात्रा को पहुचा था।

१०. दी आर्कियालाजीकल रिपोर्टस, जिल्द, १ पृ० १७६.

११. देखो, तेरापंथी मन्दिर जयपुर की जैन ग्रथ सूची मे अकित पक्तिया—'सवत १३२६ चैत्रवदी दशम्या बधवासरे अद्येह योगनीपुरे समस्त राजा वलि सभलंकृत श्री गयासदीन राज्ये अत्र स्थित अग्रोतव परम श्रावक जिन चरण कमल······

१२. देखो, सोमगणिकृत गुरु गुण रत्नाकर मे निम्न पक्तियां —'श्री ग्यास दीनावनि मुनियोगिनौ महर्द्धि को मडणप दुर्गवासिनो। श्री सूरवीरौ कृतिनौ। सुदानिनौ प्राग्वाट मुख्याविहयौ यशस्विनौ ॥१५॥

१३. देखो, जैन सिद्धांत भास्कर भाग१, किरण ४, पृ० १०६.

१४. देखो, जैन हितैषी भाग १५, अक ४, पृ० १३२.

अलाउद्दीन के राज्य मे ठक्कुर फेरू नाम के एक जैन विद्वान शाही खजांची थे। वे रत्न-परीक्षक और टकसाल के कार्य में दक्ष थे। राजकीय कार्य से समय निकाल कर उन्हो ने कई आध्यात्मिक रचनाए भी की। 'युग प्रधान चौपई' नामक रचना सन १२६० मे और 'रत्न परीक्षा', 'द्रव्य धातुत्पत्ति', 'वस्तुसार प्रकरण' व 'जोईसार' ग्रथ सन १३१६ में रचे। इसके अतिरिक्त भी उन्होने कई ग्रंथ संभवत अलाउद्दीन की मृत्यु के बाद अपने विश्रामकाल में लिखे[१५]।

सन १३०६ मे पानीपत निवासी साहुछगे के पुत्र साहु-बीसल की प्रेरणा मे कन्हड के पुत्र गधर्व कवि ने आचार्य पुष्पदत के यशोधर चरित्र मे राजा व कौरू का प्रसग, यशोधर का आश्चर्यजनक विवाह, और उसके भवातर बना कर प्रविष्ट किये थे।[१६]

सन १३७६ मे श्रावक देवराज ने ससघ शत्रुंजय की यात्रा की जिसका उल्लेख तत्कालीन आचार्य जिनप्रभ सूरि ने निम्न पद्य मे किया है.

महि मडलि हुय सघ वइणा,
दिवराय सरिस बहु जत्तजणा।
जिणि ढिल्लिय नयरिहि मज्झिपयं,
देवालउवछिउ जत्तकय ॥३॥

फालिहमणिसमिहर कर विमल,
जस कलसु चडावियउ जेण कुल।
मग्गणजण तोसि य घणवरिसे,
अवयरिउकन्नु दिवराय मिसे ॥४॥

उक्त जैनाचार्य जिनप्रभ सूरि ने अपनी मधुर वाणी व गभीर भाषण शैली से तत्कालीन बादशाह कुतुबुद्दीन मुबारकशाह को बडा ही प्रभावित किया था[१७]।

तुगलक वश मे सर्वप्रथम बादशाह गयासुद्दीन तुगलक सन १३२० मे दिल्ली की गद्दी पर बैठा। इसके ही शासन काल में सन १३२३ मे दिल्ली के श्रीमाल ज्ञातीय सेठ हरू के पुत्र श्रावक रयपति ने तीर्थयात्रा के लिये शाही फर्मान प्राप्त किया था और ५ माह की लम्बी यात्रा के बाद दिल्ली वापिस पहुँचे थे[१८]।

गयासुद्दीन तुगलक की मृत्यु के पश्चात उसका पुत्र मुहम्मद तुगलक गद्दी पर बैठा। मुहम्मद तुगलक बडा ही विद्वान तथा तर्क, ज्योतिष व गणित मे निपुण था। वह उच्च-कोटि का लेखक व कवि भी था। दक्षिण मे हुम्बच नामक स्थान के 'पद्मावती वस्ति' के शिलालेख मे यह प्रगट होता है कि मुहम्मद तुगलक ने कर्नाटक देशवासी दिगम्बर जैनाचार्य सिंहकीर्ति को सम्मान दिया था। आचार्य जी ने

---

१५. देखो, विशाल भारत अक—पृ० १० पर मुनि कातिसागर द्वारा 'लेख'।

१६. हो पडिय ठक्कुर कणह पुत्त,
उवयारिय बल्लह परम मित्त।
कइ पुप्फयत जसहरचरित्त,
किउ सुट्ठु सद्दलक्खण विचित्त।
पेसहितहि राउलुकउलु अज्जु,
जसहार-विवाहु तहजणिय चोज्जु।
सयलह भव-भमण भवतराइ,
महुवछिउ करहि णिरत गाइ।
ता साहु समीहिउ कियउ सव्वु,
राउलु विवाहु भव-भमण भव्वु।
वक्खाणिउ पुरउ सेहइ जाम,
सतुट्ठउ बीसल साहु ताम।
जोयणिपुर वरि णिवसतु सिट्ठु,
साहुहि घरे सुत्थि यणहु घुट्ठ।
पणसट्ठि सहिय ते रहसमाइ,
णिव विक्कम सवच्छरा गयाइ।
वइसाह पहिलइ पक्खिबीय,
रविवार समत्थिउ मिस्सतीय।
चिरु वत्थु बधिकइ कियउ जजि,
पद्धडियहि बधि सइ रइउ तजि।
गधव्वे कण्हडणदणेण,
आयइ भवाइ किय थिरमणेण।
—'यशोधर चरित' प्रशस्ति, आमेर भण्डार।

१७ राउ महमद साहिजिणि नियगुण जियउ महि मडलि ढिल्लिय पुरि जिनधरमु प्रकट किउ।
तेर पचासियइ पोस सुदि आठमि सणिहवारो भेटिउ असपते महमदो सुगुरू ढीलियनयरे ॥
—जिनप्रभसूरि गीत ऐतिहासिक काव्य सग्रह पृ० ११-१३

१८ देखो, दी कर्णाटक हिस्टोरीकल रिव्यू भा० ४, पृ. ८५

बादशाह के निमन्त्रण[१९] पर दरबार मे जाकर धर्म का बडा ही मारगर्भित विवेचन किया था। आचार्य सिंहकीर्ति जी ने ही उस समय मे हुए वाद-विवाद में इतर विद्वानो को पराजित किया था[२०]।

उक्त जैनाचार्य जिनप्रभु सूरि ने मुहम्मद तुगलक के राज्यकाल में ही अपना 'विविध तीर्थ कल्प' नामक ग्रथ पूर्ण किया था[२१]। उसी समय भट्टारक रत्नकीर्ति के पट्ट पर भ० प्रभाचन्द्र का भारी महोत्सव के साथ पट्टाभिषेक हुआ था, जिसका उल्लेख उनके शिष्य धनपाल ने अपने 'बाहुबलि चरित' मे किया है[२२]। इसी ग्रथ मे भ० प्रभाचन्द्र की मुहम्मद तुगलक द्वारा मान्यता का भी उल्लेख है[२३]।

१९. देखो, कर्णाटक हिस्टोरीकल रिव्यू, भा० ४, पृ० ८५

२० श्री मद्दिल्ली पुरेउ, मुहम्मद सुरित्राणस्य माराकृते निर्जित्याशु सभावनो जिनगुरू बौद्धादि-वादि-व्रजम । श्री भट्टारक सिंह कीर्ति मुनिरा···द्यैकविद्यागुरू बाभात्यस्वपते दिनेशतनयो बगाल देशावृत

हुम्बच वस्ति शिलालेख, जैन लेख स० भा० ३ पृ० ५२१ ॥

उक्त वाद विवाद का उल्लेख दशभक्त्यादि महाशास्त्र मे भी इस प्रकार है

विद्यानन्द स्वामिन सुतूर्य सजात-सिंह कीर्ति यतींद्र । ख्यात श्रीमान पूर्ण चरित्र गात्रो दान स्वर्भू धेनुमन्दार देश ॥ बाभात्यस्वपदे दिनेश तनयो गगाढय देश वृत । श्री मद्दिल्लि पुरे महम्मद सुरित्राणस्य माराकृते । निर्जित्याशु सभावनो जिनगुरु बौद्धादि वादि व्रजम । श्री भट्टारक सिंह कीर्ति मुनिराट नाटचैक विद्या गुरु ॥

—दशभक्त्यादि महाशास्त्र।

२१ नन्दानेक प्रशस्ति शीत गुमिते श्री विभुमोर्वीपते, वर्षे भाद्रपदस्य मासयवरजे सौम्येदशम्या तिथौ। श्री हम्मीर महम्मदे प्रतपति क्षमामडलेखडले, प्रयोज्य परिपूर्णतो ममभजच्छी योगिनीपतने। — विविध तीर्थ कल्प.

२२ तहि भव्वहि सुमहोच्छवु विहियउ,
सिरि रयणकित्ति पट्ट णिहियउ।
—बाहुबलि चरित प्रशस्ति।

२३ 'महमद साहि मणु रजियउ,
विज्जिहि वाइय मणु भजियउ।"
—बाहुबलि चरित प्रशस्ति।

मुद्रण शैली के अभाव मे उस समय श्रावको के अनुरोध पर विद्वानो द्वारा धार्मिक ग्रथों का लिखा जाना और मन्दिरो में विराजमान होना एक विशेष महत्व की बात मानी जाती थी। सन १३३४ मे अग्रवाल वशी साहू महीपाल के पुत्रो ने महाकवि पुष्पदत के उत्तर पुराण की प्रति लिखवाई थी जो आज भी आमेर के शास्त्र भडार मे सुरक्षित[२४] है।

इसी प्रकार, जैन शास्त्रो मे बतलाई गई व्यवस्थानुसार व्रतो की समाप्ति (उद्यापन) पर मन्दिरों मे धर्म ग्रन्थो को भेंट देने का प्रचलन उस समय भी दिल्ली मे था। सन १३४२ मे दिल्ली के 'दरबार चैत्यालय' मे पचमी व्रत के उद्यापन पर काष्ठासघी भट्टारक नयसेन के शिष्य दुर्लभसेन के अध्ययनार्थ अग्रवाल वशी श्रावक सागिया और उनके पुत्रो द्वारा सकल सघ के समक्ष पाच पुस्तके विराजमान करने का उल्लेख[२५] आमेर के शास्त्र भंडार मे उपलब्ध 'क्रिया कलाप सवृत्ति' नामक ग्रथ में मिलता है। इस सम्मुलेख मे यह बात विशेषरूप से ध्यान देने योग्य है कि उस समय दिल्ली मे एक 'दरबार चैत्यालय' नामका प्रसिद्ध मन्दिर था जिसमे काष्टासघ, माथुरगच्छ और पुष्करगण के साधु नयसेन और दुर्लभसेन निवास करते थे। यह चैत्यालय कहा और किस स्थान विशेष पर था, किसके द्वारा बनवाया गया था और इसका क्या हुआ, यह सब अज्ञात सा ही है। किन्तु ऐसा मत है कि सम्भवत यह चैत्यालय पूर्व मे बसी हुई दिल्ली के स्थान पर ही कही होगा।

सन १३५१ मे मुहम्मद तुगलक की मृत्यु के पश्चात उसका चचेरा भाई फीरोजशाह तुगलक दिल्ली की गद्दी पर बैठा। फीरोजशाह स्वभाव का धार्मिक व शान्तिप्रिय था। यद्यपि वह इस्लाम का कट्टर पक्षपाती था, परन्तु तत्कालीन जैन भट्टारक प्रभाचन्द्र[२६] का विशेष सम्मान करता था।

२४ देखो, उत्तर पुराण लिपि प्रशस्ति सग्रह पृ० ९७,

२५ देखो, क्रिया कलाप सटीक प्रशस्ति, प्रशस्ति सग्रह, पृ० ९७.

२६. देखो, ए पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन ब्यावर मे उपलब्ध 'भगवती आराधना पजिका' और जयपुर तेरापथी मदिर मे उपलब्ध 'वृहद द्रव्य सग्रह' की लिपिप्रशस्तिया।

तुग़लक वंश के अन्तिम बादशाह महमूद तुगलक की सन १४१४ में मृत्यु के साथ ही इस वंश का अन्त हो गया और उसके बाद सैयद वंश का पहला बादशाह खिजर खां बना। इस वंश के बादशाहो ने दिल्ली सिंहासन पर सन १४५० तक राज्य किया। इस वंश के मुबारिकशाह के शासन काल (सन १४२१-२३) मे साहू हेमराज राज[२७]-मंत्री पर पद रहे। इन्होंने एक भव्य चैत्यालय बनवाया, तत्कालीन भट्टारक यशःकीर्ति द्वारा पाण्डव-पुराण की रचना करवाई और हस्तिनापुर के लिये संघ चलाया था[२८]। यशकीर्ति व उनके जेष्ठ भ्राता एवं गुरु गुण कीर्ति दोनों ही अपने समय के बड़े विद्वान व संयमी थे। उन्होंने स्थानों-स्थानों पर भ्रमण कर जनसाधारण के लिये धर्म का उपदेश दिया। तथा अनेक ग्रंथो का जीर्णोद्धार कराया। गुणकीर्ति जी की प्रेरणा से पं० पद्मनाभ नाम के कायस्थ विद्वान ने 'यशोधर चरित' की रचना की। भट्ट० यशकीर्ति जी ने अग्रवाल वंशी साहू दिवड्दा की प्रेरणा से 'हरिवंश पुराण' नाम के ग्रंथ की रचना सन १४४३ मे की[२९]। इस

२७. देखो, पाण्डव पुराण प्रशस्ति—

"तहो णंदणु णंदणु हेमराउ,
जिणधम्मोवरि जसु णिच्च भाउ।
सुरताण मुमारख तणइ रज्जे,
मतितणे थिउ पिय भार कज्जे।"

२८. देखो, पाण्डव पुराण प्रशस्ति—

"जे अरहत देउ मणि भाविउ,
जासु पहुत्त कोविण ताविउ।
जेण करावहु जिण चेयालउ,
पणणहेउ चिररय पक्खालउ।
धयतोरण कलसेहि अलंकिउ,
जसु गुरुत्ति हरि जाणुवि सकिउ।"

विक्कमराय हो ववगय कालइ,
महि इदिय दुसुण्ण अंकालइ।
भादव एयारसि सिय गुरुदिणे,
हुउ परिपुण्णउ उग्गतहि इणे॥

—हरिवंश पुराण-१३ १६

२९. वदान्यो बहुमानश्च सदा प्रीतो जिनार्चने।
परस्त्री विमुखो नित्यं दिउढाख्योम नन्दतात्॥

—हरिवंश पुराण संधि ५-१

ग्रंथ मे २६७ कड़वको के द्वारा जैन धर्मानुकूल महाभारत की कथा को अंकित करते हुऐ भ० नेमिनाथ का जीवन परिचय दिया है।

धर्मपुरा स्थित 'नया मंदिर' मे भट्टारक यशःकीर्ति की प्रेरणा पर कवि बिबुध श्रीधर द्वारा संस्कृत का सन १४२६ में रचित 'भविष्यदत्त कथा' नाम का ग्रंथ उपलब्ध है।

सन १४६१ में सैयद वंश के अंत के पश्चात लोदी वंश के सुलतानों ने दिल्ली पर शासन किया। इस वंश के अंतिम सुलतान इब्राहीम लोदी को सन १५२६ मे पानीपत के प्रथम युद्ध मे परास्त कर बाबर ने भारत मे मुगल वंश की स्थापना की। बाबर के राज्य काल मे सन १५३० में साहू साधारण श्रावक की प्रेरणा से दिल्ली (योगिनीपुर) में इल्लराज के पुत्र महिन्दु (महाचन्द्र) ने भगवान शांतिनाथ का चरित चार हजार तीन सौ श्लोको के प्रमाण का बनाया था[३०]। उस ग्रंथ की एक मात्र उपलब्ध पाडुलिपि धर्मपुरा के नया मन्दिर के शास्त्र भंडार मे आज भी है। इस ग्रंथ से यह भी ज्ञातव्य है कि साहू साधारण ने उस समय एक चैत्यालय का निर्माण कराया था और हस्तिनागपुर की यात्रा के लिये संघ भी चलाया था[३१]।

३०. देखो, शांतिनाथ चरित की निम्न पंक्तियां—

"विक्कम राय हु ववगइ कालइ
रिसि-वसु-सर भूयवि अंकालइ।
कत्तिय पढम-पक्खि पंचमिदिणि,
हुउ परिपुण्णगे कि उग्गतइ इणि॥"

३१. देखो, शांतिनाथ चरित प्रशस्ति—

"जहिं चाउवण्ण एयसुहि वसति,
णिय-णिय किरियाइ विरत्त चित्ति।
तहिं चेयालउ उत्तुंग सहइ,
धय मंडिड मोक्खहों मग्गु वहइ।
जहिं मुणिवर सत्थइ वायरति,
मह-जणण-पुय्य सावयकरति।
तहिं कट्ठसंघ माहुर विगच्छि,
पुक्खरगण मुणिवर चइविलच्छि।
जसमुत्ति विजसकित्तिवि मुणिंदु,
भव्वयण-कमल-वियसण-दिणंदु।
तहु सीसु वि मुणिवरू मलयकित्ति,
अणवरय भमइ नगि जाहकित्ति।
तहु सीसु वि गुण-गण रयण भूरि,
भुवणयलि सिद्ध गुणभद्द-सूरि।
घत्ता-तहुपय-भत्तउ साहु भोयराउ जाणिज्जइ,
गुण वट्ठियइ णिवाणि जोयणिपुर णिवसज्जइ।

उसी समय के साहु तोमड के जयेष्ठ पुत्र नेमिदास जो कि चन्द्रवाड़ के तत्कालीन चौहानवंशी राजा प्रतापरुद्र द्वारा सम्मानित था, ने बहुत प्रकार की धातु स्फटिक और विद्रुम (मूंगा) की अगणित जैन प्रतिमाऐं बनवाई थी और उनकी प्रतिष्ठा भी कराई थीं[32]।

शेरशाह सूरी, जो कि बाबर की मृत्यु के पश्चात उस के पुत्र हुमायूं को सन १५४० मे पूर्णतया परास्त कर दिल्ली के सिंहासन पर बैठा, के शासन काल मे आचार्य पुष्पदत रचित 'आदिपुराण' की एक सचित्र प्रति लिखी गई, जो कि वर्तमान में जयपुर के तेरापंथी मन्दिर के शास्त्र भंडार मे आज भी सुरक्षित है। इस ग्रथ में लगभग ५०० चित्र है जिनमे अधिकाश स्वर्णांकित हैं। इन चित्रो मे मुगलकालीन कला परिलक्षित होती है तथापि दर्शनीय और भावपूर्ण है।

सन १५५५ मे हुमायूं ने पुन: दिल्ली का राज्य प्राप्त किया। सन १५५६ मे उसकी मृत्यु के पश्चात उसका पुत्र अकबर गद्दी पर बैठा किन्तु उसने आगरा को राजधानी बनाया। भारतीय इतिहास मे मुगल सम्राटो मे अकबर का शासन काल स्वर्णयुग माना जाता है। अकबर की उदार व असाम्प्रदायिक धार्मिक नीति के कारण उसके शासन काल मे प्रत्येक धर्म ने प्रगति की। अकबर की इस धर्म निरपेक्षता की नीति के बारे मे उल्लेख उस समय के जैन विद्वान पाडे राजमल जी ने सन १५७५ मे रचे गये अपने ग्रथ 'श्री जम्बू स्वामी चरित' मे भी किया है[33]।

उक्त ग्रथ मे जैन श्रावक साहू टोडरमल, जो कि अकबर के उच्चाधिकारियो मे से थे और जिन्होंने मथुरा के निकट बने हुऐ ५०० से भी अधिक जीर्ण स्तूपो का उद्धार कराया था तथा नवीन स्तूप भी निर्माण कराये थे, का भी उल्लेख किया है[34]।

अकबर एक कुशल राजनीतिज्ञ व धर्म निरपेक्ष बादशाह होने के साथ-साथ विद्वान प्रेमी भी था। उसके दरबार के नवरत्न इतिहास प्रसिद्ध है। श्वेताम्बरीय जैन तपगच्छ के तत्कालीन विद्वान पद्मसुन्दर उसके ३२ हिन्दू सभासदो के पाच विभागो से प्रथम विभाग मे थे[35]। पद्मसुन्दर जी के के गुरू पद्ममेरू और दादा गुरु आनन्दमेरु दोनो ही विद्वान बाबर व हुमायूं से सम्मानित थे[36]। पद्म सुन्दर जी के स्वर्गवास के पश्चात उनका विशाल जैन इतर साहित्य का भडार भी अकबर के संरक्षण में ही रहा[37]।

उस समय के प्रख्यात श्वेताम्बर जैनाचार्य हरिविजय जी व उनके शिष्य अकबर द्वारा विशेष सम्मान प्राप्त थे। आचार्य हरिविजय जी को उसने प्रथम भेंट पर जो कि सन १५८२ मे हुई, उक्त पद्म सुन्दर जी के भंडार में से एक ग्रंथ भी उपहार स्वरूप दिया था[38]।

अबुलफजल ने इन साधुओ की गणना अकबर के दरबार के उल्लेखनीय विद्वानो मे की है। उसने उन्हे 'खुशफहम' की उपाधि प्रदान की थी[39]।

अकबर के शासन-काल मे ही पद्मसुन्दर जी ने 'भविष्य दत्त चरित', 'रायमल्लाभ्युदय काव्य,' और 'पार्श्वनाथ चरित,' नामक ३ ग्रथो की रचना की थी। भट्टारक विशाल कीर्ति के शिष्य ठाकुर ने भी उसी समय 'महापुराण कालिका' नामक विशाल हिन्दी ग्रथ की रचना की थी जिस में त्रेसठशलाका पुरुषो (२४ तीर्थकर, १२ चक्रवर्ती, ९ नारायण, ९ प्रतिनारायण और ९ बलभद्र) का संक्षिप्त परिचय दिया गया है[40]। कवि परिमल की सन १५४९ की रचना 'श्रीपाल चरित' भी उसी समय की है।

> जे तित्थयर विगोत्तु णिबद्धउ,
> करि पयट्ठ सुहं पुराणु लद्धउ।
> सघाहिउ गयपुरि सजायउ,
> अमर वालु सघह सहु भायउ।
> गग्ग गोतु णिम्मलु गुण मायरू,
> सुयरें मेरुवितेय दिवायरू।"

३२. देखो, कविवर रइधू कृत 'पुराणाश्रव कथा कोष' प्रशस्ति।

३३. देखो राजमल कृत 'जम्बू स्वामी चरित्र' के ९, १० ११ वे पद्य।

३४. देखो राजमल कृत 'जम्बू स्वामी चरित्त' के ७९ से १२२ वें पद्य।

३५. देखो, जैन साहित्य और इतिहास, पृ० ३९५.

३६. देखो, पद्मसुन्दर कृत 'अकबर शाहिशृंगारदर्प' की प्रशस्ति।

३७-३८. देखो, 'सूरीश्वर अने सम्राट' पृ० ११९.

३९. अनेकांत वर्ष १३, किरण ७-८ मे प्रकाशित लेख।

४०. देखो, 'लाटी संहिता' के २३, ६१ व ६२ वे छद।

अकबर ने गुजरात के तत्कालीन महाविद्वान साधु श्री जिनचन्दसूरि की विद्वता के बारे मे सुनकर उन्हे सम्मान के साथ आमंत्रित किया था[४१]। जब तक उन्होंने राजधानी में निवास किया, वह उनका उपदेश नित्य श्रवण किया करता था।

अकबर के पुत्र सलीम (जहागीर) के शासन काल में भी अनेक मूल ग्रथो की रचना हुई और प्रतिलिपि का कार्य हुआ। जहागीर ने भी अपनी राजधानी आगरा ही रखी इसी पर आचार्य श्री जिनचन्द्र सूरि के शिष्य जिनसिह का विशेष प्रभाव पडा था[४२]।

जहांगीर के शासन काल में जैन जगत के सुविख्यात कविवर भगवती दास जो कि मूलत. बूढ़िया ग्राम (जिला अम्बाला) के निवासी थे व दिल्ली के तत्कालीन भट्टारक महेन्द्रसेन के शिष्य थे ने अपनी रचनाये की। भगवतीदास जी जैनागम के अच्छे ज्ञाता सस्कृत व प्राकृत भाषा के विद्वान व आशु कवि थे। उनकी संस्कृत हिन्दी और अपभ्रंश भाषा की अनेक रचनाऐ उपलब्ध हैं।

कारंजा के शास्त्र भंडार मे आपकी ज्योतिष सम्बन्धी 'ज्योतिषसार' नाम की एक संस्कृत रचना भी उपलब्ध है, जिसे उन्होने सन १६३७ में हिसार के वर्धमान चैत्यालय मे बना कर समाप्त किया था[४३]। उनकी कुछ महत्वपूर्ण कृतियां जो कि सन १५६४ से लेकर सन १६४३ तक के समय के बीच मे रची गई थीं अजमेर के भट्टारक हर्षकीर्ति के शास्त्र भंडार के एक गुटके मे लिखी हुई प्राप्त हुई हैं। उन की अन्य रचनाओं मे 'वैद्य विनोद' 'दिल्ली राज दोहावली' 'चूनडी रास' और 'अनेकार्थ नाम माला' उल्लेखनीय है[४४]। 'वैद्य विनोद' की रचना उन्होने सन १६४३ मे अकबराबाद में की थी और जो अब भी कारंजा के ज्ञान भडार मे सुरक्षित है। उन्होंने 'चूनड़ी रास' ग्रंथ की रचना सन १६२३ में जहाँगीर के राज्य काल में की थी, इस ग्रथ की अन्तिम प्रशस्ति मे दिल्ली (योगिनीपुर) के मोती बाजार में स्थित पार्श्वनाथ मन्दिर का उल्लेख विशेष किया गया है[४५]। इस मंदिर का निर्माण कब और किस स्थान पर हुआ तथा बाद में इसके अस्तित्व को क्या हुआ, यह उपर्युक्त सन १४४० से लेकर सन १५३० के बीच मे स्थित कई मन्दिरों, जिनके बारे मे विभिन्न ग्रंथों में उल्लेख मिलता है और जिनका अस्तित्व आज ज्ञात नहीं है, की तरह अन्वेषणीय है।

सन १६२७ मे जहाँगीर की मृत्यु के पश्चात उसके पुत्र शाहजहा सिहासन पर बैठा। उसने पुन. दिल्ली को शाहजहानाबाद के नाम से राजधानी बनाया। उस के शासन काल मे ही एक सैनिक ने छावनी के निकट उर्दू बाजार मे शाही अनुमति लेकर जैन मन्दिर की स्थापना की थी जो उस समय उर्दू मन्दिर और कालातर मे लाल मन्दिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। जैसा कि अगले अध्याय मे दिये गये विवरण से प्रगट होगा, मन्दिर की दायी ओर की वेदी प्राचीन मूल वेदी है जिसमे तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी की सन १४९१ की भट्टारक जिनचन्द्र द्वारा प्रतिष्ठित मूर्ति विराजमान है।

शाहजहा के राज्य काल मे ही दिल्ली दरवाजे के निकट अवस्थित दिगम्बर जैन मन्दिर का निर्माण हुआ[४६]।

---

४१. देखो, सूरिश्वर अने सम्राट, पृ० १४६७-१५५.

४२. इडियन कलचर भा० ४ नं० ३, पृ० ३११-१२.

४३. देखो, भगवतीदास कृत 'ज्योतिसार'।

४४. देखो, अनेकांत वर्ष ११, किरण ४-५.

४५. देखो, भगवतीदास कृत 'चूनडी रास' के ८३ व ८४ वे निम्न पद्य—

"नगर बूढिये बसै भगौती,
जन्मभूमि है आसि भगौती।
अग्रवाल कुल वंसल गोती,
पंडित पद जन निरख भगौती। ८३

जोगनिपुर परि राजे,
राम खोरि नित नौबत बाजे।
प्रतिमा पार्श्वनाथ अघहता,
नगर नर पवर मतिवता।
मोती हट निज भवन विराजै,
प्रतिमा पार्श्वनाथ की साजै।
श्रावक सुगुन सुजात दयाल,
षट् जिय जाम करे प्रतिपाल ।।

४६. देखो, लिस्ट आफ मोहम्डन एण्ड हिन्दू मोनूमेंटस।

सन १६३५ मे पंडित प्रवर रूपचन्द्र जी ने समवशरण पाठ की रचना की[४७]।

औरंगजेब के समय में क्रूर और कट्टर सम्प्रदायिक नीति का पुनः बोलबाला हुआ। अकबर द्वारा लगाये गये धर्म निरपेक्ष शासन के वृक्ष को समूल जड से उखाड कर फेंक दिया गया। ऐसे शासन मे नवीन मंदिरो, मूर्तियो आदि के निर्माण की बात तो दूर रही, अवस्थित मन्दिरो आदि धार्मिक स्थानो को सुरक्षित रहना भी दुष्कर था।

उस समय की दिल्ली की उल्लेखनीय ग्रथ रचनाओ में आचार्य अरुणमणि का 'अजितपुराण' है जिसकी रचना उन्होंने सन १६५६ मे शाहजहानाबाद मे जयसिंहपुरा के पार्श्वनाथ मन्दिर मे की थी[४८]।

शाहजहानाबाद मे जो बाद को जयसिहपुरा और वर्तमान मे नई दिल्ली के नाम से प्रसिद्ध है, दो प्राचीन मंदिरो का उल्लेख मिलता है एक मन्दिर पार्श्वनाथ का जिसका उल्लेख उक्त अजितपुराण में आया है और जो आज कल खडेलवाल मन्दिर कहा जाता है, यह मन्दिर कब और किसने बनवाया, यह ज्ञात नही हो सका। दूसरे मन्दिर का उल्लेख 'महावीर चैत्यालय' के नाम से मुगल बादशाह मुहम्मदशाह के राज्यकाल का सन १७२४ का उपलब्ध हुआ है। इस मन्दिर के बारे मे ऐसा कहा जाता है कि जयपुर के राजा सवाई जयसिह जब दिल्ली पधारे थे और उन्होने सन १७२४ मे जब रायसीना मे जतर मतर का निर्माण कराया था, उसी समय उनके दीवान रामचन्द्र छाबडा ने 'महावीर चैत्यालय' का निर्माण कराया था। ऐसा भी मत है कि नई दिल्ली की वर्तमान निशिया स्थान मे ही उक्त मन्दिर अवस्थित रहा हो क्योकि उसमें भी शिखर आदि नही था।

सन १७१६ में नौघरे के भव्य व कलापूर्ण श्वेताम्बर मन्दिर का निर्माण हुआ।

औरंगजेब के बाद बहादुरशाह, फर्रुखसियर और मुम्मदशाह दिल्ली की गद्दी पर बैठे। फर्रुखसियर के काल मे सेठ घासी राम खजाची रहे जिन्होंने कूंचा घासीराम बसाया। मुहम्मदशाह के राज्य काल में सन १७३६ मे नादिरशाह के आक्रमण से मुगल साम्राज्य, जिसका अध पतन औरगजेब के समय से ही प्रारभ हो गया था, की नीव खोखली हो गई। मुहम्मद शाह के उत्तराधिकारी नितांत ही निर्बल और अयोग्य थे। शाह आलम द्वितीय ने अग्रेजो को बगाल, बिहार उडीसा की दीवानी का अधिकार दिया। धीरे धीरे अग्रेजों का जो कि भारत मे केवल व्यापार की अनुमति लेकर आये थे, राजनैतिक प्रभुत्व बढ़ता गया और बाद में एक क्षेत्रराज्य स्थापित हुआ। बहादुर शाह द्वितीय मुगल वश का अन्तिम बादशाह था, जिसे सन १८५७ के अग्रेजो के विरुद्ध प्रथम स्वातत्र्य सग्राम मे थोडे समय के लिये सिहासनारूढ किया गया। बाद मे अग्रेजो ने उसे बदी बनाकर रगून भेज दिया जहा उसकी मृत्यु हो गई। इस प्रकार भारत मे मुगल वश की सदैव के लिए इतिश्री हो गई।

मुहम्मदशाह के राज्य काल मे सन १७४६ मे भट्टारक जगत कीर्ति की आम्नाय मे पंडित जैरामदास के शिष्य राम चन्द्र ने 'आदि पुराण' की प्रतिलिपि लिखी जो आज भी पंचायती मन्दिर में विद्यमान है। उसके मुहम्मदशाह के समय मे नादिरशाह द्वारा किये गये आक्रमण व आज्ञा के परिणाम स्वरूप दिल्ली मे फाल्गुन शुक्ल १२ सम्वत् १७९५ का कुविख्यात नर बध तथा लूट आदि का चित्रण उसी दिन पूर्ण हुए 'प्रद्युम्न चरित' की प्रतिलिपि जो वर्तमान मे 'जैन सिद्धात भवन आरा' मे उपलब्ध है, में किया गया है।

मुहम्मदशाह के शासन काल मे शाही खजाची पद पर हिसार निवासी राजा हरसुखराय जी थे। उसके बाद भी अपनी मृत्युपर्यंत, आलमशाह द्वितीय आदि के राज्य में, वह इस पद पर रहे। इनको बादशाह की ओर से राजा की पदवी प्राप्त थी।

४७ श्रीमत साहि जलालदीनविलसद्, वंशाद्रि भास्वन्महा,
नृपदविश व महोदय जहागीरात्मज सज्जय।
व श्री साहिजहा नरेन्द्र महितो मत्या, चकत्तान्वयः
श्रीन्द्रप्रस्थपुर प्रताप विदितो यत्पालनेप्रोद्गत।
—जैन ग्रथ प्रशस्ति स०, पृ० १५६

४८. देखो, अरुणि मणि कृत 'अजित पुराण' की निम्न पक्तिया–
"रस वृषयति चद्रे रुयात संवतसरे (१७१६) स्मिन।
नियमित सितवारे वैजयन्ती दशम्या॥
अजित जिन चरित्र, बोधयात्र बुधाना।
रचित ममल वाग्यि रक्त रक्तेन॥४०॥
मुगले भू भुजा श्रेष्ठ राज्येऽ वरग साहि के।
जहानाबाद नगरे पार्श्वनाथ जिनालये॥४१॥"

कहा जाता है कि मन्दिर की नींव सन १८०० में पड़ी थी और ७ वर्ष पश्चात लगभग ५ लाख की लागत से इसका निर्माण हुआ था[४९]। कुछ लेखकों ने ८ लाख रुपये की लागत का उल्लेख भी किया[५०] है। मन्दिर की मुख्य वेदी, मूलनायक का कमल रूपी सिंहासन तथा वेदी के चारों ओर बने हुए सिंह युगल की कारीगरी अत्यन्त ही आकर्षक है। वेदी तथा उसके चारो ओर बने हुए सिंह युगल मे किया गया पच्चीकारी का काम किन्ही अंशो में ताजमहल से भी अधिक बारीक है। सिंहों की मूछों के बाल अलग-अलग पत्थरों से अंकित करने का कार्य निस्सदेह ही अद्वितीय है। वेदी के चारों ओर दीवारो पर दर्शनीय बहुमूल्य चित्रकारी है। जो खोज के साथ शास्त्रोक्त प्रसंगो को लेकर की गई है।

राजा साहब व उनके सुपुत्र सेठ सुगन चन्द्र जी ने जैसा कि कहा जाता है, विभिन्न स्थानो पर ५७ मन्दिर बनवाये। इन मन्दिरो के निर्माण के अतिरिक्त उन्होंने अपने समय मे जन सामान्य के हित के लिये अनेक कार्य किये, जो सिद्ध करते है कि वे सच्चे अर्थो मे धार्मिक व उदार स्वभाव के व्यक्ति थे[५१]।

वर्तमान वैदवाडा मे स्थित दिगम्बर जैन मन्दिर की प्रतिष्ठा सन १७४१ मे हुई। मस्जिद खजूर मे अवस्थित पंचायती मन्दिर का निर्माण भी मुहम्मदशाह के समय मे उसके कमसरियट विभाग के पदाधिकारी आज्ञामल ने सन १७४३ में कराया था[५२]।

४९. देखो, आसारेसनादीद, सन १८४७, पृ० ४७-४८ रहनुमाये देहली, पृ०१६६, लिस्ट आफ मोहम्डन एण्ड हिन्दू मानूमेंटस, भाग १, पृ० १३२.

५०. देखो, देहली दी इम्पीरियल सिटी, पृ० ३५, दिल्ली डायरेक्टरी (सन १६१५) पृ० १०३, पजाब डिस्ट्रिक्ट गजेटियर (१६१२) पृ० ७८.

गजेटियर आफ दिल्ली डिस्ट्रिक्ट (१८८३-८४), पृ० ७८-७६

दिल्ली दिग्दर्शन, पृ० ६, देहली इन टू डेज, पृ०४३ थहर फुल दिल्ली, पृ० ४३.

५१. देखो, 'अनेकान्त,' अंक अप्रैल, सन १६३६.

५२. देखो, लिस्ट आफ मोहम्डन एण्ड हिन्दू मोनूमेंटस।

भट्टारक परम्परा

भगवान महावीर के निर्वाण के बाद लगभग ६०० वर्ष तक जैन सघ[५३] विकासशील था। सघ का साधु वर्ग मुनियोचित चारित्र का पालन कर धर्म के मौलिक सिद्धातों का विकास और प्रसार करने के लिये अपना पूरा समय व्यतीत करता था। जन साधारण से सम्पर्क बना रहे, इस उद्देश्य से वे परिव्रज्या व निरंतर भ्रमण का अवलम्ब करते थे। भगवान के आदर्शों के अनुरूप मठ, मदिर, वाहन आसन आदि वाह्य परिग्रह की उन्हे आवश्यकता न थी।

दूसरी शताब्दी से जैन समाज के इतिहास मे व्यवस्थापन युग शुरू हुआ। इसके आरम्भ मे कुन्दकुद और धरसेन आचार्य ने विशाल जैन शास्त्रो को सूत्रबद्ध करना आरम्भ किया। पाचवी सदी मे श्वेताम्बर सम्प्रदाय ने भी अपने आगम शास्त्रबद्ध किये। अनुश्रुति से चली आई पुराण कथाये इसी समय विमलसूरि, सघदास, कवि परमेश्वर के द्वारा ग्रथबद्ध हुई। तत्व ज्ञान के क्षेत्र मे भी समतभद्र और सिद्धसेन के मौलिक विवेचन को अकलक और हरिभद्र द्वारा इसी युग मे सुव्यवस्थित सम्प्रदाय का रूप प्राप्त हुआ। पल्लव, कदम्ब, गग और राष्ट्रकूट राजाओ के आश्रय इसी युग मे मठ और मदिरों का निर्माण वेग से हुआ तथा आचार्य परम्पराये सार्वदेशीय रूप छोड कर स्थानीय रूप धारण करने लगी।

जैन संघ में प्राचीन समय से मुनि, आर्यिकाओ का साधु वर्ग और श्रावक श्राविकाओ का गृहस्थ वर्ग होता है।

मुसलमानी शासकों के काल की अस्थिर राजनैतिक परिस्थितियो के कारण न केवल जैनो में ही वरन् सभी भारतवासियों में स्वभावत: विकास और व्यवस्था की प्रवृत्तियां पीछे रह गई और आत्म-सरक्षण की प्रवृत्ति को ही प्राधान्य मिलने लगा। किसी युग प्रवर्तक नेता के अभाव से यह सरक्षणात्मक प्रवृत्ति धीरे धीरे व्यापक होती गई और अन्त में उसने विकासशीलता को समाप्त कर दिया। इसी प्रवृत्ति के फलस्वरूप जैन साधुवर्ग मे भट्टारक सम्प्रदाय की उत्पत्ति हुई। भट्टारको के कार्य क्षेत्र में, जिसका वर्णन आगे किया जावेगा, इसी प्रवृत्ति की छाप मिलती है, जो यद्यपि भगवान महावीर तथा उनके बाद के आचार्यों के

५३. देखो, भट्टारक सम्प्रदाय, पृष्ठ १

आदर्श के अनुरूप न था, किन्तु तत्कालीन परिस्थितियों मे जैन सघ के अस्तित्व के लिये आवश्यकीय था। इस प्रकार के नेतृत्व के अभाव मे ही बौद्ध धर्मावलम्बी समाज, जिस की सामार्थ्य जैनो से अपेक्षाकृत अधिक थी भारत से सर्वथा लुप्त हो गई।

जैन सघ के साधुवर्ग से भट्टारक परम्परा पृथक होने के दो आधार भूत कारण थे—पहला वस्त्रधारण और दूसरा मठ और मदिरो का निर्माण और उपयोग। यद्यपि उस समय भी वस्त्र धारण की प्रथा श्वेताम्बर सम्प्रदाय के साधुओं मे थी, किन्तु भट्टारक परम्परा मे किसी न किसी रूप मे दिगम्बरत्व का आदर भाव था। नग्नता के इस आदर के कारण ही यह परम्परा प्राय श्वेताम्बर सम्प्रदाय से पृथक, दिगम्बर साधु वर्ग का अपवाद मार्ग होकर मान्यता प्राप्त करती रही।

उक्त दो प्रथाओ के कारण ही भट्टारको का स्वरूप साधुत्व से अधिक शासकत्व की ओर झुका और अन्त मे यह प्रकट रूप से स्वीकार भी किया गया। वे अपने को राजगुरु कहलाते थे और राजा के समान ही पालकी, छत्र, चमर आदि का उपयोग करते थे। कमण्डल और पीछी आदि मे सोने चादी का उपयोग होने लगा था। इनका पट्टाभिषेक राज्याभिषेक की तरह बडी धूमधाम से होता था। इस राजवैभव की अकाक्षा ही भट्टारक पीठो की वृद्धि का एक प्रमुख कारण रही।

धर्म प्रसार के हेतु भट्टारकों का आवागमन भारत के प्राय सभी भागो मे होता था। किन्तु स्थान-भेद और कही कही कुछ आचरण भेद के कारण विभिन्न परम्पराओ पद्धत्तियो का प्रादुर्भाव हुआ। इनमे अधिकाश परम्पराओ के ऐतिहासिक उल्लेख नौवी शताब्दी से प्राप्त होने हैं। इस लिये यह परम्परा अमुक आचार्य ने अमुक समय स्थापन की, यह कहना असम्भव है। इनकी विभिन्न परम्पराओ के पीठ दक्षिण मे मूडबिडी, श्रवणबेलगोल, कारकल, हुबच, महाराष्ट्र मे मलखेड, कोल्हापुर, विदर्भ मे रिद्धिपुर, बालापुर, रायटेक, अमरावती, आसगाव, एलिचपुर, नागपुर, गुजरात मे सूरत, सोजिला, ईडर, मध्य भारत मे धारा नगरी, ग्वालियर, सोनागिरि, अटेर, नागौर, जयपुर, अजमेर, चित्तौड, भानपुर, और उत्तर भारत मे हिसार, दिल्ली और हस्तिनापुर आदि स्थानो में थे।

भट्टारको के कामों मे मूर्ति व मंत्र प्रतिष्ठा ग्रंथ-लेखन और सरक्षण, विद्याध्ययन हेतु शिष्य परम्परा, जाति सघटन, तीर्थयात्रा और तीर्थ व्यवस्था मत्र-तत्र साधना और चमत्कार तथा कला कौशल्य का संरक्षण उल्लेखनीय हैं।

दिल्ली मे यद्यपि समय समय पर प्राय: सभी पीठो के भट्टारको ने अपना सम्बन्ध जोडा है, पर यहा मुख्य रूप से दो परम्पराओ की पीठ होना ज्ञात होता है। पहली परम्परा मध्यकालीन काष्ठासघ माथुरगच्छ शाखा के आरम्भ करने वाले भट्टारक माधवसेन (माहवसेन) की थी। ये अलाउद्दीन खिलजी के राज्यकाल में (सन १२९५-१३१५) हुए थे और अपनी विद्वत्ता व त्याग द्वारा बादशाह तथा जन साधारण के बडे ही श्रद्धापात्र थे। तत्वज्ञान के अतिरिक्त इन्हें मत्रादि शक्ति की भी सिद्धि थी। इनकी परम्परा मे क्रमश. उद्धव सेन, देव सेन, विमल सेन, धर्म सेन, भाव सेन, सहस्रकीर्ति गुणकीर्ति, यश कीर्ति, मलय कीर्ति, गुणभद्र, भानु कीर्ति, क्षेत्रकीर्ति और कुमार सेन हुए।

भट्टारक गुणभद्र के अम्नाय मे सन १५१८ मे सुलतान इब्राहीम के शासनकाल मे चौधरी टोडरमल जैसवाल ने 'महापुराण' की एक प्रति लिखी[१४]। सन १५३० मे भट्टारक गुणभद्र के एक शिष्य ने 'शातिनाथ चरित्र' लिखा। हुमायू के राज्य काल सन १५३३ में इनके शिष्य धर्मदास के आम्नाय मे 'धनद चरित्र' की एक प्रति लिखी गई[१५]। अन्य भट्टारको द्वारा अथवा उनके समय मे रचित ग्रंथों का उल्लेख ऊपर किया जा चुका है।

दूसरी परम्परा थी बलात्कार-गण के नयसेन दुर्लभसेन आदि की। इस परम्परा की उत्तर शाखा में भट्टारक रत्नकीर्ति हुए। इन्ही के पट्ट पर दिल्ली में सवत् १३१० (सन १२५३) की पौष शुक्ल १५ को भट्टारक प्रभाचन्द्र का अभिषेक किया गया[१६]। भट्ट० प्रभाचन्द्र ब्राह्मण जाति के थे। इन्होंने खंभात, धारा, देवगिरि आदि स्थानों मे विहार किया तथा दिल्ली के तत्कालीन बादशाह मुम्मदशाह को प्रसन्न किया और ७४ वर्ष तक पट्टाधीश रहे। इनके शिष्य ब्रह्म नाथूराम ने सवत् १४१६ (सन १३५९) की

१४. देखो, महापुराण-पुष्पदत (माणिक चन्द्र ग्रथ माला) प्रस्तावना, पृष्ठ १५.

१५. देखो, 'अनेकांत' अक ५, पृष्ठ ५०.

१६. देखो, धनपाल कृत 'बाहुबलि चरित'.

माघ शुक्ल ५ को फीरोजशाह तुगलक के राज्यकाल मे 'आराधना पंजिका' की एक प्रति लिखी थी[५७]।

भ० प्रभाचन्द्र ने बाद में अपने पद पर भट्टा० पद्मनंदि को स्थापित किया। भट्टा० पद्मनंदि के तीन प्रमुख शिष्यो शुभचन्द्र, सकल कीर्ति तथा देवेन्द्र कीर्ति द्वारा क्रमशः तीन भट्टारक परम्परायें जयपुर शाखा, ईडर शाखा तथा सूरत शाखा से शुरू हुई जिनका आगे अनेक प्रशाखाओ मे विस्तार हुआ।

जयपुर शाखा मे भट्टा० शुभचन्द्र के बाद भट्टा० जिनचन्द्र हुए जिनका पट्टाभिषेक सवत् १५०७ (सन १४५०) की ज्येष्ठ कृष्णा ५ को हुआ। ये ६४ वर्ष तक पट्टाधीश रहे। 'सिद्धान्तसार' ग्रथ इन्ही की कृति है। सेठ जीवराज पापडी वाल ने इन्ही के द्वारा मुडासा शहर मे सवत १५४८ (सन १४९१) की वैशाख शुक्ल ३ (अक्षय तृतीया) को हजारो मूर्तियो की प्रतिष्ठा कराई। ये मूर्तिया आज भारत के कोने कोने मे पहुची हैं।

भट्टारक सम्प्रदाय का इतिहास अब तक उपेक्षित सा रहा है, अतएव अन्य स्थानो की भाति दिल्ली की भट्टारक परम्पराओ मे भी बहुत कुछ अन्वेषणीय है। इस सम्प्रदाय की उत्पत्ति, अभ्युदय और कालातर म इसके ह्रास का काल यद्यपि कई अर्थो मे जैन सघ के ही ह्रास का परिचायक है, तथापि इसका इतिहास ऐसी कई विशेषताएं छिपाये है जो आज की परिस्थितियो मे और भविष्य के लिये मार्ग दर्शन कर सकती है।

अंग्रेजी शासन काल और उसके बाद

सन १७०७ में मुगल सम्राट औरगजेब की मृत्यु के १५० वर्ष के दौरान मे दिल्ली की धरती पर हुए राजनैतिक झगड़ों, लूट खसोट और भीषण रक्तपात ने इसे वीरान बना दिया। यदि नादिरशाह ने इसके शरीर को अपनी धन लोलुपता और नृशसता के लम्बे नाखूनो से नोच कर अस्थिपजरवत् किया तो १८५७ के बाद अंग्रेजो द्वारा अपनाई गई प्रतिक्रिया नीति ने इस विशाल नगर को खडहरों मे बदल दिया। उस कला प्रिय शाहजहा की राजधानी शाहजहानाबाद की भव्य इमारते व बडे बडे विशाल प्रासाद गिरा दिये गये। न्याय व सुरक्षा की ओट मे देश प्रेमी नागरिको व उनके मासूम बालको को बदूक का निशाना बनाया गया। अंग्रेजो की इस दमन नीति के अंतिम प्रहार मे दिल्ली प्रथक शासन से हटकर नवीन पजाब प्रात का एक जिला मात्र रह गयी।

किन्तु कालचक्र की गति बदली! ब्रिटेन की महारानी की सन १८५८ की घोषणा के बाद ही नीतिकुशल अंग्रेजो ने भारत मे राजनैतिक स्थिरता लाने का प्रयास किया। सम्पूर्ण भारत मे विशाल साम्राज्य के उन महत्वाकांक्षियो ने एक ओर देश के विभिन्न भागो मे राजे महाराजाओं को अपनी कूटनीति द्वारा अपग और निर्बल कर अपने आधीन किया और दूसरी ओर रेल आदि यातायात के साधनो को उन्नत किया।

सुदृढ केन्द्रित शासन की दृष्टि से दिल्ली के महत्व को भी उन्होने समझा, जिसके फलस्वरूप सन १९११ के दरबार मे जार्ज पचम ने राजधानी को कलकत्ता से हटाकर दिल्ली लाने की घोषणा की।

दिल्ली ने राजधानी के रूप मे स्वतत्र प्रात होकर अपना खोया हुआ प्राचीन महत्व पुन. प्राप्त किया। वाइसरीगल लाज, काउंसिल हाउस (जो वर्तमान मे क्रमश राष्ट्रपति भवन व पार्लियामेंट हाउस के नाम से प्रसिद्ध है) सेक्रेटेरियट ब्लाक, राजे महाराजो के विशाल भवन, कनाट प्लेस का दर्शनीय बाजार आदि का निर्माण कर सन १९३० मे वर्तमान 'नयी दिल्ली' बसायी गई।

दिल्ली की उत्तरोत्तर उन्नति होती गई और इस उन्नति मे जैनो ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। यद्यपि सख्या की दृष्टि से जैन भले ही थोडे हो, किन्तु वे कार्यक्षेत्र मे सदैव ही अग्रणीय रहे। शासन के विभिन्न अगो मे वे बराबर महत्वपूर्ण पदो पर रहे और सामाजिक, शिक्षण, उद्योग व व्यापार तथा राजनैतिक व सार्वजनिक क्षेत्रो मे भी उन्होने पूरा भाग लिया।

दिल्ली राज्य के प्रमुख जैन अधिकारी

जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, दिल्ली में तोमर वंशीय अनगपाल से लेकर मुगलवंश तक बराबर जैन राजमंत्री व शाही खजाची हुए और अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रहे। शाहजहानाबाद के बसने के समय से जैनो में मुख्य-

५७. देखो, अनेकात १, पृष्ठ २१३.

तथा दो परिवार शाही खजाची पद पर रहे पहला तो राजा हरसुखराय सुगनचद्र का और दूसरा ला० ईशरीप्रसाद का।

राजा हरसुखराय व सुगन चन्द्र जी के पूर्वज सेठ दीपचन्द्र जी अग्रवाल जैन हिसार के रईस थे। शाहजहानाबाद बसाये जाने के समय शाही निमत्रण पर वे दिल्ली आये। उस समय बादशाह ने उनको दरीबे के सामने ४-५ बीघे जमीन प्रदान की जिस पर उन्होंने अपने १६ पुत्रो के लिये प्रथक-प्रथक महल बनवाये थे। ईस्ट इडिया कम्पनी के शासन तक आपके वशज खजाची रहे[५८]।

बाद मे भी इस परिवार में से लाला गिरधर लाल और लाला पारसदास क्रमश सन १८६३ से १८६६ तक और सन १८७९ से १८८७ तक सरकारी खजाची रहे तथा गवर्नर जनरल व लेफ्टीनेट गवर्नर पजाब के दरबारी थे।

दूसरा परिवार था ला० ईशरी प्रसाद जी व उनके पूर्वजो का। यह परिवार भी अपने समय मे 'खजाची खानदान' के नाम से प्रसिद्ध रहा है। राजा रामसिह व उनके सुपुत्र सेठ सहारनबीर सिह जो सम्राट अकबर के जागीरदार थे और जिन्होंने सहारनपुर नगर बसाया, इनके पूर्वजो मे से थे। लाला ईशरी प्रसाद जी के पिता लाला सालिगराम जी सन १८२५ मे गवर्नमेट ट्रेजरार नियुक्त हुए। साथ ही वह ग्वालियर व अलवर रियासतो के भी खजाची थे। ला० सालिगराम जी की मृत्यु के बाद उनके पुत्र ला० धर्मदास खजाची पद पर रहे। उनके बाद सन १८७७ मे ला० ईशरी प्रसाद ओल्ड दिल्ली डिवीजन के खजाची नियुक्त हुऐ। वह दिल्ली व लदन बैंक लिमिटेड व म्यूनिसिपल कमेटी के भी कोषाध्यक्ष रहे। अपने पिता व भाई की तरह वह भी वाइसरीगल दरबारी, म्यूनिसिपल कमिश्नर और आनरेरी मजिस्ट्रेट रहे[५९]।

सन १८७९ मे उनके भाई श्री अयोध्या प्रसाद जी भी खजाची नियुक्त हुए।

विगत शताब्दी की अतिम बीसवी में दिल्ली ने एक और रत्न उत्पन्न किया वे थे रायबहादुर डा० सर मोती सागर। उन्होने एक साधारण वकील से जीवन प्रारम्भ कर पजाब हाई कोर्ट के न्यायाधीश का पद ग्रहण किया और बुद्धि चातुर्य और नम्र व शात स्वभाव से राजकीय क्षेत्रो मे उन्होने विशिष्ट सम्मान प्राप्त किया।

सर मोती सागर जी के ही समकालीन थे रायबहादुर ला० सुल्तान सिंह जिनका जन्म सन १८७६ मे कुताना तहसील सोर्नीपत के जमीदार व रईस श्री निहाल चन्द्र जी के यहा हुआ था। शैशव काल मे ही पिता की मृत्यु हो जाने से उनका लालन पालन उनके प्रपिता ला० श्योसिहराय द्वारा हुआ। सन १८९८ मे व्यस्क होने पर उन्होंने पैतृक सम्पति की देखभाल सभाली और थोडी ही अवधि मे उसे दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ाया। दिल्ली के तत्कालीन साहूकारो मे आपका अग्रणी स्थान होने से आपके सबल हाथो मे ही दिल्ली, शिमला, मेरठ आदि स्थानो के इम्पीरियल बैंक के मुख्य कार्यालय और समस्त शाखाओं के खजानो की सभाल और सचालन का उत्तरदायित्व था। रायबहादुर सन १९०१ मे दिल्ली म्यूनिसिपैलिटी के सदस्य सन १९०५ मे आनरेरी मजिस्ट्रेट और सन १९१० में पजाब लेजिस्लेटिव काउसिल के सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य हुए। और इन पदो पर कई वर्षो तक रहे[६१]।

ला० ईशरी प्रसाद जी, जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है, के सुपुत्र रायबहादुर ला० पारस दास जी और उन के समकालीन राय साहब ला० प्यारे लाल जी एडवोकेट अपने समय के उन प्रतिष्ठित व जनप्रिय व्यक्तियो मे से थे जिनकी याद न केवल दिल्ली के जैनियों की, बल्कि इतर समाज की भी अमूल्य निधि है। राय बहादुर ला० पारसदास अपने पूर्वजो की भाति दिल्ली राज्य और म्यूनिसिपलिटी के कोषाध्यक्ष रहे। और कई वर्षों तक आनरेरी मजिस्ट्रेट भी रहे। राय साहब बा० प्यारे लाल जी अपने समय के सर्वोच्च कोटि के एडवोकेट थे और सरकारी क्षेत्रो में उनका विशिष्ट मान था। राजा हरसुखराय जी के प्रपौत्र श्री० पी० डी० राम चन्द्र भी कई वर्षो तक आनरेरी मजिस्ट्रेट रहे।

उपर्युक्त सम्मानीत और राजनैतिक पदो के अतिरिक्त दिल्ली के जैन कई उल्लेखनीय एक्जीक्यूटिव पदो पर

५८. देखो, अनेकान्त, अंक मई, सन १९३४.

५९. देखो, इम्पीरियल कारोनेशन दरबार, दिल्ली १९११ । ७५-३७६

६०-६१. देखो, जैन जागरण के अग्रदूत, पृष्ठ ५४१-४४ व पृष्ठ ५६७-८२.

भी रहे हैं। राय बहादुर ला० नन्द किशोर जी यू० पी० गवर्नमेंट के प्रथम जैन सुपरिंटेंडिग इजीनियर रहे। इसी प्रकार राय बहादुर ला० जगत प्रकाश जी प्रथम भारतीय थे जो डिप्टी आडीटर जनरल आफ इडिया के पद पर नियुक्त हुए। वह बाद मे कश्मीर राज्य सरकार के आर्थिक सलाहकार भी रहे

धार्मिक उत्सव आदि

मुग़ल कालीन अथवा उससे पूर्व के मन्दिरों के अतिरिक्त वर्तमान में उपलब्ध लगभग सभी मन्दिरो अथवा अन्य धार्मिक स्थानों का निर्माण पिछले डेढ या पौने दो सौ वर्षों के अन्तर्गत हुआ। मन्दिरो मे मेहर मन्दिर, सेठ के कूचे का मन्दिर, पद्मावती पुरवाल मन्दिर, चेलपुरी मे श्वेताम्बर मन्दिर, श्री महावीर जैन भवन (चादनी चौक) पहाडी धीरज के दोनो मन्दिर और सेठ सुगन चन्द्र जी द्वारा दिल्ली के विभिन्न स्थानो, जयसिंह पुरा (नई दिल्ली) पटपडगज व शहादरा मे बनवाये गये मन्दिर विशेषरूप से उल्लेखनीय है। यो तो प्राय सभी जैन मन्दिरो की भव्य कलामय कारीगरी दर्शनीय होती है किन्तु जैसा कि अगले अध्याय मे दिये गये वर्णन से ज्ञात होगा, इनमे कई मन्दिरो मे कुछ ऐसी विशेषताए हैं जो कि जैनो के आध्यात्म प्रेम व त्याग को प्रगट करती है।

जैनो के धार्मिक महोत्सवो मे, पर्वो के अतिरिक्त, पच कल्याणक व बिम्ब प्रतिष्ठाये और रथयात्रा उत्सव मुख्य है जिनके अवसर पर न केवल स्थानीय वरन् बाहर से भी विशाल जन समुदाय सम्मिलित होता है। सन १८१० १८३४ व १८६३, मे इस प्रकार के रथोत्सव हुए। उसके बाद धार्मिक विद्वेष के फलस्वरूप कुछ विरोध के कारण यह रथोत्सव रुका रहा। समाज के सतत् प्रयत्नों के बाद लेफ्टिनेंट गवर्नर ने दो मई सन १८७७ को रथोत्सव निकालने की आज्ञा प्रदान की और २० जुलाई सन १८७७ को बडी धूमधाम से रथयात्रा निकाली गई। तभी से यह यात्रा प्रतिवर्ष पोह बदी दूज को निकलती आती है।

जुलाई सन १८७७ के रथयात्रा उत्स के २ वर्ष बाद ही जनवरी २३, सन १८७९ में लाला मेहर चन्द्र जी ने 'मेहर मन्दिर' की प्रतिष्ठा बडी धूमधाम के साथ कराई। उसके बाद जनवरी सन १९२३ मे सकल जैन पचायत, दिल्ली की ओर से पच कल्याणक प्रतिष्ठा हुई जिसमे भारत के प्रत्येक कोने से हजारों की सख्या में जन समुदाय एकत्रित हुआ। उस पुण्य अवसर की अनेक स्मृतिया आज भी गौरव के साथ बखानी जाती है। कहते है, वैसा अभूतपूर्व उत्साह, अतुठी भक्ति और निर्दोष व्यवस्था दिल्ली के अन्य किसी उत्सव मे फिर मे देखने मे नही आई।

धर्मोत्सवो के साथ ही आध्यात्म शासन की प्रभावना के लिये व जन सामान्य मे अहिंसक प्रवृत्ति बनाये रखने के दृष्टिकोण से स्थानीय व्यक्तियों व सस्थाओं द्वारा अनेक रचनात्मक कार्य भी सम्पन्न हुए हैं। सन १९१७ मे आर्य समाजियो द्वारा जैन सिद्धान्तो के विरुद्ध फैलाई गई भ्रान्तियो का निवारण प्रसिद्ध 'दिल्ली शास्त्रार्थ' मे न्याय प्रमाण युक्त व तर्क सगत उत्तर देकर किया गया। सन १९३०-३१ में 'मिथ्यात्व तिमिरनाशिनी' नामक सस्था के तत्वावधान मे लाला जगन्नाथ जी आदि के सद् प्रयत्नो से काल [illegible] जी के मन्दिर मे होने वाले पशु-बलि को बन्द करवाया गया। उसी वर्ष दिल्ली समाज के महान पुण्योदय से आचार्य शांतिसागर जी महाराज का ससघ पदार्पण हुआ।

देश मे सर्व प्रथम भ० महावीर जयन्ती महोत्सव जैन मित्र मडल द्वारा आरम्भ किया गया।

सन १९३९ मे 'जैन सभा नई दिल्ली' के विरोध पत्र पर 'वाइसरीगल भवन' (वर्तमान राष्ट्रपति भवन) व सेक्रेटेरियट ब्लाको पर होने वाला पक्षी-वध बन्द हुआ।

धार्मिक कार्यों की परम्पराओ मे 'तीर्थ यात्रा सघ' को लेजाना भी महत्वपूर्ण परम्परा रही है। ऐसे समय मे जब कि यातायात के साधन उन्नत और सहज न थे, इस का महत्व विशेष था। प्राचीन काल से ही श्रीसम्पन्न एव सामर्थ्यवान् व्यक्तियो ने इस प्रकार के यात्रासघो को ले जाकर लक्ष्मी का सदुपयोग किया है, इनमे से कुछ का उल्लेख ऊपर किया गया है। सन १८१५ मे सेठ सुगनचद जी ने 'यात्रा सघ' निकाला जो ६ माह के बाद दिल्ली वापिस आया था। सन १९४३-४४ मे चौधरी भुन्नू लाल जी ने भी गिरनार जी के लिये 'यात्रा सघ' निकाले।

६२. देखो, भा० दि० जैन महासभा का ट्रेक्ट 'दिल्ली दिग्दर्शन, पृ०, ५०.

जैन विद्वान लेखक व कवि

विगत डेढ सौ वर्ष के समय मे दिल्ली मे निम्नलिखित प्रमुख जैन विद्वान हुए है। इनमे से कई विद्वानों ने अनेक मौलिक ग्रथो की रचना कर के जैन साहित्य को समृद्ध किया है।

(१) **पांडे शिवचंद्र जी**—पचायती मदिर, मसजिद खजूर के भट्टारक की गद्दी पर बैठे। पाडे जी को धार्मिक ग्रन्थो के अतिरिक्त ज्योतिष, वैद्यक तथा मत्र विद्या का भी अच्छा ज्ञान था। उनकी रचनाओ मे गृहस्थचर्या, धर्मप्रश्नोत्तर श्रावकाचार, ध्यान दर्पण आदि मुख्य है। उन्होने पचायती मन्दिर मे शास्त्रो का सुन्दर सग्रह किया था।

(२) **पडित तुलसीराम जी** (सन १८५९-१६००)—पडित जी जैन सिद्धात के अच्छे ज्ञाता थे। उन्होने जीवन पर्यत मेठ के कूचे के मन्दिर मे नित्य शास्त्र सभा की परिपाटी बनाये रखी जो आज भी चालू है। सन १६१३ मे उन्होने आचार्य पुष्पदत कृत 'आदिपुराण' की भट्टारक सकल कीर्ति जी की सस्कृत टीका पर आधारित पद्यमय हिन्दी रचना की जो कुछ वर्ष पूर्व दिगम्बर जैन पुस्तकालय सूरत मे प्रकाशित की है।

(३) **प गौरीलाल जी**—अपने समय के उच्चकोटि के विद्वानो म से थे। आपकी मौलिक रचनाओ मे जैन तत्त्वार्थ क्रिया कोष मुख्य है। उन्होने रत्नकरड श्रावकाचार, नीति वाक्यामृत रत्नमाला, जिनसहस्त्रनाम, धनजय नाममाला आदि कई ग्रन्थो की भाषा टीका भी की।

पडित जी अपने जीवन पर्यत अनेक शिक्षा सस्थाये स्थापित करवाने मे प्रयत्नशील रहे। उनके सद् प्रयत्नो से ही सन १६०० मे भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा की स्थापना हुई।

(४) **बैरिस्टर चम्पतराय जी** (सन १८७५-१६४२)—वे युग पुरुष थे। समृद्ध और वैभव पूर्ण वातावरण मे भी वे त्यागी व साधु थे। वे जैन व इतर दर्शनो के उच्चकोटि के विद्वान ही नही वरन् प्रभावपूर्ण वक्ता और लेखक भी थे। उनकी रचनाओ मे 'Key of Knowledge,' 'Confluence of Opposits', 'Jain Logic,' 'Discourse Divine,' 'House holder's Dharama,' 'Practical Dharma,' 'Sanyasa Dharma', 'Jain Psychology,' 'Faith Knowledge and Conduct,' 'What is Jainism,' 'The Change of Heart,' 'Jain Penance,' 'Jain Culture,' 'Jain Law,' 'आत्म रामायण', 'Rishabh Deva,' 'Where the Shoe Pinches', 'The Gems of Islam', 'Glimpses of a Hidden Science in Original Christian Teachings,' 'Jainism, Christianity and Science' आदि प्रमुख हैं। इनमें अधिकाश पुस्तकों के हिन्दी मे और कुछ के उर्दू मे अनुवाद भी प्रकाशित हो चुके है।

बैरिस्टर साहब ने जीवन पर्यंत देश विदेश भ्रमण कर अध्यात्म शासन का सदेश दिया। उनके सात्विक चारित्र निर्दोष विद्वता और ओजपूर्ण वाणी से प्रभावित आज भी इगलैड, अमरिका, फ्रास, जर्मनी, स्विटजर लड, इटली आदि देशों मे अनेक भक्त है।

(५) **कविवर जगदीशराय जी** (सन १८४५-१६०६)—अपने समय के उच्चकोटि के अध्यात्म कवियो मे से थे। उनको ज्योतिष व रमल का भी अच्छा ज्ञान था। उनके द्वारा रचित कविता संग्रह 'जगदीश विलास' नाम से प्रकाशित हुआ है।

(६) **प जिनेश्वर प्रसाद जी 'माइल'**—उर्दू के माने हुए कवि थे। उनकी रचनाओ मे 'हुस्न अव्वल', 'हुस्न फितरत', 'सुबहसादिक' है। उन्होने कविवर दौलतराम जी के कुछ पदो का भी उर्दू मे अनुवाद किया था। कविताओं के अतिरिक्त उन्होने कुछ नाटक भी लिखे थे।

अन्य जैन विद्वानो मे व्रती हुकम चन्द्र जी, प सागर चन्द्र जी सर्राफ, प० फतेह चन्द्र जी, पं० मनीराम जी, ला० प्रभूदयाल जी तहसीलदार, प० महावीर प्रसाद जी, नूरीमल, प० महबूब सिह जी, प० मक्खन लाल जी आदि उल्लेखनीय है। इनमे कई विद्वानो ने अपने प्रयत्नो से शहर के मन्दिरो मे शैलिया स्थापित की तथा प्रतिदिन शास्त्र सभा की परिपाटी आरम्भ की। प० मक्खन लाल जी जैसे प्रभावक उपदेशक व कवि के श्रवण का सौभाग्य आज भी दिल्ली समाज को प्राप्त है।

महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य

उस समय की दिल्ली जैन समाज की प्रमुख विशेषता थी-कि प्रत्येक व्यक्ति मे जागरूकता का होना। यो तो सम्पूर्ण जैन समाज मे सदैव ही यह

गुण रहा, जैसा कि अनेक विरोधी परिस्थितियों के बावजूद भी उनके आज के अस्तित्व से स्वय सिद्ध है, तथापि उस समय यह विशेष मात्रा मे था। इसका कारण उस समय मे हुए अनेक महान पुरुषो का सद् भाव भी कहा जा सकता है जिनके सुयोग्य नेतृत्व मे समाज ने अपना अस्तित्व ही क़ायम नही रखा बल्कि प्रगति भी की।

समाज के कार्यशील व्यक्तियों के प्रयत्नों से नवीन प्रगतिशील सामाजिक व धार्मिक संस्थाओ, दानी व महानुभावो के द्वारा पारमार्थिक ट्रस्टों आदि की स्थापना हुई, साथ ही साथ दो तीन ठोस और रचनात्मक कार्य भी हुए। प्रमाद और अज्ञानता के कारण विवाहो में जैन पद्धति नही अपनाई जाती थी, उसका प्रचार लाला जगन्नाथ जी ने मिथ्यात्व तिमिरनाशिनी नामक सस्था के तत्वावधान मे प्रारम्भ किया। उनके प्रयत्नों के फलस्वरूप आज हम देखते है कि लगभग सभी स्थानो पर जैन पद्धति से विवाह सम्पन्न होने हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण कार्य था 'जैनो का कोड'। सन १९१८ मे केन्द्रीय व्यवस्थापिका के सामने डा० हरीसिह गौड द्वारा लिखित हिन्दूकोड के कानून के रूप मे स्वीकार किये जाने की सभावना होने लगी थी। उसमे जैन रीति रिवाजो के बारे मे कई भ्रातिपूर्ण बातें थी। इस विषय मे 'जैन मित्र मडल' की ओर से आदोलन किया गया और अनेक पत्र व पत्रिकाओं मे निराधार तथ्यो का उत्तर प्रकाशित करवाया गया। इन प्रयत्नो के फलस्वरूप श्री टी० वी० शेशामरी अय्यर, भूतपूर्व जज मद्रास हाईकोर्ट व श्री कन्नोमल, भू० जज धौलपुर, के लेख प्रकाशित हुए जिनमे डा० गौड के कथन को निराधार बतलाया गया। इस पर डा० गौड ने अपने कोड के द्वितीय सस्करण मे जैनियों द्वारा अपेक्षित सशोधन कर दिये।

इसी सिलसिले में सभी जैन सम्प्रदायों की एक सम्मिलत कमेटी बनी जिसने स्वतन्त्ररूप से 'जैन ला' बनाने का कार्यभार संभाला। अत मे सम्पूर्ण सामग्री द्वारा बैरिस्टर चम्पतराय जी द्वारा 'जैन ला' लिखा गया। जो अग्रेजी, हिन्दी तथा उर्दू में प्रकाशित हुआ उसी समय मे रा० ब० जुगमदरलाल जैनी ने भी 'भद्र-बाहु सहिता' पर आधारित 'जैन ला' की रचना की।

सन १९२३ में रायबहादुर डा० सर मोतीसागरजी तथा विभिन्न स्थानीय सस्थाओ के सदप्रयत्नो से दिल्ली प्रदेश भगवान महावीर के जन्म-दिन की छुट्टी स्वीकृत हुई।

सन १९१५ मे जैन मित्र मडल, सन १९२४ मे स्व० ला० गोकलचदजी नाहर के सद्प्रयत्नो से महावीर जैन लायब्रेरी, और सन १९३९ मे जैनसभा की स्थापना हुई जिस के प्रथम प्रधान रा० ला० आदीश्वर लाल बैंकर थे।

शिक्षण संस्थाएं और सांस्कृतिक कार्य

अन्य क्षेत्रो की भाति ज्ञान के प्रसार के क्षेत्र मे भी जैनो का सदैव अग्रणीय भाग रहा है। धार्मिक शिक्षा के लिये पाठशालाओ के अतिरिक्त जैनो ने आधुनिक शिक्षा-प्रणाली पर अनेक अग्रेजी विद्यालयो की स्थापना की। जैन हायर सेकेंड्री स्कूल दरियागज, श्रीमहावीर जैन सहक़न कर्माशियल हायर सेकेंड्री स्कूल कूंचा सेठ, जैन गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल कूचा सेठ, श्री हीरालाल जैन हायर सेकेंड्री स्कूल, सदरबाजार, श्री लक्ष्मीदेवी जैन गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल, पहाडी धीरज, आदि आज स्थानीय शिक्षण सस्थाओ मे प्रमुख स्थान रखते है।

शिक्षा के क्षेत्र मे रायबहादुर डा० सर मोती सागर (न्यायाधीश पजाब हाई कोर्ट), रायबहादुर ला० मुल्तान सिह बैंकर्स, रायसाहब बा० प्यारे लाल एडवोकेट, राय साहब ला० आदीश्वर लाल बैंकर, रघुवीर सिह बैंकर लाला शिवदयाल जी, डिस्ट्रिक्ट इसपैक्टर आफ स्कूल्स रायसाहब ला० रतन लाल जी, डिस्ट्रिक्ट इसपैक्टर आफ स्कूल्स, ला० हीरालाल जी, प० महबूब सिह, लाला महावीर प्रसाद ठेकेदार आदि की सेवायें दिल्ली के इतिहास मे चिरस्मरणीय है। दिल्ली विश्वविद्यालय के उपकुलपतियो की परम्परा मे सर मोतीसागर जी का काल महत्वपूर्ण माना जाता है। उनके द्वारा बनायी गई परम्परायें आगामी पदाधिकारियों के लिए पथ प्रदर्शक रही है।

डा० साहब स्त्री शिक्षा क प्रबल समर्थक ही नही थे, बल्कि उन्होने इस बात का प्रचार भी किया। दरीबे की गली कुजम मे उन्होने सुन्दरनन्नी गर्ल्स स्कूल स्थापित किया। आजकल यह स्कूल कार्पोरेशन क अन्तर्गत है।

राय बहादुर ला० मुल्तान सिह ने सदा ही शिक्षा प्रचार मे तन, मन और धन तीनों से योग दिया। इन्द्रप्रस्थ

गर्ल्ज स्कूल और कालिज जो आजकल न केवल स्थानीय बल्कि भारतवर्ष की उच्चकोटि की संस्थाओं में है, उनके प्रयत्नो से स्थापित हुआ और उनके आजीवन सभापतित्व मे ही पनपा। इसके अतिरिक्त तिबिया कालेज, लेडी हार्डिग मेडीकल कालिज, हिन्दू कालिज आदि की स्थापना के अवसर पर उन्होने वृहत् दान दिया और अपने जीवन पर्यंत उनकी प्रगति मे प्रयत्नशील रहे। उनके सुपुत्र लाला रघुवीर सिंह ने विदेशो के पब्लिक स्कूल्स की स्थापना की प्रणाली पर माडर्न स्कूल की स्थापना की और उसके सवर्धन मे आजीवन लगे रहे। आज यह अपने स्कूल ढग का अद्वितीय विद्यालय है।

रायसाहब बा० प्यारे लाल एडवोकेट ने अपने व्यस्त जीवन मे भी अपने समय की सभी प्रमुख शिक्षण संस्थाओं की प्रगति मे योग दिया।। वे दिल्ली विश्वविद्यालय की व्यवस्थापिका (सेनेट) के सदस्य रहे। हिन्दू कालेज के तो वे प्राण थे। उस समय के लगभग सभी प्रमुख विद्यालयो की व्यवस्था से उनका निकट सम्बन्ध रहा। उनके द्वारा विद्यार्थियो की सहायता के लिये सन १९३३ मे स्थापित लाला गिरधारी लाल प्यारे लाल एजुकेशनल फड जिसमे उन्होंने एक वृहत् धनराशि प्रदान की, उनकी असीम उदारता और दानशीलता का द्योतक है।

राय साहब क सुसस्कारों के फलस्वरूप उनके सुपुत्र राय साहब लाला आदीश्वर लाल भी प्रारम्भ से ही शिक्षा प्रचार मे प्रयत्नशील रहे। अपने पिता की भाति वे भी दिल्ली विश्वविद्यालय की व्यवस्थापिका (सेनेट) के सदस्य और हिन्दू कालिज आदि के प्रमुख व्यवस्थापको में से रहे।

आर्थिक व्यवस्था

इतिहास के अवलोकन से विदित होगा। कि ९ वी या १० वी शताब्दी के अन्त तक जैनो का बहुभाग क्षत्रियो मे से था जो या तो स्वय शासक रहे, अथवा शासन के प्रमुख व्यवस्थापक-पदो, राजमत्री, राज कोषाध्यक्ष, सेनापति, आदि पर रहे। भगवान ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर तक सभी तीर्थकर राजवश मे उत्पन्न हुए, कइयो ने लम्बी अवधि तक राजपद सुशोभित किया और अन्त मे सासारिक भोगो से विरक्त होकर निग्रथ वेष धारण किया और सतत साधना के बाद निर्मल ज्ञान प्राप्त कर जनकल्याण के लिये उपदेश दिया। मौर्य और गुप्त ऐतिहासिक काल के राजाओ मे सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य, महामडलेश्वर श्रेणिक बिम्बसार, कलिगाधिपति राजा मेघवाहन खारवेल आदि प्रसिद्ध राजा जैन धर्मावलम्बी थे। सम्राट अशोक ने भी, जो पहले बौद्ध था, मृत्यु के कुछ समय पहले जैन धर्म धारण किया था।

नौवी दसवी शताब्दी के बाद जैन समाज प्रधानतः वैश्य समाज के एक भाग के रूप मे परिणित होने लगा। इन्होंने हीरे-जवाहरात, सोना, चांदी ज्वेलरी, कपड़ा आदि के व्यापार अपनाये।

अंग्रेजो के शासन काल मे पूर्व मुगलो के समय में दिल्ली भारत के अन्य नगरों की भाति किसी भी उद्योग अथवा व्यापार का केन्द्र न था। उन दिनो नगरो का महत्व या तो राजनैतिक प्रभुत्व या धार्मिक केन्द्र और या नदियो आदि के उन्नत साधन उपलब्ध होने के कारण था। इसीलिये इनमे से किसी भी कारण के अभाव में नगरो का ह्रास होता देखा जाता था।

अठारहवी शताब्दी मे दिल्ली मे अधिकाश जनता का प्रमुख धधा शाही फौज की आवश्यकताओं को पूरी करना था[६३]। अतएव उस समय धनिक जैन परिवार या तो शाही खजाची आदि के उच्च राजकीय पदो पर रहे या हीरे जवाहरात के व्यापार को अपनाये थे। शेष मध्य वर्ग सामान्यत. विविध व्यापारो मे थे।

अंग्रेजी शासन काल मे दिल्ली के व्यापारिक क्षेत्र में जैनो का मुख्य भाग रहा। हीरे जवाहरात, सोने चादी, कागज, कपड़ा और सीमेंट के व्यापारी प्रधानत जैन ही थे। इसके अतिरिक्त साहूकारी और बैंकिंग मे तो जैन सर्वोपरि थे ही। सेठ सुगन चन्द्र, लाला ईशरी प्रसाद, राय बहादुर लाला सुल्तान सिंह, राय बहादुर लाला पारस दास, राय साहब, बा० प्यारे लाल, राय साहब लाला आदीश्वर लाल अपने समय के प्रमुख बैंकर्स व रईसो मे थे। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, इनमे से सेठ सुगन चन्द्र, लाला ईशरी प्रसाद, राय बहादुर लाला पारस दास गवर्नमेंट ट्रेजरार्स भी रहे। राय साहब बा० प्यारेलाल सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के ट्रेजरार के अतिरिक्त पंजाब नेशनल

६३. देखो, बर्नियर, एफ—ट्रेवल्स इन दी मुगल एम्पायर (१९३४ सस्करण) पृष्ठ २८२,३८४.

बैंक के स्थानीय डायरेक्टर भी थे। उसके बाद उनके सुपुत्र रायसाहब लाला आदीश्वर लाल सेंट्रल बैंक के ट्रेजरार रहे।

राजनीतिक और सार्वजनिक क्षेत्र

देश के स्वधीनता सग्राम मे भी दिल्ली के जैन सदैव अग्रणीय रहे। वर्तमात शताब्दी के आरम्भ मे जब कि राष्ट्रीयता की बात करना भी राज-अपराध माना जाता था, रायबहादुर सुल्तान सिह, रायसाहब बा० प्यारे लाल एडवोकेट, लाला हजारीमल जौहरी आदि काग्रेस के प्रमुख कार्यकर्ताओ मे से थे। यद्यपि इन व्यक्तियो के नाम के साथ राज्य की ओर से प्रदान की गई बडी बडी उपाधिया थी, तथापि उनकी राष्ट्रीय भावनाये व राष्ट्र प्रेम किसी भी अन्य नागरिक से कम न था। यदि रायबहादुर लाला सुल्तान सिह की विशाल कोठी मे होने वाली गार्डन पार्टियो मे वायसराय, गवर्नर और चीफ कमिश्नर आते थे, अथवा उनके अतिथि भवन मे ठहरने वाले महाराजा कश्मीर, महाराजा मैसूर, महाराजा जयपुर आदि थे तो महात्मा गाधी, सरदार पटेल, श्रीमती सरोजिनी नायडू आदि राष्ट्रीय नेताओ का, जब भी वे दिल्ली पधारते थे, निवास भी उनके ही यहा होता था। सन १९२१ मे गाधी जी ने जब अपना प्रथम उपवास किया तो वह इन्ही की कोठी मे ठहरे हुए थे।

सन १९१८ मे दिल्ली मे हुए काग्रेस के वार्षिक अधिवेशन मे उक्त तीनों व्यक्ति मुख्य कार्यकर्ताओ मे से थे। रायसाहब बा० प्यारे लाल एडवोकेट अधिवेशन की स्वागत-समिति के उपाध्यक्ष भी चुने गये थे। सन १९२३ मे वे दिल्ली काग्रेस सीट से सेन्ट्रल लेजिस्लेटिव असेम्बली के सदस्य भी निर्वाचित हुए।

उक्त अधिवेशन से राजधानी मे राष्ट्रीयता की एक अनूठी लहर दौडी। काग्रेस का सम्पर्क जन-सामान्य से बढा। सैकडो की सख्या मे नवयुवक अपने भविष्य की चिन्ता छोड कर स्वातन्त्र्य सग्राम मे कूद पडे।

दिल्ली के जैन युवको मे सर्वप्रथम लाला डिप्टीमल जी सन १९२१ मे काग्रेस के सदस्य बने। उसी वर्ष निर्वाचन आदि के नियम द्वारा काग्रेस को व्यवस्थित रूप भी दिया गया। लाला जी की असाधारण योग्यता, दूर-दर्शिता और कार्य शीलता ने उन्हे शीघ्र ही नेताओ की कतार मे ला खडा किया। काग्रेस मे आने के केवल एक वर्ष बाद ही सन १९२२ मे उनको प्रातीय काग्रेस कमेटी की व्यवस्थापिका के सदस्य और सन १९३१ में कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया गया। इस दौरान मे साढे ग्यारह मास तक लगातार दरीबा क्षेत्र से बाहर जाने के लिये भी उन पर प्रतिबन्ध लगा रहा। दिल्ली मे सन १९३२ में हुए काग्रेस के विशेष अधिवेशन मे लाला जी प्रमुख कार्य-कर्ताओं मे से थे। इसी सम्बन्ध मे उन्हे २ मास का कारावास भी मिला।

लाला जी सन १९४६ से १९५२ तक दरीबा काग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सन १९५४ से १९५६ तक दिल्ली नगर काग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर रहे। सन १९५८ से १९६० तक दिल्ली नगर काग्रेस कमेटी के सदस्य व सन १९४९ व सन १९६० मे हुई दिल्ली स्टेट पालीटिकल कान्फ्रेन्सेज की रिसेप्शन कमेटी के चेयरमेन और सन १९४९ से १९५१ तक दिल्ली स्टेट इलेक्शन कमेटी के सदस्य भी रहे। लाला जी की अद्वितीय सगठन-प्रतिभा के कारण सन १९२२ मे लेकर सन १९५४ तक दिल्ली राज्य मे काग्रेस की ओर से लडे गये सभी चुनावों का सचालन उनके ही द्वारा हुआ। लाला जी की गणना आज उन सम्माननीय विशिष्ट वयोवृद्ध व्यक्तियो मे है जिनके निस्पृह त्याग और महान साधना के ऊपर न केवल काग्रेस पार्टी को बल्कि सम्पूर्ण नगर को गौरव का अनुभव होता है।

सन १९३० के सविनय-अवज्ञा आन्दोलन, सन १९४२ की ऐतिहासिक जन-क्रान्ति आदि के सिलसिले मे श्री जैनेन्द्र कुमार, श्री अयोध्या प्रसाद गोयलीय, सेठ आनद-राज सुराणा, लाला नन्हे मल, लाला तनसुखराय मास्टर गिरधारी लाल, लाला उग्रसेन, लाला टीकम चद्र जौहरी, श्री ज्ञान प्रकाश, श्री कमल चद गोधा, श्री गुलाब चद, श्री कपूर चद गोधा, श्री छगन लाल रकयाण, श्री बिमल भाई, श्री अनतराम नानखताई वाले, श्री विरधो चद्र, लाला श्री राम, श्री सुन्दर लाल, श्री मुकंदलाल जौहरी, लाला लक्ष्मी चद्र, श्रीमती चमेली देवी, लाला टीकम चद्र 'लाट', श्रीमती सीता देवी, श्री गिरी लाल, श्री कस्तूर चद्र, श्री बहाल सिंह, श्री मनुभाई शाह (वर्तमान केन्द्रीय उद्योग मत्री), श्री फतह चंद्र, श्री कपूर चद्र, श्री मुन्नालाल

जौहरी, श्री पदम चंद्र, श्री जुगल किशोर तथा अनेक व्यक्तियो ने कई बार लम्बी लम्बी अवधि की जेल यात्रायें की। इन विविध राजनीतिक आदोलनो मे सक्रिय भाग लेने वाली जैन महिलाओ मे श्रीमती सुशीला सुल्तान सिह (धर्मपत्नी राय बहादुर सुल्तान सिंह) का नाम उल्लेखनीय है।

राजनीति के अतिरिक्त म्यूनिसिपल कमेटी, शिक्षण एव अन्य सास्कृतिक सस्थाओ आदि में भी जैनो ने महत्वपूर्ण योगदान किया। सन १८७४ मे लाला बलदेव सिह, सन १८८१ मे लाला हजारी मल जौहरी, सन १६०१ व १६११ मे रायबहादुर सुल्तान सिंह, सन १६११ मे रायसाहब लाला वजीर सिह, सन १६१७ मे रायसाहब बाबू प्यारे लाल एडवोकेट, सन १६२८ व १६४५ मे डा० चम्पत राय जयना, सन १६३१ व १६३७ व १६४५ मे लाला डिप्टीमल, सन १६३४ मे रायसाहब लाला उल्फतराय, सन १६४० मे रायबहादुर लाला आदीश्वर लाल, सन १६४५ मे लाला भीकू राम व श्री राज कुमार, सन १६५१ मे डा० कैलाश चंद्र, सर्वश्री फूल चंद्र व ओम प्रकाश व रायसाहब जोती प्रसाद दिल्ली म्यूनिसिपल कमेटी के सदस्य (म्यूनिसिपल कमिश्नर्स) हुए।

रायसाहब लाला वजीर सिह सन १६१५ मे, रायसाहब बा० प्यारे लाल एडवोकेट सन १६१६ मे और लाला डिप्टीमल सन १६४५ मे वाइस प्रेजीडेट [६४] के पद पर निर्वाचित हुए और लगातार कई वर्षो तक इस पद पर रहे। दिल्ली नगर पालिका के इतिहास मे इन तीनो का कार्यकाल अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा है। लाला डिप्टीमल जी सन १६३२ से जब जब निर्वाचित हुए पालिका की व्यवस्थापिका व अर्थ समिति (Executive and Finance Committee) व शिक्षा समिति (Education Committee) के सदस्य रहे। लाला जी ने अपने समय मे सोशल एजूकेशन स्कीम के अन्तर्गत विशाल पैमाने पर साक्षरता आदोलन को उठाया और अनेक स्थानो पर सामाजिक शिक्षा व शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की। इस प्रकार के केन्द्रो का संचालन उत्तर भारत की नगरपालिकाओ में दिल्ली नगरपालिका की एक विशेषता रही है। इन योजनाओ का महत्व तो केवल इस तथ्य से ही प्रकट है कि इन्हें राष्ट्र-स्तर पर कार्यान्वित करने के लिये केन्द्रीय सरकार ने पचवर्षीय योजनाओं में भी सम्मिलित किया है।

पालिका की ओर से सर्व प्रथम नर्सरी स्कूलो की स्थापना, मिड-डे-मिल्क-स्कीम (Mid-day-milk Scheme) तथा लायब्रेरी आदोलन को उठाने के लिये भी मारवाड़ी लायब्रेरी, महावीर लायब्रेरी आदि नगर की प्राचीन लायब्रेरियो की प्रगति के लिए विशेष अनुदान की व्यवस्था करने का श्रेय लाला जी को ही है। उस समय जब कि राज्य की ओर से एलोपेथी के प्रसार पर ही सारी शक्ति व्यय होती थी, लाला जी ने आयुर्वेदिक, व यूनानी औषधालयो आदि की स्थापना करवायी। नगर पालिका के एन्टीकरपशन डिपार्टमेंट को सुदृढ तथा कार्यकारी बनाने के लिये लालाजी के नेतृत्व मे जो कदम उठाये गये वे चिरस्मरणीय है।

विगत ५० वर्षो के दौरान मे दिल्ली के अन्य विविध सार्वजनिक क्षेत्रो मे हुए रचनात्मक कार्यों मे भी जैनों का छाप रही है। रायबहादुर डा० (सर) मोतीसागर, राय बहादुर सुल्तानसिह, रायसाहब बाबू प्यारेलाल एडवोकेट, बैरिस्टर चम्पतराय, लाला गोकलचन्द नाहर आदि व्यक्तियो ने दिल्ली के विविध क्षेत्रो में जो कार्य किये, उनकी स्मृति न केवल जैन वरन् इतर समाज की भी अमूल्य निधि है। यदि वे लोग जैन धर्म और समाज के कार्यो मे अपना तन, मन और धन लगाते थे तो अन्य समाज के सुकार्यों मे भी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा बाटते थे। रायबहादुर लाला सुल्तानसिह प्राय प्रतिवर्ष रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पद के लिये चुने जाते थे। जब दिल्ली मे अखिल भारतवर्षीय वैष्णव कान्फ्रेंस हुई, जिसके सभापति महाराजा दरभगा थे, तो उस समय रायबहादुर सुल्तान सिह को स्वागताध्यक्ष चुना गया। रायसाहब बा० प्यारे लाल वर्षों तक दिल्ली बार एसोशियेसन के प्रेसीडेंट रहे।

रायबहादुर सुल्तानसिहजी की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला देवी लगातार कई वर्षो तक आल इंडिया वीमेस कान्फ्रेस की प्रेसीडेंट रही है। इन्ही की मूल प्रेरणा से आज सरस्वती

---

६४ सन १६४६ तक सरकार की ओर से चीफ कमिश्नर प्रेजीडेंट के पद पर नियुक्त किया जाता था, जो कि प्राय अंग्रेज होता था।

भवन, जो कि दिल्ली मे महिलाओं की उन्नत और जागृत संस्थाओ मे से है, चल रहा है। दिल्ली की प्रसिद्ध मारवाडी लायब्रेरी लाला डिप्टीमलजी के सहयोग से ही सन १६१५ में स्थापित हुई और बाद मे भी पनपी। स्थापित होने के समय से लगातार ३० वर्षो तक लाला जी ही लायब्रेरी के मैनेजर रहे और इस दौरान मे संस्था ने आशातीत उन्नति की। लालाजी ने सन १६१७ मे दिल्ली मे सबसे पहली समाज-सेवक संस्था 'इन्द्रप्रस्थ सेवक मडल' के नाम से स्थापित की और लगातार २० वर्ष तक मत्री पद पर कठिन श्रम द्वारा उसके कार्य को बढाया। मडल की गणना आज प्रसिद्ध लोक सेवक संस्थाओ मे की जाती है।

उपसंहार

अगस्त १५ सन १६४७ को देश स्वतन्त्र हुआ और जनवरी २६, सन १६५० को नवीन भारतीय सविधान के अनुसार सार्वभौम प्रजातन्त्रात्मक गणतन्त्र की स्थापना हुई।

गणतन्त्र की व्यवस्था नवीन नही और न किसी विदेश की देन है। यह भारतवासियो की पुरानी वसीयत है। लिच्छिव और नवमल्ली जाति के अठारह गण राज्यो का प्रजातन्त्रात्मक शासन इतिहास प्रसिद्ध है। महात्मा बुद्ध और भगवान महावीर ऐसे ही गण-राज्यो के गणाधिपतियो के यहा उत्पन्न हुए थे। गण का प्रत्येक नागरिक राष्ट्र की प्रतिष्ठा तथा व्यवस्था बनाये रखने के लिये उत्तरदायी रहे, उसे कहते है गणतन्त्र।

स्वाधीनता के वरदान के साथ-साथ प्रत्येक देश-वासी के ऊपर भारत को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का भारी उत्तरदायित्व भी आया। देश के विकास और पुनर्निर्माण के महान यज्ञ मे दिल्ली के जैनो का महत्व पूर्ण योगदान है। विगत वर्षो मे हुई दिल्ली की औद्योगिक उन्नति की ओर दृष्टि डाले तो निस्सदेह यह विदित होगा कि राजधानी को देश के अन्य औद्योगिक उन्नत नगरो की लाइन मे खडे करने का मुख्य श्रेय यदि किसी एक समाज को है तो वह जैन समाज ही है। आज देश के विख्यात् उद्योगपति सेठ रतन चन्द्र हीराचन्द्र, साहू शांति प्रसाद, साहू श्रेयास प्रसाद, सेठ कस्तूर भाई लाल भाई के औद्योगिक सस्थानो का मुख्य केन्द्र दिल्ली ही है। बिजली के सामान, साईकिल, हार्डवेअर गुडस, सिलाई की मशीन, घडी घंटो, कागज, केमीकल्स आदि के उद्योगों का नेतृत्व जैनो ने किया है। जापान के विश्वविख्यात् टाय उद्योग की शैली पर अनेक नवीन खिलौनो को भारतीय बाजार मे उपस्थित करने का मान राजा टायज को प्राप्त है। अन्य लघु और कुटीर उद्योगो मे ऊन, होजरी आदि के अधिकाश मिलो का स्वामित्व जैनो के हाथो मे है। इन उद्योगो ने न केवल देश के आयात म कमी की है, वरन् निर्यात के द्वारा विदेशी मुद्रा को अर्जन कर राष्ट्रीय आर्थिक स्थित को सुदृढ बनाने मे सहयोग दिया है। व्यापार के क्षेत्र मे, बैंकिग, ज्वैलरी, कागज, कपडा और सीमेट मे तो जैनो की प्रधानता बहुत समय से है। जनरल और होजरी के वितरण मे, जिसके लिये दिल्ली वर्षो से उत्तर भारत का प्रसिद्ध केन्द्र माना जाता है, लगभग ६० प्रतिशत जैन व्यापारी है।

जब दिल्ली विधान सभा बनी तो उसमे सेठ आनन्द राजा सुराना, लाल शकर लाल व श्री हेमचन्द्र सदस्य निर्वाचित हुए।

जैन धन-सम्पन्न है तो उदार और दानी भी है। अनेक शिक्षण व जन हितकारी सस्थाओ को स्थापित कर राज्य को अशिक्षा आदि की समस्या को हल करने मे रचनात्मक सहयोग प्रदान किया है। दिल्ली जैन समाज मे जहा एक ओर बडे बडे दानी है, तो दूसरी ओर डा० डी० एस० कोठारी जैसे विश्व-विख्यात् वैज्ञानिक तथा शिक्षाविद् और आचार्य जुगल किशोर व जैनेन्द्र कुमार जी जैसे महान विचारक और साहित्यकार भी इसी की देन है।

जैनागम के महान पडित एव तपस्वी विद्यालकार आचार्य देश भूषण जी महाराज व मुनिरत्न सुशील कुमार जी की प्रेरणा व आशीर्वाद से जैनो द्वारा क्रमश सन १६५६ और सन १६५८ मे जैन कला व शिक्षा प्रदर्शनी और जैन सेमिनार तथा विश्व धर्म सम्मेलन दिल्ली के सास्कृतिक जीवन की चिरस्मरणीय ऐतिहासिक स्मृतियो मे से है। दोनो ही आयोजनो में अनेक भारतीय व विदेशी विद्वानो व विचारको ने भाग लिया था। नागरिको के चारित्रिक विकास के लिये आचार्य तुलसी द्वारा सचालित देश व्यापी अणुव्रत आंदोलन का केन्द्र दिल्ली ही ।

यह गौरव की बात है कि दिल्ली प्राचीन काल की भांति आज भी जैनो का प्रमुख केन्द्र है। पिछले सैकड़ो

वर्षों के काल मे समाज ने उन्नति और अवनति दोनो प्रकार के ही दिन देखे हैं। प्रत्येक अनुकूल और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करके भी समाज का अपना अस्तित्व अक्षुण्ड रहा है, इसमे प्रधान कारण उन सार्वभौमिक सिद्धातों का श्रद्धान और अनुकरण है जो न केवल लौकिक वरन् हर एक आत्मा को उत्कृष्ट और पूर्ण उन्नत बनाने की क्षमता रखते हैं।

आज जब कि विश्व मे पारस्परिक विरोध और सघर्ष की भावना बढ रही है, विज्ञान प्रदत्त शक्तियो को निर्माण की अपेक्षा विनाश का साधन बनाया जा रहा है, इन सिद्धान्तो का प्रसार ही नहीं बल्कि व्यवहारिक रूप देने की आवश्यकता है। सह अस्तित्व अथवा 'जियो और जीने दो' का सिद्धात परम धर्म अहिसा का ही प्रतिरूप है। महात्मा गाधी ने न केवल अपने स्वय के जीवन मे वरन् सम्पूर्ण राष्ट्र के जीवन मे इस सिद्धात का महान प्रयोग किया और यह सिद्ध कर दिया कि अहिसा का सिद्धात पूर्ण रूप से व्यवहारिक और प्रकृति अनुरूप है। भारत के लिये यह कम गौरव की बात नही कि गाधी जी के अपनाये हुए मार्ग द्वारा एशिया के अन्य पिछडे देशो ने भी चेतना ग्रहण कर स्वतन्त्रता प्राप्त की। यही नही, आज विश्व की आम जनता का यह विश्वास दृढ हो चला है कि विज्ञान के दुरुपयोगो से मानव जाति को यदि किसी प्रकार बचाया जा सकता है तो वह केवल अहिसा के सिद्धात से ही सभव है।

शाकाहार की प्रवृत्ति यद्यपि उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर है तथापि इस दिशा में कुछ व्यवहारिक प्रयोगो द्वारा जन सामान्य को शिक्षित बनाने की महती आवश्यकता है। हाल ही मे एक विदेशी विद्वान के मतानुसार शाकाहारियो की भोजन सामग्री उत्पन्न करने के लिये जितनी भूमि की आवश्यकता होगी उससे कहीं अधिक मासाहारियो की सामग्री के लिये होगी। जैनो का कर्तव्य है कि इस मत को बल देने के लिये रचनात्मक प्रयोग करें और तुलनात्मक आकडो द्वारा जनता को शिक्षित बनावे।

अहिसा का दूसरा सह सिद्धात 'अपरिग्रहवाद' का है जो किसी भी वस्तु के ऊपर किसी भी व्यक्ति या समाज विशेष का स्वामित्व होना भी मिथ्या बतलाता है। और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी इच्छाओ को सीमित करने का पाठ पढाता है। आज के औद्योगिक युग मे जब कि तृष्णा अपना उग्र रूप धारण करती जा रही है और जिसके फलस्वरूप आर्थिक असमानता बढती जा रहीहै, यह सिद्धात ही समाज के सर्वाधिक कल्याण करने मे समर्थ है।

तीर्थंकर धर्म और शाति का ढिंढोरा नही पीटने, वह स्वय अनंत शाति रूप होते है, उनका सर्वाङ्ग ही दिव्य वाणी के रूप मे सम्पूर्ण विश्व का कल्याण मार्ग का उपदेश देकर शाति प्रदान करता है। वे हमारे आदर्श है और हम उनके पथानुगामी हैं। यदि जैन कहलाने वाला प्रत्येक व्यक्ति-और वही क्यो-प्रत्येक धार्मिक व्यक्ति यह व्रत ले तो निश्चय ही सभव है कि थोडे ही समय मे विश्व चर्चा के विषय शस्त्रीकरण और हाइड्रोजन बमो को प्रयोग न होकर, पारस्परिक स्नेह बढाने वाले सम्मेलन और 'ज्ञान के विकास के साधन' आदि होगे।

अपरिग्रहवाद ही तो है गाधी का 'ट्रस्टीशिप सिद्धात' और विनोबा का 'सर्वोदय तीर्थ'। व्यक्ति अपने हित और स्वार्थ को समाज के हित और स्वार्थ मे निहित समझे तो किसी भी सम्पत्ति का व्यक्ति विशेष अपने को स्वामी माने, यह बात अप्राकृतिक है, अन्यायपूर्ण है, अधार्मिक है। समाज के श्रम से उत्पन्न वस्तु समाज का ही कल्याण करे। यह प्राकृतिक मूल सिद्धात अपरिग्रहवाद की जड है,

वस्तुत. विज्ञान की नवीन खोजो के साथ साथ ज्यो ज्यो मानव समाज के ज्ञान का विकास होता जा रहा है (अथवा दूसरे शब्दो मे उसकी अज्ञानता मे न्यूनता आ रही है) त्यो त्यो जैन सिद्धातो की सार्वभौमता और सत्यता प्रकाश मे आ रही है। उदाहरण के लिये आज से ६० वर्ष पूर्व यह सिद्धात की वनस्पति मे मानव प्राणियो की तरह 'जीवन' (आत्मा) है, निर्मूल माना जाता था। किन्तु वर्तमान शताब्दी के आरम्भ मे महान वैज्ञानिक सर जगदीश चन्द्र वसु ने प्रयोगो द्वारा यह सिद्ध कर दिया कि वनस्पति मे भी प्राण है और प्राणी वर्ग की तरह उनमे भी चेतना का सद्भाव है[६५]। आकस्मिक घटनाओ, चोटो, गर्मी सर्दी तथा विष आदि का उन पर भी अन्य प्राणियो की भाति प्रभाव पडता है और वे भी हर्ष विषाद भूख और प्यास का अनुभव करते है। इसी भाति, यह आशा

६५. देखो, वसु जगदीश चन्द्र, रिस्पास इन दा लिविंग एण्ड नान लिविंग।

की जाती है, कि हाल ही में हुए अंतरिक्ष (स्पेस) यात्राओ के अनुसंधानों के फलस्वरूप जैन शास्त्रो मे दी गई लोक रचना के बारे में प्रकाश पड़ेगा।

हमारा सौभाग्य है कि आज दिल्ली मे जैन कहलाने वाले तीनों सम्प्रदायो का सगम बना हुआ है। इस त्रिवेणी का निर्मल जल यदि साम्प्रदायिक व संकुचित भावनाए धोने मे साधन हो तो देश के कोने कोने के जैन यह अमृत पीने को लालायित हो उठेंगे, ऐसा हमारा विश्वास है। संगठन की शक्ति असीम है। युग की माग है कि हम अपनी बिखरी शक्ति को संचित कर विकासशील प्रवृत्ति को अपनावें और अनादि निधन सिद्धात 'अहिंसा' को विश्व में शांति बनाये रखने के लिये और प्राणीमात्र के कल्याण के लिये विश्व के कोने कोने मे पहुचा दें।

श्री दिगम्बर जैन लाल मदिर, चादनी चौक, स्थापित सन् १६५६ (विशेष विवरण पृष्ठ २६)

श्री दिगम्बर जैन बडा मदिर कूचा सेठ, स्थापित सन् १८३४ (विशेष विवरण पृष्ठ ३०)

श्री दिगम्बर जैन नया मदिर धर्मपुरा, स्थापित सन् १८०७ (विशेष विवरण पृष्ठ २८)

जैन मन्दिर व स्थानक

१. श्री दि० जैन पार्श्वनाथ मन्दिर, महरौली—इसे तोमरवंशीय राजा अनंगपाल तृतीय के मंत्री अग्रवालवंशी साहू नट्टल ने सन ११३२ से पूर्व बनवाया था। इसके बारे में कवि श्रीधर ने 'पार्श्वपुराण' में भी उल्लेख किया है। इसी मन्दिर तथा निकटवर्ती अन्य मन्दिरों को ध्वंस करके कुतुबुद्दीन ऐबक ने सन ११९३ में कुव्वतुल इस्लाम मसजिद का निर्माण करवाया था। लोहे की किल्ली (स्तम्भ) के सामने वाले दालान में पत्थरों में खुदी हुई जैन मूर्तियां व अन्य चिन्ह इस मन्दिर के साक्षी हैं। मंदिर के वर्तमान अवशेषों में नक्काशी और पच्चीकारी के काम को देख कर उस काल की जैन स्थापत्य कला का कुछ अनुमान लगाया जा सकता है।

२. बड़ी दादा बाड़ी—यह दादा बाड़ी कुतुब मीनार से लगभग एक मील की दूरी पर, गुड़गांव रोड पर मौजा लद्दासराय में स्थित है।

इसी स्थान पर श्री जिनदत्त सूरि जी के पट्टशिष्य श्री जिनचन्द्र सूरि मणीधारी जी महाराज का अग्निसंस्कार सन ११६६ में हुआ था। उनकी स्मृति में ही इस बाड़ी का निर्माण हुआ, जो कि श्री बड़ी दादा बाड़ी के नाम से विख्यात है।

यहीं श्री बब्बुमल जी भंसाली (ठप्पे वालों) ने श्री सिद्धाचल स्थापना तीर्थ के सुन्दर दिग्दर्शन के प्रयत्न में नवीन निर्माण कराया है, जिसमें तलहटी, बाबू का डेरा, पर्वतीय मार्ग, शत्रुंजय नदी, नौ टूंक, खरतर बसई, दादा की टूंक आदि दर्शनीय हैं।

बाड़ी में यात्रियों के रहने की भी सुन्दर व्यवस्था है।

३. दि० जैन पार्श्व मंदिर, जयसिंह पुरा, नई दिल्ली-यह मंदिर कनाट सर्कस में मद्रास होटल के पीछे की ओर जैन मंदिर मार्ग पर स्थित है। यह 'खंडेलवाल' अथवा 'बड़े मंदिर' के नाम से भी प्रसिद्ध है।

इस मंदिर का निर्माण कब और किसने कराया, यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं हो सका है। परन्तु विद्वानों का मत है कि यह वही प्राचीन पार्श्वनाथ मंदिर है जहां आचार्य अरुणमणि ने सन १६५९ में 'अजित पुराण' की रचना की थी और जिसकी अन्तिम प्रशस्ति में इस मंदिर का उल्लेख भी किया है। यह भी कहा जाता है कि इसी मंदिर

जी में सांगानेर निवासी कवि खुशाल चन्द जी काला ने स्थानीय धार्मिक महानुभाव श्री गोकुल चन्द जी ज्ञानी के उपदेश से सन १७२३ से लेकर १७४३ तक हरिवंशपुराण आदि अनेक ग्रंथों की रचना की। इन सब उल्लेखों से यह प्रगट होता है कि यह मंदिर निश्चय ही औरंगजेब के समय से पूर्व का निर्मित है।

मन्दिर जी में मूलनायक प्रतिमा भगवान महावीर स्वामी की है। जो कि लगभग ५०० वर्ष पूर्व भट्टारक जिनचन्द्र द्वारा प्रतिष्ठित की गई है। इसके अतिरिक्त भ० ऋषभदेव, भ० चद्रप्रभु, भ० नेमिनाथ, भ० पार्श्वनाथ आदि तीर्थंकरों की सन १४६१ की प्रतिष्ठित प्रतिमायें विराजमान है। विगत वर्षों में मन्दिर जी में अनेक नवीन निर्माण हो जाने से किन्ही अंशो तक प्राचीन चिन्हों में न्यूनता आ गई है।

४ दि० जैन लाल मंदिर–यह मंदिर लाल किले के लाहौरी दरवाजे के सामने व चांदनी चौक के प्रारम्भ में स्थित है और शहर के स्थानीय जैन मन्दिरों में सबसे प्राचीन मंदिर है। इसका निर्माण शाहजहा के राज्यकाल में सन १६५६ मे हुआ। कहा जाता है कि शाही छावनी इसी निकटवर्ती क्षेत्र में थी और इस मन्दिर का निर्माण भी शाही सेना के जैन पदाधिकारियों के लिये ही हुआ था। यह उर्दू मंदिर या लशकरी मंदिर के नाम से भी प्रसिद्ध था।

जिस स्थान पर इस मन्दिर की नींव पड़ी, ऐसा प्रचलित है कि वही शाही सेना के एक जैन पदाधिकारी ने अपने खेमे में जैन चैत्यालय स्थापित किया था। कालांतर मे शाही स्वीकृति मिलने पर उसी स्थान पर इस मन्दिर का निर्माण हुआ।

इस मन्दिर के सम्बन्ध में यह कथन भी प्रचलित है कि एक बार सम्राट औरगजेब ने मन्दिर जी में बाजे बजाने की मनाई की। शाही आज्ञा के हो जाने पर भी बाजे बजते रहे, परन्तु आश्चर्य की बात कि कोई बजाने वाला दृष्टिगोचर नही होता था। इस पर सम्राट स्वय देखने गये और पूर्ण स्थिति से परिचित होने के बाद उन्होंने अपनी आज्ञा वापिस ले ली।

मदिर जी की मुख्य व प्राचीन वेदी मे भट्टारक जिनचन्द्र द्वारा सन १४६१ में प्रतिष्ठित भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा मध्य मे विराजमान है। इस प्रतिमा के दायें बाये भी उसी सम्वत की प्रतिष्ठित मूर्तियां विराजमान हैं। सन १६३५ से मंदिर में समय समय पर नवीन निर्माण होता आ रहा है। मन्दिर का विशाल सरस्वती भवन, पीछे की ओर उदासीनाश्रम, यात्रियों के ठहरने के लिये कई कमरे, पक्षियों का चिकित्सालय, जैन साहित्य सदन का भवन, मुख्य द्वार के समक्ष मान-स्तम्भ आदि का निर्माण विगत थोड़े वर्षो मे ही हुआ है। इनसे मंदिर की शोभा व उपयोगिता दोनो में ही अत्याधिक वृद्धि हुई है।

५ दिगम्बर जैन मंदिर, दिल्ली गेट–यह मन्दिर दिल्ली गेट के निकट ही स्थित है। यह मन्दिर भी मुगलकालीन बना

हुआ है। इसमें सबसे प्राचीन मूर्ति सन १७७३ की है। इसके अन्दर के भवन में अलकृत चित्रकारी भी है।

ऐसा कहा जाता है कि लाल किले के पास मन्दिर (लाल मन्दिर) के बन जाने के बाद, समाज में कुछ मतभेद हो गया, जिसके फलस्वरूप कुछ व्यक्तियों द्वारा इस मन्दिर का निर्माण हुआ।

६ दि० जैन मंदिर, मोरी गेट—यह मदिर कब बना और किसने बनवाया यह ठीक ज्ञात नही हो सका है, तथापि इसकी निर्माण शैली से यह निश्चित है कि यह भी मुगलकालीन है।

मन्दिर मे मूलनायक प्रतिमा सन १४६१ की भट्टारक जिनचन्द्र और जीवराज पापड़ीवाल द्वारा प्रतिष्ठित विराजमान है।

७. श्वे० जैन मंदिर, नौघरा—यह मदिर किनारी बाज़ार, मौहल्ला नौघरा मे स्थित है। इस मंदिर का निर्माण शाहजहां के राज्यकाल में हुआ था और यह स्थानीय श्वेताम्बर मदिरों में सबसे प्राचीन है। इस मदिर का पुनर्निर्माण सन १७०६ मे हुआ था।

मुख्य प्रतिमा भ० सुमतिनाथ जी की है। श्री पार्श्वनाथ जी की श्याम पाषाण की बनी चतुर्मुखी प्रतिमा भी अत्यन्त ही मनोहर व मनोज्ञ है। मंदिर के अन्दर के भवन में स्वर्ण चित्रकारी भी है।

८. महावीर दि० जैन मंदिर, वैद्यवाड़ा—यह मंदिर चांदनी चौक अथवा नई सड़क की ओर से जाकर वैद्यवाड़ा मुहल्ला मे स्थित है। इसका निर्माण सन १७४१ में खंडेलवाल दि० जैन पंचायत द्वारा हुआ था।

मदिर में लगभग २००—२५० प्राचीन मूर्तियां है, जिनमें कई स्फटिक पाषाण की भी हैं। मुख्य प्रतिमा सन ११७५ की प्रतिष्ठित है। अन्य मनोज्ञ प्रतिमाये सन १४५७ की व कुछ उसके बाद के समय की प्रतिष्ठित हैं।

मदिर के शास्त्र भंडार मे कई हस्तलिखित ग्रन्थ भी हैं।

६ दि० जैन पंचायती मंदिर—यह मंदिर गली मस्जिद खजूर में स्थित है। इस मंदिर का निर्माण मुहम्मदशाह द्वितीय के कमसरियट विभाग के सैनिक पदाधिकारी आयामल या आज्ञामल ने सन १७४३ मे कराया था। बाद मे इसे पंचायती घोषित कर दिया गया। यह मदिर भट्टारकों की गद्दी का भी स्थान रहा है और तत्पश्चात 'पाडे जी का मंदिर' के नाम से भी प्रसिद्ध रहा।

इस मंदिर में मूलनायक प्रतिमा भ० पार्श्वनाथ जी की है। यह प्रतिमा श्यामवर्ण, ५ फुट ६ इंच ऊंची और ३ फुट ५ इंच चौड़ी है। दायें बायें भ० आदिनाथ और भ० शांतिनाथ की श्वेतवर्ण प्रतिमायें विराजमान, हैं जो कि प्रत्येक ३ फुट ५ इच ऊंची और २ फुट ८॥ इंच चौड़ी हैं। इसके अतिरिक्त कई रत्न-प्रतिमायें भी हैं। इस मंदिर में सवसे प्राचीन मूर्ति सन १३४६ की है। और अन्य १०—१२ मूर्तियां सन १४६१ की हैं।

मंदिर में लगभग ३,००० अप्राप्य हस्तलिखित शास्त्रों का तथा अन्य मुद्रित ग्रन्थों का सुन्दर संग्रह है।

१०. दि० जैन मेहर मंदिर-यह मंदिर मस्जिद खजूर के बाहर स्थित है। इसका निर्माण लाला मेहर चन्द जी ने करवाया था। इस मंदिर में नंदीश्वर द्वीप के ५२ चैत्यालयों की अपूर्व रचना की गयी है जिसकी प्रतिष्ठा २३ जनवरी, सन १७३२ में हुई थी। मंदिर की अन्य वेदियों की प्राचीन प्रतिमायें भी मनोज्ञ व दर्शनीय हैं।

मंदिर के शास्त्र भन्डार में हस्तलिखित व मुद्रित ग्रन्थों का सुन्दर संग्रह है।

११. दि० जैन नया मंदिर, धर्मपुरा– चाँदनी चौक से किनारी बाजार होते हुए धर्मपुरा के मध्य में पहुंचने पर यह मंदिर आता है। यह मंदिर राजा हरसुखराय जी ने जो शाही खंजाची थे, व भरतपुर राजा के दरबारी थे, लगभग आठ लाख रुपए की लागत से बनवाया। इसका बनाना सन १८०० में प्रारम्भ हुआ था और सन १८०७ में इसकी प्रतिष्ठित हुई थी।

मंदिर में मध्य की वेदी पर भ० आदिनाथ की सन १६०७ में प्रतिष्ठत मूर्ति विराजमान है। इसके अतिरिक्त अन्य कई प्रतिमायें स्फटिक, नीलम, मरकत और पाषाण की सन १०५२ की प्रतिष्ठित, विराजमान हैं।

मंदिर की मूलनायक वेदी जयपुर के मकराना संगमरमर की बनी है और उसमें सच्चे बहुमूल्य पाषाण की पच्चीकारी का काम और बेलबूटों का कटाव ऐसा बारीक है कि उसकी तुलना ताजमहल को अद्वितीय कारीगरी से की जा सकती है। जिस कमल पर भगवान की प्रतिमा विराजमान है उसकी लागत दस हजार रुपया तथा वेदी की लागत सवा लाख रुपया बताई जाती है। कमल के नीचे चारों ओर जो सिंहों के जोड़े बने हुए हैं उनकी कारीगरी भी अपूर्व और आश्चर्य जनक है।

मंदिर में पच्चीकारी का अद्भुत काम, दीवालों पर सुनहरी चित्रकारी आदि कई विशेषतायें हैं जिनसे आकर्षित होकर देशी व विदेशी यात्री दर्शनों के लिए आते हैं।

विगत वर्ष सन १९६० में इसी मन्दिर में सहस्र-कूट चैत्यालय की स्थापना भी की गई है।

मंदिर जी के शास्त्र-भंडार में लगभग १,८०० हस्तलिखित ग्रन्थ और अन्य सभी शास्त्रों का सुन्दर संकलन है। यह शोध कार्य करने वाले छात्रों के लिए अत्यन्त उपयोगी होते हैं।

१२. दि० जैन मंदिर, शहादरा– दिल्ली शहर से लगभग ४-५ मील की दूरी पर यमुना नदी के पार शहादरा उपनगर में यह मंदिर, गली मंदिर वाली मे स्थित है। इसका निर्माण राजा हरसुखराय द्वारा हुआ था।

१३. दि० जैन मंदिर, पटपड़गंज– पटपड़गंज के लिए फौहारे से बस की सुविधा

र अग्रव न दिगम्बर जन मन्दिर (जमिन्दुर) नयी दिल्ली स्थापित मत् १८०७ (विशप विवरण पृष्ठ २६)

जन निशा मन्दिर कनाट रम नयी दि ली मुगन वान म स्थापित (वि ाप विवरण पाठ

श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ मन्दिर मह

भारत मे मुस्लिम राज्य के अन्तर्गत अनगिनत हिन्दू व जैन मदिर ध्वस करके उनके स्थानो पर मस्जिदो का निर्माण किया गया। उसी प्रवृत्ति की प्रतीक गुलाम वश के सस्थापक कुतुबुद्दीन एबक द्वारा निर्मित "कुव्वत-उल-इस्लाम" मस्जिद है जिसके प्राचीन खण्डहरो मे जैन मूर्त्ति और स्थापत्य कला का वैभव बिखरा पडा है। यह मसजिद अपने समय के इसी स्थान पर निर्मित विशाल पार्श्वनाथ जैन मदिर को विध्वस करके बनाई गई थी। मदिर के अवशिष्ट चिह्नो मे हाथी-दरवाजा तथा दो ओर के सभा-गृह अब भी अक्षत से जान पडते है। ऐसा प्रतीत होता है कि कीली के पार्श्वभाग मे शिखर-युक्त पीठिका मे मुख्यवेदी स्थापित थी तथा इसी के केन्द्र मे चारो ओर सभागृह था

ल्ली के अवशिष्ट चिह्न

जिसके स्तम्भो व दीवारो आदि पर तीर्थंकरो की भव्य मूर्त्तिया व तत्कालीन जैन स्थापत्यकलामय दृश्यावलिया एव धार्मिक चिह्न उत्कीर्ण थे। द्वार को छोड कर बाकी तीन ओर के सभागृह मे तीन अतिरिक्त वेदिया की स्थापना का आभास पाया जाता है। यह सम्पूर्ण मदिर एक सरोवर के मध्य मे स्थित था।

महरौली स्थित इस पार्श्वनाथ मदिर का निर्माण तोमर वशी राजा अनगपाल तृतीय के मत्री साह नट्टल ने सन् ११३२ के लगभग करवाया था। इसका वर्णन कवि श्रीधर द्वारा विरचित "पार्श्वपुराण" मे भी पाया जाता है।

मदिर के वर्तमान अवशेषो मे कई स्तम्भ, दालान, कक्ष आदि अभी तक सुरक्षित है। बाई ओर का चित्र मुख्य द्वार म अन्दर के कक्ष का है। इस कक्ष मे बहुत से स्तम्भ अभी तक अच्छी दशा मे है। इन स्तम्भो की रचना और खुदाई का कार्य आबू के जैन मदिरो की शैली पर है। दोनो ओर के कोने के प्राचीन शैली के शिखरयुक्त भव्य गुम्बदो की छता व दीवारो मे तीथकरो की मूर्त्तिया, तीर्थंकर की माता को गर्भावस्था मे दिखलाई देने वाले सोलह स्वप्नो मे से एक–मीनयुगल, भगवान के जन्म के पश्चात इन्द्र द्वारा अभिषेक का दृश्य, आदि उत्कीर्ण है।

मध्य मे ऊपर का चित्र मदिर के दालान मे स्थित मुख्य पीठिका के अवशिष्ट ध्वसो का है। मध्य मे नीचे का चित्र दीवार पर उत्कीर्ण दृश्यावलियो का है इसमे जैन धर्म सम्बन्धी मूर्त्तिया व चिह्न उत्कीर्ण है। दायी ओर का चित्र एक स्तम्भ का है जिस पर बीच मे तीन ओर जैन तीर्थंकरो की पद्मासन मूर्त्तिया उत्कीर्ण है। मदिर के वर्तमान अवशिष्ट चिह्न देख कर यह विश्वास होता है कि जैसे शीघ्रता मे किसी मदिर का नाप पोत कर मस्जिद बना दिया गया हो।

श्री बडी दादा बाडी गुडगाव रोड महरौली, स्थापित सन ११६६ (विशेष विवरण पृष्ठ २५)

श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल बड़ा मंदिर (जैसिहपुरा) नयी दिल्ली, मुगल काल मे स्थापित (विशेष विवरण पृष्ठ २५-२६)।

उपलब्ध है। इस मंदिर का निर्माण राजा हरसुखराय जी ने करवाया था। विगत वर्षों में इस मंदिर में जीर्णोद्धार व अंशतः नवीन निर्माण भी हो गया है।

१४. श्री अग्रवाल दि० जैन मंदिर, जैसिंहपुरा—यह मंदिर खंडेलवाल मंदिर, नई दिल्ली से लगा हुआ है और 'छोटे मन्दिर' के नाम से भी प्रसिद्ध है। इसका निर्माण राजा हरसुखराय जी के सुपुत्र राजा सुगन चन्द जी ने कराया था, इसकी प्रतिष्ठा सन १८०७ में हुई थी। कहा जाता है कि इस मन्दिर के निर्माण के लिए १० बीघा जमीन राजा सुगनचद जी को जयपुर राज्य से, राजा जयसिह जी द्वितीय के समय में, उनके दीवान जूथाराम जी के द्वारा प्राप्त हुई थी।

मन्दिर जी मे मूलनायक प्रतिमा अष्टम तीर्थङ्कर भगवान चन्द्रप्रभु जी की सन १८०४ की प्रतिष्ठित विराजमान है। मदिर के अदर के भवन की स्वर्ण-चित्रकारी प्राचीन भव्य स्थापत्य कला का प्रतीक है जो कि इतनी लम्बी अवधि के पश्चात आज भी मूल रूप मे है। दूसरी वेदा, जो कि मूलत प्राचीन है मे भी मुख्य प्रतिमा भ० चद्रप्रभु की है जिसकी प्रतिष्ठा सन १८६७ मे वाराणसी के शाह खड्गसेन उदयराज लमेंचू ने करायी थी।

मंदिर जी मे लगभग १,००० मुद्रित ग्रन्थों का शास्त्र भंडार भी है।

इस मन्दिर जी के पीछे मुनिराज, त्यागियों तथा यात्रियों के ठहरने की भी व्यवस्था है।

१५. जैन निशी मंदिर, क० प्लेस—यह कनाट प्लेस के निकट लेडी हार्डिंग रोड पर स्थित है तथा निशी अथवा नशिया जी के नाम से भी प्रसिद्ध है।

इसका निर्माण भी मुगलकालीन है। इसके चारों ओर परकोटा है जिसके चारों कोनों पर चार गुम्बज हैं। परकोटे की पश्चिमी दीवाल से लगा हुआ एक गुम्बजरूप मंदिर है जिसके तीन भाग हैं। मध्य भाग में एक पक्की वेदो बनी हुई है जिसमें प्रतिमा जी को विराजमान किया जाता है।

प्राचीन काल मे अग्रवाल दि० जैन मदिर, जैसिंहपुरा से, इस स्थान पर वर्ष मे दो बार, तीन दिन के लिये, मूर्ति लाकर विराजमान की जाती थी तथा पूजन, भजन इत्यादि उत्सव होते थे।

वर्तमान मे इसका प्रबन्ध जैन सभा, नई दिल्ली द्वारा किया जाता है। यहां पर समय समय पर अनेक धार्मिक व सामाजिक उत्सव होते हैं। भगवान् महावीर जयन्ती के अवसर पर अग्रवाल दि० जैन मदिर, जैसिहपुरा से प्रतिमा जी लाकर एक दिन पूर्व विराजमान कर दी जातो है तथा दूसरे दिन पूजन इत्यादि के पश्चात् एक विराट् रथोत्सव का आयोजन किया जाता है।

१६. श्वे० जैन मंदिर, चेलपुरी—यह मन्दिर किनारी बाजार की गली चेलपुरी मे स्थित है। इसका निर्माण भी मुगलकालीन है।

मंदिर जो मे मुख्य प्रतिमा भगवान संभवनाथ जी की है।

१७. दि० जैन बड़ा मंदिर, कूंचा सेठ—यह मन्दिर कूचा सेठ, दरीबा कला में स्थित है। इस मदिर का निर्माण सन १८३४, (सं० १८६१) में हुआ। कहा जाता है कि इस मन्दिर का निर्माण होना सन १८२८ मे प्रारम्भ हुआ था।

मन्दिर मे मूलनायक प्रतिमा श्यामवर्ण की भगवान ऋषभदेव की, मूलवेदी म विराजमान है। इस मूर्ति की प्रतिष्ठा सन ११६४ मे हुई थी। वेदी न० ३ म एक धातु मूर्ति सन ११४३ की पच बालयती तीर्थङ्करों की है, एक धातु मूर्ति तीर्थङ्कर-त्रय, भगवान शांतिनाथ जी भगवान कुंथनाथ जी व भगवान अरहनाथ जी की है। इनके अतिरिक्त अन्य प्रतिमाये सन १३४६ के बाद के काल की प्रतिष्ठित हैं। इस मन्दिर मे कई प्रतिमाये स्फटिक की भी है।

मन्दिर के शास्त्र भण्डार मे अन्य मुद्रित ग्रन्थो के अतिरिक्त १,४०० हस्तलिखित ग्रन्थ है।

इस मन्दिर मे पं० इन्द्रराज जी की शैली प्रचलित थी, इस बात का उल्लेख पं० बखतावर लाल जी ने भी किया है।

१८ दि० जैन छोटा मंदिर, कूंचा सेठ—इस मन्दिर का निर्माण सन १८४० मे हुआ। इस बनवाने मे श्रावक श्री इद्रराजजी का विशेष हाथ था। उन्होने काबुल के एक दुर्रानी से सन १४६२ की प्रतिष्ठित पाषाण मूर्ति खरीदी थी। प्रतिमा जी को कुछ दिन अपने घर में स्थापित करने के पश्चात पचो को सौप दी थी। वही मूर्ति इस मदिर मे विराजमान है।

१९. दि० जैन मन्दिर, सतघरा—यह मन्दिर धर्मपुरा के अन्दर सतघरा में स्थित है। इसका निर्माण लगभग ६० वर्ष पूर्व चैत्यालय के रूप में हुआ। कालातर में सन १६३६ मे शिखरबन्द मन्दिर में परिवर्तित किया गया।

मन्दिर जी मे मूलनायक प्रतिमा भगवान पार्श्वनाथ स्वामी की है यहा प्रतिदिन महिलाओं की शास्त्र सभा होती है।

२० दि० जैन चैत्यालय, सतघरा, धर्मपुरा—यह चैत्यालय 'मुंशी रिशक लाल चैत्यालय' के नाम से भी प्रसिद्ध है।

२१. दि० जैन चैत्यालय, बीबी तोखन, किनारी बाजार—यह गली अनार के अन्दर कुए वाली गली, किनारी बाजार मे स्थित है।

२२. श्री आत्मवल्लभ प्रेम भवन उपाश्रय, किनारी बाजार—यहा साधु, साध्वियो के ठहरने और उनके व्यावच्छ का प्रबन्ध है। उपाश्रय मे आबिल खाते का कार्य सम्पन्न होता है और विवाह-पार्टी आदि उत्सवो के लिये बर्तन इत्यादि भी प्राप्त हो सकते हैं।

२३ ला० हजारी मल जौहरी का श्वे० जैन चैत्यालय—यह चैत्यालय किनारी बाजार के छत्ता प्रताप सिंह म स्थित है।

२४. पद्मावती पुरवाल दि० जैन मंदिर—यह मन्दिर मसजिद खजूर के बाहर गली में स्थित है।

इसका निर्माण पद्मावती पुरवाल दिगम्बर जैन समाज ने सन १६३१ में किया था।

२५. श्री शांतिनाथ दि. जैन चैत्यालय, वैदवाड़ा—वैदवाड़ा के महावीर मन्दिर से ही सम्बन्धित गली की दूसरी ओर एक चैत्यालय भी है, जिसमे षष्टम तीर्थङ्कर भगवान शान्तिनाथ की मनोज्ञ प्रतिमा विराजमान है।

२६ दि० जैन चैत्यालय (गोधाजी) वैदवाड़ा—उक्त मदिर व चैत्यालय से थोडा आगे अन्दर की ओर चलकर ही यह नवीन निर्मित चैत्यालय स्थित है। इसका निर्माण लाला कपूरचंद जौहरी ने कराया। चैत्यालय मे भगवान महावीर स्वामी की स्फटिक की एक मनोज्ञ प्रतिमा है।

२७. दि० जैन चैत्यालय (ला० भोंदूमल जो)—यह चैत्यालय गली पहाड़ के बाहर स्थित है। यह लाला भौदूमल जी द्वारा स्थापित हुआ था।

२८. दि० जैन चैत्यालय (ला० मोरीमल जी)—उक्त चैत्यालय के सामने ही लाला मीरीमल द्वारा स्थापित चैत्यालय है।

२९. दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ चैत्यालय—यह चैत्यालय जो गली खंजाची वाली मे स्थिति है, लाला हजारीमल चैत्यालय के नाम से प्रसिद्ध है, इसे लाला साहब सिह ने सन १७९१ मे बनवाया था।

३०. दि० जैन चैत्यालय, कूंचा सुखानन्द—यह चैत्यालय मुग़लकालीन होने से बहुत प्राचीन है। इसका निर्माण लाला गुलाब राय ने कराया था।

३१ जैन स्थानक, पत्तलवाली गली, मालो वाड़ा—यह स्थानक एक ओसवाल श्रावक द्वारा लगभग ६०, ७० वर्ष पूर्व चढाया गया था। यहा साधु साध्वियो के ठहरने की व्यवस्था है।

३२. दि० जैन मंदिर, मोहल्ला, इमली—यह मदिर बाज़ार सीताराम मे कूचा पातीराम के मोहल्ला इमली मे स्थित है। इसमे मूलनायक प्रतिमा भगवान नमिनाथ की है।

३३ जैन स्थानक, १८०२, चौराखाना—यह स्थान ला० सेटामल जी भसाली ने लगभग ६० वर्ष पूर्व चढ़ाया था। यहाँ सती वगैरह ठहरती हैं।

३४ श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ श्वे. मन्दिर, चोराखाना—यह मन्दिर मालीवाड़ा से चल कर मु० चीराखाना (गली हरदयाल) मे स्थित है। मुख्य प्रतिमा भ० पार्श्वनाथ जी की है। मन्दिर जी के नीचे एक पोशाल भी है।

३५ महावीर भवन, चांदनी चौक—इस भवन मे जैन मुनिराज आदि ठहरते हैं और नित्य उनके प्रवचन, कथा इत्यादि होते हैं। समय-समय पर अन्य धार्मिक समारोह भी होते हैं।

भवन मे ही श्री महावीर जैन सार्वजनिक पुस्तकालय व वाचनालय स्थित है।

३६. दि० जैन चैत्यालय, जैन बालाश्रम, दरियागंज-एडवर्डपार्क से दरिया

गंजरोड की ओर थोड़ी दूर परजैन बालाश्रम (जो कि पूर्व में जैन अनाथाश्रम प्रसिद्ध था) का भवन है। इसके ऊपर की मजिल में चैत्यालय स्थापित है। चैत्यालय की दो वेदियों में क्रमशः भगवान महावीर की धातु मूर्ति व भगवान पार्श्वनाथ की कृष्ण-पाषाण मूर्ति विराजमान हैं।

३७. हुकुमचंद दि० जैन चैत्यालय, दरियागंज--जैन बालाश्रम (अनाथाश्रम) से थोडा आगे चलकर नं० ७ दरियागंज में यह चैत्यालय स्थित है। इसे ला० हुकुम चन्द गोहाना निवासी ने स्थापित किया था।

३८. अहिंसा मन्दिर दि० जैन चैत्यालय, १ दरियागंज-यह ला० राजकृष्ण जी द्वारा स्थापित किया गया है। इसमे भ० चंद्रप्रभु की श्वेत पाषाण की प्रतिमा विराजमान है।

३९. दि० जैन पंचायती मन्दिर, गली जैन मन्दिर, पहाड़ी धीरज--इस मंदिर का निर्माण सन १८५३ मे हुआ था। मदिर जी में मूलनायक प्रतिमा भ० पार्श्वनाथ को सन १५९३ में प्रतिष्ठित विराजमान हैं।

४०. श्री महावीर दि० जैन मंदिर गली नत्थन सिंह, पहाड़ी धीरज--यह मन्दिर 'कांच का मन्दिर' के नाम से प्रसिद्ध है। इस मन्दिर का निर्माण श्रीमती जानकी बाई धर्मपत्नी लाला मक्खन लाल ने सन १९३८ में कराया था। मंदिर जी में मूलनायक प्रतिमा भ० महावीर स्वामी की सन १९२३ में प्रतिष्ठित विराजमान है।

४१. दि० जैन चैत्यालय ला० मनोहरलाल जौहरी, गली जैन मन्दिर, पहाड़ी धीरज--इस चैत्यालय का निर्माण लाला मनोहर लाल जी जौहरी ने सन १९३५ मे कराया था। चैत्यालय में मूलनायक प्रतिमा भ० शांतिनाथ स्वामी को विराजमान है।

निर्माता की मंत्रशास्त्र में विशेष रुचि होने के कारण चैत्यालय में मंत्र-ग्रंथों का सुन्दर सग्रह है।

४२. दि० जैन चैत्यालय, डिप्टीगंज, महावीर नगर, सदर बाजार--चैत्यालय को स्थापना सेठ लालचन्द जी बीडी वालों ने सन १८५० में की थी। इस में मूलनायक प्रतिमा भ० चन्द्रप्रभु स्वामी की है।

४३. श्री जैन उपाश्रय, गली नाई वाली, पहाड़ी धीरज--इस स्थानक का निर्माण सदर बाजार स्थानकवासी पंचायत द्वारा ३० वर्ष पूर्व हुआ था। यहाँ साधु साध्वियों के ठहरने की व्यवस्था है।

४४. श्री जैन स्थानक चन्द्रावल रोड (सब्जीमंडी)।

४५. श्री जैन स्थानक, केदार बिल्डिंग, सब्जी मन्डी।

उपरोक्त दोनों स्थानकों का निर्माण ला० रघुनाथ सहाय जी रोहतक वाला ने करवाया था।

श्री दिगम्बर जैन चैत्यालय, वैदवाड़ा

श्री दिगम्बर जैन मंदिर वैदवाड़ा

श्री दिगम्बर जैन मंदिर, शहादरा

श्री दिगम्बर जैन मंदिर, गांधी नगर

४६. दि० जैन मंदिर, पहाड़गंज--यह मन्दिर पहाड़गज के मोहल्ला मटोले में स्थित है।

४७. दि० जैन मंदिर, करोल बाग़--यह मदिर करोल बाग मे छप्पर वाले कुए के पास स्थित है।

इस मदिर को प्रतिष्ठा सन १६३५ में हुई थी। मदिर मे मूलनायक प्रतिमा भ० शातिनाथ जी की है।

मंदिर जी के साथ ही जैन विद्या मदिर है जहाँ पर पाँचवी कक्षा तक सहशिक्षा की व्यवस्था है।

४८. दि० जैन मंदिर, ५ सी २६, रोहतक रोड--यह मदिर लिबर्टी सिनेमा से लगभग ५० गज की दूरी पर शहर की ओर सामने गली में स्थित है। मदिर का निर्माण सन १६१२ मे रोहतक रोड पंचायत ने किया।

४६. भ० पार्श्वनाथ दि० जैन चैत्यालय, सब्जी मन्डी--यह चैत्यालय रोशनआरा रोड, सब्जी मन्डी मे वर्फखाने के पास स्थित है। यह लगभग ७० या ८० वर्ष पूर्व निर्मित है। इसमे मूलनायक प्रतिमा भ० पार्श्वनाथ की है। प्राचीन समय मे यहा भट्टारकों की गद्दी भी थी।

५०. दि० जैन मन्दिर, आर्यपुरा सब्जी मन्डी--मदिर मे मूलनायक प्रतिमा भ० आदिनाथ स्वामी की है। मन्दिर मे वाचनालय भी है। ऊपर की मजिल मे एक ओर मुनियों व त्यागियों के ठहरने की व्यवस्था है।

५१. श्वे० जैन मंदिर, २/८२, रूप नगर--इस मन्दिर की स्थापना सन १६६१ में हुई। मन्दिर जी का निर्माण पजाब से आए हुए जैनों की संस्था श्री आत्मानद जैन सभा द्वारा हुआ। मन्दिर जी का उद्घाटन समारोह वर्ष के प्रारम्भ में श्री आनन्द जी कल्याण जी की पेढी के अध्यक्ष द्वारा सम्पन्न हुआ।

मन्दिर जी मे मूलनायक प्रतिमा भ० शातिनाथ स्वामी की है।

५२. दि० जैन चैत्यालय, प्रेम नगर--यह चैत्यालय रोशनआरा एक्सटेंशन एरिया मे बिरला मिल्स के निकट प्रेम नगर मे स्थित है।

५३. दि० जैन चैत्यालय, माडल टाउन--यह चैत्यालय किंग्सवे कैंप के चौराहे से लगभग ४ फर्लाङ्ग की दूरी पर बी ५/१२ माडल टाउन (माल रोड) मे स्थित है।

इस चैत्यालय की स्थापना सन १६५७ मे ला० शिवचरणदास जी द्वारा अपन मकान के ही एक भाग मे हुई। चैत्यालय मे आचार्य श्री १०८ देशभूषण जी महाराज की आज्ञा से, भगवान पार्श्वनाथ स्वामी की ११ इच ऊंची अष्टधातु की प्रतिमा, बड़ा मंदिर पहाड़ी धीरज से लाकर विराजमान की गई है।

यहां शिखर युक्त मदिर बनाने की योजना भी जैन सभा माडल टाउन के अन्तर्गत चल रही है।

५४. दि० जैन मंदिर, कैलाश नगर--यह मन्दिर दिल्ली शहर से लगभग ३ मील दूर, यमुना के पार, कैलाश नगर मे स्थित है। मन्दिर के भवन का निर्माण-कार्य अब भी चल रहा है।

मन्दिर जी में मूलनायक प्रतिमा भ० महावीर स्वामी की विराजमान है।

५५. दि० जैन मन्दिर, गांधी नगर--यह मन्दिर यमुना नदी के पार नवीन कालोनी गांधी नगर मे स्थित है। इस मन्दिर जी की स्थापना सन १९५८ में हुई। मन्दिर के भवन इत्यादि का निर्माण अब भी चल रहा है।

मन्दिर जी में मूलनायक प्रतिमा, लाल पाषाण की, भ० वासुपूज्य स्वामी की है जो यमुना नदी मे एक ब्राह्मण महानुभाव को प्राप्त हुयी थी और जिसे प्राप्त कर इस मन्दिर जी में स्थापित किया गया है।

मन्दिर जी के ही एक भाग में एक धार्मिक पाठशाला भी है।

५६. छोटो दादा बाड़ी--यह बाड़ी उपनगर (कालोनी) मसजिद मोठ के पास स्थित है।

इस दादा बाड़ी में दादा गुरु श्री कुशल सूरी जी के चरण प्रतिष्ठित हैं। दर्शनार्थ श्री नेमिनाथ जी का मन्दिर हैं। चारों ओर बगीची है व यात्रियों के ठहरने का भी प्रबन्ध हैं।

५७. दिगम्बर जैन चैत्यालय, लोदी कालोनी--यह चैत्यालय लोदी कालोनी में स्थित हैं। यहां भगवान महावीर की धातु प्रतिमा विराजमान है।

५८. दि० जैन चैत्यालय, नेता जी नगर--यह चैत्यालय डी. टी. यू. बस डिपो के पास नेता जी नगर (वेस्ट विनय नगर) में स्थित हैं।

चैत्यालय में भगवान महावीर स्वामी की पाषाण प्रतिमा विराजमान है।

५९. दि० जैन मंदिर, भोगल जंगपुरा--यह मंदिर दिल्ली शहर से लगभग ७ मील की दूरी पर भोगल मे स्थित है।

६० दि० जैन मंदिर, चिराग दिल्ली--यह मंदिर दिल्ली शहर से ८ मील दूर चिराग दिल्ली मे स्थित है। इसका निर्माण लगभग ८-१० वर्ष पूर्व हुआ था।

६१. श्री जैन स्थानक, चिराग दिल्ली--इसका निर्माण स्थानीय पचायत द्वारा लगभग ८-१० वर्ष पूर्व हुआ था।

६२. दिगम्बर जैन चैत्यालय, यूसुफ सराय--इस चैत्यालय की स्थापना लगभग ७-८ वर्ष पूर्व हुई थी। यह चैत्यालय लाला चम्पतराय जी के निवास-गृह के एक भाग में स्थापित है। चैत्यालय मे भ० पार्श्वनाथ स्वामी की मनोज्ञ प्रतिमा विराजमान है।

स्थानीय समाज द्वारा शिखरयुक्त मदिर बनाने की योजना भी चल रही है।

श्री दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर, पहाड़ी धीरज

श्री दिगम्बर जैन महावीर मन्दिर, पहाड़ी धीरज

श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, रोहतक रोड

श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, करोल बाग

श्री श्वेताम्बर जैन मन्दिर नौघरा, किनारी बाजार मुगल काल में स्थापित (विशेष विवरण—पृष्ठ २७)

श्री महावीर जैन भवन
चांदनी चौक

ग्री श्वेताम्बर जन मन्दिर रूप नगर

स स जैन स न
ज प ज

श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, दिल्ली गेट
मुगल काल में स्थापित
(विशेष विवरण पृष्ठ २६-२७)

श्री दिगम्बर जैन दादा मन्दिर
कूचा सेठ दरीबा कलां
स्थापना सन १८५०
(विशेष विवरण—पृष्ठ ३०)

६३. दि० जैन मंदिर, नजफगढ़—यह दिल्ली शहर से लगभग १८ मील की दूरी पर जैन मोहल्ला, नजफगढ़ में स्थित है। इसका निर्माण लगभग १५० वर्ष पूर्व हुआ था।

मंदिर जी मे मूलनायक प्रतिमा भ० महावीर स्वामी की विराजमान है। मंदिर जी के चारों ओर लगभग ५० बीघे की एक बगीची है जिसमे प्राचीन समय से किन्ही मुनिराज के चरण स्थापित हैं।

६४. दि० जैन मंदिर, पालम—यह मंदिर दिल्ली शहर से ९ मील की दूरी पर पालम मे स्थित है। इसका निर्माण लगभग १५० वर्ष पूर्व हुआ था।

६५. दि० जैन चैत्यालय, शांति नगर—यह चैत्यालय दिल्ली शहर से ५ मील की दूरी पर जखीरे (शांति नगर) मे स्थित है।

मंदिरों व स्थानकों के व्यवस्थापक

१. बड़ी दादा बाड़ी—श्री धनपतसिंह भसाली, ५३ रामनगर।

२ श्री दि० जैन पार्श्वनाथ मंदिर, जयसिंह पुरा—लाला कश्मीर चन्द्र (मेसर्स शांतिविजय एण्ड कं०, जौहरी, ५२ जनपथ)।

३. (अ) श्री दि० जैन लाल मंदिर, चांदनी चौक—(१) लाला प्रकाश चन्द्र जौहरी, दरियागंज। (२) श्री रघुवीर सिंह कोठीवाले, कूचा-सुखानन्द, दरीबा।

(ब) उदासीनाश्रम, विश्रामगृह—श्री राजेन्द्र प्रसाद, गली गुलियान।

४. श्री दि० जैन मन्दिर, दिल्ली गेट—लाला धन्नूमल जौहरी, दरीबा कलां।

५. श्री दि० जैन मन्दिर, मोरी गेट—लाला श्री चन्द, बंगला मोरी गेट।

६. श्री श्वे० जैन मन्दिर, नौघरा—लाला मिट्ठूमल राक्याण (मै० खैराती लाल एण्ड सन्स, जौहरी, ६०, जनपथ, नई दिल्ली) १४६, सुन्दर नगर।

७. श्री दि० जैन महावीर मन्दिर, वैदवाड़ा—लाला० देवेन्द्र कुमार, ३६ गोल्फलिंक्स (मे० सिद्धोमल एण्ड सन्स, चावड़ी बाजार)।

८. श्री दि० जैन पचायती मन्दिर, गली मस्जिद खजूर—(१) ला० महेन्द्र प्रसाद, चाहरहट, (२) ला० हरिश्चन्द्र, मस्जिद खजूर।

९. श्री दि० जैन, मेहर मन्दिर—(१) ला० श्रीपाल टाइप वाले, मसजिद खजूर। (२) ला० फूल चन्द कागजी, गली पहाड़ी वाली।

१०. श्री दि० जैन नया मन्दिर, धर्मपुरा—(१) ला० जुगल किशोर कागजी, दुजना हाउस, चावड़ी बाजार। (२) श्री त्रिलोकचन्द, धर्मपुरा।

११. श्री दि० जैन अग्रवाल मन्दिर, जयसिंह-पुरा—ला० शीलचन्द्र बैकर, ३४ फीरोजशाह रोड।

१२. श्री जैन निशी मन्दिर—श्री चक्रेश कुमार, ३८ सी., बेयर्ड रोड।

१३ श्री श्वे० जैन मन्दिर, चेलपुरी, किनारी बाजार—ला० मिट्ठूमल राक्याण (मै० खैराती लाल एण्ड सन्स, ८०, जनपथ)।

१४. श्री दि० जैन मन्दिर, कूचा सेठ—(१) ला० पूरनमल जौहरी, गली संगतराशान, दरीबा। (२) चौ० विमल प्रसाद, कूचा सेठ।

१५ श्री दि० जैन मन्दिर, कूंचा सेठ, (छोटा मन्दिर) —ला० आदीश्वर प्रसाद बिजली वाले, चाहरहट।

१६ श्री दि० जैन पद्मावती पुरवाल मन्दिर— प० बनवारीलाल स्याद्वादी, गली भूतवाली।

१७ श्री श्वे० जैन स्थानक, पत्तलवाली गली, मालीवाडा —श्री महावीर जैन भवन बारादरी ट्रस्ट, चादनी चौक।

१८. श्री श्वे० जैन स्थानक, १८०२, चीराखाना—श्री महावीर जैन भवन, बारादरी ट्रस्ट, चादनी चौक।

१९. श्री चितामणी पार्श्वनाथ श्वे० मन्दिर, चीराखाना—ला० रामचन्द भसाली, चौक रायजी, गली पहाड वाली।

२०. श्री महावीर भवन, चादनी चौक—श्री महावीर जैन भवन, बारादरी ट्रस्ट, चादनी चौक।

२१ दि० जैन पचायती मन्दिर, पहाडी धीरज— चौ० सुल्तान सिह, गली मन्दिर वाली, पहाडी धीरज।

२२ श्री महावीर दि० जैन मन्दिर, पहाडी धीरज ला० जयनरायन, पहाडी धीरज।

२३. दि० जैन मन्दिर, पहाड गज—लाला श्रीचन्द्र, मटोला पहाडगज।

२४ दि० जैन मन्दिर, करोल बाग—श्री जुगमदर दास, गली नाई वाला, करोल बाग।

२५. दि० जैन मन्दिर, रोहतक रोड—श्री उग्रसेन, ५३ डी, देवनगर।

२६ श्वे० जैन मन्दिर, रूपनगर—ला० इन्द्र प्रकाश (प० ने बैंक, क० गेट) रूप नगर।

२७ दि० जैन मन्दिर, भोगल —ला० सुमेर चन्द्र, सम्मन बाजार, जगपुरा।

२७ दि० जैन मन्दिर, नजफगढ—लाला नेकीराम, नजफगढ।

धर्मशालाएं व शिक्षण संस्थाएं

विश्रामगृह व धर्मशालाएं

१. विश्रामगृह, श्री दि० जैनलाल मन्दिर, चादनीचौक—यहा मुख्यतया मुनिराज व त्यागियों के ठहरने की व्यवस्था है। यदा-कदा बाहर से आये हुए यात्री भी यहा ठहर सकते । यहा का प्रबन्ध श्री राजेन्द्र कुमार, गली गुलियान करते हैं।

२ जैन धर्मशाला, कटडा मशरू, दरीबा—इस धर्मशाला का निर्माण ला० श्रीराम जैन वकील ने सन १९०९ मे करवाया था। वर्तमान में इसका प्रबन्ध श्री जैन बाला आश्रम, दरियागज, की ओर से किया जाता है।

३ जैन धर्मशाला, कूचा बुलाकी बेगम एस्प्लेनेड रोड—यह धर्मशाला परेड के मैदान के सामने कूचा बुलाकी-बेगम म स्थित है। इस धर्मशाला का निर्माण ला० लच्छूमल कागजी ने सन १९२९ मे करवाया था। आजकल इस का प्रबन्ध ला० लच्छूमल ट्रस्ट के द्वारा होता है। धर्मशाला के प्रबधक ट्रस्टी ला० अजित प्रसाद ठेकेदार, चाहरहट हैं।

४ जैन धर्मशाला, कूचा सेठ, दरीबा—यह स्थानीय अग्रवाल दि० जैन पचायत की धर्मशाला है। सन १९३१ मे श्री १०८ आचार्य नमिसागर परमार्थ औषधालय इसमे स्थित है।

५ दिगम्बर जैन धर्मशाला, नया मन्दिर, धर्मपुरा—यह 'धर्मशाला द्रोपदी देवी' के नाम से भी प्रसिद्ध है। इस का निर्माण सन १९३७ मे श्रीमती द्रोपदी देवी ट्रस्ट द्वारा हुआ था। यह धर्मशाला दि० जैन नया मन्दिर के बिल्कुल निकट है। इसके वर्तमान प्रबंधक ला० कुंदन लाल जी मदावाले, छपरा हैं।

६. दिगम्बर जैन धर्मशाला, पचायती मन्दिर, मसजिद खजूर—यह धर्मशाला पचायती मन्दिर जी के सन्निकट है। आजकल इसके प्रबन्धक ला० सुल्तान सिह जौहरी, छत्ता तनमुख राय नई सडक है।

७ जैन धर्मशाला, चीराखाना—इस में धर्मशाला धर्म० मुन्नालाल सिंघी, मकान न० ३८३ आजकल सती व साध्वियाँ ठहरती है। यहा का प्रबन्ध श्री महावीर जैन भवन बारादरी ट्रस्ट द्वारा होता है।

८. श्री सुन्दर लाल पारसदास दि० जैन धर्मशाला, वैदवाडा—इस धर्मशाला का निर्माण सन् १९३४ मे ला० सुन्दर लाल जी ने कराया था। धर्मशाला के व्यवस्थापक ला० हरक चन्द जी (मै० रूपचन्द हरक चन्द, कपडे वाले,) कूचा शहशाही, चादनी चौक है।

९ जैन श्वेताम्बर खतरगच्छीय धर्मशाला, वैदवाडा—यह धर्मशाला ला० नवल किशोर खैराती लाल राक्याराम जौहरी ने सन १९२५ मे बनवाई थी। यह लाल धर्मशाला के नाम से भी प्रसिद्ध है। इसके व्यवस्थापक ला० मिठ्ठ-मल जी राक्याण (फर्म खैराती लाल एण्ड संस जौहरी, ८० जनपथ, है।

१० जैन धर्मशाला, गली भोजपुरा, माली वाडा—नई सडक की ओर से प्रवेश करने पर गली भोजपुरा मे सर्व श्री घमीटामल केशरीचद्र जी बोहरे की धर्मशाला है। यहा मुख्यतया साधु-साध्वियो के लिये ठहरने की व्यवस्था है, परन्तु यात्री भी ठहर सकते है। धर्मशाला की व्यवस्था बोहरा परिवार, गली हीरानद मालीवाडा, द्वारा होती है।

११. जैन धर्मशाला ला० गोकल चद नाहर, नौघरा किनारी बाजार—इस धर्मशाला का निर्माण धर्मपत्नी ला० गोकल चद नाहर ने लगभग १८-२० वर्ष पूर्व करवाया था। धर्मशाला की व्यवस्था एक ट्रस्ट द्वारा होती है जिसके मत्री ला० धर्मचन्द्र नौघरा है।

१२. आत्मवल्लभ जैन धर्मशाला, किनारी बाजार— इसका निर्माण सन १६३६ में श्री टीकम चंद जी ने करवाया था। यहां यात्रियों, साधु, व साध्वियों के ठहरने की व्यवस्था है। यहां की प्रबन्ध श्री विजय सिंह जी पहलावत नौघरा, किनारी बाजार, करते है।

१३. दि० जैन पंचायती धर्मशाला, पहाड़ी धीरज— यह अग्रवाल दि० जैन पंचायत, पहाडी धीरज, की पंचायती धर्मशाला है, जो पहाड़ी धीरज की मुख्य सडक पर ही स्थित हैं। इसी धर्मशाला में जैन संगठन सभा, पहाडी-धीरज का कार्यालय तथा उसके द्वारा संचालित पुस्तकालय व वाचनालय है। इसके वर्तमान व्यवस्थापक ला० राजेन्द्र प्रसाद (फर्म प्यारेलाल जगन्नाथ) सदर बाजार हैं।

१४. ला० मूलचंद मुसद्दीलाल जैन धर्मशाला, सदर-बाजार—

१५. जैन विश्राम गृह, १२ लेडी हार्डिंग रोड—यहा बाहर से आये निरामिष भोजी यात्रियो तथा टूरस्ट लिए सामान्य दरों पर ठहरने की तथा शाकाहारी भोजन की समुचित व्यवस्था है। यहां का प्रबन्ध श्री अ० भ० श्वेताम्बर स्थानकवासी कांफ्रेंस की ओर से होता है।

१६. जैन धर्मशाला, श्री दि० जैन अग्रवाल मन्दिर जैसिंह पुरा—यह धर्मशाला श्री अग्रवाल दि० जैन मन्दिर नई दिल्ली से सम्बन्धित हैं। यहां बाहर से आये हुए त्यागियों तथा यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था है।

यहां का प्रबन्ध मन्दिर जी के व्यवस्थापक द्वारा ही होता है।

१७. अहिंसा मन्दिर, १ दरियागंज—अहिंसा मन्दिर का निर्माण ला० राजकृष्ण ने कराया है। यहा दि० जैन चैत्यालय है तथा यात्रियो के ठहरने की व्यवस्था भी है।

१८. से २१. दि० जैन धर्मशालाएं, नजफगढ—यहां पर चार जैन धर्मशालाए है। प्रथम दो धर्मशालाएं श्री दि० जैन मंदिर के दाएं व बाएं स्थित हैं। यहां मुनिराज और त्यागियो के ठहरने की व्यवस्था है। इन दोनो धर्मशालाओ की व्यवस्था श्री अतर सेन जी करते है। अन्य दो धर्मशालाएं नजफगढ़ के मुख्य बाजार में स्थित है। यहां यात्रियों आदि के ठहरने की व्यवस्था है। इन अन्य दोनों धर्मशालाओ की व्यवस्था लाला बनवारी लाल जी करते हैं।

पाठशालायें व विद्यालय

१. श्री महावीर जैन माडर्न हायर सेकेण्ड्री स्कूल, १७८-डी, कमला नगर—स्कूल की स्थापना स्थानीय श्वे० स्थानकवासी जैन सभा द्वारा सन् १६५७ मे हुई। स्कूल में लगभग ४५० विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

स्कूल का प्रबन्ध श्री श्वे० स्थानकवासी जैन सभा, कमला नगर की ओर से निम्नलिखित व्यवस्थापिका समिति करती है—

प्रधान—श्री मुन्शी राम (बोम्बे क्लाथ हाउस) अजमल खा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली।

उपप्रधान, व कोषाध्यक्ष } —श्री मुकन्द लाल (मै० कक्कशाह राधूशाह) चांदनी चौक, दिल्ली।

मत्री—श्री तिलक चन्द, डिफेन्स मिनिस्ट्री।

मैनेजर—श्री अमर नाथ, डिफेन्स मिनिस्ट्री।

सं० मैनेजर—श्री चमन लाल, ३७-एफ कमला नगर दिल्ली।

स्कूल के प्रिंसीपल श्री पिंडीदास, ५-डी, कमला नगर, दिल्ली।

२ श्री महावीर जैन माटेसरी स्कूल, ३५-डी, कमला नगर—स्कूल की स्थापना स्थानीय श्वे० स्थानकवासी जैन सभा द्वारा सन १६५७ मे हुई। स्कूल मे कक्षा ५ तक शिक्षा दी जाती है। वर्तमान मे लगभग ६०० बालक, बालिकाऐ शिक्षा प्राप्त कर रहे है। स्कूल मे धार्मिक शिक्षा भी दी जाती है।

स्कूल की व्यवस्था—श्री श्वे०स्था० जैन सभा, कमला नगर की ओर से श्री करतार चन्द्र, रूप नगर, दिल्ली करते है।

३. श्री जैन शिक्षा समिति, नई दिल्ली (दक्षिण), युसुफसराय—समिति की स्थापना स्थानीय गर्ल्स स्कूल, जिसकी स्थापना सन १६५४ मे हुई थी, के सचालन के लिए सन १६५७ मे हुई। वर्तमान मे भी उक्त स्कूल का सचालन इस समिति द्वारा हो रहा है।

प्रधान—श्री जगदीश राय, टी/११, ग्रीनपार्क, दिल्ली।

मत्री—श्री सुमत प्रसाद, ए-५५ (जी) लक्ष्मीबाई नगर, नई दिल्ली ।

उप-मत्री—श्री अजीत प्रसाद, गली मदिर वाली, युसुफसराय, नई दिल्ली ।

कोषाध्यक्ष—श्री त्रिलोक चन्द्र, सी-६०१, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली ।

४. जैन गर्ल्स प्राइमरी स्कूल, युसफसराय—स्कूल की स्थापना सन १९५४ मे हुई। स्कूल मे लगभग ४०० छात्रायें शिक्षा प्राप्त कर रही है। छात्राओ को धार्मिक शिक्षा भी दी जाती है ।

स्कूल के व्यवस्थापक श्री विजय कुमार, सी-५४०, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली तथा मुख्य-ध्यापिका सुश्री प्रसन्न कुमारी, बी-१६७, नेताजी नगर है ।

५ शान्तिसागर दि० जैन कन्या पाठशाला वैदवाड़ा—इस पाठशाला का सचालन स्थानीय खडेलवाल दि० जैन पचायत की ओर से होता है। पाठशाला मे कक्षा ५ तक की शिक्षा की व्यवस्था है। छात्राओ को धार्मिक शिक्षा भी दी जाती है ।

पाठशाला की व्यवस्था उक्त पचायत की ओर से लाला शिखर चन्द्र, वैदवाडा करते है ।

६ महावीर जैन हायर सेकेण्ड्री स्कूल, नई सडक—स्कूल की स्थापना सन १९३० मे लाला गोकल चन्द्र जी नाहर के सद्प्रयत्नो मे हुई ।

स्कूल मे १०० छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे है। स्कूल का अपना बैंड भी है ।

इसकी प्रबन्धक समिति निम्नलिखित है—

प्रधान (कार्यवाहक)—श्री राम नारायण (रिटा० सेशन्स जज) दरियागज, दिल्ली ।

उप-प्रधान—लाला कुन्ज लाल ओसवाल, सदर बाजार, दिल्ली ।

मत्री—लाला रामनारायण (मै० सनेही राम रामनारायण) नया बाजार, दिल्ली ।

कोषाध्यक्ष—सेठ आनन्द राज सुराना, चादनी चौक, दिल्ली ।

७ श्रीजैन गर्ल्स हायर सेकेन्ड्री स्कूल, (फोन ७४६४४) जगपुरा (भोगल)—स्कूल की स्थापना सन १९३५ मे प्राथमिक स्तर पर हुई कालान्तर से सन् १९४८ में मिडिल तथा सन् १९६० मे हायर सेकन्ड्री किया गया। स्कूल मे लगभग ४०० छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहीं हैं ।

स्कूल की प्रधानाध्यापिका कु० सुशीला जैन हैं ।

प्रधान—ला० अजित प्रसाद, १० एम. एम रोड, नई दिल्ली ।

मत्री—श्री सुमेर चन्द, समन बाजार, जंगपुरा, नई दिल्ली ।

मैनेजर—ला० जिनेश्वर दास, भोगलरोड, जगपुरा' नई दिल्ली ।

कोषाध्यक्ष—लाला राजेन्द्र कुमार, गुरुद्वारा के पास, जगपुरा, नई दिल्ली ।

८ जैन हायर सेकेंड्री स्कूल (फोन-२६१८३), दरियागज—भारतवर्षीय अनाथरक्षक सोसायटी, दिल्ली द्वारा सचालित होता है। यह स्कूल जो कि सन १९१२ मे मुख्य तौर पर जैन अनाथाश्रम के बालको को लौकिक शिक्षा देने के विचार मे प्राथमिक विद्यालय के रूप मे प्रारम्भ हुआ और सन १९१६ में मिडिल तक किया गया, आज सन १९४८ मे स्थानीय हायर सेकेंड्री स्कूलो मे अग्रणीय स्थान रखता है। स्कूल के आर्टस, कामर्स व साइस सभी विभागो मे लगभग १,२०० छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे है। स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल सदैव ९० प्रतिशत से अधिक ही रहा है। स्कूल के व्यवस्थापक ला० जैनीलाल जी (डी० ए० जी० आफिस वाले) है। स्कूल का अपना बैंड भी है। प्रधानाध्यापक श्री जुगमदर दास जैन एम० ए० एल० टी है ।

९. जैन विद्या मंदिर, छप्पर वाला कुआ, करोलबाग—इसका उद्घाटन सन १९५४ मे लाला भागमल जी ठेकेदार द्वारा किया गया। जैन विद्या मदिर श्री दि० जैन मदिर करोल बाग मे ही स्थित है। इसकी ओर मे एक सह-शिक्षा प्राइमरी स्कूल चल रहा है ।

१० श्री जैन शिल्प कन्या विद्यालय, बिल्डिग मोहन लाल बजाज, ३८४३, डिप्टीगंज—श्रीमती रिछपाल सिह राणा द्वारा सचालित इस विद्यालय मे जैन अजैन निर्धन स्त्रियो को निशुल्क शिल्प-कार्य सिखाया जाता है ।

११. श्री धर्मप्रकाशिनी जैन पाठशाला, जैन मंदिर, गाधी नगर—दि० जैन मंदिर, गाधी नगर के भवन मे ही पाठशाला स्थित है। यहा स्थानीय बालक व बालिकाओ को नि शुल्क धार्मिक शिक्षा की व्यवस्था है।

१२ १०८ अ० शातिसागर जैन कन्या विद्यालय, सब्जी मडी—विद्यालय की स्थापना सन १९३२ मे केवल धार्मिक पाठशाला के रूप मे हुई। कालातर में सन १९४८ मे प्राइमरी स्टैंडर्ड तक किया गया। इस समय विद्यालय मे लगभग २२० छात्राए शिक्षा प्राप्त कर रही है। विद्यालय दिल्ली शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्य है। यहा पर धार्मिक शिक्षा भी दी जाती है। विद्यालय का मासिक व्यय लगभग १२००) रु० का है। जिसकी पूर्ति समाज सहायता व कार्पोरेशन द्वारा दी गई ग्रांट से होती है।

प्रधान—श्री जम्बू प्रसाद, ४१४० गली जैन मदिर, सब्जी मडी।

उप-प्रधान—बा० पूरनमल, ४१३२, आर्यपुरा, सब्जी मडी।

मंत्री—श्री महावीर प्रसाद, ३७ जैनाबिल्डिग, रोशआरा रोड।

स० मत्री—श्री शांति प्रसाद।

मैनेजर—श्री कश्मीर लाल, ४० एफ, कमला नगर।

कोषाध्यक्ष—श्री आत्माराम, ४३३८ आर्यपुरा।

१३-१६. श्री जैन शिक्षा बोर्ड, कूचा सेठ—बोर्ड की स्थापना सन १०४६ मे हुई।

वतमान मे इस बोर्ड द्वारा निम्नलिखित सस्थाओ का सचालन हो रहा है।

(क) जैन सस्कृत कामर्शियल हायर सेकड्री स्कूल, कूंचा सेठ।

(ख) जैन गर्ल्स हायर सेकड्री स्कूल, धर्मपुरा।

(ग) जैन प्राइमरी स्कूल, धर्मपुरा।

(घ) जैन बाल सदन, धर्मपुरा।

प्रधान—डा० महावीर प्रसाद (दिल्ली यूनिवर्सिटी)।

उप-प्रधान—

श्री चुन्नीलाल एडवोकेट, दरीबा कलां।
श्री बाबूमल जौहरी।
श्री दरबारी मल साड़ी वाले।
श्री सुमेरचन्द, कोठी वाले।
श्री मुंशीलाल कागजी, मुंशी भवन, आसफअली रोड।

जनरल सेक्रेट्री—कैलाश चन्द्र (जैना वाच क०), ७/३२ दरियागज।

सेक्रेट्री—श्री श्रीमन्दर नाथ।

कोषाध्यक्ष—श्री अजीत प्रसाद ठेकेदार, चाहरहट, दिल्ली।

१७ श्री जैन सस्कृत कामर्शियल हायर सेकेंडरी स्कूल, (फोन-१७३७३) कूचा सेठ—प्राइमरी की स्थापना सन १९२३ मे व सन १९५७ मे सेकड्री की स्थापना हुई इसमे छात्रो की सख्या लगभग ५०० है। विद्यालय अपने निजी भवन मे स्थित है। स्कूल का एक बैड भी है।

विद्यालय के प्रिंसीपल श्री बसतलाल, एम० ए० एल० टी० और मैनेजर श्री रघुवीरसिंह जी कोठी वाले है।

१८ जैन गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल, धर्मपुरा (फोन-२८८४४)—इस विद्यालय की स्थापना सन १९०८ मे कन्या पाठशाला के रूप मे हुई, तथा सन १९५३ मे मिडिल और स० १९५६ मे हायर सेकेंड्री किया गया। इसमे लगभग ७०० छात्राए शिक्षा प्राप्त कर रही है। विद्यालय मे गृह-विज्ञान के विषय का भी उचित प्रबन्ध है।

विद्यालय के मैंजर श्री पदमचन्द है।

१९ जैन प्राइमरी स्कूल, धर्मपुरा—इस स्कूल मे लगभग ५०० विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

विद्यालय के मैनेजर श्री छेदीदास है।

१ जैन बाल सदन, धर्मपुरा—इस सदन की स्थापना सन १९५३ मे हुई। इसमे ३ से ५ वर्ष तक के नन्हे-मुन्ने बच्चो की, जबकि वे किसी विद्यालय मे प्रवेश नही पा सकते, सुप्तवृत्तियो को मनोवैज्ञानिक ढग से विकसित करने का प्रयास किया जाता है। सदन मे लगभग १०० बालक व बालिकाए है।

२१ श्री समन्तभद्र संस्कृत विद्यालय, (फोन २६१८३) दरियागंज—विद्यालय, जिसकी स्थापना सन १९५० में हुई, अ० भा० अनाथरक्षक सोसायटी, दिल्ली द्वारा संचालित संस्थाओं में से मुख्य है। विद्यालय द्वारा छात्रों को पंजाब विश्वविद्यालय की प्राज्ञ, विशारद व शास्त्री परीक्षाएं दिलवाई जाती है। धर्मशिक्षा के लिए विद्यालय का अपना एक कोर्स है, जिसे पूर्ण करने के बाद सार्वजनिक रूप में विद्यार्थी को 'सिद्धान्त-रत्न' की उपाधि प्रदान की जाती है।

यह विद्यालय स्व० लाला मुंशीलाल जी कपडे वाले द्वारा बनवाये गये भवन मे स्थित है। इस समय यहा लगभग १५० विद्यार्थी अध्ययन प्राप्त कर रहे है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक पं० लाल बहादुर शास्त्री एम० ए० है।

२२ जैन हैपी स्कूल, जैन निसी मंदिर, लेडी हार्डिंग रोड-स्कूल की स्थापना सन १९५२ में हुई। पब्लिक स्कूलों की प्रणाली पर छोटे बालको की शिक्षा-दीक्षा के लिए यह स्कूल, जैन सभा नई दिल्ली द्वारा, लाला शामलाल ठेकेदार आदि महानुभावों के सद्प्रयन्तो से, सर्वप्रथम सन १९५२ में केवल ३ बालको से प्रारम्भ हुआ। आज कल स्कूल में लगभग ३०० बालक नर्सरी व प्राइमरी सेक्शनो मे शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

स्कूल की व्यवस्था जैन सभा, नई दिल्ली द्वारा निर्वाचित जैन एजूकेशन बोर्ड के द्वारा होती है। बोर्ड के पदाधिकारी निम्नलिखित है

चेयरमैन—लाला शामलाल ठेकेदार, ४ टोडरमल रोड।

वाइस चेयरमैन—श्री रामेश्वर दयाल, ७ मार्केट रोड।

मैनेजर—श्री अजित प्रसाद, १—एम एम. रोड।

कोषाध्यक्ष—श्री नेमचन्द्र, २४ फौच स्क्वेअर।

२३. श्री एम० एम० जैन कन्या पाठशाला, चादनी चौक—इसकी स्थापना सन १९३० मे महासती मोहनदेवी की प्रेरणा से हुई। इस पाठशाला मे प्राथमिक शिक्षा के साथ साथ मुख्यरूप से धार्मिक शिक्षा की भी व्यवस्था है।

पाठशाला की व्यवस्थापिका—कार्यकारिणी मे निम्नलिखित पदाधिकारी है :

प्रधान—श्री भीखालाल गिरधारी लाल सेठ, इयोरेशिया ट्रेडिंग क०, चावडी बाजार।

उप-प्रधान—श्री निहाल चन्द सुराना, घटाघर, सब्जी मंडी।

मंत्री—श्री सत्यपाल सुराना, वैदवाडा।

उपमंत्री—श्री पूरनचन्द नाहर, नौघरा किनारी बाजार।

कोषाध्यक्ष—श्री लाभचन्द सूजती, सत्ताइसघरा, किनारी बाजार।

२४. श्री दि० जैन महिलाश्रम, १ दरियागज—आश्रम की स्थापना सन १९०५ मे हुई। यह सस्था असहाय बालिकाओ, विधवाओं व परित्यक्ता स्त्रियो को स्वावलम्बी बनाने व उनके जीवन-निर्वाह के साधन जुटाने मे प्रयत्नशील है।

आश्रम मे इस समय ४० छात्राए है। जिनके भोजन, शिक्षण आदि की सभी व्यवस्था की जाती है।

अध्यक्षा—श्रीमती सुशीला सुल्तानसिंह, कश्मीरी गेट।

मंत्राणी—श्रीमती मखमली देवी, १६, दरियागंज।

कोषाध्यक्षा—श्रीमती काता जैमीराम, १६, दरियागज।

सचालिका—ब्र० गुणमाला जी, १ दरियागज।

२५ जैन शिक्षा प्रचारक सोसायटी, हीरालाल जैन हायर सेकण्ड्री स्कूल, सदर बाजार—सोसायटी की स्थापना सन १९०० में हुई।

इस सोसायटी के अन्तर्गत निम्नलिखित सस्थाए है।

(१) श्री हीरालाल जैन हायर सेकेण्ड्री स्कूल, सदर बाजार।

(२) श्री हीरालाल जैन प्राइमरी स्कूल, गली मदिर वाली, पहाड़ी धीरज।

(३) श्रीमती लक्ष्मी देवी जैन गर्ल्स हायर सेकण्ड्री स्कूल, सदर बाजार।

प्रधान—डा० सी० आर० जैना ११/१९३४ फाउटेन।

उप-प्रधान—राजवैद्य महावीर प्रसाद, ४६०२ पहाडी धीरज।

मंत्री—लाला मदन लाल (गुप्ता पर्फ्यूमर्स), कोर्ट रोड।

कोषाध्यक्ष—लाला नन्हें मल, २५ डिप्टीगंज।

२६. श्री हीरा लाल जैन हायर सेकण्ड्री स्कूल, बारा टूटी, सदर बाजार (फोन-२६४७१)—यह स्कूल दिल्ली का सर्व प्रथम जैन विद्यालय है। यहां आर्टस, साइन्स व कामर्स तीनों विभागों की शिक्षा का प्रबन्ध है।

स्कूल में इस समय लगभग १,००० छात्र अध्ययन कर रहे हैं। स्कूल का अपना बैंड भी है। स्कूल में धर्म-शिक्षा की भी व्यवस्था है।

स्कूल के व्यवस्थापक लाला सुल्तान सिह, (रिटा० एकाउंटस आफीसर) ३७ मोडल बस्ती व प्रिंसीपल श्री मोहन लाल, पहाडी धीरज हैं।

२७. श्री हीरालाल जैन प्राइमरी स्कूल, गली मंदिर वाली, पहाड़ी धीरज—इस स्कूल मे लगभग ६०० बालक शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

२८. श्रीमती लक्ष्मी देवी गर्ल्स हायर सेकेण्ड्री स्कूल, गली मदिर वाली, पहाड़ी धीरज (फोन-२७६६६)—स्कूल मे छात्राओं की संख्या लगभग १०० है।

स्कूल के व्यवस्थापक लाला प्रकाश चन्द, (राजा टायज) २५, पूसा रोड, व प्रिंसीपल कुमारी कनकमाला, पहाड़ी धीरज है।

२६. श्री जैन श्रमणोपासक हायर सेकण्ड्री स्कूल, रुई की मडी, बारा टूटी, सदर बाजार (फोन-२७६३६)—स्कूल की स्थापना सन १६१६ में प्राइमरी स्टैंडर्ड तक हुई। कालान्तर मे सन १६३७ मे मिडिल, सन १६५० मे हाई स्कूल व सन १६५६ मे हायर सेकेण्ड्री तक किया किया। स्कूल मे कुल छात्र संख्या लगभग ७४५ है।

प्रधान—श्री भीकूराम, गली मंदिर वाली, पहाडी धीरज।

उप-प्रधान—लाला गिरधारी लाल, गली राजा पाती मल।

मैनेजर—लाला निहाल चन्द्र, ६-डिप्टीगंज।

मत्री—श्री दया चन्द्र, गली नई बस्ती, पहाडी धीरज।

कोषाध्यक्ष—श्री अमर नाथ, गली मामन जमादार, पहाडी धीरज।

पुस्तकालय व औषधालय

पुस्तकालय व वाचनालय

१ श्री महावीर जैन सार्वजनिक पुस्तकालय व वाचनालय (फोन-२५१२१, चादनी चौक)—इस पुस्तकालय की स्थापना सन १९२४ मे व्याख्यान-वाचस्पति श्री मदनलाल जी महाराज की प्रेरणा व लाला गोकुल चन्द नाहर के सद्प्रयत्नो द्वारा हुई। यह पुस्तकालय स्थानीय पुस्कालयो मे प्रमुख स्थान रखता है। इसमे लगभग ४०० अनुपलब्ध हस्तलिखित ग्रथ है। इनके अतिरिक्त ६,१०० हिन्दी, सस्कृत व प्राकृत भाषा की, ६,५०० अग्रेजी की, १५०० उर्दू भाषा की तथा ४०० अन्य भाषाओ की पुस्तके है।

पुस्तकालय मे लेजिस्लेटिव असेम्बली डिबेट्स, कास्टीट्यूशन एसेम्बली डिबेट्स, पालियामेट डिबेट्स, गजट आफ इण्डिया तथा हिन्दी, अग्रेजी, प्राकृत व अन्य भाषाओ के कोष भी उपलब्ध है।

प्रधान—श्री निहाल चन्द्र २८१६ चेलपुरी, किनारी बाजार।

उपप्रधान—श्री मोहन लाल कठौतिया, चन्द्रावल रोड, सब्जीमडी।

मंत्री—श्री दुर्गाप्रसाद लोढा, चीराखाना।

सहायक मत्री—श्री ताराचन्द, कटरा शहशाही, चादनी चौक।

कोषाध्यक्ष—श्री कस्तूर चन्द्र, जवाहर नगर।

२. जैन सार्वजनिक पुस्तकालय (पहाडी धीरज)—इस पुस्तकालय की स्थापना जैन सगठन सभा, पहाडी धीरज द्वारा सन १९२४ में हुई। यह पुस्तकालय श्री अग्रवाल दि० जैन पंचायती धर्मशाला, पहाड़ी धीरज में स्थित है। इसमें लगभग ६०० पुस्तकें हैं। यह पुस्तकालय दिल्ली नगर निगम से सहायता प्राप्त (Grant-in-aid) है। पुस्तकालय के अध्यक्ष लाला नन्हेमल, डिप्टीगंज हैं। वर्तमान मे पुस्तकालय का कार्य लाला नेमचन्द (महावीर हेट मेनु० कं०, सदर बाजार) देखते हैं।

३ श्री वर्धमान पब्लिक लायब्रेरी (दि० जैन नया मदिर के सामने, धर्मपुरा)—पुस्तकालय की स्थापना सन १९२८ मे जैन मित्र मडल द्वारा हुई। इसमे लगभग ९,००० पुस्तकें हैं। वाचनालय मे ४५ दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक तथा मासिक पत्र व पत्रिकाए आती हैं।

सभापति—लाला अजीत प्रसाद ठेकेदार, चाहरहट।

उप-सभापति—लाला जुगल किशोर कागजी, दुजाना हाउस, चावडी बाजार।

मत्री—(१) लाला महेन्द्र प्रसाद ठेकेदार, चाहरहट।
(२) श्री बिशनचन्द ड्राफट्समैन, धर्मपुरा।

कोषाध्यक्ष—श्री त्रिलोकचन्द, १२१६ चाहरहट।

४. श्री जैन पब्लिक लायब्रेरी (उपाश्रय भवन, डिप्टीगज)—पुस्तकालय की स्थापना सन १९३४ मे हुई। इसमे लगभग ३,००० पुस्तकें है। वाचनालय में लगभग ४० दैनिक, साप्ताहिक व मासिक पत्र-पत्रिकाए आती है।

प्रधान—श्री कुंजलाल ओसवाल, सदर बाजार।

महामत्री—श्री रूपचन्द (वीविंग डिपार्टमेट, दिल्ली क्लाथ मिल्स)।

मंत्री—श्री जोगीराम, गली जाटान, पहाड़ी धीरज।

कोषाध्यक्ष-श्री मित्रसेन, क्लाथ मर्चेंट, पहाड़ी धीरज।

५ जैन साहित्य सदन (चादनी चौक)—सदन की स्थापना श्री प्रेमचन्द्र जी (जैना वाच कं०) आदि के सद्प्रयत्नों से सन १९५६ में हुई। सदन के पुस्तकालय मे लगभग ३,००० मुद्रित ग्रथों और १२५ हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का संग्रह है।

सदन के वाचनालय में साप्ताहिक, पाक्षिक व मासिक जैन व अजैन पत्र-पत्रिकाएं आती है। सदन की ओर से ३ पुस्तकों का प्रकाशन भी हुआ है। सदन का विक्री विभाग जैन व जैनेतर जनता को जैन साहित्य उपलब्ध कराने का सुगम साधन है।

सदन के व्यवस्थापक श्री प्रेमचन्द्र जी, (जैना वाच क०) ७/३२, दरियागज है।

.६ जैन वाचनालय (४१०६, गली श्री दिगम्बर जैन मंदिर, सब्जीमडी) -वाचनालय की ,स्थापना सन १९५२ मे हुई। इसमे लगभग १,००० धार्मिक तथा अन्य पुस्तके है। वाचनालय मे ४ दैनिक ५ पाक्षिक व मासिक पत्र आते है। पुस्तकालय से लगभग ६० स्त्री-पुरुप प्रतिदिन लाभ लेते है।

प्रधान—सेठ करोड़ी मल, ४२१०, आर्यपुरा, सब्जी मडी।

उप-प्रधान—श्री पूरण मल, उप-प्रधान, ४१३२ आर्यपुरा।

मंत्री —श्री कश्मीरी लाल, ४०-एफ, कमला नगर।

उपमंत्री—श्री आदीश्वर नाथ, ४१६५ आर्यपुरा।

कोषाध्यक्ष—श्री आत्माराम, ४३३८ आर्यपुरा।

७. श्री सुधर्मा जैन सार्वजनिक पुस्तकालय व वाचनालय (२०४६, किनारी बाजार)—इस पुस्तकालय की स्थापना सन १९५९ मे साध्वी श्री मृगावती जी की प्रेरणा मे हुई।

पुस्तकालय मे सस्कृत, हिन्दी, उर्दू, गुजराती आदि भाषाओ की लगभग १०,००० पुस्तके है। इनमे हस्त-लिखित प्राचीन शास्त्र भी है। वाचनालय मे स्त्री व पुरुषोपयोगी प्रमुख पत्र, पत्रिकाए आते है। इस पुस्तकालय की व्यवस्था श्री आत्मवल्लभ प्रेम भवन मैनेजिग कमेटी द्वारा होती है।

८ श्री पार्श्वनाथ सार्वजनिक पुस्तकालय (सब्जी मडी) – पुस्तकालय मे लगभग ५०० पुस्तके है। वाचनालय मे २० दैनिक, साप्ताहिक व मासिक पत्र पत्रिकाए आती है।

प्रधान —श्री जसवत सिंह, २५-डी, कमला नगर।

मत्री—श्री जयतीलाल मेहता, १०, रोशनआरा रोड।

९. श्री जैन धर्म प्रचार सामग्री भंडार (उपाश्रय भवन, डिप्टीगज)—इस भडार द्वारा धार्मिक उपकरणो के प्रबन्ध तथा पुस्तकों के प्रकाशन व विक्रय का कार्य होता है।

औषधालय व चिकित्सालय

१. श्री आचार्य नमिसागर जी जैन धर्मार्थ औषधालय (कूंचा सेठ)—औषधालय की स्थापना सन १९३२ मे हुई। इससे वर्ष मे लगभग ३०,००० रोगी बिना किसी जाति, वर्ग अथवा सम्प्रदाय भेदभाव के निशुल्क लाभ उठाते है। औषधालय का कार्य प्रधान—चिकित्सक प० कन्हैया लाल वैद्य आयुर्वेदाचार्य और सहायक—चिकित्सक श्री वाचस्पति शास्त्री आयुर्वेदाचार्य की देखरेख मे होता है।

औषधालय का वार्षिक व्यय लगभग ६,००० रुपये का है, जिसमे ५००) रु० की ग्राट दिल्ली म्यूनिसीपल कार्पोरेशन मे प्राप्त होती है और शेष बिक्री विभाग की आय व समाज-सहायता से पूरी होती है।

प्रधान—श्री बसतलाल घटेवाले, चादनी चोक।

उप-प्रधान—श्री रामनाथ कागजी, चावडी बाजार।

मत्री—डा० एस० सी० किशोर, एस्प्लेनेड रोड।

उप-मत्री —श्री मगतराम।

कोषाध्यक्ष—श्री राजेन्द्रप्रसाद, गली गुलियान।

२. श्री सुन्दरलाल दिगम्बर जैन धर्मार्थ औषधालय (वैदवाडा) – औषधालय की स्थापना लगभग २५-३० वर्ष पूर्व श्री सुन्दरलाल जैन चेरीटेबल ट्रस्ट के अन्तर्गत हुई। औषधालय मे नि शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा की जाती है।

औषधालय की व्यवस्था निम्नलिखित महानुभावो की समिति द्वारा होती है:

(१) लाला कपूर चन्द जौहरी (फर्म-शान्ति विजय एण्ड क०, जनपथ) १३१६ वैदवाडा।

(२) लाला कश्मीर चन्द, १३१६ वैदवाडा।

(३) श्री देवेन्द्र कुमार (फर्म—सिद्धोमल एण्ड सन्स, कागजी, चावडी बाजार।

(४) श्री रूपचन्द, १२७३ वेदवाडा, ।

(५) श्री हरखचन्द, कपडे वाले, कूचा शहशाही ।

३. श्री १०८ आचार्य शांतिसागर दि० जैन धर्मार्थ औषधालय (४१५० गली जैन मदिर, सब्जी मडी)—औषधालय की स्थापना सन १९४२ मे हुई । औषधालय मे नि.शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा का प्रबन्ध है । प्रति माह लगभग, १,१०० रोगी यहा से लाभ उठाते ह ।

प्रधान—श्री लट्टोमल, आर्यपुरा, सब्जीमडी ।

उप-प्रधान—चौ० जम्बू प्रसाद, ४१४० गली जैन मदिर, आर्यपुरा, सब्जीमडी ।

मत्री—श्री पूरनमल, ३१३२, सब्जीमंडी ।

कोषाध्यक्ष—श्री गोकल चन्द, ३३८१, आर्यपुरा, सब्जीमडी, ।

४. पूज्य काशीराम जैन धर्मार्थ औषधालय—यह औषधालय महावीर जैन सघ द्वारा दिल्ली व नई दिल्ली मे निम्नलिखित तीन विभिन्न स्थानो पर संचालित हो रहा है :

१. डिप्टीगज, सदर बाजार, ।

२. मोहनगज, सब्जीमडी, ।

३. ईस्ट पार्क रोड, करोल बाग ।

उपर्युक्त इन तीनों स्थानो पर निशुल्क होम्योपेथिक चिकित्सा की जाती हे ।

औषधालय के व्यवस्थापक श्री तिलक चन्द, तिराक शूट हाउस, सदर बाजार है ।

५. श्री अग्रवाल जैन धर्मार्थ औषधालय (छत्ता शाह जी, चावडी बाजार)—औषधालय की स्थापना सन १९४० मे लाल शम्भूनाथ जी कागजी द्वारा हुई । यहा होम्योपेथिक चिकित्सा की नि शुल्क व्यवस्था है । प्रतिदिन लगभग १०० रोगी यहा से लाभ उठाते हैं ।

औषधालय की व्यवस्था लाला शम्भूनाथ जी स्वय ही करते है ।

६ सेठ सुन्दरलाल जैन नेत्र चिकित्सालय (डिप्टी गज)—चिकित्सालय की स्थापना सेठ छुन्नामल चेरीटेबल ट्रस्ट के अन्तर्गत सन १९५८ मे हुई । यहा नेत्रो के अतिरिक्त नाक, कान व गले के रोगो के निदान का भी प्रबन्ध है । चिकित्सालय की ओर से समय समय पर विभिन्न स्थानों मे नेत्र-शिविर का भी आयोजन किया गया है, जिसमे मोतियाबिंदु तथा अन्य रोगों की चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध की गई ।

चिकित्सा की व्यवस्था उपर्युक्त ट्रस्ट द्वारा होती है ।

७. श्री लालचन्द जैन धर्मार्थ औषधालय (डिप्टीगज, सदर बाजार)—औषधालय मे नि शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा की सुविधा है । राजवैद्य श्री मामनसिह जी 'प्रेमी' प्रधान चिकित्सक हैं ।

८. मुंशीलाल आयुर्वेदिक औषधालय (मुशी निकेतन, आसफअली रोड)—औषधालय की स्थापना सन १९५६ मे ला० मुशीराम जी कागजी ने की । औषधालय उनके निजी भवन मे ही स्थित है । यहा नि शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा की सुविधा प्रदान की जाती है ।

इसकी व्यवस्था ला० मु शीलाल जी स्वय ही करते है ।

९ जैन औषधालय (छत्ता शाहजी, चावडी बाजार)—ला० अमरसिह धूमीमल कागजी द्वारा सन १९३९ मे स्थापित हुआ ।

१०. ला० रघुबीर सिंह जैन धर्मार्थ औषधालय (जैना बिल्डिग, जी०टी० रोड, शहादरा)—औषधालय की स्थापना ला० रघुवीर सिंह जी (जैना वाच क०) द्वारा सन १९४४ मे हुई । औषधालय मे नि शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा का प्रबन्ध हे । सभी औषधिया यहा उनकी अपनी रसायनशाला मे ही बनती है । निर्धन रोगियो के यहा औषधालय-चिकित्सक नि शुल्क देखने भी जाते हैं । औषधालय से लगभग ४०० रोगी प्रतिदिन लाभ उठाते है ।

यहा की व्यवस्था वर्तमान मे ला० रघुवीर सिह जी जैन धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा होती है ।

११. जिनेन्द्र होम्योपेथिक डिस्पेंन्सरी (५५०९ बस्ती हर्फूलसिह, सदर थाना रोड)—डिस्पेंसरी की स्थापना ला० खजाचीमल (नेहरू होजरी मिल्स) द्वारा सन १९६५ म हुई और उनके अपने स्थान मे ही स्थित हे । यहा होम्योपेथिक चिकित्सा की व्यवस्था है । लगभग १०० रोगी प्रतिदिन लाभ उठाते है ।

यहा का प्रबन्ध ला० खजाचीमल जी की देख रेख मे होता है ।

धार्मिक व पारमार्थिक संस्थाएं

१. श्री भारतवर्षीय अनाथरक्षक जैन सोसायटी (फोन-२६१८३, दरियागज)—सोसायटी की स्थापना सन १६०३ मे जयपुर मे हुई और इसके द्वारा जैन अनाथाश्रम की नीव सन १६०४ मे हिसार (पजाब) मे डाली गई। सन १६११ मे इस सोसायटी व आश्रम को दिल्ली लाया गया।

सोसायटी द्वारा किये जाने वाले कार्यों मे अनाथाश्रम, जैन हायर सेकण्ड्री स्कूल, समतभद्र सस्कृत विद्यालय, संगीत शाला, शिल्प-शिक्षा, जिन-चैत्यालय व सरस्वती भवन, धर्मशाला, त्यागी भवन तथा अतिथि-भवन की व्यवस्था और विधवाओ तथा असमर्थो को मासिक आर्थिक सहायता दिया जाना, आदि उल्लेखनीय है।

सोसायटी के पास लगभग १० लाख रुपये की अचल सम्पत्ति है। सोसायटी के अन्तर्गत कार्यों मे वार्षिक व्यय लगभग २,३५००० रुपए का है जिसकी पूर्ति राज्य की ओर से प्राप्त वार्षिक अनुदान तथा समाज-सहायता द्वारा होती है।

प्रधान—लाला राजेन्द्र कुमार, ११ कीलिग रोड।

उप-प्रधान—(१) श्री एस. पी. लाल, किचनर रोड।

ज० सेक्रेटरी (१) अजीत प्रसाद ठेकेदार, चाहरहट।

(२) श्री सुखबीर प्रसाद, एडवोकेट, दरियागंज।

(३) लाला रतनलाल, बिजली वाले।

(४) लाला कश्मीरी लाल, दरियागज।

(५) लाला प्रताप सिंह, मोटर वाले, ७-ए, राजपुर रोड।

जनरल मैनेजर—लाला मुन्शी लाल कागजी, मुन्शी निकेतन, आसफअली रोड।

कार्यालय मंत्री—लाला बिमल प्रसाद, धर्मपुरा।

प्रचार मंत्री—लाला महेन्द्रसेन, दरियागंज।

कोषाध्यक्ष—श्री पदम किशोर, वकील।

२. जैन बालाश्रम (दरियागंज, अनाथाश्रम फोन-२६१८३)—आश्रम की स्थापना भारतवर्षीय अनाथरक्षक जैन सोसायटी, द्वारा सन १६०४ मे हिसार (पंजाब) मे हुई। सन १६११ मे आश्रम दिल्ली लाया गया। आश्रम दरियागज में अपने निजी भवन मे स्थित है।

आश्रम मे लगभग ७५ बालक सरक्षण प्राप्त कर रहे है। आश्रम की ओर से बच्चो के भरण-पोषण तथा आवास के अतिरिक्त समुचित शिक्षा आदि की भी व्यवस्था होती है, जिससे कि वे भविष्य मे सुयोग्य नागरिक बन सकें।

आश्रम के व्यवस्थापक लाला फकीर चन्द जी कपड़े वाले (कटरा मारवाडी, नई सडक) है।

३ श्री गंगादेवी जैन धर्मार्थ ट्रस्ट (२०७६, गली दरोगा कन्हैयालाल, माली वाडा)—ट्रस्ट द्वारा असहाय विधवाओ तथा बालको आदि को आर्थिक सहायता दी जाती है।

ट्रस्ट के मंत्री लाला कपूर चन्द बोथरा, गली दरोगा कन्हैया लाल, माली वाडा, दिल्ली है।

४. श्री दि० जैन मुल्तान गुप्त सहायक फंड (२१ बस्ती हर्फूल सिंह, सदर थाना)—फंड द्वारा गुप्त रूप से निर्धन व अनाथ विधवाओ व दु खियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

सर्व श्री पारस दास, अमर नाथ, गुमानी राम, प्रेम चन्द और तोला राम फंड के व्यवस्थापक है।

५. असमर्थ बहन भाई सहायक फंड—फड की स्थापना श्री दि० जैन सत्सग सोसायटी द्वारा सन १६४८ मे हुई। फड की आय दान द्वारा है।

प्रधान—लाला रतन लाल, बिजली वाले, दरियागज।

मंत्री—श्री श्रीपाल, टाइप वाले।

कोषाध्यक्ष—लाला अजीत प्रसाद ठेकेदार, चाहरहट।

६ जैन स्कालर शप फंड (प्रधान कार्यालय-४०, ठठेरवाडा, मेरठ सिटी, सचिवालय-३३-एक्स, चित्रगुप्तरोड, दिल्ली)—फड की स्थापना सन १६४४ मे हुई। फड द्वारा छात्रो को अध्ययन के लिए स्कालरशिप के रूप मे आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अब तक फड से लगभग ३०० छात्रो ने लाभ उठाया है।

फड के पास ध्रौव्य-राशि लगभग १५,०००) रुपए की है।

प्रधान—श्री एस. पी जैन।

मत्री—श्री सुरेन्द्र बीरसिह, ३३-एक्स, चित्रगुप्त रोड।

उप-मत्री—(१) श्री आनन्द प्रकाश, एडमिनिस्ट्रेटिव आफीसर, सेंट्रल रिसर्च इस्टीट्यूट, नागपुर।

(२) श्री बी. पी जैन, इन्जीनियर, पी. डब्ल्यू डी, लखनऊ।

(३) श्री कस्तूर चन्द, एकाउटस आफीसर, पान दरीबा, लखनऊ।

(४) श्री डी के जैन, इन्कमटैक्स आफिस, मुजफ्फर नगर।

(५) श्री जय कुमार, ४१४ बादशाही मडी, इलाहबाद।

कोषाध्यक्ष—श्री मगन सिह, मेरठ।

७. श्री बिरधी चन्द जैन धर्मार्थ ट्रस्ट (४०६३, नया बाजार)—ट्रस्ट के अन्तर्गत एक पुस्तकालय व औषधालय खोलने की योजना है। श्री सुमेर चन्द्र (बिरधी चन्द जैन एण्ड सन्स) आदि अन्य ४ महानुभाव ट्रस्टी है।

सदस्य—(१) श्री डिप्टीमल जैन २२६७०६
चांदनी चौक २२३८०६

(२) श्री हेमचन्द्र जैन ५५६८४
पहाडी धीरज २२६५७३
(३) श्री मंगतराम जैन ४३५६१
(अशोका मार्केटिंग लिमिटेड)
४८ दरियागंज २२५५८७

यूनाइटेड चेम्बर आफ ट्रेड एसोसिएशंस

संयुक्त मंत्री—पी. आर मित्तल २२८७२०
६५५ सदर बाजार
डेलीगेट—(१) डिप्टीमल जैन
(दिल्ली बिल्डिंग मेटीरियल मर्चेन्टस एसोसियेशन)
मारवाड़ी लायब्रेरी के ऊपर २२३८०६, २२६७०६
चादनी चौक
(२) बसत लाल घटे वाले २२३०८२
(दिल्ली स्वीटमीट मर्चेन्टस एसोसियेशन)
चांदनी चौक
(३) किशन चन्द्र जैन
(आल दिल्ली सर्राफा एसोसियेशन)
(४) राम नारायन जैन २२४७२७
(दिल्ली ग्रेन मर्चेन्टस एसोसियेशन)
नया बाजार
(५) उत्तमचन्द्र जैन २२७७४६
(६) खैरती लाल जैन
(दिल्ली आयल मर्चेन्टस एसोसियेशन)
नया बाजार
(७) गिरधारी लाल जैन
(दिल्ली स्टेशनर्स एसोसियेशन)
चावडी बाजार २२६४२३
(८) ला० नन्हेमल जैन २२६४७८
(मेटल मर्चेन्टस एसोसियेशन)
बाराटूटी, सदर बाजार २२६७६२
(६) श्री इन्द्र चन्द जैन
(श्री महालक्ष्मी बुलियन एक्सचेज लिमिटेड)
(१०) श्री आर. डी. जैन ४७८५७
(साइंस एपेरेटस डीलर्स एसोसियेशन)
जैन भवन, छप्पर वाला कुआं, करोलबाग ५५१६१
(११) श्री देवेन्द्र कुमार ओसवाल
(व्योपार एसोसियेशन)
सदर बाजार २२६४६०

दिल्ली हिन्दुस्तानी मर्केंटाइल एसोसियेशन

चांदनी चौक २२४७८७
व्यवस्थापिका सदस्य—(१) श्री अमरनाथ जैन
(न्यादरमल अमरनाथ जैन)
कटरा नया, चांदनी चौक २२८०४७
(२) श्री हेमचन्द्र जैन
(छज्जूमल हेमचन्द्र)
कटरा लाल, चादनी चौक २२६७८४

दिल्ली चेम्बर आफ कामर्स

देशबन्धु गुप्ता रोड, पहाडगज
सदस्य व व्यवस्थापिका } ला० राजेन्द्रकुमार जैन ४५८२८
११ कौलिग रोड ४७६५६

आल इंडिया ग्लास मेनुफेक्चरर्स फेडरेशन

गोविंद मेशन, कनाट सर्कस
प्रधान—सी. एल जैन
फीरोजाबाद (उ० प्र०)
दिल्ली कार्यालय—५४१ एस्प्लेनेड रोड २२४५४३

इंडियन सुगर मिल्स एसोसियेशन

बैनर्जी बिल्डिंग, आसफ अली रोड
ब्राच सेक्रेट्री—श्री बी. पी. जैन २२०४४६
६६ मोडल बस्ती २२७१६८

आल दिल्ली सर्राफा एसोशियेसन

प्रधान—श्री किशनचन्द्र जैन
मन्त्री—ला० महताब सिंह जैन २२८४२८
१७३४ दरीबा कला २२६३६६

दिल्ली बिल्डिंग मेटीरियल मर्चेन्टस एसोशियेसन

प्रधान—ला० डिप्टीमल जैन २२३८०६
जी बी. रोड २२६७०६
कोषाध्यक्ष—श्री बिल्लोमल जैन
जी. बी. रोड

फैक्ट्री ओनर्स एसोसियेशन

प्रधान—श्री भीखूराम जैन २२७३२७
१५४६/३ एस पी. मुकर्जी मार्ग ५४२५६

दिल्ली फैक्ट्री ओनर्स फेडरेशन

सदस्य व्यवस्थापिका } श्री रविप्रकाश जैन ४५८२८
११ कौलिंग रोड ४७६५५

दिल्ली आयरन एण्ड हार्डवेयर मर्चेंटस एसोसियेशन

व्यवस्थापिका
सदस्य—ला० शाम लाल जैन ४०६५६
(मै० महावीर प्रसाद एण्ड संस)
चावड़ी बाजार २२६७३५

दिल्ली मोटर ट्रेडर्स एसोसियेशन

पी. बी. १०६८ कश्मीरी गेट
कोषाध्यक्ष—श्री एम एस जैन
(लक्ष्मी मोटर कं०)
डा० मुकर्जी मार्ग २२५६५४

दिल्ली ग्रेन मर्चेंटस एसोसियेशन

मंत्री—श्री राम नरायन जैन २२४७२७
नया बाजार

दिल्ली स्वीटमीट मर्चेंटस एसोसियेशन

प्रधान—ला० बसन्तलाल घटेवाला
चांदनी चौक २२३२०८

दिल्ली थ्रेड बाल मेनुफेक्चरर्स ऐसोसियेशन

सदर बाजार
प्रधान मंत्री—श्री पी. आर मित्तल
६५५, सदर बाजार २२८७२०

दिल्ली आयल मर्चेंटस एसोसियेशन

प्रधान—श्री उत्तम चन्द्र जैन
नया बाजार २२७७४६
मंत्री—श्री खैराती लाल जैन
नया बाजार

मेटल मर्चेंटस एसोसियेशन

प्रधान—ला० नन्हेमल जैन २६४७८
बाराटूटी, सदर बाजार २६७६२

दिल्ली इलेक्ट्रीकल ट्रेडर्स एसोसियेशन

प्रधान मन्त्री—श्री अजीत प्रसाद जैन
(सुप्रीम इलेक्ट्रिकल क०)
इलेक्ट्रीकल मार्केट,स्टैट बैंक के पीछे, चांदनी चौक

फेडरेशन आफ सदर बाजार ट्रेड एसोसियेशन

प्रधान मन्त्री—श्री पी. आर. मित्तल
६५५ सदर बाजार २२८७२०

फ्रूटस एण्ड वेजीटेबल मर्चेंटस एसोसियेशन

प्रधान—ला० लट्टोमल जैन
(लट्टोमल नानूराम जैन)
४२०० आर्यपुरा, सब्जी मण्डी २२६७४४

दिल्ली प्रिंटर्स एसोसियेशन

२६-ए. न्यू सेन्ट्रल मार्केट, कनाट सर्कस
प्रधान—श्री जुगल किशोर जैन
दुजाना हाउस, चावड़ी बाजार २२६१०५

दिल्ली वाच डीलर्स सिंडीकेट

पी. बी. १७५१, नई दिल्ली
जनरल सैक्रेटरी—श्री कैलाशचन्द्र जैन
(जयना वाच कम्पनी)
७/३२ दरियागंज २२६२८३

स्माल स्केल इन्डस्ट्रीज एसोसियेशन

३३ डिप्टीगज
जनरल सेक्रेट्री—श्री कैलाश चन्द्र जैन ५२३१३
३३ डिप्टीगज २२६३२६

दिल्ली स्टाक एक्सचेंज

डायरेक्टर—श्री प्रेमचन्द्र जैन
३२ हनुमान रोड

दिल्ली विश्वविद्यालय

(सदस्य-कोर्ट)

डा० डी. एस कोठारी ३२७६८
एम एस सी, पी एच. डी, एफ. एन. आई.
५ यूनीवर्सिटी मार्ग २२४३३३
डा० बी डी. जैन
एम.एस सी., पी एच.डी (लंदन) डी आई.सी. (लदन)
प्राध्यापक (कैमिस्ट्री)—दिल्ली यूनिवर्सिटी
श्री बशीलाल जैन
बी. एस सी, लेक्चरार—हिन्दू कालेज

सदस्य-एकेडेमिक काउंसिल

डा० डी. एस. कोठारी ३२७६८
एम. एस. सी., पी. एच. डी., एफ. एन. आई
५, यूनिवर्सिटी मार्ग २२४३३३

डा० एम. पी. जैन
बी. ए. (ग्रानर्स) एल. एल. एम., जे. एम. डी.
रीडर—ला फैकल्टी, दिल्ली विश्वविद्यालय

सदस्य—साइंस फेकल्टी

डा० डी. एस. कोठारी ३२७९८
(एक्स ग्राफीसिग्रो)
एम.एस.सी., पी एच.डी., एफ.एन.ग्राई. २२४३३३
५ यूनिर्वासिटी मार्ग

डा० बी. डी. जैन
(एक्स ग्रोफीसिग्रो)
एम.एस.सी, पी एच.डी. (लदन) डी ग्राई सी (लन्दन)
प्राध्यापक (कैमिस्ट्री)—दिल्ली विश्व विद्यालय

सदस्य-बोर्ड ग्राफ रिसर्च स्टडीज फार साइसेज

डा० डी. एस. कोठारी ३२७९८
एम एस. सी., पी. एच. डी.
एफ. एन. ग्राई. (फिजिक्स) २२४३३३

सदस्य—लायब्रेरी कमेटी

डा० डी एस. कोठारी ३२७९८
एम. एस. सी, पी. एच डी.
एफ. एन ग्राई. २२४३३३

साइंस कोर्सेज एडमिशन कमेटी

डा० डी. एस. कोठारी ३२७९८
एम. एस. सी, पी. एच. डी., एफ. एन. ग्राई.

ला कोर्सेज एडमिशन कमेटी

डा० एम बी. जैन
बी. ए. (ग्रानर्स) एल. एल एम.
जे. एस. डी.

कोर्सेज व स्टडीज कमेटी

साइंस फैकल्टी (फिजिक्स)

डा० डी. एस कोठारी ३२७९८
एच.एस.सी., पी.एच डी., एफ. एन. ग्राई. २२४३३३
एक्स ग्राफीसिग्रो चेग्ररमेन

साइंस फैकल्टी—कैमिस्ट्री

सदस्य—डा० बी. डी. जैन
एम. एस. सी, पी. एच. डी., डी. ग्राई. सी.

नर्सिग

सदस्य—श्रीमती पी. जैन
बी एस. सी. (ग्रानर्स)
एम. एस सी. (यू. एस. ग्रो)
कालेज ग्राफ नर्सिग, नई दिल्ली

एस्ट्रोनोमी व एस्ट्रोफिजिक्स

डा० डी. एस. कोठारी ३२७९८
एम. एस. सी., पी. एच. डी, एफ. एन. ग्राई.
५ यूनिर्वासिटी मार्ग २२४३३३

हिस्ट्री ग्राफ साइंस व साइंटिफिक मेथड

डा० डी एस. कोठारी ३२७९८
एम. एस. सी., पी. एच. डी.
एफ. एन. ग्राई. २२४३३३

डा० बी डी. जैन
एम. एस. सी., पी, एच. डी., डी. ग्राई. सी.

इण्डियन फिजीकल सोसायटी

प्रेसीडेंट—डा० डी. एस. कोठारी ३२७९८
५ यूनिर्वासिटी मार्ग २२४३३३

इण्डियन साइंस कांग्रेस

(फिजिक्स सेक्शन)

प्रेसीडेट—डा० डी. एस. कोठारी ३२७८८
५ यूनिर्वासिटी मार्ग २२४३३३

नेशनल इन्स्टीच्यूट ग्राफ साइंसेज आफ इण्डिया

मथुरा रोड

एडीटर ग्राफ पब्लीकेशन्स—
डा० डी. एस कोठारी २३१५१९
५ यूनिर्वासिटी मार्ग २२४३३३

साहित्य ऐकेडमी

सदस्य गवनिंग बोडी—श्री जैनेन्द्र कुमार
७/३६ दरियागंज २२४१०६

प्रादेशिक हिन्दी साहित्य सम्मेलन
दिल्ली

जनरल सेक्रेट्री—श्री अक्षयकुमार जैन २२४६६०
३३-३४ नेता जी सुभाष मार्ग
व्यवस्थापिका समिति सदस्य (१) श्री भगतराम जैन २४६६०
२०२३ बहादुरगढ़ रोड
(२) श्री जसवतसिंह जैन २२३८११
२५-डी कमलानगर
(३) श्री श्रीपाल जैन
सेंट्रल हिंदी डायरेक्टोरेट

दिल्ली लायब्रेरी एसोसियेशन

उप-प्रधान—ला० डिप्टीमल जैन २२६७०६
चांदनी चौक २२३८०६

रिसर्च कमेटी—हिन्दी विभाग—दिल्ली विश्वविद्यालय

जनरल सेक्रेट्री—डा० बिमलकुमार जैन २२६८०२
प्राध्यापक, दिल्ली कालेज, अजमेरी गेट

हिन्दी प्रचार समिति, दिल्ली

प्रेसीडेंट—डा० बिमलकुमार २२६८०२
प्राध्यापक, दिल्ली कालेज, अजमेरी गेट

प्रादेशिक हिन्दी साहित्य सम्मेलन

आर्यपुरा, सोहनगंज मंडल

प्रधान—डा० बिमलकुमार २२६८०२
दिल्ली कालेज, अजमेरी गेट

प्रादेशिक हिन्दी साहित्य सम्मेलन
दरियागंज मण्डल

प्रधान—श्री अक्षयकुमार जैन २२८१६१
३३-३४ नेता जी सुभाष मार्ग २२६४६०

कोषाध्यक्ष—श्री प्रकाशचन्द्र २२४५३५
सदस्य व्यवस्थापिका समिति श्री गोकुलप्रसाद जैन ३६३१६
२१, दरियागंज

इंटरनेशनल एकेडमी आफ इंडियन कल्चर

जे-२२ हौज़ खास एन्क्लेव
प्रधान—श्री आर० के० जैन ४५८२८
११ कीलिंग रोड ४७६५६

यूनाइटेड स्कूल्स आर्गेनाइजेशन आफ इंडिया

१७१५ आर्य समाज रोड
जनरल सेक्रेट्री—श्री जियालाल जैन २१५३४०
आर्य समाज रोड ५२६४४

दी इंटरनेशनल कल्चरल फोरम

२६५३ रोशनपुरा, नई सडक
सेक्रेट्री जनरल श्री एस पी जैन 'नसीम'
२६५३ रोशनपुरा, नई सडक २२३७१६

रोटेरी क्लब आफ इन्डिया

२०/१ आसफअली रोड, दिल्ली शाखा
कोषाध्यक्ष—श्री जवाहर लाल राकयाज ४८४३२
१४५ सुन्दर नगर ७५४६४

इंडियन वेजीटेरियन कांग्रेस
दिल्ली शाखा (फोन-२६४०५)

वाइस प्रेसीडेंट सेठ आनन्द राज सुराणा
१३६८ चादनी चौक
उप मंत्री—(१) श्री निहाल चन्द राकयाण
(२) श्री अमृतलाल जिंदल
८१५ सुन्दर नगर

दिल्ली नेचरोपोथिक सोसायटी

उप प्रधान—ला० डिप्टीमल जैन २२६७०६
चादनी चौक २२४८०६

इंडियन रेड क्रास सोसायटी

दिल्ली स्टेट ब्रांच
सदस्य व्यवस्थापिका—श्री लक्ष्मी चन्द्र जैन ४२५२१
गली जैन मन्दिर
दिल्ली-शहादरा २२३२०१/२०७

इंडियन रेडक्रास सोसायटी

दिल्ली-शहादरा शाखा
प्रधान—श्री लक्ष्मी चन्द्र जैन ४२५२१
शारदा भवन, गली जैन मन्दिर
दिल्ली-शहादरा २२३२०१/२०७

टी. बी. आफ्टर केयर कमेटी

सदस्य— व्यवस्थापिका } श्री लक्ष्मी चन्द्र जैन ४२५२१ गली जैन मन्दिर

दिल्ली-शहादरा २२३२०१/२०७

भारतीय महिला एजूकेशनल सोसायटी

मैनेजिंग डायरेक्टर—श्री लक्ष्मी चन्द्र जैन ४२५२१
शारदा भवन, गली जैन मन्दिर
दिल्ली-शहादरा २२३२०१/२०७

श्री फीरोज गांधी मेमोरियल कमेटी

कन्वीनर—श्री बलबीर चन्द जैन ३६३१६
३६५ चित्रगुप्त रोड

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी

अजमेरी गेट

सदस्य—श्री सुमेर चन्द्र
निकल्सन रोड २२५८१६

डिस्ट्रिक्ट कांग्रेस कमेटी

दिल्ली नगर

सदस्य (व्यवस्थापिका समिति)-ला० डिप्टीमल जैन २६७०६
चादनी चौक २२३८०६

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सदस्य दिल्ली म्यू० कार्पोरेशन } श्री भीखूराम जैन २५६६६ पहाड़ी धीरज २७३२७

डिस्ट्रिक्ट कांग्रेस कमेटी

नई दिल्ली

व्यवस्थापिका
सदस्य—ला० उल्फत राय जैन
१०५ बेग्रर्ड रोड ४७३१८

इलेक्टोरल कालेज राज्य सभा

सदस्य—श्री उल्फत राय जैन
१०५ बेग्रर्ड रोड ४७३१८

मंडल कांग्रेस कमेटी

दरीबा

सेक्रेट्री—श्री भाग चन्द्र जैन
देव नागरी विद्यालय, किनारी बाजार

मंडल कांग्रेस कमेटी

विनय नगर

सेक्रेट्री—श्री अजित प्रसाद जैन
एफ १६७ (सी. टाइप) लक्ष्मीबाई नगर
युसुफसराय

मंडल कांग्रेस कमेटी

दिल्ली छावनी

उप प्रधान—ला० चम्पालाल जैन

भारतीय जनसंघ

अजमेरी गेट

उप प्रधान—श्री किशन लाल

राम नगर दरीबा पान मंडल

उप प्रधान—श्री धर्मचन्द्र जैन

पहाड़गंज मंडल

उप प्रधान—श्री सूरज भान जैन, प्रतिनिधि
श्री रतन लाल म्यू० कांउसिलर

चांदनी चौक मंडल

मंत्री—श्री शीतल प्रसाद जैन

बल्लीमारान मंडल

उप प्रधान—श्री सुन्दर लाल

डिप्टीगंज मंडल

उप प्रधान—श्री मानक चन्द्र जैन
स० मंत्री—श्री कैलाश चन्द्र जैन
कोषाध्यक्ष—जी हुकुम चन्द्र जैन
प्रदेश प्रतिनिधि—श्री ओम प्रकाश, म्यू कांउसिलर

माली वाड़ा मंडल

मंत्री—श्री जम्बू प्रसाद जैन

कमला नगर मंडल

सदस्य

व्यवस्थापिका—श्री योगेन्द्र कुमार जैन

नजफगढ़ मंडल

मंत्री—श्री ज्योती प्रसाद

दिल्ली-शाहादरा

कोषाध्यक्ष—श्री सूरजभान

भारतीय जनसंघ समिति, माडल टाउन

उप प्रधान—श्री अमीर सिंह जैन

डी. २/६ माडल टाउन

आल इण्डिया डिप्रेस्ड क्लासेज यूथ लीग

१३ शंकर मार्केट

आफिस सेक्रेट्री—श्री बलबीर चन्द्र जैन ३६३१६

३६५ चित्रगुप्त रोड

हिन्द स्वीपर्स सेवक समाज

१६६ नार्थ एवेन्यू

सोशल सेक्रेट्री—श्री बलबीर चन्द्र जैन २२६३१६

३६५ चित्रगुप्त रोड

बाल्मीक सेवक समाज

१७ नार्थ एवेन्यू

जनरल सेक्रेट्री—श्री बलबीर चन्द्र जैन ३६३१६

३६५ चित्रगुप्त रोड

सेंट्रल सेक्रेटेरियट असिस्टेंट्स ग्रेड एसोसियेशन

कोषाध्यक्ष, उप-प्रधान—श्री आर० आर० जैना

१०२ बैरन रोड

जनरल सेक्रेट्री—श्री कैलाश चन्द्र जैन

२७ क्लाइव स्क्वेअर

डिपार्टमेंटल स्टाफ क्लब, आर्मी हेड क्वार्टर्स

चेअरमेन—श्री हंस कुमार जैन ३१२५५

२७ हेवलाक स्क्वेअर

डी. ए. जी. (पी. एण्ड टी.) स्टाफ क्लब ओल्ड सेक्रेटेरियट

प्रेसीडेंट—श्री अरिदमन कुमार जैन

५१ थामसन रोड

स्वतन्त्र कोआपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड

(किलोकरी गांव) रिंग रोड

सेक्रेट्री—गुलाब चन्द्र जैन ७३८५६

दिलशाद ट्रस्ट

सेक्रेट्री—श्री लक्ष्मीचन्द जैन ४२५२१

शारदा भवन, गली जैन मंदिर

दिल्ली-शहादरा २३२०१/२०७

चेम्सफोर्ड क्लब

रायसीना रोड

सदस्य व्यवस्थापिका समिति — श्री रवि प्रकाश जैन ४५८२८

११ कौलिंग रोड ४७६५६

दरियागंज एसोशियेसन

प्रधान—श्री नाहरसिंह जैन

४० नताजी सुभाष मार्ग २७५६१

शाहदरा यूथ फेस्टीवल कमेटी

प्रधान—श्री लक्ष्मीचन्द जैन ४२५२१

शारदा भवन, गली जैन मंदिर

दिल्ली-शहादरा २२३२०१/२०७

श्री रामलीला कमेटी

दिल्ली-शहादरा

वाइस प्रेसीडेंट—श्री हरीचन्द्र जैन

दिल्ली-शहादरा

आर्य कन्या मिडिल स्कूल

शहादरा

सदस्य (एक्जीक्यूटिव)—

श्री लक्ष्मी चन्द्र जैन ४२५२१

शारदा भवन, गली जैन मन्दिर

दिल्ली शहादरा २२३२०१/२०७

दिल्ली के १०१ दर्शनीय स्थान

१ लाल किला—यह दिल्ली के दर्शनीय स्थानो मे सबसे प्रमुख है। इसका निर्माण सम्राट शाहजहा ने सन् १६३८ मे आरम्भ किया था और १० वर्ष के कठिन परिश्रम के बाद सन् १६४८ मे पूर्ण हुआ। उस काल के अनुसार इसकी लागत का अनुमान एक करोड रुपया लगाया जाता है। किले की चहार दीवारी लगभग १½ मील लम्बी है। अन्दर से किले की लम्बाई ३,००० फुट और चौडाई १,८०० फुट तक है। किले की दीवार नदी की ओर ६० फुट तथा शहर की ओर ११० फुट तक ऊंची है। किले मे जाने के लिए दो मुख्य द्वार है। इनमे से चादनी चौक की ओर वाले द्वार को 'लाहौरी गेट' और जामा मसजिद वाले द्वार को 'दिल्ली गेट' कहते है।

लाल किले के पुराने नाम "किला-ए-मुबारक', 'किला-ए-शहजहानबाद' व 'किला-ए-मुल्ला' आदि भी है। किले के अन्दर वर्तमान दर्शनीय स्थानो मे से 'नौबतखाना,' 'दीवान-ए-आम' 'दीवान-ए-खास', और 'रंगमहल' प्रमुख है।

दर्शको को किले के अन्दर जाने के लिए लाहौरी गेट से टिकट खरीदना पड़ता है। किले के अन्दर प्रवेश करने के बाद सबसे पहले 'छत्ता चौक' आता है। यह एक विशाल छत के नीचे बना एक दोमंजिला बाजार है। इस बाजार में दोनों ओर ३२-३२ दुकानो की कतारें है।

छत्ता चौक से आगे बढ़ने पर एक चौकोर मैदान के अन्त में एक विशाल द्वार दिखायी देता है। इस द्वार के ऊपर बारहदरी बनी है जहां मुगल काल मे दिन मे पाच पांच बार नौबत बजा करती थी। इस भवन को 'नौबत खाना' या 'नक्कार खाना' कहते है। वर्तमान में इसमे 'भारतीय युद्ध स्मारक पुरातत्वालय' स्थापित है।

नक्कार खाने से निकलते ही 'दीवान-ए-आम' का विशाल कक्ष दिखाई पडता है। यह कक्ष सामने की ओर तीन तरफ से खुला है। कक्ष की छत को सहारा देने के लिए सामने की ओर ६ महराब है और उनके पीछे चौडाई मे ३-३ महराबो की कतार है। पीछे की दीवार के मध्य में संगमरमर की परछत्ती बनी है जिसे 'नशीमन-ए-जिल-ए-इलाही' कहा जाता है। इस परछत्ती के साथ बने छज्जे पर राजा के बैठने का स्थान रहता था।

दीवान-ए-खास के पास एक अन्य भवन है जिसे 'मुमताज महल' कहा जाता है। किसी समय यह भवन शाही हरम का एक भाग था। अग्रेजी काल मे बहुत दिनो तक इसको सैनिक कारागार रखा गया। वर्तमान मे इस भवन मे 'पुरातत्व म्यूजियम' स्थापित है। जिसमे प्राचीन अभिलेखो, सिक्कों, चित्रों आदि का अमूल्य सग्रह है।

शाही हरम का दूसरा प्रमुख भवन 'रग महल' है। यह प्रमुख बेगम का निवास गृह हुआ करता था। भवन की पूर्वी दीवार में पाच खिड़कियां हैं। जहा से बेगमें हाथियों का युद्ध देख सकती थी। भवन के मध्य मे संगमरमर की एक नहर बनी है जिसमे स्थान स्थान पर फुहारे बने है। इस नहर का उद्गम एक विशाल फुहारे से है। जिस पर फूल पत्तियों की अनोखी कारीगरी की गयी है। इस नहर को 'नहर-ए-बहिश्त' कहा जाता है।

'दीवान-ए-खास' तीन कमरो का एक समूह है। मध्य के कमरे से मिला एक बुर्ज है जिसे 'मुसम्मन बुर्ज' कहा जाता है। इस बुर्ज पर खड़े होकर राजा अपनी प्रजा को दर्शन दिया करते थे। यह सारा भवन सफेद संगमरमर का बना हुआ है। मध्य के कमरे का आकार ४८' × २७'

फुट है और इसकी छत पर सोने चांदी का काम बना है। इसी भवन में इतिहास प्रसिद्ध 'म्यूर सिंहासन' या 'तख्त-ए-ताउस' रखा रहता था। जिसकी लागत का अनुमान ६ करोड़ रुपया था। सन् १७३६ मे नादिरशाह इस सिंहासन को लूटकर ईरान ले गया।

'दीवान-ए-खास' के उत्तर मे शाही स्नानघर 'हम्माम' बना है। इस हम्माम मे नहाने के लिए ठंडे व गर्म पानी था प्रबन्ध रहता था। गुलाब जल से सिंचित एक फुहारे का भी प्रबन्ध है। कहा जाता है कि इस हम्माम को एक बार गर्म करने के लिए १२५ मन लकड़ी की आवश्यकता होती थी।

शाहजहा ने अपने काल में किले मे कोई मस्जिद नही बनवाई थी। परन्तु औरंगजेब ने १६ लाख रुपये की लागत से 'मोती मस्जिद' का निर्माण करवाया। यह मस्जिद सफेद और भूरी धारी वाले संगमरमर के मेल से बनी है।

इनके अतिरिक्त किले मे 'हीरा महल', 'हयात बख्श उद्यान','सावन-भादो','जफर महल' आदि दर्शनीय है। किले के नीचे बना 'फासी घर' अब दर्शको के लिए बन्द कर दिया गया है।

२ **लाल मन्दिर**—लाल किले के लाहौरी दरवाजे के सामने ही श्री दिगम्बर जैन लाल मन्दिर है। इस मदिर का निर्माण भी शाहजहा के काल मे हुआ था। मन्दिर के अन्दर सन् १८४१ मे भट्टारक जिनचन्द्र द्वारा प्रतिष्ठित भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति दर्शनीय है। मन्दिर के समक्ष एक मान-स्तम्भ का नवीन निर्माण हुआ है।

३ **पक्षियों का चिकित्सालय**—यह सस्था विश्व मे अपने प्रकार की एक ही सस्था है। इसके विशाल दो-मजिला भवन में ऊपर की मजिल मे बीमार पक्षियो के निवास के लिए कई भागो मे बटा एक विशाल कक्ष है। कुशल चिकित्सकों द्वारा यहा रोगी व घायल पक्षियों का इलाज किया जाता है।

४. **जैन साहित्य सदन**—लाल मन्दिर के बाहरी भाग मे यह विशाल पुस्तकालय स्थापित है। यहां पर जैन धर्म व तत्सम्बन्धी पुस्तको का संकलन किया जा रहा है। इस समय तक लगभग ७,००० अर्वाचीन व प्राचीन पुस्तकें एवं हस्तलिखित शास्त्रादि सग्रहीत किये जा चुके हैं। यहां पर रिसर्च करने वालों के लिए अध्ययन की विशेष सुविधा है।

५. **आपा गंगाधर का शिवालय**—यह लाल मंदिर के निकट ही स्थापित है। यह 'गौरीशंकर' के मन्दिर के नाम से प्रसिद्ध है। इसका निर्माण मुगल काल में हुआ था। मदिर के सामने के भाग में हाल ही में एक विशाल सभा भवन का निर्माण हुआ है।

६. **जामा मस्जिद**—यह देश की सबसे विशाल मस्जिद है। इसका निर्माण शाहजहा ने कराया था। यह मस्जिद लाल पत्थर व संगमरमर के मेल से बनायी गयी है। मस्जिद के अंदर का चौक ३२५ फुट आकार का है। मीनारो की ऊचाई १३० फुट है। मस्जिद के मुख्य भवन की लम्बाई २०१ फुट व चौडाई १२० फुट है। कहा जाता है कि इस मस्जिद मे पैगम्बर मुहम्मद के अवशेष सुरक्षित रखे गये है जिससे इसकी पवित्रता बढ़ गई है।

७ **जैन मंदिर, सेठ का कूंचा**—यह मन्दिर सन् १८३४ मे बना था। मन्दिर के अन्दर मुख्यवेदी के चारो ओर दीवारो पर कुशल चित्रकारों द्वारा अकित धार्मिक दृश्यावलिया दर्शनीय हैं। मूलनायक प्रतिमा भगवान ऋषभदेव की सन् ११६४ की प्रतिष्ठित है। मन्दिर के शास्त्र भंडार में लगभग १,४०० हस्तलिखित ग्रथ हैं।

८. **नया मंदिर, धर्मपुरा**—इस मन्दिर का निर्माण सन १८०० मे राजा हरसुखराय ने कराया था जो कि बादशाह शाहआलम द्वितीय के खजाची थे। उस काल मे इसकी लागत का अनुमान आठ लाख रुपए था। मन्दिर की मुख्य वेदी पर सन् १८०७ मे प्रतिष्ठित भगवान आदिनाथ की भव्य मूर्ति विराजमान है। इस मदिर मे स्फटिक, मरकत व नीलम आदि की प्रतिमाये दर्शनीय है। मूल वेदी की पच्चीकारी का काम ताजमहल की पच्चीकारी से भी सुन्दर कहा जाता है।

९. **पंचायती मंदिर**—यह मन्दिर धर्मपुरा से आगे गली मजिसद खजूर मे स्थित है। इसका निर्माण सन् १७४३ मे मुहम्मदशाह द्वितीय के सैनिक पदाधिकारी आयामल ने कराया था। इस मन्दिर में भगवान पार्श्वनाथ की श्यामवर्ण पाषाण से निर्मित ५ फुट ६ इंच ऊंची

प्रतिमा दर्शनीय है। इस मन्दिर में अनेक रत्न प्रतिमायें भी विराजमान हैं।

१०. मेहर मन्दिर—यह मंदिर मस्जिद खजूर के बाहर स्थित है। इसमे नंदीश्वर द्वीप के ५२ चैत्यालयो की अपूर्व रचना दर्शनीय है।

११. पद्मावती पुरवाल मन्दिर—यह मेहर मंदिर के पास ही स्थित है। इसका निर्माण सन् १९३६ मे पद्मावती पुरवाल दिगम्बर जैन समाज ने किया।

१२. नौघरा मन्दिर—यह मन्दिर किनारी बाजार के मुहल्ला नौघरा में स्थित है। इसका निर्माण शाहजहा के राज्यकाल मे हुआ। मन्दिर मे भगवान पार्श्वनाथ की श्याम पाषाण से निर्मित चतुर्मुखी प्रतिमा दर्शनीय है। मन्दिर के भवन मे स्वर्ण चित्रकारी भी है।

१३. वैद्यवाडा मंदिर—यह मंदिर नई सडक से आगे वैद्यवाडा मुहल्ले मे स्थित है। इस मंदिर मे स्फटिक आदि बहुमूल्य पाषाणो से निर्मित २००-२५० प्राचीन मूर्तिया दर्शनीय है। मन्दिर के शास्त्र भंडार मे अनेक हस्तलिखित ग्रथ भी है।

१४. दरीबा कलां—यह जामा मस्जिद और चादनी चौक को मिलाने वाली मुख्य सडक है। दोनो ओर सुन्दर दुकाने है जिनमे अधिकतर जौहरी व सर्राफ व्यापारी होने के कारण यह दिल्ली का सर्व प्रमुख सर्राफा बाजार समझा जाता है।

१५. शीशगंज गुरुद्वारा—दरीबा कला से चादनी चौक मे पहुचने पर यह बाए हाथ पर कोतवाली के साथ ही स्थित है। औरंगजेब के समय सन् १६२५ में इसी स्थान पर नवे गुरू श्री तेग बहादुर का बलिदान हुआ था। वर्तमान भवन का निर्माण प्रथम महायुद्ध के अन्त मे हुआ था।

१६. फौहारा—यह चादनी चौक मे कोतवाली के सामने स्थित है। १८५७ के स्वातन्त्र्य सग्राम के समय इस स्थान पर कुछ पेड़ो का समूह था जिन पर रस्सिया डालकर देशभक्तो को फासिया दी गयी थी। बाद मे कटु स्मृति को भुलाने के लिए उन पेड़ों को काटकर उस स्थान पर एक विशाल और सुन्दर फ़ुहारे का निर्माण किया। आज कल यह स्थान आवागवन का एक प्रमुख स्थान है। यहा से दिल्ली के हर भाग के लिए दिल्ली परिवहन की बस प्राप्य हो सकती है।

१७. मारवाड़ी पुस्तकालय—इस पुस्तकालय की स्थापना सन् १९१५ मे हुई थी। यह क्रांतिकारियों की योजनाओं का एक प्रमुख स्थान रहा है। इस पुस्तकालय में आजादी के इतिहास से सबधित पुस्तको का एक विशाल सग्रह था जो दमन काल मे नष्ट कर दिया गया। आजकल यह दिल्ली के सर्वप्रमुख पुस्तकालयों मे से एक है।

१८. सुनहरी मस्जिद—यह रोशन-उद्-दौला की सुनहरी मस्जिद के नाम से प्रसिद्ध है और मारवाड़ी पुस्तकालय के सामने स्थित है। इस मस्जिद के गुम्बदो पर सुनहरा पानी चढा होने के कारण ही इसका नाम 'सुनहरी मस्जिद' पडा। कहा जाता है कि इसी मस्जिद मे नादिरशाह ने अपनी तलवार उठाकर दिल्ली में कत्ले आम की घोषणा की थी और यही से शहर के विनाश का दृश्य देखा था।

१९. चांदनी चौक—यह पुरानी दिल्ली का सर्व प्रमुख बाजार है। यह लाल किले के लाहौरी गेट के सामने लाल मन्दिर से आरम्भ होकर एक मील तक फतहपुरी मस्जिद के सामने जाकर समाप्त होता है। किसी जमाने मे इस बाजार के बीचोबीच एक पक्की नहर बनी थी जो अब पाट दी गयी है। दिल्ली की समस्त पुरानी फर्मों के मुख्य कार्यालय अधिकतर इसी बाजार मे स्थित हैं। इसी बाजार मे किसी समय पुराना घटाघर स्थित था जो सन् १९५१ मे गिर गया।

२०. महावीर भवन—यह दिल्ली के श्वेताम्बर जैनों की कार्य विधि का एक प्रमुख केन्द्र है। इसी भवन मे महावीर जैन पुस्तकालय स्थापित है जिसमें जैन धर्म व तत्सम्बन्धी पुस्तको का अमूल्य संकलन है। यहा पर जैन मुनियों व साध्वियों के ठहरने आदि की बहुत सुन्दर व्यवस्था है।

२१. टाउन हाल—यह चादनी चौक के मध्य में बना एक दो मंजिला भवन है। पुरानी दिल्ली की अधिकांश सांस्कृतिक कार्रवाइया इसी भवन के विशाल 'दरबार हाल' में सम्पन्न होती हैं। आजकल यहा दिल्ली नगर निगम का मुख्य कार्यालय स्थापित है।

२२. **फतहपुरी मसजिद**—यह मस्जिद चांदनी चौक के अन्त में बाजार फतहपुरी के मध्य में स्थापित है। इसका निर्माण शाहजहां की एक पत्नी 'फतहपुरी बेगम' ने करवाया था। मस्जिद का प्रांगाढ बहुत विशाल है।

२३ **बेगम बाग या गांधी पार्क (क्वींस गार्डन)**—यह बाग दिल्ली के प्राचीन विशाल बागों मे से एक है और दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने फतहपुरी से आरम्भ होकर फुहारे तक जाता है। इसका निर्माण शाहजहाँ की पुत्री और औरगजेब की बहन जहानआरा बेगम ने कराया था। किसी समय मे इस बाग मे यात्रियो के ठहरने के लिए एक विशाल सराय थी। अब इस बाग के मध्य मे नवीन निर्माण किया गया है और महात्मा गाधी की एक मूर्ति स्थापित की गयी है।। इस बाग के फतहपुरी वाले भाग में प्रदर्शनियो का स्थान है और फुहारे वाले भाग मे एक विशाल मैदान है जहां सभा आदि होती है।

२४ **दिल्ली पब्लिक पुस्तकालय**—इस पुस्तकालय की स्थापना हाल ही मे हुई है तदापि सरकारी और विदेशी सहायता के कारण यह दिल्ली का सर्व प्रमुख पुस्तकालय एव वाचनालय बन गया है। यहा पर सास्कृतिक कार्यक्रमो मे रुचि रखने वालो के लिए एक रगशाला भी है।

२५ **हार्डिग पुस्तकालय**—यह विशाल पुस्तकालय गाधी पार्क के फुहारे वाले भाग मे बना है। यहा एक विशाल वाचनालय के अतिरिक्त अनुसधान कार्य करने वालो के लिए पढने के स्थान का विशेष प्रबन्ध है। भवन के सामने एक विशाल अशोक स्तम्भ का निर्माण किया जा रहा है।

२६. **सलीमगढ़**—लाल किले के उत्तरी सिरे पर इस किले के खडहर अब भी दिखाई देते है। यह किला शेरशाह सूरी के पुत्र सलीमशाह ने १६ वी शताब्दी के मध्य मे हुमायूं के आक्रमण से सुरक्षा के लिए बनवाया था। जहागीर ने अपने राज्यकाल मे इस किले के साथ एक पुल भी बनवाया जिस पर आजकल रेल की लाइन है।

२७. **दिल्ली पालीटेकनिक**—यह कश्मीरी गेट के पास एक प्राचीन भवन में स्थित है। यहां पर दिल्ली के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कला कौशल के अध्ययन का प्रबन्ध है

२८. **सेंट जेम्स चर्च**—यह गिरजाघर काफी प्राचीन है। कहा जाता है कि 'जेम्स स्किनर' नामक एक अंग्रेज कर्नल ने युद्ध मे शोचनीय रूप से घायल होने पर यह प्रण किया कि यदि उसकी जान बच गयी तो वह एक गिरजाघर बनवायेगा। अच्छा हो जाने पर कर्नल और उसके सम्बन्धियो द्वारा प्रदत्त धन से इस गिरजे का निर्माण हुआ।

२६. **कश्मीरी द्वार**—दिल्ली के प्राचीन ६ द्वारो मे से बाकी बचे दो द्वारों में से यह भी एक है। इसके दोनो ओर बनी प्राचीर भी अभी तक वर्तमान है। उचित देखभाल के अभाव मे आजकल इस द्वार की स्थिति जर्जर हो गयी है। सन् १८५७ मे इस द्वार पर कब्जा करने के लिए तोपो ने इस पर भीषण गोली वर्षा की थी।

३०. **कुदसिया बाग**—यह बाग कश्मीरी द्वार के बाहर स्थित है। इसका निर्माण मुहम्मद शाह रगीले की पत्नी 'कुदसिया बेगम' ने सन् १७४८ में कराया था।

३१. **पुराना सचिवालय**—नयी दिल्ली बनने से पहले यह सरकार का मुख्य कार्यालय था। यह दिल्ली के प्राचीन भव्य भवनो में से एक है। आजकल यहा केन्द्रीय सरकार के कुछ कार्यालय स्थापित है

३२. **जीतगढ़ टावर**—यह मीनार दिल्ली विश्वविद्यालय के पास एक पहाड़ी पर स्थित है। इसका निर्माण अग्रेजों ने सन् १८५७ के क्रान्ति के दमन के उपरान्त कराया था। यह लाल पत्थर की बनी तिमजिला मीनार है जिसमें ऊपर तक जाने के लिए पत्थर की चक्करदार सीढ़िया बनी हैं।

३३. **दिल्ली विश्वविद्यालय**—इस विश्वविद्यालय की गणना दिल्ली के प्रमुख विश्वविद्यालयों मे की जाती है। इस के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों के भवन एक ही क्षेत्र में बने हैं। यहां पर विभिन्न विषयों की शिक्षा का प्रबन्ध है।

३४. **जैन मन्दिर रूपनगर**—यह मन्दिर सन् १६६१ में बन कर कर तैयार हुआ। इसका निर्माण पजाब से आए हुए जैनों की संस्था श्री 'आत्मानन्द जैन सभा' द्वारा हुआ। मन्दिर का विशाल एवं कलात्मक भवन दर्शनीय है।

३५. **कारोनेशन पिलर**—यह दिल्ली विश्वविद्यालय से आगे चलकर, रेडियो कालोनी की सडक के अन्तिम छोर

पर स्थित है। यह वह स्थान है जहां पर किसी समय दरबार लगाया गया था। उसी के स्मृति स्वरूप इस पत्थर के विशाल स्तम्भ का निर्माण किया गया। इसके चारो ओर ऊचे बांध पर बबूल का वन लगाया गया है।

३६. बादली की सराय—ग्रांड ट्रक रोड से करनाल की ओर से आते हुए आजादपुर और इन्द्रानगर के बीच सराय भरौला मे इस विशाल सराय के खडहर दिखायी पडते हैं। किसी समय यह व्यापार का एक प्रमुख केन्द्र थी।

३७. शालीमार बाग—माडल टाउन से आगे करनाल रोड पर इस विशाल बाग के भग्नावशेष स्थित है। ३०० वर्ष पूव शाहजहा की पत्नी 'बेगम अकबराबादी' ने इसका निर्माण कराया। पुराने ग्रन्थो मे इस विशाल बाग की सुन्दरता का विवरण पाया जाता है। इसका निर्माण कश्मीर के बागो के अनुरूप हुआ था। अब भी विशाल बारहदरी के चिह्न दिखाई देते हैं।

३८ त्रिपोलिया द्वार—शालीमार बाग से जी. टी रोड पर आते हुए राना प्रताप बाग के सामने तीन प्राचीन द्वारो का समूह स्थित है। इन द्वारों का निर्माण सन १७२८-२९ मे एक मुगल सरदार 'नजीर महालदार खा' ने कराया था। किसी समय इन द्वारों के आगे एक विशाल प्राचीन बाजार था।

३९ रूपराम टावर—वह टावर सब्जी मण्डी के बाजार मे स्थित है और इसका निर्माण एक स्थानीय व्यवसायी ने कराया था। इस टावर मे चारों ओर विशाल घडिया लगी है।

४० रोशनआरा बाग—इसका निर्माण शाहजहां की पुत्री 'रोशनआरा बेगम' ने कराया था। बाग के सुन्दर द्वार के भग्नावशेष अब भी स्थित हैं। अन्दर की विशाल बारहदरी अभी अच्छी हालत में हैं। आजकल इस बाग के मध्य में कई लाख रुपयों की लागत से एक जापानी तरीके का बाग बनाया जा रहा है।

४१. दिल्ली मिल्क कालोनी—इसका निर्माण ईस्ट पटेल नगर के पास एक विशाल क्षेत्र में किया गया है। यह भारत की दूसरी सब से विशाल डेरी है और यहां से नगर को दूध व तत्सम्बन्धी पदार्थ शुद्ध रूप में उपलब्ध किये जाते हैं।

४२ भारतीय कृषि अनुसंधान शाला—यह पूसा मे एक विशाल क्षेत्र मे स्थित है। यहां पर कृषि सम्बन्धी समस्याओं को सुलझाने के लिए खोज कार्य होता है।

४३. राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एन. पी. एल)—यह पूसा के पास पहाडी पर स्थित है। यहां राष्ट्रीय भौतिक गवेषणा का कार्य अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है।

४४. बुद्ध जयन्ती पार्क—यह ईस्ट पटेल नगर के पास पहाडी पर बनाया जा रहा है। यहां पर सुन्दर उद्यानो के अतिरिक्त नहर व जलाशय आदि भी बनाये जा रहे है।

४५. तालकटोरा बाग—यह शंकर रोड से बिरला मन्दिर जाने वाले मार्ग पर स्थित है। यहा पर अनेक सास्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन होता है। बाग अब भी सुन्दर स्थिति मे है।

४६ लक्ष्मीनारायण मन्दिर—पहाडी से नीचे उतर कर यह मन्दिर स्थित है। इसका निर्माण प्रसिद्ध उद्योगपति श्री बिरला ने कराया है। मन्दिर के साथ गीता भवन, व्यायाम शाला, बौद्ध मन्दिर व उद्यान आदि दर्शनीय है।

४७. हरिजन बस्ती प्रार्थना स्थल—यह स्थान हरिजन बस्ती के मध्य मे स्थित है। यहां महात्मा गाधी की प्रार्थना सभा हुआ करती थी।

४८. राष्ट्रपति भवन—अग्रेजी जमाने मे यहा वायसराय का निवास था। आजकल यहां भारत के राष्ट्रपति के रहने के साथ साथ विशेष विदेशी आभ्यागतो के निवास की भी व्यवस्था है।

४९. मुगल उद्यान—यह प्रसिद्ध उद्यान राष्ट्रपति भवन के एक भाग मे स्थित है। यहा पर देशी-विदेशी सहस्रों प्रकार के फूल व वृक्ष उगाये गये हैं। वर्ष में कई बार निश्चित अवधियों के लिए यह दर्शकों के लिए खोला जाता है।

५०. संसद भवन—यहां का विशाल गोलाकार भवन वास्तव में दिल्ली का प्रतीक बन गया है। मध्य के विशाल कक्ष में राज्य सभा व लोक सभा के सदस्यों के बैठने के लिए अर्ध गोलाकार रूप में मेज कुर्सियां लगी है। कक्ष के चारों ओर के भवनों में विभिन्न कार्यालय हैं।

५१. संसद पुस्तकालय—यह दिल्ली के सर्व प्रमुख पुस्तकालयों में से एक है। यहां पर कानून व न्याय की पुस्तकों का विशाल संकलन है।

५२. नेशनल म्युजियम आफ इंडिया—यह राष्ट्रपति भवन के एक भाग मे स्थित है। यहां अनेक अलभ्य वस्तुओं का दुर्लभ संकलन है। यह प्रात १० से ५ तक खुला रहता है।

५३. विजय चौक—राष्ट्रपति भवन के सामने यह एक विशाल चौक है जिसमें दोनो ओर सुन्दर लाल पत्थर के फुहारे बने हैं। यहा से इंडिया गेट तक एक चौड़ा राजपथ है जिसके दोनो ओर केन्द्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के भवन स्थित हैं जिनमें रेल भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन, वायुसेना भवन, विज्ञान भवन आदि बनकर तैयार हो चुके हैं।

५४. आकाश वाणी—यह ससद भवन के सामने पार्लियामेंट मार्ग पर स्थित है। इसका तिकोना भवन अनोखा बना है। यहां से देश के समस्त रेडियो केन्द्रों का सचालन होता है।

५५. रिजर्व बैंक आफ इंडिया—यह आकाशवाणी के सामने स्थित एक विशाल भवन है। यह बैंक के अतिरिक्त अनेक पूंजी सम्बन्धी सरकारी कार्यालय स्थित है।

५६. जंतर मंतर—रिजर्व से आगे एक सुन्दर पार्क मे यह विभिन्न आकार प्रकार की इमारतो का समूह है। इसका निर्माण जयपुर के प्रसिद्ध राजा जयसिंह द्वितीय ने कराया था। यह पर नक्षत्र सम्बन्धी खोज की जाती थी। भारत में राजा जयसिंह ने विज्ञान की खोज के लिए इस प्रकार की चार वेधशालाओ का निर्माण कराया था।

५७. नयी दिल्ली टाउन हाल—यह जंतर मंतर के सामने स्थित है। यहा पर नयी दिल्ली नगर सभा के विभिन्न कार्यालय स्थित हैं।

५८. कनाट प्लेस—यह नयी दिल्ली का विश्व प्रसिद्ध बाजार है। यहा पर एक विशाल गोलाकार रूप मे दो

मंजिला भवन बने हुए हैं। अन्दर के भाग को कनाट प्लेस कहते हैं जिसके मध्य में एक सुन्दर गोल पार्क बना है। बाहर के भाग में एक और बाजार बना है जिसे कनाट सर्कस कहते हैं।

५६. हनुमान मन्दिर—यह दिल्ली के प्रसिद्ध हिन्दू मन्दिरों मे से एक है। यहा मगल के दिन दूर दूर से दर्शनार्थी आते हैं। इस मन्दिर के पास वाली सड़क को हनुमान रोड कहते हैं।

६०. निशिया जी—यह नयी दिल्ली के जैनियो की सास्कृतिक गतिविधियो का प्रमुख केन्द्र है और जैन मंदिर मार्ग पर स्थित है। यहा पर विशाल परकोटा है जिसके चारों ओर गुम्बज बने हैं। मध्य के एक ओर जैन मन्दिर स्थित है।

६१ खंडेलवाल जैन मन्दिर—यह जयसिंहपुरा जैन मदिर के नाम से भी विख्यात है। यहा पर ५०० वर्षों से भी प्राचीन जैन मूर्तिया स्थ पित हैं।

६२. अग्रवाल जैन मन्दिर—यह उपर्युक्त मन्दिर के पास ही स्थित है और छोटे मन्दिर के नाम से विख्यात है। इसका निर्माण राजा हरसुखराय के पुत्र राजा सुगनचन्द्र ने सन् १८०७ में कराया था। मन्दिर में मूलनायक प्रतिमा भ० चन्दा प्रभु जी की विराजमान है। मन्दिर जी के शास्त्र भडार मे लगभग १,००० ग्रंथों का अनमोल संग्रह है।

६३. नेशनल आर्काइव्ज—यह अब 'सेंट्रल एशियन एटीक्यूटीज म्युजियम' कहलाता है और जनपथ पर स्थित है। यहां पर सर 'आरेल स्टीन' द्वारा मध्य एशिया से प्राप्त पुरातत्वो का संग्रह दर्शनीय है।

६४. आर्केलाजीकल सर्वे आफ इण्डिया—यह जनपथ पर इडिया गेट के दूसरी ओर स्थित है। यहा पर १६४६ से भारतीय पुरातत्व की वस्तुओ का दुर्लभ सग्रह एकत्रित किया जा रहा है। यहा एक विशाल पुस्तकालय और राष्ट्रीय अभिलेखागार भी है।

६५. विज्ञान भवन—यह भवन नयी दिल्ली में होने वाली अन्तर्राष्ट्रीय कार्यविधियों का केन्द्र है। यहा का विशाल हाल दर्शनीय है।

६६. चाणक्यपुरी—इस नयी बस्ती में समस्त प्रमुख दूतावासो ने अपने अपने दर्शनीय भवन बनाये हैं।

६७. अशोक होटल—यह चाणक्यपुरी के पास ही स्थित है। यह भारत का सबसे विशाल होटल कहा जाता है और भारत भ्रमण के लिए आने वाले विदेशी पर्यटको के लिए इसका निर्माण किया गया है।

६८. घुड़दौड़ का मैदान—यह किसी समय नयी दिल्ली का एक प्रमुख केन्द्र था। अब भी यहा पर कभी कभी घुड़दौड होती रहती है।

६९ सफदरजंग का मकबरा—यह मदरसा के नाम से प्रसिद्ध है। यह मकबरा एक विशाल परकोटे के अंदर स्थित है। मकबरे का विशाल भवन कई मंजिल ऊचा है और चारो ओर नहरें बनी हैं।

७०. हवाई अड्डा—यह मकबरे के साथ ही बना है और दिल्ली के असैनिक उड्डयन का प्रमुख केन्द्र है। दिल्ली फ्लाइग क्लब भी यहीं स्थित है।

७१. आल इण्डिया मेडिकल इन्स्टीच्यूट—यह दिल्ली मे बनने वाली सर्व प्रमुख चिकित्सक सस्था है और फैक्टरी रोड के पास रिंग रोड पर स्थित है। यहा असाध्य रोगो की चिकित्सा सम्बन्धी खोज की जाती है।

७२. मोठ की मस्जिद—यह कुतुब जाने वाले मार्ग पर स्थित एक सुन्दर मस्जिद है। कहा जाता है कि एक बार नमाज पढते समय सिकन्दर लोदी को एक मोठ का दाना पडा मिला। उसने वह अपने मन्त्री को दे दिया मन्त्री ने उसको बोकर मोठ उगायी और उसके बीज को बोकर कई साल बाद काफी रुपया इकट्ठा करके इस मस्जिद का निर्माण कराया।

७३. होज खास—इस विशाल तालाब का निर्माण अलाउद्दीन ने ७० एकड़ भूमि पर कराया था। इस विशाल जलाशय को बनाने का उद्देश्य पास की बस्ती के लिए जल उपलब्ध करना था। कहा जाता है १३९८ मे तैमूर ने दिल्ली ध्वस के पश्चात् यहां विश्राम किया था। फिरोज-शाह तुगलक ने इस ताल की मरम्मत करायी और यहा एक मदरसा भी बनवाया।

७४ फिरोज शाह का मकबरा—यह हौज खास के दक्षिणी दिशा मे स्थित है। यह भवन कला का एक सुन्दर नमूना है और अभी तक अच्छी दशा में है।

७५. कुतुब मीनार—यह २३८ फुट ऊची पांच मजिला मीनार है। कहा जाता है कि इसका निर्माण पृथ्वीराज चौहान के काल मे हुआ और इसे 'यमुना स्तम्भ' कहते थे। वर्तमान काल में मुगल शासकों ने इसमे इतने परिवर्तन किए कि अब इसमें हिन्दू स्थापत्य कला के चिन्ह दृष्टिगोचर भी नही होते।

७६ अलाई मीनार—कुतुब से उत्तर मे ५०० फुट दूर इस अधबनी मीनार का खडहर है। कहा जाता है कि अलाउद्दीन खिलजी इस मीनार को कुतुब मीनार से भी भव्य बनाना चाहता था। इसी मीनार को देखकर यह प्रतीत होता है कि वास्तव मे कुतुब मीनार का निर्माण हिन्दू काल मे हुआ था। क्योकि यदि कुतुबुद्दीन एक मीनार बनवा सकता था तो उमसे अधिक समर्थ अला-उद्दीन मीनार क्यो न बनवा सका ?

७७. पार्श्वनाथ मंदिर—यह वह स्थान है जिसको आजकल 'कुव्वत-उल-इस्लाम' मस्जिद कहते है। मदिर की दीवारो की पच्चीकारी और जैन मूर्तियो के चिन्ह अब भी शेष हैं। इस मन्दिर का निर्माण तोमरवशी राजा अनगपाल तृतीय के मन्त्री अग्रवाल वशी साहू नट्टल ने सन् ११३२ से पूर्व करवाया था।

७८. लोह स्तम्भ—यह प्राचीन भारत की कला का प्रतीक ठोस लोहे का १६ इच आयत का २४ फुट ऊचा स्तम्भ है। इस पर अकित लेख से पता चलता है कि इसका निर्माण चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने चौथी शताब्दी में कराया। यह लोहा रासायनिक प्रक्रियाओं द्वारा इतना शुद्ध किया गया है कि इस पर ओषजनीकरण का कुछ प्रभाव नहीं होता।

७९. अल्तमश का मकबरा—यह सन् १२११-१२३६ में बना और पार्श्वनाथ मन्दिर के पीछे स्थित है। इस मकबरे की दीवारों पर कुरान अंकित हैं। यह भारत का सबसे प्राचीन मकबरा है।

८०. **अलाई दरवाजा**—यह कुतुब मीनार से ४० फुट की दूरी पर स्थित लाल पत्थर का सुरुचि पूर्ण द्वार है इसका निर्माण १३१० मे अलाउद्दीन ने कराया। यह पठान वश द्वारा निर्मित अन्तिम इमारत है।

८१. **भूल भुलैया**—यह स्थान कुतुब के पास महरौली गाव में है। यह वास्तव में अकबर के सौतेले भाई आदम खा का मकबरा है। किन्तु अनेक टेढे-मेढ़े मार्गों के कारण 'भूल भुलैया' कहलाता है।

८२. **सूरज कुंड**—यह स्थान कुतुब-बदरपुर मार्ग पर स्थित है और दिल्ली के हिन्दू साम्राज्य का प्रतीक है। यह कुंड एक ऊंचे टीले पर स्थित है। किसी समय इसके किनारे सूर्य देवता का एक विशाल मन्दिर स्थित था। कहा जाता है कि तोमर वश से पहले वास्तविक दिल्ली यही स्थित थी।

८३. **किला राय पिथौरा**—इसे 'लाल कोट' भी कहते है। यह किला मूल रूप से राजा अनग पाल ने बनवाया था। सन १४५०-१४६० के मध्य मे चौहानो ने तोमरवश को हरा कर दिल्ली पर अपना अधिकार कर लिया। पृथ्वी-राज चौहान ने किले का नव निर्माण किया। प्राचीन दिल्ली का शहर इसी किले के पास बसा हुआ था। इस किले के खडहर तुगलकाबाद मे लगभग ३ मील दूर है।

८४. **विजय मडल**—यह मुहम्मद बिन तुगलक द्वारा बनवाए गए शहर 'जहानपनाह' के अवशेषो मे स्थित एक विशाल पत्थर की मीनार है। मीनार की ऊपरी मजिल पर एक कमरा था जिसकी छत अब गिर गयी है। यह स्थान शायद फौजो का निरीक्षण करने के लिए बनाया गया था। बेगमपुर की प्रसिद्ध मस्जिद भी पास मे ही स्थित है।

८५. **दादा बाड़ी**—यहां दादा गुरू श्री मणीधारी जी के चरण अकित है। अभी हाल मे यहा पर अनेक सुन्दर दृश्यो का अकन किया गया है। जिनमे नन्दिद्वीप आदि की झाकी दर्शनीय है।

८६. **जोगमाया**—जोगमाया का प्रसिद्ध मन्दिर कुतुब और दादावाड़ी के पास ही स्थित है। अपनी मानता के कारण दूर-दूर से दर्शनार्थी इस मन्दिर मे जोगमाया के दर्शनों के लिए आते रहते है।

८७. **ओखला**—कुतुब से वापस आने पर एक मार्ग ओखला जलागार की ओर जाता है। यह स्थान दिल्ली का प्रसिद्धि मनोरजन का स्थान है। यहां जमुना नदी पर बांध बनाकर एक नहर निकाली गयी है। पानी के किनारे-किनारे बैठने के लिए सुन्दर स्थान बने हैं।

८८ **जामिया मिलिया**—ओखला वापस लौटते समय भारत मे इस्लामी शिक्षा का यह प्रमुख केन्द्र दाईं ओर पड़ता है। यह विश्व विद्यालय नई तालीम सम्बन्धी अपने प्रयोगो और राष्ट्रीय प्रवृत्तियों के लिए प्रसिद्ध हैं।

८९. **निजामउद्दीन**—हजरत निजामउद्दीन औलिया भारत के एक प्रसिद्ध सूफी सन्त थे। उनकी दारगाह का निर्माण सन १२९६-१३१६ के मध्य मे अलाउद्दीन खिलजी के काल मे हुआ था।

९० **हुमायूं का मकबरा**—यह मथुरा रोड पर पुराना किला के पास स्थित है। मकबरे के चारों ओर एक सुन्दर उद्यान है जिसे 'चार बाग' कहते है। इसी मकबरे के पास नाई का मकबरा और 'नीली छतरी' आदि दर्शनीय हैं। इस मकबरे का निर्माण हुमायूं की विधवा पत्नी 'हाजी बेगम' ने फ़ारस के एक कारीगर 'मिरजा ग्यास' से करवाया था। यह सन १५६४ मे बनना आरम्भ होकर १५६९ में पूरा हुआ और इस पर लगभग १५ लाख रुपए खर्च हुए।

९१. **पुराना किला**—यह मथुरा रोड पर स्थित है इसे कौरव-पाण्डवो का किला भी कहते हैं। इतिहास के अनुसार इस किले का निर्माण शेरशाह सूरी ने करवाया था। किले की दीवारे ६० फुट ऊची एवम ५० फुट मोटी बनी है। किले का घेरा लगभग २ मील का है। किले के अन्दर 'कुहाना मस्जिद' व 'शेर मडल' देखने योग्य है।

९२. **चिड़िया घर**—यह पुराने किले के पास ही एक विशाल क्षेत्र पर बडे सुव्यविस्थत ढंग से बनाया गया है। इसका निर्माण प्रसिद्ध जरमन विशेषज्ञ 'होगनवेक' की देख रेख में हुआ है। यहां पर अनेक प्रकार के पशु-पक्षी लाकर रखे गये हैं।

९३. **प्रदर्शनी मैदान**—मथुरा रोड पर स्थित यह मैदान दिल्ली मे होने वाली समस्त विशाल प्रदर्शनियों का केन्द्र हैं। बहुत से दूतावासों ने यहां पर अपने सुन्दर कक्ष निर्माण करा लिए है।

९४. **उच्चतम न्यायालय**—इसका पत्थर का बना विशाल भवन प्रदर्शनी मैदान के ठीक सामने है। यहां पर उच्चतम न्यायालय के जजों की अदालत है।

९५. कोटला फीरोजशाह—यह स्थान दिल्ली गेट के पास मथुरा रोड पर स्थित है। यह किला लगभग ६०० वर्ष पुराना है। यहा पर किले के अन्दर 'अशोक स्तम्भ' दर्शनीय है। यह स्तम्भ नीचे के भाग मे १० फुट १० इंच आयत का और ४२ फुट ७ इंच ऊंचा है।

९६. बाल भवन—यह कोटला के पास स्थित है। यहां बच्चो के लिए विशेष खेलों का प्रबन्ध है। यहां की सबसे प्रमुख वस्तु बच्चों की रेलगाड़ी है जो लोहे की पटरी पर चलती है।

९७. इण्डिया गेट—यह नई दिल्ली का केन्द्र स्थल है। विशाल पत्थर के द्वार के दोनों ओर पत्थर के फुहारे और नहरें है। रात मे इन फुहारो की रंग बिरगी रोशनी दर्शनीय है।

९८. नेशनल स्टेडियम आदि—दिल्ली मे खेलों के तीन प्रसिद्ध स्थान है। इनमें इडिया गेट के सामने बना नेशनल स्टेडियम सबसे बड़ा क्रीडागार है और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओ का स्थान है। दूसरा विलिंगटन पवेलियन क्रिकेट मैचों का स्थान दिल्ली गेट के पास है। तीसरा फुटबाल स्टेडियम भी दिल्ली गेट के पास स्थित है। यहां समय समय पर खेल प्रतियोगिताएं होती रहती हैं।

९९. खूनी दरवाजा—यह दरवाजा दिल्ली गेट और कोटला फिरोजशाह के मध्य स्थित है। कहा जाता है कि शेरशाह के समय मे दिल्ली नगर का मुख द्वार था। इस दरवाजे को 'खूनी दरवाजा' कहते हैं क्योकि १८५७ के विप्लव में मेजर हडसन ने तीन राजकुमारो को इसी स्थान पर गोली से उड़ा दिया था।

१००. दरियागज की जैन संस्थायें— दरियागंज में 'जैन बाल आश्रम' और 'समंतभद्र विद्यालय' दो अति प्राचीन जैन शिक्षण सस्थाए हैं। इनके अतिरिक्त 'वीर सेवा मंदिर' व 'अहिंसा मन्दिर' दो साहित्यिक सस्थाए हैं। वीर सेवा मन्दिर मे जैन विषयो पर अनुसधान की पूर्ण सुविधा उपलब्ध है। यहा से उच्चकोटि के धार्मिक ग्रन्थो का प्रकाशन भी किया जा रहा है।

१०१. राजघाट—यहां पर ३१ जनवरी १९४८ को महात्मा गाधी का दाह संस्कार किया गया था। उसी स्थान पर सुन्दर एवम् शान्त वातावरण में एक विशाल समाधि स्थल का निर्माण किया जा रहा है।

भारत के प्रमुख जैन तीर्थ

उत्तर भारत

१. कैलाश (सिद्धक्षेत्र)—यह क्षेत्र तिब्बत में अवस्थित है। यहां के लिए उत्तर रेलवे के ऋषिकेश स्टेशन से बस द्वारा जोशीमठ जाकर वहा से पैदल यात्रा करते हुए 'नीती' की घाटी को पार करके जाते हैं। इसके अतिरिक्त भी अन्य कई मार्ग है। 'मानसरोवर' से लगभग २० मील की दूरी पर यह पर्वत है। यहा से युग प्रवर्तक तीर्थकर भगवान ऋषभदेव ६०० मुनिराजों के साथ मोक्ष पधारे थे।

२. बद्रीनाथ पुरी—यह प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र जोशीमठ से २० मील आगे पैदल मार्ग पर स्थित है। यहा पर मुख्य मन्दिर मे पार्श्वनाथ स्वामी की श्याम पाषाण से निर्मित एक खण्डित मूर्ति पद्मासन मुद्रा मे स्थापित है। अब भी इस मूर्ति के दो दर्शन कराये जाते है, एक सजाकर श्रृङ्गार रूप मे और दूसरे नग्न रूप में जो कि श्वेताम्बर व दिगम्बर मान्यता के प्रतीक है।

३. पौड़ी-श्रीनगर—यह स्थान ऋषिकेश-जोशीमठ बस मार्ग पर अलकनन्दा नदी के किनारे पर स्थित है। यह नगर किसी समय गढवाल प्रदेश का सबसे समृद्ध नगर था और यहां के राजाओं की राजधानी था। यहा पर नदी के किनारे एक रमणीक और विशाल क्षेत्र में विशाल शिखर युक्त दिगम्बर जैन मन्दिर हैं। यहा भगवान आदिनाथ की एक मूर्ति जैन सम्वत् १ की अर्थात् २५०० वर्ष से भी अधिक प्राचीन है। इस मन्दिर को टेहरी गढवाल के राजाओं की ओर से सहायता मिलती थी। जब गोरखों ने गढ़वाल विजय किया उसके बाद भी मन्दिर को सहायता मिलती रही। सन् १८२४ में जब यह प्रदेश अंग्रेजो के कब्जे में आया तो उन्होंने २० वर्ष की सहायता इकट्ठी देकर आगे को बन्द कर दी। वर्तमान में यह समस्त गढ़वाल प्रदेश में स्थित एकमात्र बचा हुआ जैन मन्दिर है।

४. दिल्ली—यह ऐतिहासिक नगर व भारत की राजधानी उत्तर, मध्य व पश्चिम रेलवे लाइनो का जंक्शन स्टेशन है। यह प्राचीन काल से जैन सस्कृति का केन्द्र रहा है, और आज भी है जैसा कि इस डायरेक्टरी के पिछले पृष्ठो से प्रगट है।

५. हस्तिनापुर (अतिशय क्षेत्र)—मेरठ शहर से २२ मील की दूरी पर यह अतिशय क्षेत्र स्थित है। इसी पुण्य भूमि पर राजा श्रेयास ने वर्तमान युग के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव को इक्षुरस का आहार देकर दान प्रथा चलाई थी। कालातर मे यहा भ० शातिनाथ, कुंथुनाथ और अरहनाथ तीन तीर्थ करों के गर्भ, जन्म, तप और ज्ञान कल्याणक हुए थे और मल्लिनाथ भगवान का समवशरण आया था।

यहां एक श्वेताम्बर तथा एक दिगम्बर जैन मन्दिर है। दिगम्बर मन्दिर दिल्ली के स्व० राजा हरसुखराय जी का बनवाया हुआ है। उपर्युक्त तीनों भगवानों की नशियां भी हैं जिनमें चरण-चिन्ह विद्यमान हैं।

यहां राजा हरसुखराय जी की धर्मशाला भी है। प्रतिवर्ष कार्तिक अष्टानिका पर्व पर यहां मेला होता है।

इस क्षेत्र के निकट ही भसूमा नामक ग्राम मे भी दर्शनीय और प्राचीन मूर्तियां हैं।

६ असुम्भा—उक्त हस्तिनापुर क्षेत्र से लगभग ४ मील दूर यह स्थान है। यहाँ एक मन्दिर है जो जीर्ण अवस्था में है। मन्दिर जी में एक चौथे काल की मनोज्ञ खड्गासन प्रतिमा विराजमान है।

७. अहिच्छत्र (अतिशय क्षेत्र)—उत्तर रेलवे की अलीगढ़-बरेली लाइन पर 'खेता-बहोड़ा खेड़ा' स्टेशन से तीन मील कच्चे मार्ग पर राम नगर गांव से पूर्व में लगभग २ फर्लांग

की दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यह भगवान पार्श्वनाथ स्वामी की तपोभूमि है। यहां ही उन्होंने कमठ के जीव व्यंतरदेव कृत घोर उपसर्गों पर विजय प्राप्त कर केवल ज्ञान प्राप्त किया था।

यहा के प्राचीन राजा जैन धर्मावलम्बी थे। राजा वसुपाल ने यहां एक सुन्दर जैन मन्दिर निर्माण कराया था जिसमें भगवान पार्श्वनाथ स्वामी की लेपदार प्रतिमा विराजमान की थी। आचार्य पात्रकेशरी ने यही पर जैन धर्म की दीक्षा ली थी। जैन धर्मानुयायी प्रसिद्ध गंगवश राजाओं के पूर्वज संभवतः यही पर राज्य करते थे।

यहा प्राचीन पाच वेदियों वाला एक विशाल दिगम्बर मन्दिर है जिनमें मूल वेदी किंवदंती के अनुसार देवकृत है। ग्राम मे भी एक मन्दिर दर्शनीय है जिसमे भगवान पार्श्वनाथ स्वामी की मनोज्ञ प्रतिमा विराजमान है।

८. अयोध्या जी (अतिशय क्षेत्र)—उत्तर रेलवे की लखनऊ-मुगलसराय लाइन पर यह क्षेत्र सरयू नदी के किनारे अवस्थित है। युग के आदि तीर्थ प्रवर्तक भगवान ऋषभदेव, द्वितीय तीर्थंकर श्री अजितनाथ, चौथे श्री अभिनन्दन नाथ, पाचवे श्री सुमतिनाथ और चौदहवें श्री अनन्त नाथ जी की यह जन्म नगरी है।

यहां पाच मन्दिर हैं जो कि सन् १७२४ मे नवाब शुजाउद्दौला के शासनकाल के बने हुए हैं। प्राचीन मन्दिर शाहबुद्दीन के राज्यकाल में विध्वंस किये जा चुके हैं। वर्तमान पाच मन्दिरो में आदिनाथ जी का स्वर्गद्वार के पास, अजितनाथ जी का इटावा तालाब के पास, अभिनन्दन नाथ जी का नवाबी सराय मे, अनन्तनाथ जी का गोलाघाट नाला के तट पर और सुमतिनाथ जी का मदिर रामकोट मे है।

यहा पर १०८ आचार्य श्री देशभूषण जी महाराज के प्रयत्न से भगवान आदिनाथ की एक ही पत्थर से बनी सफेद सगमरमर की ३२ फुट ऊंची मूर्ति की स्थापना की जा रही है।

६. वाराणसी—उत्तर रेलवे की दिल्ली-मुगलसराय-हावड़ा लाइन पर प्रसिद्ध जक्शन है। पूर्वी रेलवे पर मुगलसराय जक्शन से लगभग ३ मील दूरी पर अवस्थित है।

यह नगर प्राचीन काल मे काशी देश की राजधानी रहा है। वैदिक व श्रमण सस्कृति दोनो का ही प्राचीन केन्द्र है। सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ व तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की जन्म नगरी भी यही है। भगवान सुपार्श्वनाथ जी के जन्म स्थान गगा के तट पर भदेनी मे दो दिगम्बर जैन मन्दिर है, निकट ही स्व० मुनि गणेश प्रसाद वर्णी द्वारा स्थापित प्रसिद्ध स्याद्वाद महाविद्यालय है। महाकवि वृन्दावन लाल ने यही रहकर अपनी काव्य रचना की थी। भगवान पार्श्वनाथ जी के जन्म स्थान भेलूपुर मे अत्यन्त कलापूर्ण जैन मन्दिर है। मुख्य सड़क पर ही खड्गसेन उदयराज लमेंचू का विशाल दिगम्बर जैन मन्दिर है, जिसमें कई प्राचीन प्रतिमाओं के अतिरिक्त धरणेन्द्र-पद्मावती की बड़ी मनोज्ञ प्रतिमा है। इस मन्दिर के पीछे एक विशाल श्वेताम्बर मन्दिर है जिसकी एक वेदी मे ५ दिगम्बर प्रतिमायें भी विराजमान है।

नगर में कई श्वेताम्बर व दिगम्बर मन्दिर है। दिगम्बर मन्दिरों मे मैदागिन मन्दिर, ठठेरी बाजार का पचायती मन्दिर तथा भाट के मुहल्ले मे श्री धर्मचन्द्र जौहरी व गोविन्दपुरा मे सूरजमल जी के चैत्यालय प्रमुख है। जौहरी जी के चैत्यालय मे श्री पार्श्वनाथ स्वामी की हीरे की प्रतिमा और सूरजमल जी के चैत्यालय में स्फटिक की अति मनोज्ञ प्रतिमाये है।

ठठेरी बाजार में मस्जिद के निकट, बालू जी के फर्स पर व नये घाट के पास श्वेताम्बर मन्दिर दर्शनीय हैं।

यहां पर ही श्वेताम्बर समाज का श्री धर्मविजय सूरी द्वारा स्थापित यशोविजय विद्यालय है।

१०. चंद्रपुरी (अतिशय क्षेत्र)—उपर्युक्त वाराणसी नगर से लगभग १४ मील दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा अष्टम तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु स्वामी का गर्भ, जन्म व तप कल्याणक हुआ था था। गगा तट पर विशाल दिगम्बर जैन मन्दिर व धर्मशाला है।

११. सिंहपुरी (अतिशय क्षेत्र)—उपर्युक्त वाराणसी शहर से लगभग ५ मील तथा सारनाथ स्टेशन से १ मील दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा ग्यारहवें तीर्थंकर भगवान श्रेयास नाथ का गर्भ, जन्म, तप व कल्याणक हुआ था। यहा विशाल धर्मशाला तथा दिगम्बर मन्दिर है। मन्दिर जी मे मूलनायक प्रतिमा भगवान श्रेयासनाथ की विराजमान है। निकट ही खुदाई में जैन व बौद्ध मूर्तियां निकली हैं। वे सरकारी अजायबघर में रखी गई हैं।

१२. मथुरा–मध्य रेलवे की दिल्ली-आगरा छावनी वाली नार्थ-ईस्ट मेन लाइन पर यह प्रसिद्ध जंक्शन स्टेशन है। यहा नगर मे ४ मन्दिर तथा कई चैत्यालय अवस्थित है।

१३. चौरासी (सिद्धक्षेत्र)–मथुरा से पश्चिम में लगभग १।। मील की दूरी पर यह क्षेत्र है। यह अन्तिम केवली श्री जम्बू स्वामी आदि ५०० मुनिराजों की निर्वाण भूमि है। उन मुनिराजों के स्मारक रूप यहां ५०० स्तूप बने हुए थे जिन्हें सम्राट अकबर के समय मे साहू होडल जी ने फिर बनवाया था। समय व्यतीत हो जाने पर वह सब नष्ट हो गये। यही पर भगवान पार्श्वनाथ के समय का स्तूप बना हुआ था। इस क्षेत्र के सम्बन्ध मे श्री सोमदेव प्रसाद ने अपने 'यशस्तिलकयाम्' मे लिखा है।

१४. कम्पिला जी (अतिशय क्षेत्र)–उत्तर-पश्चिम रेलवे की आगरा फोर्ट-फतेहगढ लाइन पर कायमगंज स्टेशन से लगभग ६ मील दूरी पर यह क्षेत्र स्थित है। ऐसा मत है कि यह स्थान ही प्राचीन काम्पिल्य है जहा भगवान विमलनाथ स्वामी के गर्भ, जन्म, तप और ज्ञान कल्याणक हुए थे। यही सती द्रोपदी का स्वयंबर रचा गया था और यही हरिषेण चक्रवर्ती ने जैन रथ निकलवा कर धर्म प्रभावना की थी। भगवान महावीर का समवशरण भी यहा आया था।

यहा एक श्वेताम्बर व एक प्राचीन विशाल दिगम्बर जैन मन्दिर है जिसमे भगवान विमलनाथ स्वामी की तीन मनोज्ञ प्रतिमायें विराजमान है। यहा खंडित प्रतिमायें भी बहुत है जिनसे प्रकट होता है कि यहा पहले और भी मन्दिर थे। मन्दिर जी में विमलनाथ स्वामी के चरण चिन्ह भी है।

१५. बटेश्वर-शौरीपुर (अतिशय क्षेत्र)–उत्तर रेलवे की आगरा-कानपुर लाइन पर शिकोहाबाद जंक्शन स्टेशन से लगभग १३ मील दूरी पर यह क्षेत्र स्थित है। बटेश्वर मे एक विशाल दिगम्बर जैन मन्दिर यहा के भट्टारकों का बनवाया हुआ है। जिसकी नीव यमुना नदी मे है और जिसमें भगवान अजितनाथ स्वामी की विशालकाय प्रतिमा विराजमान है। कहते हैं कि यहीं से अन्तःकृत केवली धन्य मोक्ष पधारे थे। श्री जगतभूषण आदि भट्टारकों का पट्ट भी यहां रहा है।

बटेश्वर से एक मील चलकर शौरीपुर क्षेत्र अवस्थित है। यह प्राचीन काल में यादव वंशी राजा शूरसेन की राजधानी रही है। यहां भगवान नेमिनाथ का जन्म हुआ था। यहा कई प्राचीन दिगम्बर मन्दिर है। छत्री में भगवान नेमिनाथ की चरण पादुकायें है। दालान में एक प्रतिमा मूंगा जैसे रंग वाले पाषाण की श्री नेमिनाथ की अतिशय युक्त है। इसी क्षेत्र में सन् १९५४ में आगरा निवासी स्व० सेठ सुमेरचन्द बरोल्या ने नवीन मन्दिर का निर्माण करवा कर पचकल्याणक प्रतिष्ठा की थी।

१६. श्रावस्ती (अतिशय क्षेत्र)–पूर्वोत्तर रेलवे की गोरखपुर-गोंडा लाइन पर स्थित बलरामपुर स्टेशन से १२ मील पश्चिम सहेठ-महेठ ग्राम ही प्राचीन श्रावस्ती है। यह प्राचीन समय मे कोशल देश की राजधानी थी। ग्राम मे एक टीला है। यहा तीसरे तीर्थंकर भगवान सम्भवनाथ जी का जन्म हुआ था। यहा प्राचीन मन्दिर भी है।

१७. फीरोजाबाद (अतिशय क्षेत्र)–उत्तर रेलवे की दिल्ली-मुगलसराय लाइन पर टूंडला जंक्शन से लगभग १५ मील पूर्व की ओर स्थित है। प्राचीन काल मे यह चदवार का ही भाग था जहां पर, कहा जाता है, कि ५१ बिम्बप्रतिष्ठायें हुई थी।

यहां २२ जैन मन्दिर हैं जिनमे सबसे विशाल व प्रमुख श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर है। इस मन्दिर मे चतुर्थ काल की एक स्फटिक मणि की लगभग १।। फुट ऊंची अति मनोज्ञ प्रतिमा सातिशय विराजमान है। इस प्रतिमा जी को एक लमेंचू श्रावक ने यमुना नदी से, जब कि वह पूरे वेग पर थी, स्वप्न मे बतलाये गये, फूल माला चिन्ह के अनुसार पहचान कर निकाला था। ऐसा कहा जाता है कि नदी तट से यह प्रतिमा जिस रथ में विराजमान की गई थी, वह रथ स्वसंचालित होकर इसी मंदिर पर आकर रुका था। वर्तमान में यह मन्दिर जो कि एक लमेंचू श्रावक ने ही बनवाया था, इन्ही भगवान चन्द्रप्रभु स्वामी के नाम से प्रसिद्ध है। इस मूर्ति के अतिशय के बारे में अनेक किंवदन्तियां प्रचलित हैं, किन्तु इतना अवश्य है कि इतनी मनोज्ञ और स्फटिक मणि की इस ऊंचाई की प्रतिमा अन्यत्र देखने में नही आती। इस प्रतिमा के दर्शन के लिए न केवल भारत के कोने कोने से बल्कि विदेशों से भी यात्री आया करते हैं।

नगर के अन्य मन्दिरों में कई प्राचीन हैं और उनकी कारीगरी दर्शनीय है। हाल ही में एक नवीन मन्दिर व विशाल मानस्तम्भ सेठ छदामीलाल जी ने अपने ही द्वारा बसायी जैन कालोनी में बनवाया है। इसमे सगमरमर की कारीगरी शिल्प की दृष्टि से भव्य व सुन्दर है।

यहां से निकट टापे नामक ग्राम, महाकवि तुलसीदास व हिन्दी के सर्व प्रमुख आत्मचरित लेखक व महान अध्यात्म कवि बनारसीदास जी के समकालीन कविवर ब्रह्मगुलाल जी की जन्म नगरी है।

१८. लखनऊ—यह ऐतिहासिक व उत्तरप्रदेश राज्य का प्रमुख नगर उत्तर रेलवे की लखनऊ फैजाबाद लाइन पर स्थित है। यहा अनेक प्राचीन श्वेताम्बर व दिगम्बर जैन मन्दिर हैं।

१९. आगरा—यह उत्तर रेलवे पर प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगर है। यहा कई प्राचीन जैन मन्दिर है। जामा मसजिद के निकट भगवान शीतलनाथ जी का विशेष महत्वपूर्ण मन्दिर है जिसमे भगवान शीतलनाथ जी की लगभग ४ फुट ऊची श्याम वर्ण पाषाण की सातिशय अति मनोज्ञ दिगम्बर प्रतिमा विराजमान है। मन्दिर के अन्य हिस्सो मे श्वेताम्बर प्रतिमायें विराजमान हैं।

२०. इलाहाबाद (प्रयाग)—उत्तर रेलवे की दिल्ली-मुगलसराय मुख्य लाइन पर यह प्रसिद्ध जंक्शन स्टेशन है। यहां पाच मन्दिर है जिनमें कई प्राचीन प्रतिमायें हैं।

२१. फफोसा (अतिशय क्षेत्र)—उत्तर रेलवे की दिल्ली-मुगलसराय मेन लाइन पर भरवारी स्टेशन से २४ मील दूरी पर यमुना नदी के किनारे यह अवस्थित है। इसके पास ही प्रभाक्षेत्र नाम से फफोसा पर्वत है जिस पर एक मन्दिर है उसमे तीन चतुर्थकालीन प्रतिमाये विराजमान है। ऐसा कहा जाता है कि यही पर पद्म प्रभु भगवान ने तप करके केवलज्ञान प्राप्त किया था। मन्दिर के आगे चट्टान में उत्कीर्ण प्रतिमाये हैं।

२२. कौशाम्बी-कोसम—उत्तर रेलवे की दिल्ली-मुगलसराय मुख्य लाइन पर भरवारी स्टेशन फफोसा से २८ मील की दूरी पर गढ़वाल नामक गांव है। यहा के मन्दिर में पद्मप्रभु स्वामी की २ प्रतिमायें श्वेतवर्ण चतुर्मुख विराजमान हैं। एक जोडी चरण पादुकायें भी हैं। यहां के निकट ही कुशाबा नामक गांव है जिसका प्राचीन नाम कौशाम्बी है। यहा से पद्मप्रभु भगवान के गर्भ और जन्म कल्याणक हुए थे।

यह राजा उदयन की राजधानी थी। यहां की खुदाई मे अनेक प्राचीन जैन मूर्तियां प्राप्त हुई हैं।

२३. सहारनपुर—उत्तर रेलवे की दिल्ली-अम्बाला मुख्य लाइन पर प्रसिद्ध जंक्शन स्टेशन है। यह नगर दिल्ली के प्रसिद्ध खजाची श्री सहारनबीर सिंह ने बसाया था। यहां अनेक प्राचीन दर्शनीय जैन मन्दिर है।

२४. बड़ागांव—यह शहादरा-सहारनपुर लाइट रेलवे पर खेखडा स्टेशन से ३ मील की दूरी पर अवस्थित है। सन १९२२ मे यहां के अत्यंत प्राचीन जीर्ण मन्दिर के विध्वंस्थ टीले की खुदाई मे भ० पार्श्वनाथ की प्राचीन मूर्ति प्राप्त हुई थी, तदनतर उसी स्थान पर मन्दिर बनवाकर मूर्ति को विराजमान किया है।

२५. कहावगांव (अतिशय क्षेत्र)—उत्तर-पूर्वी रेलवे की लखनऊ-गोरखपुर लाइन पर गोरखपुर स्टेशन से आग्नेय कोठा मे ४२ मील पर है। यहां प्राचीन कीर्ति-स्तंभ २४ फुट ऊचा व लाल मन्दिर बना है। यहा निकट कई प्राचीन प्रतिमायें हैं।

२६ रत्नपुरी—उत्तर रेलवे पर फैजाबाद जक्शन स्टेशन से निकट ही यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा पन्द्रहवें तीर्थ कर भगवान धर्मनाथ जी का जन्म स्थान है। यहा एक पर प्राचीन भी मन्दिर है।

२७. किष्किधापुर—गोरखपुर से निकट ही खुखदो ग्राम है। यही प्राचीन किष्किधापुर अथवा काकदी नगर है। यहा नौवे तीर्थंकर पुष्पदंत भगवान के गर्भ व जन्म कल्याणक हुऐ हैं। यहां के मन्दिर मे उन्ही की प्राचीन मूलनायक प्रतिमा है।

२८. कुकुम ग्राम—गोरखपुर से ४६ मील दूर कहाऊ ग्राम ही 'कुमकुम ग्राम' है। यहां प्राचीन जैन मन्दिरो के भग्नावशेष हैं। उत्तर में एक मानस्तंभ भी है।

२९. इटावा—यह ऐतिहासिक नगर उत्तर रेलवे पर आगरा व कानपुर के बीच में अवस्थित है। कहा जाता है कि ७वी शताब्दी के आरम्भ मे यह प्रदेश हर्षवर्धन के राज्य मे था, कालातर मे चौहान वश के शासन मे यहां की विशेष

प्रगति हुई। राजा पृथ्वीराज चौहान के वंशज राजा सुमेर सिंह ने (जो बाद में राजा सुमेरशाह कहलाये) इस प्रदेश को मेवों से छीन कर अपनी राजधानी बनाया और जमुना नदी के किनारे एक किले का निर्माण कराया जो ध्वसावस्था में अब भी टिक्सी के मन्दिर के पास अवस्थित है।

नगर के आस-पास के बहुत से पुराने टीले जिन पर प्राचीन काल में प्रसिद्ध नगर और किले स्थित थे अब भी वर्तमान हैं, इनमें कुदरकोट, मुज्ज, चकरनगर, और असई खेड़ा अधिक प्रसिद्ध हैं। इनके खडहरो मे विगत वर्षों मे कई प्राचीन जैन मूर्तिया तथा अन्य सामग्री प्राप्त हुई है।

यहां ६ शिखर युक्त दिगम्बर जैन मन्दिर, १ चैत्यालय तथा नगर से लगभग १½ मील की दूरी पर प्राचीन नशिया जी हैं। नशिया जी श्री १०८ विमलसागर जी मुनिराज का समाधि-स्थान है, यहा उनके चरण स्थापित है। तथा जिन मन्दिर भी हैं। जिसमें कई मूर्तिया सहस्र वर्ष से भी पूर्व की है। नशियां जी को खोज निकालने का श्रेय स्व० पू० ब्र० शीतल प्रसाद जी को है जिन्होने लगभग ३५ वर्ष पूर्व अपने चातुर्मास्य काल मे यहा के बारे मे खोज करके पुनरुद्धार किया।

यहा के मन्दिर मे पसारी टोला का मन्दिर प्राचीन है जिसमें प्राचीन साहित्य भंडार है। स्थापत्य कला की दृष्टि से लालपुरा का श्री पार्श्वनाथ मन्दिर महत्वपूर्ण है। मदिर जी के नीचे विशाल धर्मशाला है। इस मन्दिर व धर्मशाला का निर्माण कलकत्ता निवासी स्व० बाबू मुन्नालाल जी ने जो कि मूलतः इटावा के निकट हतकात के निवासी थे, लगभग ४५ वर्ष पूर्व सम्वत् २४४१ में कराया था।

हतकांत चम्बल नदी के तट पर बसे होने के कारण ११ वीं सदी से लेकर १६ वीं सदी तक प्रमुख व्यापारिक केन्द्र रहा। प्रांत के तत्कालीन कुशल जैन व्यापारियो ने हतकांत को अपने व्यापार-केन्द्र बनाने के साथ ही यहां लगातार ५२ बिम्ब प्रतिष्ठायें भी कराई। जब रेलो के यातायात के कारण नदियों के साधन का महत्व घटा तो हतकांत ने अपना व्यापारिक महत्व को खो दिया और धीरे धीरे यहां की जनसख्या भी कम होती गई। जैनों का निवास न रहने से मन्दिर जी में पूजा प्रक्षालन की व्यवस्था बन्द हो गई। इस समस्या का हल बा० मुन्नालाल जी ने इटावा में नवीन मन्दिर का निर्माण कर के किया। हतकात से मूर्तियों का बहुभाग इस मन्दिर जी में लाया गया तथा कुछ अन्यत्र भी ले जाई गई। ऐसा भी अनुमान है कि हतकांत के जीर्ण मन्दिर में अनेक गुप्त भौंहरे हैं जिनमे सैकडो मूर्तियां विराजमान हैं।

हतकांत से लाई गई सभी मूर्तियां पाषाण की हैं और ५०० वर्ष पूर्व की हैं। मन्दिर जी की तीनो वेदियों में यह मूर्तिमां विराजमान है। मध्य वेदी म मूल नायक श्याम वर्ण पाषाण की ६½ फुट ऊची मनोज्ञ प्रतिमा भगवान पार्श्वनाथ स्वामी की स्थापित है जो ८०० वर्ष प्राचीन है।

मन्दिर जी के निर्माण और हतकांत से मूर्तियो को लाने में बा० मुन्नालाल जी को अपने अनुज स्व० ला० तोताराम जी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। विगत वर्षों में मन्दिर जी व धर्मशाला मे बा० मुन्नालाल जी के उत्तरधिकारी बा० सोहन लाल जी द्वारा नवीन निर्माण भी हुए हैं। मन्दिर जी के शास्त्र भंडार में अनेक प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथ है। धर्मशाला व मन्दिर के व्यवस्थापक ला० मधुवन दास जी हैं।

३०. करहल—यह कस्बा उपर्युक्त इटावा नगर से लगभग १६ मील की दूरी पर इटावा-मैनपुरी बस रूट पर स्थित है।

यहां ४ शिखर युक्त विशाल दिगम्बर जैन मन्दिर तथा २ चैत्यालय है, इनमे 'मन्दिर सिघइयान' विशेष प्राचीन है। मन्दिर जी मे मूल नायक प्रतिमा भगवान चद्रप्रभू की श्वेत पाषाण की लगभग ५०० वर्ष प्राचीन है। तथा अनेक हस्तलिखित शास्त्रो का भडार है।

इसी कस्बे को वर्तमान शताब्दी के आरम्भ काल मे सुविख्यात प० मिही लाल जी व पडित भादो लाल जी जैसे प्रकांड विद्वानो के जन्म स्थान होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

यहां से निकट मैनपुरी, सिरसागंज, जसवतनगर आदि स्थानो मे भी दर्शनीय मन्दिर

३१. देवबंद—उत्तर रेलवे की दिल्ली-सहारनपुर लाइन पर मुजफ्फर नगर से १४ मील पर देवबद स्टेशन है। यहां १ प्राचीन दर्शनीय मन्दिर है।

३२. त्रिलोकपुर—पूर्वोत्तर रेलवे के बिंदौरा स्टेशन से ३ मील दूरी पर यह स्थान है। यहां एक प्राचीन मन्दिर है जिसमें मूलनायक प्रतिमा भगवान नेमिनाथ स्वामी की है।

३३. ओसियां—उत्तर रेलवे की जोधपुर-पोकराम लाइन पर ओसियां स्टेशन है। स्टेशन से आध मील की दूरी पर यह ग्राम है। इस स्थान के प्राचीन नाम अकेश, उरकेश, नवनेरी तथा मेलनुरयत्तन हैं। यह ओसवाल जैनों की उत्पति का स्थान कहा जाता है। यहां कई विशाल जैन मन्दिर हैं जिसमें महावीर स्वामी का मन्दिर मुख्य है। इस प्राचीन मन्दिर का तोरण अति भव्य है। स्तंभों पर तीर्थं-करो की प्रतिमायें उत्कीर्ण है।

३४. नाकोड़ा पार्श्वनाथ (अतिशय क्षेत्र)—यह स्थान लूनी पुनाकाव लाइन पर बालोतरा स्टेशन से लगभग ६ मील चल कर पर्वतों में स्थित है। ग्यारहवीं शताब्दी में नकोड़ा नामक छोटे से गांव में भूमि खोदते समय तेइसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी की मनोहर प्रतिमा प्राप्त हुई थी और उसे मन्दिर बनवाकर स्थापित किया गया था। अब यहा एक विशाल घेरे मे तीन भव्य जैन मन्दिर है और चार भूमिगृह हैं। बाजोतरा स्टेशन व क्षेत्र में जैन भी धर्म-शालाएँ है।

३५. घंघाड़ी-गांगाड़ी—उत्तर रेलवे की बीकानेर जोधपुर लाइन के आसरनाडा स्टेशन से घघाड़ी तीर्थ को मार्ग जाता है। यहा सम्राट अशोक के पौत्र सम्प्रति का बनवाया हुआ पद्मप्रभु जिनालय है। १७ वी शताब्दी में यहां कई धातु-मयी जैन प्रतिमायें थी जिन पर सम्प्रति आदि के लेख होने का उल्लेख महाकवि श्री समय सुन्दर ने किया है। परन्तु व प्रतिमायें अब प्राप्य नहीं। १० वी शताब्दी की मूर्तिया अब भी प्राप्त हैं।

३६. जैसलमेर—उत्तर रेलवे की जोधपुर-पोकरण लाइन पर पोकरण स्टेशन से जैसलमेर के लिये बस सर्विस है। यहा के किले मे ८ भव्य व कलापूर्ण मन्दिर है, उनके तोर-णादि एव शिखर की कारीगरी बहुत ही भव्य है। दो मन्दिरो के बीच एक तलघर मे सुप्रसिद्ध प्राचीन ताड़पत्रीय जैन साहित्य भडार है। यहां सभी मन्दिर १५ वी अथवा १६ वी शताब्दी के है।

नगर में अनेक मन्दिर, देवासर, दादावाड़िया तथा उपाश्रय हैं।

जैसलमेर से लाद्रवा (लोद्रवपुर) जो पहले रियासत की राजधानी थी, १० मील पर है। यहां भगवान पार्श्वनाथ जी का एक सुन्दर मन्दिर है। इसी प्रकार जैसलमेर से ३ मील की दूरी पर 'अमर सागर' में अनेक कलापूर्ण जैन मन्दिर है।

पूर्वी-भारत

३७. पारसनाथ ईशरी—पूर्वी रेलवे की ग्रांड कार्ड हावड़ा मुगलसराय मुख्य लाइन पर प्रख्यात पारसनाथ स्टेशन है। यहा एक सुन्दर मन्दिर तथा उदासीनाश्रम है।

महान तपोनिधि, न्यायाचार्य पूज्य मुनि गणेश प्रसाद जी वर्णी का समाधि स्थान है:

३८. श्री सम्मेद शिखर जी (सिद्ध क्षेत्र)—उक्त पारस-नाथ स्टेशन से १४ मील तथा गिरीडीह स्टेशन से १८ मील पर यह तीर्थराज अवस्थित है। इसी पर्वतराज से द्वितीय तीर्थंकर अजित नाथ आदि बीस तीर्थंकर तथा अन्य करोड़ो मुनिवर मोक्ष पधारे है, अतएव यह महान, महा-पवित्र तथा अत्यन्त प्राचीन सिद्ध क्षेत्र है। ऐसा कथन है कि इस सिद्धाचल पर देवेश ने स्वय आकर विभिन्न तीर्थं-करो की पुण्य निर्वाण भूमियो पर सुन्दर शिखरे चरण चिह्न सहित निर्माण करवाई थी। इनके जीर्ण हो जाने पर सम्राट श्रेणिक ने जीर्णोद्धार कराया। इस प्रकार समय समय पर इन स्मारको का जीर्णोद्धार होता आ रहा है।

इस महापवित्र पर्वत की यात्रा मार्ग मे कुल १८ मील—६ मील चढना, ६ मील उतरना, ६ मील यात्रा—क है। तलहटी से ३ मील चढने पर गंधर्व नाला है जहा विश्रामगृह बने हुए हैं। वहा से १ मील और चढने पर सीता नाला है। इस स्थान से बायी ओर चल कर गौतम स्वामी, व कुथनाथ जी की टोकें है। इन से पूर्व की ओर के मार्ग मे क्रमश. अरनाथ, मल्लिनाथ जी, श्रेयासनाथ, पुष्पदत, पद्म प्रभु जी, मुनिसुव्रत नाथ जी, तथा चन्द्रप्रभु भगवान की टोकें हैं। यहां से दक्षिण की ओर चलने पर शीतल नाथ जी, अनंत नाथ जी, संभवनाथ जी, अभिनदन-नाथ जी की टोके है। यहा से लौटते समय कुछ उतार पर जल मन्दिर हैं। यहां से अन्य तीर्थंकरो की टोंको पर जाना होता है। सब से ऊंची टोक पार्श्वनाथ स्वामी की है, जहा अति मनोज्ञ प्रतिमा विराजमान है। इसके अतिरिक्त अन्य सभी टोंकों मे केवल चरण चिह्न हैं।

पर्वत की तलहटी (उपत्यका) में मधुवन नामक मनोरम स्थान हैं। यहां तीन बडी-बड़ी कोठिया बनी हुई हैं। पर्वत की ओर की बीस पंथी कोठी मे विशाल धर्मशाला तथा दिगम्बर मन्दिर है। मन्दिर जी मे ६ वेदियां है। इस के अतिरिक्त भी कई मन्दिर हैं। दूसरी कोठी श्वेताम्बरियों की है जिसमें सैकड़ों विशाल मन्दिर हैं। तीसरी कोठी तेरह पथी दिगम्बर जैनो की है जिसमें विशाल धर्मशाला तथा १० वेदी युक्त अत्यन्त प्राचीन मन्दिर है। आदि मन्दिर के पीछे १ और मन्दिर है। जिसमें तीन वेदिया हैं, मध्य मे पार्श्वनाथ स्वामी की ७ फुट ऊची पद्मासन प्रतिमा अति मनोज्ञ है। इस मन्दिर में चौबीस प्रतिमाये, सहस्त्र कूट चैत्यालय तथा महावीर स्वामी की ६ फीट ऊंची कायोत्सर्ग प्रतिमा शिल्प की दृष्टि से विशेष महत्वपूर्ण है।

तेरापंथी कोठी में ही कलकत्ता निवासी सेठ सोहन लाल जी लमेचू (मुन्ना लाल द्वारका दास घी वाले) द्वारा बनवाया गया विशाल कलापूर्ण मन्दिर है। मन्दिर जी मे अष्टम तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु की सवा पाच फीट ऊची श्वेतपाषाण की अति मनोज्ञ मूर्ति विराजमान है। मन्दिर जी मे सगमरमर की दर्शनीय कारीगरी है। इसके चारों ओर परकोटा भी है। मन्दिर जी के निकट ही एक विशाल मान स्तभ है।

३६. कलकत्ता—यह औद्योगिक नगर पूर्वी और उत्तर रेलवेपर स्यालदाह व हावडा जकशन स्टेशनो से निकट स्थित है।

यहा अनेक विशाल मन्दिर हैं जिनमे बेलगछिया का दिगम्बर मन्दिर व रायबद्री दास जी का श्वेताम्बर मन्दिर विशेषरूप से दर्शनीय है।

४०. कटगोला—यह क्षेत्र पूर्वी रेलवे पर स्थित है। यहाँ एक प्राचीन श्वेताम्बर मन्दिर दर्शनीय है।

४१. गया—पूर्वी रेलवे की हावड़ा मुगलसराय मुख्य लाइन पर गया जक्शन स्टेशन है। यहा से २ मील की दूरी पर २ जैन मन्दिर है जिनमें कई प्राचीन प्रतिमायें हैं।

लगभग ३८ मील दूरी पर कुलुहापहाड हैं। जिसकी चढाई २ मील के लगभग है। पहाड पर ४ मील के घेरे मे अनेक प्राचीन प्रतिमायें हैं। यहां अनेक प्रतिमायें खंडित अवस्था मे हैं और प्राचीन मन्दिरों के भग्नावशेष भी हैं। ऐसा मत हो कि यह क्षेत्र ही भगवान शीतल नाथ की तपो भूमि है और यहीं से उन्होंने केवल ज्ञान प्राप्त किया था।

४२. राजगृह-पंचपहाड़ी (अतिशय क्षेत्र)—पूर्वी रेलवे पर बख्तियारपुर जकशन स्टेशन से ३३ मील दूर यह ऐतिहासिक क्षेत्र अवस्थित है।

यह नगर भगवान महावीर के समय मे अत्यन्त समुन्नत व विशाल था। सम्राट श्रेणिक बिम्बसार ने इस नगर को अपनी राजधानी बनाया था। यहा से निकट विपुलाचल पर्वत पर भगवान महावीर का समवशरण आया था और सम्राट श्रेणिक उनकी बन्दना को गये थे। सम्राट श्रेणिक बिम्बसार द्वारा यहा निर्माण करवाये मन्दिरो व उनमें प्रतिष्ठित मूर्तियो और कीर्तियो के उपलब्ध अवशेषों मे यह ऐतिहासिक महत्व स्पष्ट है।

भगवान महावीर से पूर्व बीसवे तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत नाथ का गर्भ, जन्म, तप और ज्ञान कल्याणक इसी पुण्य भूमि पर हुए थे। मुनिराज धनदत्तादि और भगवान महावीर के कई गणधर इसी स्थान से मोक्ष गये। यहां नील गुफा मे पूतिगधा छुल्लिका ने समाधि मरण किया था।

यहां से निकट पांच पर्वत है। प्रथम विपुलाचल पर्वत पर चार मन्दिर और दो चरणपादुकाएें है। भगवान मुनि सुव्रत नाथ के चार कल्याणकों का स्मारक एव मन्दिर है। द्वितीय रत्नगिरि पर्वत है जिस पर एक प्राचीन मदिर और मुनिसुव्रतनाथादि तीर्थंकरो के चरण चिह्न है। इसी प्रकार उदयगिरि पर २ मदिर और चरण चिह्न, श्रमणगिरि पर २ मंदिर और एक चरण चिह्न, तथा अन्तिम वैभासगिरि पर पांच मन्दिर है। इन मदिरो की कारीगरी दर्शनीय है। यहां से एक मील दूर गणधर स्वामी के चरण चिह्न हैं।

तलहटी में २ दिगम्बर तथा एक श्वेताम्बर मन्दिर है और कई मनोहर जल कुंड है।

४३. बाराबर गुफायें—राजगृह से लगभग १३ मील की पर बाराबर व नागार्जुन पहाड़िया स्थित है। प्रथम पहाड़ी पर ४ और दूसरी पर ३ गुफाओ में प्राचीन स्थापत्य कला दर्शनीय हैं। यहां अनेक शिलालेख ईसा से ३ शताब्दी पूर्व के हैं जिनसे इस स्थान का प्राचीन जैन वैभव प्रगट होता है।

४४ पटना (सिद्धि क्षेत्र)–पूर्वी रेलवे पर यह प्रमुख नगर जंक्शन स्टेशन है। यहा से सुदर्शन सेठ मोक्ष गये हैं। स्टेशन के पास एक टेकरी पर उनकी चरणपदुकाएें बनी हैं। यहा पांच विशाल मन्दिर व चैत्यालय है।

४५. खंडगिरि-उदयगिरि–दक्षिण पूर्वी रेलवे की हावडा वाल्टेयर लाइन पर भुवनेश्वर स्टेशन से पांच मील की दूरी पर पश्चिम की ओर खड गिरि व उदय गिरि नामक दो पहाडियां है।

उदयगिरि पहाड़ी का प्राचीन नाम कुमारी पर्वत है। इस पर्वत पर भगवान महावीर का समवशरण आया था। यहाँ से ५०० मुनिवर मोक्ष गये थे। यह ११० फीट ऊची है इसके कटिस्थान में पत्थरों को काट कर कई गुफायें व मन्दिर बनाये गये हैं। गुफाओं में अनकापुरी, जयविजय, रानीनूद, गनेश गुफा, स्वर्ग गुफा, मध्य गुफा, व पाताल गुफा विशेष महत्वपूर्ण है रानीनूद गुफा में अनेक अन्तर गुफाये हैं। हाथी गुफा मे कलिंग सम्राट खारवेल का शिला लेख है। खारवेल कलिंग देश के चक्रवती राजा थे और जैन धर्मवलम्बी थे। खारवेल द्वारा उदयगिरि पर अनेक जिन मदिर व स्तंभ निर्माण कराये गये थे।

खडगिरि पर्वत १३३ फुट ऊंचा है। सीढ़ियो के सामने ही खडगिरि गुफा है। जिसके ऊपर नीचे ५ गुफायें बनी हैं, अनंत गुफा में १½ हाथ की कायोत्सर्ग जिन प्रतिमा विराजमान है। यहा 'आकाश गंगा' नामक जल कुंड है। इस पर्वत पर भी अनेक गुफायें हैं। जिनमें राजा इन्द्र केशरी की गुफा, आदि नाथ गुफा, बारहभुजी गुफा विशेष प्रसिद्ध है। इनमे अनेक प्राचीन दिगम्बर मूर्तियां हैं जो अति मनोज्ञ और प्राचीन शिल्पकला की अमूल्य कृति हैं।

४६. गुणावा (सिद्धक्षेत्र)–यह क्षेत्र पूर्वी रेलवे की गया-क्यूल लाइन पर नवादा स्टेशन से लगभग १॥ मील की दूरी पर अवस्थित है। ऐसा प्रसिद्ध है कि यह वही पुनीत स्थान है जहां से भगवान महावीर के गणधर श्री गौतम स्वामी मोक्ष पधारे थे।

यहां तालाब के बीच में विशाल और कलापूर्ण मंदिर है। मन्दिर मे तीर्थंकरों के चरण भी हैं। यात्रियो के वास्ते यहां जैन धर्मशाला भी है।

४७ नालंदा–यह बौद्ध कालीन प्रसिद्ध शिक्षण-केन्द्र बिहार लाइट रेलवे पर राजगिरिकुंड स्टेशन से लगभग ८ मील पूर्व ही आता है। पटना या बख्तियारपुर से मोटर-बसे भी यहा के के लिए आती है।

नालदा स्टेशन से लगभग १ मील दूर बड़गांवा ग्राम है जिसके पास ही नालदा के भग्नावशेष हैं। कुछ लोग इसे कुण्डिनपुर कहते हैं।

इस स्थान पर भगवान महावीर का समवशरण आया था। यहा की खुदाई से पता चला है कि यह महा-नगर कई बार बना और कई बार ध्वस्त हुआ। यहां के आर्कियोलोजीकल सर्वेक्षण के फलस्वरूप एक सम्पूर्ण नगर जिसमे विद्यालय आदि तथा बौद्ध व जैन मन्दिरों की मूर्तिया प्राप्त हुई है।

यहा के जैन मन्दिर मे भगवान महावीर की अति मनोज्ञ प्राचीन मूर्ति है।

४८ पावापुरी (सिद्धिक्षेत्र)–बख्तियारपुर बिहार लाइट रेलवे पर बिहार शरीफ स्टेशन से लगभग ९ मील की दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा से चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर ७२ मुनियो के साथ निर्वाण पधारे थे उस विशेष स्थान पर ही महापद्म नामक रमणीक सरोवर है जिसके मध्य मे एक विशाल मन्दिर है। इसे जल मदिर भी कहते है। इसमे भगवान महावीर स्वामी, गौतम स्वामी और सुधर्मास्वामी के चरण चिन्ह है। निकट ही दिगम्बर जैन धर्मशाला मे एक दुमजिला मदिर है जिसमें ऊपर नीचे ६ वेदी हैं। पावापुरी ग्राम मे एक श्वेताम्बर मदिर भी है। इस क्षेत्र का प्राचीन नाम अपापापुर (पुण्य भूमि) था।

४९. भागलपुर–यह नगर पूर्वी रेलवे की हावड़ा-क्यूल मेन लाइन पर स्थित है। यहा जैन धर्मशाला के निकट ही विशाल जैन मदिर है जिसमे ४ वेदिया है। इन वेदियों की भव्य कला दर्शनीय है।

५०. नाथनगर–पूर्वी रेलवे की हावड़ा-क्यूल मेन लाइन पर स्थित है। यह भागलपुर से लगभग ४ मील की दूरी पर स्थित है।

रेलवे स्टेशन से निकट ही एक तेरापंथी तथा एक बीसपंथी धर्मशाला व मंदिर हैं। तेरापंथी मंदिर मे पांच

वेदियां हैं, इसमें बारहवे तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य स्वामी की गेहुआं वर्ण की अत्यन्त मनोहर मूलनायक प्रतिमा विराजमान है। मन्दिर जी के सामने एक स्तूप भी है।

५१ चम्पापुर (अतिशय क्षेत्र)—उपर्युक्त नाथनगर से लगभग २ मील दूरी पर गगा नदी के तट पर यह अतिशय क्षेत्र स्थित है। इस नगर मे बारहवे तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य स्वामी के पाचों कल्याणक (गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान व मोक्ष कल्याण) हुए थे और यही मुनि धर्म घोष ने समाधिमरण किया था। प्रख्यात हरिवश की स्थापना भी इसी नगर मे हुई थी।

गगा नदी के एक नाले (जो चम्पा नाला नाम से प्रसिद्ध है) के निकट एक विशाल श्वेताम्बर धर्मशाला तथा दुमंजिला जैन मन्दिर है, जिसमे नीचे चार वेदियो मे श्वेताम्बर प्रतिमाये तथा दूसरी मजिल मे दिगम्बर जैन प्रतिमा व चरण है।

मध्य—भारत

५२ मोरेना—मध्य रेलवे की झासी-आगरा वाली पूर्वोत्तर मुख्य लाइन पर यह नगर स्थित है। यहा दो विशाल मदिर है जिनमे १४ वी व १५ वी शताब्दी की प्राचीन प्रतिमाये विराजमान है। यहा पर स्व० प० गोपालदास जी बरैया की स्मृति मे श्री गोपाल जैन सिद्धान्त विद्यालय चल रहा है।

५३ ग्वालियर—यह ऐतिहासिक नगर मध्य रेलवे की झासी-आगरा कैंट वाली नार्थ-ईस्ट मेन लाइन पर स्थित है। इसको कच्छवाहा राजा सूरसेन ने सन् २७५ मे बसाया था। उस समय कदाचित् यह गोपगिरि अथवा गोपदुर्ग के नाम से भी प्रसिद्ध था। यहा के राजाओ के शासनकाल मे सदैव ही जैन धर्मानुयाइयो की बाहुल्यता रही तथा कई राजाओ के स्वयं जैन धर्मानुयायी होने के कारण जैन धर्म को राज-सरक्षण भी प्राप्त हुआ।

नगर मे १५ विशाल मदिर है, इनमे चम्पाबाग तथा पंचायती मन्दिरो में स्वर्ण-चित्रकारी दर्शनीय है। पुरानी बस्ती में भी १२ मन्दिर हैं।

नगर के बाहर लगभग २ मील की दूरी पर ग्वालियर का प्रसिद्ध किला है। किले में पहुंचने के पूर्व लगभग २ फर्लांग के फासले पर एक पर्वत है जिसमें बड़ी बड़ी गुफाये बनी है। इन गुफाओं मे बड़ी बड़ी विशाल जैन मूर्तियां पहाड़ों को काटकर बनाई गई हैं। यहा अधिकांश मूर्तिया श्री आदिनाथ स्वामी की हैं। एक प्रतिमा भगवान नेमिनाथ स्वामी की ३० फुट ऊची है और भगवान आदिनाथ स्वामी की इससे भी विशाल है। लोकोक्ति है कि इन प्रतिमाओ की तैयारी मे लगभग ३३ वर्ष लगे थे। निश्चय ही किले के भग्नावशेष व जैन मूर्तिया यह प्रकट करती है कि इस क्षेत्र मे जैनो का महत्व सदैव रहा है।

५४. पनिहारा (अतिशय क्षेत्र)—उपर्युक्त ग्वालियर नगरसे लगभग १५ मील की दूरी पर पनिहार (पन्नीहार) ग्राम है। ग्राम से थोडी दूर चलकर वशाल दिगम्बर जैन मन्दिर है, जिसमे एक भोहरे मे १४४ प्राचीन प्रतिमाये है। इस मन्दिर से एक मील चलकर पहाड़ पर एक और मन्दिर है जिसमे २४ फुट ऊंची ३ प्रतिमाये अति मनोज्ञ हैं।

५५. भिंड—ग्वालियर से ३० मील दूरी पर यह प्रमुख नगर है। यहां कई प्राचीन मन्दिर है जिनमे परेड व बस्ती के मन्दिर प्रमुख हैं। यहां नशिया जी भी है।

५६. सोनागिरि (सिद्धक्षेत्र)—मध्य रेलवे की आगरा कैंट-झासी वाली नार्थ-ईस्ट मेन लाइन पर सोनागिरि स्टेशन है। स्टेशन से लगभग ३ मील की दूरी पर सोनागिरि पर्वत है। यहां से नग अनगकुमार आदि साढ़े पाच करोड मुनि मोक्ष गये है।

यह प्राचीन ऐतिहासिक क्षेत्र है। इसका प्राचीन नाम श्रमणाचल अथवा श्रमणगिरि है। यहां श्रमण भिक्षुओ का निवास होने से इसे श्रमणगिरि प्रख्यात किया गया। श्रमणगिरि का अपभ्रंश ही सोनागिरि है।

पर्वत पर ७७ शिखरयुक्त मन्दिर हैं जिनमे प्राचीन विशाल व अति मनोहर प्रतिमाये विराजमान है। पर्वत पर भगवान चन्द्रप्रभु जी का मन्दिर प्राचीन शैली का है। मन्दिर मे मूलनायक चन्द्रप्रभु स्वामी की १२ फुट ऊची कायोत्सर्ग आसन मे उत्कीर्ण अति मनोज्ञ व सातिशय प्रतिमा है। मन्दिर मे उभय पार्श्वो मे भगवान पार्श्वनाथ व भगवान शीतलनाथ की विशाल मूर्तिया है। मन्दिर के बाहर प्रांगण में विशाल एवं मनोहर मानस्तम्भ है तथा

G.I.

बायीं ओर बाहुबलि स्वामी की मनोज्ञ प्रतिमा विराजमान है। मन्दिर मे गर्भगृह के दो लेखो से प्रगट है कि इस मन्दिर को सन् २७८ में श्री श्रवणसेन कनकसेन ने बनवाया था। पर्वत पर दो चमत्कारिक स्थान है। प्रथम तो नारियल कुंड जो एक शिला में नारियल के आकार का कटा हुआ है और द्वितीय बजनी शिला जिसे बजाने से धातु जैसा स्वर ध्वनित होता है।

पर्वत के नीचे १८ मन्दिर व अनेक धर्मशालाये है। पर्वत की परिक्रमा पक्की बनी हुई है। पर्वत पर जाने के लिए सीढिया बनी है तथा मन्दिरों पर भी संख्या पड़ी है जिससे वन्दना मे सुगमता होती है।

५७ कुरिगवां (अतिशय क्षेत्र)—मध्य रेलवे पर स्थित झासी जक्शन स्टेशन से ३ मील की दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा एक मठ जमीन से निकला है, उसमे एक भोहरा है। इस भोहरे मे १४ वी शताब्दी की कई प्राचीन मूर्तिया है।

५८. ललितपुर—मध्य रेलवे की इटारसी-झासी नार्थ-ईस्ट मेन लाइन पर यह ऐतिहासिक नगर है। यहा एक कोट के अन्दर पाच विशाल मन्दिर है।

५९. सैरोन (अतिशय क्षेत्र)—ललितपुर से १० मील दूर यह ग्राम है। यहा के ६ मन्दिर लगभग १,००० वर्ष प्राचीन है। एक मन्दिर मे भगवान शान्तिनाथ स्वामी की २० फीट ऊची प्रतिमा विराजमान है। यहा खुदाई मे अनेको जैन प्रतिमायें निकली है।

६० चंदेरी—उपर्युक्त ललितपुर नगर से यह स्थान लगभग २० मील की दूरी पर अवस्थित है। यहा तीन प्राचीन मन्दिर है। एक मन्दिर मे अलग अलग चौबीस तीर्थंकरो की अतिशययुक्त प्रतिमायें विराजमान हैं। इन प्रतिमाओ की विशेषता यह है कि जिस तीर्थंकर के शरीर का जो वर्ण था वही वर्ण उन प्रतिमा जी का है। ऐसी प्रतिमायें अन्यत्र नही मिलती। इस चौबीसी को सन १८३६ मे सवाई चौधरी फौजदार हिरदे शाह मरदनसिह के कामदार सवाईसिंह जी ने निर्माण करवाया था।

६१. खन्दार जी—उक्त चंदेरी क्षेत्र से एक मील की दूरी पर यह क्षेत्र है। यहां पहाड़ी की गुफाओ में पत्थर काट कर मूर्तियां बनायी गई हैं जो तेरहवीं से सत्रहवीं शताब्दी के अन्तर्गत हैं। एक प्रतिमा २५ फीट ऊची है। यहा की सभी प्रतिमायें पुरातत्व व कला की दृष्टि से विशेष महत्व रखती हैं।

यहा भट्टारक कमलकीर्ति तथा पद्मकीर्ति के स्मारक सन् १६६० और १६८० के है।

६२ बूढ़ी चंदेरी—उपर्युक्त चन्देरी से ९ मील की दूरी पर यह स्थान है। यहा प्राचीन कलापूर्ण मूर्तिया सैकडो की सख्या मे यत्र तत्र बिखरी पड़ी हैं। शिल्प कला की दृष्टि से यहा के मन्दिर व मूर्तिया अद्वितीय है। प्रत्येक मन्दिर की छत केवल एक पत्थर की है। किसी किसी शिला का परिमाण २०० मन से भी अधिक है'

६३ थूबोन जी—चदेरी से ९ मील की दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। इसका प्राचीन नाम 'तपोवन' है। यहा २५ दिगम्बर मन्दिर है जिसमे सबसे प्राचीन पाडाशाह द्वारा निर्मित काला मन्दिर है जो १६ वी शताब्दी का है।

६४ गुरीलागिरि—यह स्थान चदेरी से ८ मील पूर्वोत्तर है। यहां प्राचीन जैन मन्दिरों के भग्नावशेष है। अनेकों खडित प्रतिमायें इस स्थान के प्राचीन जैन वैभव को बतलाती है।

६५ पंचराई (अतिशय क्षेत्र)—चदेरी से ३८ मील की दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा के २८ मन्दिरो मे लगभग १,००० प्रतिमायें है जिनमे लगभग ५०० अखडित है। इन मन्दिरो में एक मन्दिर पाडाशाह द्वारा ग्यारहवी शताब्दी का निर्मित भगवान शान्तिनाथ स्वामी का है।

६६ टीकमगढ़—मध्य रेलवे की इटारसी-झासी वाली नार्थ-ईस्ट मेन लाइन पर ललितपुर स्टेशन से लगभग ३४ मील की दूरी पर यह अवस्थित है। यह नगर पूर्व मे टीकमगढ़ रियासत की राजधानी भी रहा है। यहा लगभग १९ विशाल जैन मंदिर है।

६७ पपौरा जी (अतिशय क्षेत्र)—उपर्युक्त टीकमगढ नगर से लगभग ३ मील की दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। इसके चारों ओर कोट बना है। कोट मे प्राचीन विशाल ८० दिगम्बर जैन मन्दिर हैं। इनमे एक मन्दिर में सात गज ऊंची प्राचीन प्रतिमा है और भोंहरे के मन्दिर में चतुर्थकाल की सातिशय प्रतिमायें हैं। भोंहरे का मंदिर

सबसे प्राचीन है जो सन् ११४५ में प्रसिद्ध चंदेलवंशीय राजा मदन वर्मनदेव के समय का बना हुआ है।

६८. आहार जी (अतिशय क्षेत्र)—उपर्युक्त टीकमगढ नगर से पूर्व की ओर लगभग १२ मील की दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहां के विषय में ऐसा प्रसिद्ध है कि प्राचीन समय में एक पाणाशाह नामक धनवान जैन व्यापारी थे, उनको नित्य जिनेन्द्र-दर्शन करके ही भोजन करने की प्रतिज्ञा थी। एक दिन उनको व्यापार सम्बन्धी यात्रा में उस तालाब के निकट ठहरना पडा जहा आज आहार जी के मन्दिर है। उस स्थान पर कोई मन्दिर न होने से दर्शन न हुए और उन्होने उपवास करने का निश्चय किया, किन्तु तभी एक मुनिराज का शुभागमन हुआ और उन्होने साक्षात गुरु के दर्शन कर उन्हे आहार दिया और तत्पश्चात स्वयं भोजन ग्रहण किया। इस अतिशयपूर्ण स्मृति को सुरक्षित व स्थान की पवित्रता बनाये रखने के लिए उन्होने वहा जैन मन्दिर निर्माण कराना निश्चित किया। सयोग से वह जो रागा व्यापार के लिए लाये थे, वह भी चादी हो गया। पाणाशाह जी ने उस सम्पूर्ण द्रव्य से यह मन्दिर निर्माण कराये। तभी से यह क्षेत्र अहार जी के नाम से प्रसिद्ध है। इस कथानक के अतिरिक्त यहा से प्राप्त दूसरी शताब्दी के शिलालेखो से भी प्रमाण मिलते है कि पाणाशाह जी ने इस पुरातन तीर्थ का जीर्णोद्धार कर प्रसिद्धि की थी।

वर्तमान मे यहा चार मन्दिर अवशेष है मुख्य मन्दिर मे १८ फीट ऊची भगवान शान्तिनाथ जी की मनोज्ञ प्रतिमा विराजमान है। इस प्रतिमा की प्रतिष्ठा सन ११८० मे गृहपति वश के सेठ जाहड के भाइयो ने कराई थी। यहा और भी अधिक प्राचीन प्रतिमाये व शिलालेख है जो इस तीर्थ के महत्व को स्थापित करती है।

६९. जबलपुर—मध्य रेलवे की इटारसी-जबलपुर वाली मुख्य लाइन पर प्रमुख जक्शन स्टेशन है। यहा लगभग ५० विशाल मन्दिर है। धुंआधार नामक स्थान के निकट भेड़ाघाट में मढिया जी नाम का मन्दिर विशेष प्रसिद्ध है जिसमें चतुर्थकालीन २ मेरु हैं। पहले मेरु में ६२ और दूसरे मे २४ मनोज्ञ प्रतिमायें हैं।

७०. पाटन—जबलपुर से तीन मील की दूरी पर पाटन ग्राम है। यहा कई प्रसिद्ध श्वेताम्बर मन्दिर है जिनमे कई प्राचीन प्रतिमायें है। मन्दिरों की कारीगरी दर्शनीय है।

७१. बाहुरी बंद—जबलपुर से २१ मील की दूरी पर यह ग्राम स्थित है। यहां प्राचीन मन्दिरो के भग्नावशेष यत्र तत्र बिखरे पड़े है। एक मन्दिर मे १२ फुट ऊचा भगवान शातिनाथ स्वामी की सन् १०४३ की प्रतिष्ठित प्रतिमा विराजमान है।

७२. अजयगढ़ (अतिशय क्षेत्र)—नगर मे एक मन्दिर है। आबादी के निकट एक पर्वत पर किला है जिसके द्वार से पार होते ही दीवालस्थ २ शिलाओ मे उत्कीर्ण पद्मासन ५० दिगम्बर मूर्तिया है। इसके पास ही २ कुण्ड और एक तालाब है। तालाब की दीवार में भी प्राचीन प्रतिमाय है। यहा एक मानस्तम्भ भी है।

७३ बीना जी (अतिशय क्षेत्र)—मध्य रेलवे के बीना-कटनी सेक्शन पर सागर स्टेशन से देवरी नामक स्थान है। देवरी से ४ मील की दूरी पर बीना जी अवस्थित है। यहा तीन विशाल व कलापूर्ण दिगम्बर जैन मन्दिर है, इनने एक प्रतिमा भगवान शान्तिनाथ जी की १४ फुट की तथा एक प्रतिमा वर्द्धमान स्वामी की १२ फुट की खड्गासन विराजमान है। एक भोहरे मे बहुत सी प्राचीन प्रतिमायें है।

७४. देवगढ (अतिशय क्षेत्र)—यह क्षेत्र सेंट्रल रेलवे की इटारसी-झांसी वाली नार्थ-ईस्ट मेन लाइन पर स्थित जाखलौन स्टेशन से ८ मील की दूरी पर है। ग्राम का मुख्य आबादी से थोडी दूर चलकर एक पहाड है जिस पर प्राचीन किले के खडहर इतस्तत पडे है। किले के अन्दर असंख्य जैन मूर्तिया खडित अवस्था मे है। यहा ४५ प्राचीन जैन मन्दिर है जो कि लाखो रुपयो की लागत के है। लोकोक्ति के अनुसार इन मन्दिरो को श्री पाणाशाह व उनके अन्य दो भाई सर्व श्री देवपत व खेवपत ने बनवाया था, परन्तु कुछ मन्दिर उनके काल से भी अधिक प्राचीन है। मन्दिर व जैन मूर्तियो के अतिरिक्त लगभग २०० शिलालेख सं० ६१९ से १८७६ तक के हैं, इनमे १५७ ऐतिहासिक लेख है। मन्दिरो के मध्य मे १ बड़ा मन्दिर है, जिसमे एक गुफा मे खड्गासन १५ गज ऊंची

NATIONAL ELECTRICALS

SERVE YOU WELL

DISTRIBUTORS:-

MODERN TRADE CORPORATION

5189/90 SADAR BAZAR, DELHI.6.

भगवान चन्द्रप्रभु की मूर्ति विराजमान है। यहां ८ मानस्तम्भ है। भगवान शान्तिनाथ जी की विशालकाय प्रतिमा भी दर्शनीय है। यहां की एक गुफा सिद्ध-गुफा नाम से प्रसिद्ध है। इस क्षेत्र की मूर्तियां, मन्दिर आदि सभी प्राचीन जैन स्थापत्य-कला की प्रतीक है। यह स्थान उत्तर भारत की 'जैन-बद्री' से भी प्रसिद्ध है। ग्राम में नदी के निकट ही धर्मशाला है।

७५. चांदपुर (अतिशय क्षेत्र)—उक्त देवगढ़ क्षेत्र से ६ मील की दूरी पर यह क्षेत्र है। यहा २ प्राचीन मन्दिर है। एक मन्दिर में भगवान शान्तिनाथ की १४ गज ऊंची प्रतिमा विराजमान है, उसके उभय पार्श्वों मे दो-दो प्रतिमायें सात सात गज ऊची हैं।

७६. कुरगमा (अतिशय क्षेत्र)-मध्य रेलवे की बीना-झांसी लाइन पर जाखलौन स्टेशन से ८ मील की दूरी पर यह क्षेत्र है।

७७. चांदपुर-चंदावर—मध्य रेलवे की बीना-झांसी लाइन पर जाखलौन स्टेशन से ५ मील दूर यह स्थान है। यहा के मन्दिर मे भगवान शान्तिनाथ स्वामी की प्रतिमा विशेष प्राचीन है।

७८ द्रोणगिरि (सिद्धक्षेत्र)—सेंट्रल रेलवे की बीना-कटनी लाइन पर सागर स्टेशन से लगभग २० मील की दूरी पर अवस्थित है। यह क्षेत्र श्री गुरुदत्तादि मुनिराजों की निर्वाण-भूमि है।

इस पहाडी पर २६ प्राचीन दिगम्बर जैन मन्दिर हैं जिनमें ६० प्रतिमायें विराजमान है। पहाडी के दोनों ओर चंद्राक्षा और श्यामरी नामक नदिया बहती हैं। निकट ही एक गुफा है तथा एक चबूतरे पर चरण भी है।

पर्वत के निकट ही सेंदपा नामक ग्राम है। पर्वत की तलहटी में २ धर्मशालायें तथा एक मन्दिर है जिसमे मूलनायक प्रतिमा भगवान आदिनाथ स्वामी की सम्वत् १५४९ की विराजमान है।

७९. नैनागिरि (रेशिंदेगिरि सिद्धक्षेत्र)—यह सिद्धक्षेत्र मध्य रेलवे की बीना-कटनी शाखा लाइन पर स्थित सागर स्टेशन से ३० मील की दूरी पर है। आबादी में ७ दिगम्बर जैन मन्दिर हैं। इनके निकट ही रेशिंदेगिरि पर्वत है जिस पर २५ भव्य जिनालय हैं। यहां पर भगवान पार्श्वनाथ का समवशरण आया था और इसी पुण्य भूमि से वरदत्तादि पाच मुनिराज मोक्ष पधारे थे। पर्वत के मन्दिरों मे सबसे प्राचीन मंदिर १७ वीं शताब्दी का है।

पर्वत के निकट ही एक तालाब है और उसके बीच में एक जैन मन्दिर है। यहा प्रति वर्ष कार्तिकी अष्टानिका के अन्त में मेला होता है।

८०. सिद्धवरकूट (सिद्धक्षेत्र)—पश्चिम रेलवे की अजमेर खडवा लाइन पर सनावद स्टेशन से ६ मील की दूरी पर यह क्षेत्र नर्मदा नदी के निकट अवस्थित है। यहा से दो चक्रवर्ती, दस कामदेव आदि ३½ करोड मुनि मोक्ष गये है।

क्षेत्र के चारो ओर कोट खिचा हुआ है। कोट के अन्दर आठ दिगम्बर मन्दिर है जिनमे अति मनोज्ञ प्रतिमायें हैं। एक मन्दिर पास ही जगल में भी है।

८१. कुण्डलपुर (अतिशय क्षेत्र)—मध्य रेलवे की बीना-कटनी लाइन पर दमोह स्टेशन से २० मील की दूरी पर ईशानकोण में यह क्षेत्र अवस्थित है। ग्राम के निकट ही एक कुण्डलाकार पर्वत है। इस पर्वत और तलहटी में कुल ५९ मन्दिर हैं। पर्वतस्थ मन्दिरों के बीच मे एक बड़ा भारी मन्दिर पहाड काट कर बनाया गया है। इस मन्दिर मे भगवान महावीर की ९ फुट ऊची प्रतिमा पहाड मे उत्कीर्ण है। यह मन्दिर जमीन की सतह से १७ फुट नीचा है। पर्वत के अन्य मन्दिरों में प्राचीन शिलालेख हैं।

यहा भगवान महावीर का समवशरण आया था।

८२. सागर—यह मध्य प्रदेश के प्रमुख नगरो में से है। यहा १६ मन्दिर हैं जिनमे ३ विशेष विशाल व प्राचीन है।

८३. मालथौन (अतिशय क्षेत्र)—सागर से ३८ मील पर यह ग्राम है। यहा के प्राचीन मन्दिर मे १० फुट से २४ फुट तक ऊंची प्रतिमायें विराजमान हैं। एक प्राचीन शिलालेख भी है।

८४. बालाबेट (अतिशय क्षेत्र)—उक्त मालथौन ग्राम से ८ मील यह क्षेत्र है। यहां के मन्दिर में भगवान पार्श्वनाथ की अतिशय कारक २ फुट ऊंची मूर्ति विराजमान है।

८५. **विदिशा**—यह नगर मध्य रेलवे की इटारसी-झांसी वाली नार्थ-ईस्ट मेन लाइन पर स्थित है। यहा एक विशाल दिगम्बर जैन मन्दिर है जो विशेष प्राचीन है। इसके अतिरिक्त कई सुन्दर मन्दिर व चैत्यालय है।

नगर से लगभग ४ मील की दूरी पर उदयगिरि पर्वत तथा सांची का स्तूप ऐतिहासिक दर्शनीय स्थान है। उदयगिरि में २० गुफायें तथा कई मन्दिर हैं। इन गुफाओ मे प्रथम व बीसवी जैन हैं दोनो गुफाओं मे प्राकृत भाषा व ब्राह्मी लिपि मे दो लेख है। दूसरी गुफा के एक आले में दो चरण चिन्ह हैं और दीवालों पर अर्हंत प्रतिमायें (भगवान पार्श्वनाथ आदि) खडितावस्था मे हैं। इस गुफा को गुप्त वंश के राजाओ के समय मे उनके एक जैन सेनापति ने जैन मुनिराजों के लिए निर्माण कराया था। इन प्रमाणो से यह अनुमान किया जाता है कि सभवत यह क्षेत्र ही दसवे तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ जी की जन्मनगरी भद्दिलपुर रही हो।

यहा स्टेशन के निकट ही जैन धर्मशाला भी है।

८६. **खजुराहो**—मध्य रेलवे की इटारसी-झासी वाली लाइन पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा २५ जैन मन्दिर है जिनकी शिल्पकला प्रख्यात है।

यह ऐतिहासिक स्थान है। यह चंदेलवश के राजाओ के समय विशेष उन्नति पर था। जैन मदिरो में 'जैनकाय जी का मन्दिर' विशेष आकर्षक है। इस मन्दिर को सन ६५४ में पाहिला नामक महानुभाव ने दान दिया था।

८७. **रामटेक (अतिशय क्षेत्र)**—दक्षिण-पूर्वी रेलवे की रामटेक नागपुर लाइन पर यह क्षेत्र अवस्थित है। नगर के निकट ही जगल मे विशाल मन्दिर है एक मन्दिर मे १८ फुट ऊची कायोत्सर्ग पीले पाषाण की भगवान शान्तिनाथ की चौथे काल की मनोज्ञ प्रतिमा विराजमान है। ऐसा कहा जाता है कि श्री अप्पा साहब भोसले के राजमन्त्री श्री वर्धमान साव जी श्रावक ने यहा कई मदिर बनवाये थे।

८८. भद्रावती (भांदक)—मध्य रेलवे की वर्धा-विजयवाडा लाइन पर भादक स्टेशन है। भांदक का प्राचीन नाम भद्रावती है। गांव से थोडी दूर एक पहाडी पर तीन ओर गुफायें हैं जिनमे प्राचीन मूर्तिया उत्कीर्ण हैं। इन्हे विंध्यासन की गुफायें कहते हैं। टेकरी पर श्री पार्श्वनाथ मन्दिर है जिसके निकट के सरोवर मे अनेक प्राचीन जैन मूर्तिया प्राप्त हुई हैं। भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा भी स्वप्नादेश पर जमीन से निकाली गई है।

इसके अतिरिक्त भगवान आदिनाथ स्वामी का मदिर है जिसमे शिखर-भाग मे मनोहर चौमुखी प्रतिमा विराजमान है।

८९ मुक्तागिरि-मेंढागिरि (सिद्धक्षेत्र)—मध्य रेलवे की मूर्तजापुर-एलिचपुर लाइन पर एलिचपुर स्टेशन से ६ मील दूर यह क्षेत्र है। यहां से ३॥ करोड मुनि मुक्त हुए हैं।

यह पवत लगभग २ फर्लांग ऊचाई का है। जिस पर सीडिया बनी हैं। ऊपर कई गुफायें हैं जिनमें बहुत सी प्राचीन प्रतिमायें है। गुफाओ के आस पास ३५ मन्दिर हैं जिनमे अधिकाश १६ वी शताब्दी के हैं, किन्तु कुछ मदिर अधिक प्राचीन हैं। यहा से प्राप्त एक ताम्रपत्र से इस क्षत्र का सम्बन्ध सम्राट श्रेणिक बिम्बसार का साथ प्रकट होता है। यहा ४० वें नं० का मन्दिर पर्वत के गर्भ मे खुदा हुआ व प्राचीन है। इस मन्दिर की नक्काशी का काम अति सुन्दर है। स्तभा और छत की रचना अपूर्व है। श्री शान्तिनाथ जी की प्रतिमा दर्शनीय है। यहा कुछ ऊपर चढने पर मेंढगिरि पर्वत है जहा कई मन्दिर हैं। श्री पार्श्वनाथ भगवान का नं० १ का मन्दिर भी प्राचीन और दर्शनीय शिल्प का नमूना है। पार्श्वनाथ स्वामी की प्रतिमा सप्त परम मंडित प्राचीन है। शान्तिनाथ जी के मन्दिर के निकट जलप्रपात भी है।

तलहटी मे भी एक मन्दिर है। इस क्षेत्र पर नित्य केशर की वर्षा होती है।

९० अमरावती—मध्य रेलवे की बडनेरा-अमरावती शाखा लाइन पर यह क्षेत्र अवस्थित है। नगर के चारो ओर कोट है। यहा ५ शिखरयुक्त मन्दिर तथा ७ चैत्यालय हैं। एक मन्दिर मे भोंहरा है। दूसरे प्राचीन मन्दिर मे स्फटिक की १५, पुखराज की एक, चादी की ६, मूगा की १ और हीरा की एक, इस प्रकार रत्नो की ९० प्रतिमायें हैं।

९ परतवाडा—उक्त अमरावती नगर से ३३ मील दूर यह कस्बा है। यहां एक दिगम्बर मन्दिर दर्शनीय है। यहां से ३ मील की दूरी पर सुल्तानपुरा ग्राम मे एक विशाल दिगम्बर मन्दिर व चैत्यालय है। चैत्यालय मे ८ अगुल ऊची मूगा की एक प्रतिमा है।

९२ भातकुली (अतिशय क्षेत्र)—अमरावती से १० मील की दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा तीन मन्दिर व कई चैत्यालय हैं। इनमे श्री ऋषभनाथ जी की प्रतिमा अति मनोज्ञ व सातिशय विराजमान है।

९३ अतरिक्ष-पार्श्वनाथ (अतिशय क्षेत्र)—मध्य-रेलवे की भुसावल-नागपुर लाइन पर अकोला स्टेशन से १६ मील की दूरी पर शिरपुर ग्राम के निकट यह क्षत्र अवस्थित है। शिरपुर मे दो मन्दिर हैं जिनमे एक विशेष प्राचीन है। प्राचीन मन्दिर के एक भोंहरे मे २६ मनोज्ञ प्रतिमायें हैं।

मूलनायक प्रतिमा भगवान पार्श्वनाथ की २½ फुट ऊची श्याम वर्ण की पृथ्वीतल से एक इंच ऊची अधर विराजमान है। इस प्रतिमा के अधर होने से ही यह क्षत्र अन्तरिक्ष नाम से सम्बोधित किया जाता है।

इस क्षत्र को दिगम्बर व श्वेताम्बर समान रूप से पूजते हैं। इसके अतिरिक्त ४ नशिया हैं।

९४ श्री महावीर जी (अतिशय क्षेत्र)—पश्चिम रेलवे की दिल्ली-बम्बई सेंट्रल बाली मेन लाइन पर श्री महावीर जी प्रसिद्ध स्टेशन है। स्टेशन से यह क्षेत्र लगभग ४ मील की दूरी पर है।

यहा विशाल जैन मन्दिर मे भगवान महावीर की अतिमनोज्ञ सातिशय प्रतिमा विराजमान है। यह प्रतिमा एक ग्वाले को जमीन खोदते समय मिली थी। जिस स्थान से प्रतिमा जी प्राप्त हुई थी वहां छतरी के नीचे चरण-चिन्ह अकित किये गये हैं। मन्दिर जी के सामने विशाल मान स्तभ भी बना है।

उपर्युक्त मदिर के निकट ही ब्र० कृष्णाबाई के सदप्रयत्नो से बना हुआ एक और विशाल मन्दिर है जिसमें

भगवान महावीर की मनोज्ञ प्रतिमा विराजमान है। मंदिर जी में बावन चैत्यालयों की सुन्दर रचना उपस्थित की गई है।

९५. सवाई माधोपुर—पश्चिम रेलवे की दिल्ली-बम्बई लाइन पर सवाई माधोपुर जंक्शन स्टेशन है। स्टेशन से लगभग ४ मील की दूरी पर आबादी है। यहां ७ विशाल मन्दिर हैं। कई मन्दिरों में भोंहरे हैं जिनमें सैकड़ों मनोज्ञ प्रतिमायें विराजमान हैं।

९६. चमत्कार जी—उक्त सवाई माधोपुर स्टेशन से २ मील की दूरी पर यह क्षेत्र है। यहां एक विशाल मंदिर व नशियां जी हैं। ऐसा कहा जाता है कि सन् १८४७ में एक स्फटिक मणि की ६ इंच की प्रतिमा एक बाग में मिली थी, उस समय यहां केशर की वर्षा हुई थी।

९७. रणथंभोर—पश्चिम रेलवे की दिल्ली-बम्बई मेन लाइन पर रणथंभोर स्टेशन है। सवाई माधोपुर से यह १० मील दूर है। यहां राजा हम्मीरसिंह का बनवाया १ हजार वर्ष प्राचीन किला है जिसमें अनेक मन्दिरों के

साथ एक जैन मन्दिर भी है। मन्दिर जी में सं० १० की श्वेत पाषाण की एक फुट ऊंची पद्मासन भगवान चन्द्रप्रभु की मूर्ति विराजमान है।

९८. भंडार—रणथंभोर से २४ मील दूर यह स्थान है। यहां एक बड़े कोट में दो मन्दिर हैं उनमें अनेक विशाल प्रतिमायें हैं।

९९. श्री केशवराय-पाटन—पश्चिम रेलवे की बम्बई-दिल्ली लाइन पर कोटा जंक्शन स्टेशन से ५ मील दूर यह नगर अवस्थित है। यहां एक प्राचीन विशाल जैन मंदिर है जिसमें पृथ्वी के अन्दर गुफा में मूर्तियां विराजमान हैं।

१००. चांदखेड़ी (अतिशय क्षेत्र)—पश्चिम रेलवे की बीना-कोटा लाइन पर कोटा जक्शन से ७० मील की दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा सन् १६८९ का प्रतिष्ठित विशाल मन्दिर भूगर्भ मे है। इसमे भगवान ऋषभदेव की ५ फुट ऊंची प्रतिमा तथा उभय पार्श्वों में भगवान शान्तिनाथ की दो प्रतिमायें ७–७ फुट की विराजमान है। इनके अतिरिक्त सैकडों प्राचीन जैन बिम्ब हैं। द्वार के उत्तर भाग मे १० फुट ऊंचा एक कीर्ति स्तभ है जिसके चारों ओर प्रतिमायें उत्कीर्ण हैं।

१०१. बजरंगगढ़ (अतिशय क्षेत्र)—पश्चिमी रेलवे की कोटा-बीना लाइन पर गुना स्टेशन से ५ मील दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा के ३ मन्दिरो में एक पाडाशाह द्वारा निर्मित है जिसमे एक भोंहरे में अनेकों प्रतिमायें हैं। इनमें से कुछ प्रतिमायें धार्मिक विद्वेष से जैनेतर लोगों ने लगभग १०० वर्ष पूर्व विध्वंस कर दीं। सन् ११८१ की प्रतिष्ठित भगवान अरहनाथ व भगवान कुंथुनाथ स्वामी की प्रतिमायें अतिशयुक्त हैं।

१०२. उज्जैन—यह प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थान पश्चिमी रेलवे की नागदा-उज्जैन-भोपाल लाइन पर अवस्थित है। यह प्राचीन अतिशय क्षेत्र है। अवन्तिकापुरी का उज्जैन या उज्जयिनी नाम यहां जैन शासन के समय में ही पड़ा। यहां की श्मशान भूमि में भगवान महावीर ने तपस्या की थी और यहीं पर रुद्र ने उन पर घोर उपसर्ग किया था। कालान्तर में यह स्थान चन्द्रगुप्त की राजधानियों में से रहा। श्रुतकेवली भद्रबाहु यहां पधारे थे।

यहां के प्राचीन खंडहर अब भी यहा के प्राचीन जैन वैभव को बतलाते है।

१०३. इन्दौर—पश्चिम रेलवे की उज्जैन-इन्दौर लाइन पर प्रसिद्ध स्टेशन है।

यह जैनो का प्रमुख केन्द्र है। यहां कई विशाल मंदिर धर्मशालायें तथा अन्य संस्थायें हैं। मन्दिरों मे स्व० दानवीर सेठ हुकमचन्द्र जी का मन्दिर अत्यन्त विशाल व कलापूर्ण है।

१०४. भोपावर—धार नगर से यह स्थान २४ मील है। यहां के विशाल प्राचीन मन्दिर में भगवान शान्तिनाथ स्वामी की १२ फुट ऊंची अति मनोज्ञ प्रतिमा प्रतिष्ठित है। अन्य तीर्थंकरों व गणधरों की प्राचीन प्रतिमायें है।

१०५. बखसी पार्श्वनाथ (अतिशय क्षेत्र)—पश्चिमी रेलवे की नागदा-भोपाल वाली लाइन पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा एक मन्दिर है जिसमें मूलनायक प्रतिमा पद्मासन श्याम वर्ण ३½ फुट ऊंची सफल पार्श्वनाथ स्वामी की विराजमान है। इस प्रतिमा की पूजा वगैरह दिगम्बर व श्वेताम्बर भाई समान रूप से करते हैं। उभय पार्श्वों में श्वेताम्बरीय प्रतिमायें विराजमान हे।

इस मंदिर के चारो ओर ५२ देवरी और बनी हुई है जिनमें ५२ दिगम्बर जैन प्रतिमायें मूलसंघी शाह जीवराज पा.डीवाल द्वारा प्रतिष्ठित विराजमान हैं।

१०६. उदयपुर—यह ऐतिहासिक नगर पश्चिम रेलवे पर स्थित है। यहा कई कलापूर्ण मंदिर व चैत्यालय है।

१०७. जयपुर—पश्चिम रेलवे की अहमदाबाद-दिल्ली लाइन पर यह प्रसिद्ध ऐतिहासिक व वर्तमान राजस्थान राज्य का मुख्य नगर स्थित है।

यहां के प्राचीन कलापूर्ण जैन मन्दिर दर्शनीय है।

१०८. आमेर-अम्बर—यह स्थान जयपुर से ५ मील दूर है। जयपुर राज्य की प्राचीन राजधानी यही थी। यहां अनेक विशाल व कलापूर्ण जैन मन्दिर हैं।

१०९. सांगानेर—पश्चिमी रेलवे की अहमदाबाद-दिल्ली वाली लाइन पर सांगानेर स्टेशन अवस्थित है। यह नगर जयपुर से लगभग ८ मील की दूरी पर है। यहां सात प्राचीन दिगम्बर जैन मन्दिर हैं जिनमें अनेक प्राचीन प्रतिमायें हैं। इन मन्दिरों की चित्रकारी अनूठी है।

११०. अजमेर—पश्चिमी रेलवे की अहमदाबाद-दिल्ली लाइन पर प्रसिद्ध नगर है। चौहान राजा अजयपाल ने इस नगर को बसाया था और अपनी राजधानी बनाया था। उसके अनन्तर भी चहान राजाओं की राजधानी रहा। इन चौहान राजाओं में पृथ्वीराज द्वितीय और सोमेश्वर जैन धर्म के पोषक थे। यहां मूल संघ के भट्टारकों की गद्दी भी रही है।

नगर में १५ शिखरयुक्त मंदिर और कई चैत्यालय है। सेठ टीकमचन्द्र भागचन्द्र जी सोनी की नशियां विशेष कलापूर्ण है, यह तीन मंजिल की बनी हुई है। पहली मंजिल में अयोध्या और समवशरण की रचना अत्यन्त सुन्दर है, दूसरी मे स्फटिक व माणिक आदि की प्रतिमायें है तथा तीसरी मंजिल में उत्सव आदि की सजावट का सामान है।

१११. पुष्कर—अजमेर से ७ मील दूर यह स्थान है। पश्चिमी रेलवे द्वारा चलने वाली आउट एजेंसी बसो से यहा आया जा सकता है। यहां भी कई प्राचीन मंदिर हैं जिनमें मनोज्ञ प्रतिमायें हैं।

११२. सूमेक (अतिशय क्षेत्र)—आसलीन स्टेशन से ४ मील कच्चे पहाड़ी मार्ग की दूरी पर यह स्थित है। यहा पर्वत पर एक छतरी बनी है जिसमें १½ हजार वर्ष प्राचीन शान्ति नाथ भगवान के चरण-चिह्न हैं।

११३. चूलेश्वर (अतिशय क्षेत्र)—पश्चिमी रेलवे की अजमेर-खंडवा (मालवा सेक्शन) वाली लाइन पर चित्तौड़ गढ़ स्टेशन से २८ मील दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहां पहाड़ के नीचे तथा ऊपर एक एक मंदिर हैं। ऊपर के मंदिरमें २ फुट ऊंची भगवान पार्श्वनाथ की एक प्रतिमा बालूकी बनी हुई है।

इस स्थान पर भ० पार्श्वनाथ स्वामी का समवसरण आया था।

११४. नीमच—पश्चिम रेलवे की अजमेर-चित्तौड़गढ़ रतलाम-खंडवा (मालवा-सेक्शन) वाली छोटी लाइन पर अवस्थित है। यहां एक सुन्दर दिगम्बर जैन मन्दिर हैं।

११५ बिजौलिया पार्श्वनाथ (अतिशय क्षेत्र)—उपर्युक्त नीमच स्टेशन से लगभग ६८ मील दूरी पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहां २ दिगम्बर जैन मंदिर है, एक मे अन्य मूर्तियों के अतिरिक्त १ फुट ऊंची स्फटिक पाषाण की भगवान चन्द्रप्रभु की अति मनोज्ञ पद्मासन प्रतिमा विराजमान है, दूसरे मदिर मे एक देहरी है जिस मे २३ प्रतिमायें उत्कीर्ण की गई हैं दर्शनीय हैं। दो मानस्तंभ भी हैं, जिन पर प्राचीन शिला लेख हैं। चारो ओर दीवालो पर मुनियो की प्रतिमा उत्कीर्ण हैं। मदिर के निकट ३० फुट लम्बा चौडा और २१ फुट गहरा एक जल कुंड है।

११६. पावागिरि ऊन (सिद्धक्षेत्र)—पश्चिमी रेलवे की अजमेर-खडवा वाली छोटी लाइन (मलावा-सेक्शन) पर सनावद स्टेशन से बस द्वारा खरगौन जाकर २ मील आगे यह क्षेत्र अवस्थित है। यहा से सुवर्णभद्र आदि चार मुनिराजो ने मोक्ष प्राप्त किया, एतदर्थ सिद्धक्षेत्र है।

यह क्षेत्र लगभग १७-१८ वर्ष से प्रकाश मे आया है। यहा के मदिर आदि जमीन के अदर धस गये थे। आबादी से दक्षिण की ओर एक छोटे से टीले पर एक विशाल प्राचीन जैन मदिर है। इस मदिर मे सन १२०६ की प्रतिष्ठित भ० शान्तिनाथ की १५ फीट ऊंची बीच मे तथा उभय पार्श्वो मे ११-११ फीट ऊंची भगवान कुंथनाथ व अरहनाथ की कृष्ण पाषाण खड्गासन प्रतिमाये महामनोज्ञ और सागोपाग विराजमान हैं। इस मदिर जी के गर्भगृह मे इतनी मिट्टी जमा हो गई थी कि सिर्फ मूलनायक प्रतिमा का मुख ही दिखलाई देता था। निकट ही नदी होने से यह सर्वथा निर्भ्रांत है कि यह वही सिद्धक्षेत्र पावागिरि है जिसके विषय मे निर्वाणकाण्ड मे उल्लेख है।

११७ बड़वानी—पश्चिम रेलवे की अजमेर-चित्तौड़गढ खडवा वाली छोटी लाइन (मलावा-सेक्शन) पर अजनोद स्टेशन से लगभग १२ मील दूरी पर यह नगर अवस्थित है। नगर के बीच मे एक किला है जिसके निकट एक धर्मशाला व प्राचीन मदिर है।

११८. चूलगिरि-बावनगजा (सिद्धक्षेत्र)—उपर्युक्त बड़वानी नगर से दक्षिण की ओर लगभग ५ मील की दूरी

पर चूलगिरि पर्वत है। यहा से इन्द्रजीत और कुम्भकर्ण आदि ५½ करोड मुनिराजो को मुक्ति प्राप्त हुई, अतएव यह सिद्धक्षेत्र है। पर्वत पर २२ दिगम्बर जैन मदिर व एक चैत्यालय है।

एक मदिर मे पहाड मे उत्कीर्ण बावनगजा नामक ८४ फुट ऊची भगवान आदिनाथ स्वामी की विशाल प्राचीन प्रतिमा है। ऐसा भी मत है कि यह प्रतिमा कुम्भकरण की है। इस प्रतिमा जी के ऊपर पीछे की ओर एक दालान मे मध्य मे भगवान चन्द्रप्रभु तथा उभयपार्श्वो मे चरण-चिह्न विराजमान है। नीचे के मदिर की दो वेदियो मे क्रमश शान्तिनाथ कुथनाथ, अरहनाथ व मल्लिनाथ स्वामी और नेमिनाथ जी की विराजमान है। अन्य मदिरो मे भ० मल्लिनाथ भ०चन्द्रप्रभु, भ० मुनिसुव्रत नाथ आदि तीर्थंकरो की प्रतिमाये विराजमान हैं जिनमे अधिकाश यही जमीन के अन्दर से खुदाई मे प्राप्त हुई थी। कई मदिरो के भग्नावशेष भी पाये जाते हैं। एक छतरी मे तीन प्रतिमायें कुदकुदाचार्य आदि की विराजमान है।

११९ नागपुर—यह मध्य रेलवे पर प्रसिद्ध जक्शन स्टेशन है। यहा के अनेक मदिरो मे सैकडो प्राचीन और अर्वाचीन प्रतिमायें विराजमान हैं।

१२० कारजा (अतिशय क्षेत्र)—यहा एक प्राचीन विशाल मदिर व भट्टारको की गद्दिया है। मन्दिर मे धातु व पाषाण की प्राचीन अर्वाचीन सैकडो प्रतिमायें है। एक मन्दिर म सवधातुमयी सहस्त्रकूट चैत्यालय है। अन्य मदिरो मे नदीश्वर द्वीप सम्बन्धी ५२, पचमेरु की ८० तथा अनेक प्रतिमायें हैं। ब्रह्मचर्याश्रम के भवन के ऊपरी व भूगर्भ भाग मे चैत्यालय हैं। भूगर्भ चैत्यालय मे मूगा की ४, चांदी की ३, सोने की १ गरुणमणि की १, स्फटिक की ४ व नीलमणि की १, इस प्रकार कुल १४ रत्नमय प्रतिमायें है। चैत्यालय के सामने विशाल मानस्तम्भ है।

१२१. रायपुर—वह मध्य रेलवे पर प्रसिद्ध स्टेशन है।

यहा के शिखर युक्त मदिर मे स्फटिक मणि की अनेक प्राचीन प्रतिमाये हैं।

पश्चिम-भारत

१२२ आबू पर्वत—पश्चिम रेलवे की अहमदाबाद दिल्ली लाइन पर स्थित आबू रोड स्टेशन से आबू पर्वत लगभग १७ मील दूरी पर है। यह पर्वत १४ मील लम्बा और २०४ मील चौडा है।

आबू के सिविल स्टेशन से एक मील उत्तर पहाड पर दिलवाडा (देलवाता) मे पांच श्वेताम्बर जिन मन्दिर है। यह मन्दिर अपनी उत्कृष्ट कारीगरी के लिये विश्व-विख्यात हैं।

यहा मध्य मे चौमुखा मन्दिर है जिसमें भगवान ऋषभ देव की चतुर्मुख मूर्ति है। पश्चिम मे राजा भीम देव के सेनापति विमल शाह द्वारा सम्वत् १०८८ मे बनवाया गया मन्दिर है जिसमें भगवान पार्श्वनाथ की मूलनायक प्रतिमा विराजमान है। इसके निकट ही लवणवसही मे राजा वीर धवल के मत्री वस्तुपाल तेजपाल द्वारा सम्वत् १२८७ में बनवाया गया मन्दिर है जिसमे भगवान नेमिनाथ स्वामी की मूर्ति विराजमान है। इस मदिर के गर्भगृह के उभय पार्श्वो मे दौरानी जिठानियो द्वारा निर्मित दो सुन्दर आले बने हैं। इन दोनों मन्दिरो मे सगमरमर की बारीक कारीगरी दर्शनीय है। उपर्युक्त दोनो मदिरो के बीच मे एक दिगम्बर जैन मन्दिर भी है जिनमे २२ जिनबिम्ब विराजमान हैं। इसके अतिरिक्त एक बड़ा मंदिर श्री आदि नाथ स्वामी का है। जिसकी प्रतिष्ठा सम्वत् १४९४ मे ईडर के भट्टारक द्वारा हुई थी।

यहा कई जैन धर्मशालाए है जहा ठहरने वगैरह की समुचित व्यवस्था है।

१२३ अचलगढ़—आबू रोड स्टेशन से लगभग ६ मील की दूरी पर यह क्षेत्र है। यहा चारो ओर पर्वत का कोट है जिसमे ४ विशाल श्वेताम्बर मंदिर है। इनमे चौमुख जी के मंदिर की मुख्य मूर्ति पचधातु की १२० मन की है। निकट ही भगवान नेमिनाथ जी का मंदिर है। इसमे २४ वेदियां हैं। मदिर जी के समीप दो कुड हैं और थोड़ी दूर पर भरतहरि गुफा है।

१२४ केशरियानाथ जी—आबू के निकट यह क्षेत्र अवस्थित है। यहां अत्यन्त विशाल व प्राचीन मदिर है। इसमे भगवान ऋषभदेव की प्रतिमा विराजमान है। यहा हाथी पर मर्जमाल के ऊपर मनूदेवी की मूर्तियां अवस्थित है।

१२५ कुम्भरिया—आबू रोड से थोडी दूर पर यह ग्राम स्थित है। यहां विमलशाह के बनवाये हुये पांच विशाल कलापूर्ण मन्दिर हैं।

१२६. जीरावल्ली—आबू से १० मील पश्चिम में यह स्थान है। यहां के मुख्य मंदिर में पार्श्वनाथ जी की २ मूर्तियां हैं। प्राचीन मूर्ति मुसलमान शासनकाल में कुछ भग्न हो गई है।

१२७. भीलड़ी—पश्चिम रेलवे के पालनपुर कंडला लाइन पर पालनपुर से २८ मील दूर यह स्टेशन है। ग्राम के पश्चिम में एक भूगर्भ स्थित मंदिर है। इसमें भगवान पार्श्वनाथ की प्राचीन मूर्ति है। यहां अन्य प्रतिमायें भी बड़ी प्राचीन है।

१२८. कसाली—भीलड़ी से ६ मील पर यह गांव है। यहां भगवान ऋषभदेव का प्राचीन विशाल मंदिर है।

१२९. रामसेठा—भीलड़ी से २४ मील दूर यह ग्राम है। यहां के जैन मंदिर में जो मूर्ति है। उसके साथ ११वीं शताब्दी का शिलालेख है। नगर के पश्चिम भूगर्भ-मंदिर में ४ सुन्दर मूर्तियां हैं।

१३०. थराद—भीलड़ी से १७ मील दूर देवराज स्टेशन से पास ही यह नगर है। इसका प्राचीन नाम स्थिरपुर है। यहां पहले विशाल जैन मंदिर था जो काल दोष से अदृश्य हो गया है। यहां भूमि की खुदाई पर प्राचीन मूर्तियां प्रायः मिलती हैं। यहां के वर्तमान मंदिर में खुदाई में मिली पञ्चधातुमयी मूर्तियां प्रतिष्ठित हैं।

१३१. मोरोल—थराद से यह स्थान १० मील है। यहां के विशाल मंदिर में श्री नेमिनाथ स्वामी की मूर्ति विराजमान है।

१३२. तालनपुर (अतिशय क्षेत्र)—यहां कई विशाल मंदिर हैं। दोनों श्वेताम्बर व दिगम्बर मंदिरों में जमीन से निकली हुई प्रतिमायें विराजमान हैं। इनमें से एक प्रतिमा भ० मल्लिनाथ की अतिमनोज्ञ है।

१३३. बड़ौदा—पश्चिम रेलवे की बड़ौदा अहमदाबाद लाइन पर स्थित है।

यहां कई श्वेताम्बर मंदिर हैं जिनमें अति मनोज्ञ प्रतिमायें विराजमान हैं।

१३४. अहमदाबाद—यह औद्योगिक और गुजरात राज्य का प्रमुख नगर पश्चिम रेलवे की बड़ौदा-अहमदाबाद लाइन पर स्थित है। यहां कई प्राचीन व कलापूर्ण मंदिर है। रामदास की पोल वाले मदिर में दो भोंहरे हैं। जिनमे अनेक अत्यन्त प्राचीन प्रतिमायें हैं।

१३५. शत्रुंजय पालीताना (सिद्धक्षेत्र)—पश्चिम रेलवे की सिहोर पालीताना छोटी लाइन पर यह क्षेत्र अवस्थित है। यहां से तीन पाडव कुमार, युधिष्ठिर, अर्जुन व भीम द्रविण देश के राजा तथा अन्य ८ करोड़ मुनि मोक्ष पधारे है, अतः यह सिद्धक्षेत्र

नगर से शत्रुंजय अथवा सिद्धाचल लगभग ३, ३½ मील की दूरी पर है। पर्वत के दोनों शिखरो के चारो ओर परकोटा है। परकोटे के साथ ही पाडव कुमारो की खड्गासन मूर्तिया हैं। परकोटे के अन्दर ३,५०० श्वेताम्बर मंदिर अपूर्व शिल्प चातुर्य से परिपूर्ण हैं। इनमे भ० आदिनाथ, सम्राट कुमारपाल विमलशाह, और चतुर्मुख मंदिर विशेष हैं। चौमुख मदिर में १२५ मनोज्ञ मूर्तिया हैं। यहां के ८ मंदिरों की शिल्प-कला विश्व ख्याति प्राप्त है।

रतनपोल के पास एक दिगम्बर जैन मन्दिर फाटक के भीतर है।

नगर में श्वेताम्बर व दिगम्बर दोनो के मन्दिर व धर्मशालायें हैं।

१३६. झालरापाटन—यहां १२ शिखर युक्त मंदिर तथा कई चैत्यालय हैं। इनमें से एक मंदिर शहर के बाहर ईसा की दसवीं शताब्दी का बना हुआ पद्मनाथ स्वामी के नाम से प्रसिद्ध है। इसी मंदिर की ईशान दिशा में लगभग सन १०४३ के समय का लाखों रुपयों की लागत का विशाल मन्दिर है जिसमें ११ फुट ऊंची भगवान शांतिनाथ जी की खड्गासन प्रतिमा है। यह प्रतिमा जी जो कि सन १०४६ की प्रतिष्ठित हैं जमीन में से प्राप्त हुई थी।

१३७. शङ्खेश्वर पार्श्वनाथ—शत्रुंजय से दसमील दूरी पर यह स्थान है। यहां का जैन मंदिर विशाल है। मुख्य मंदिर के समीप मंदिरों का एक समूह है, जिनमें विभिन्न तीर्थंकरों की मूर्तियां हैं। मुख्य मंदिर में पार्श्वनाथ स्वामी की मूर्ति है जिन्हें शङ्खेश्वर पार्श्वनाथ कहते हैं। मन्दिर नवीन हैं किन्तु प्रतिमा अत्यन्त प्राचीन है। पुराने मंदिर के नष्ट हो जाने पर नवीन मंदिर बनवा कर उसमें मूर्ति की प्रतिष्ठा हुई है।

१३८, भाव नगर—पश्चिम रेलवे की भाव नगर सुरेन्द्र नगर लाइन पर स्थित है। यहां कई विशाल मंदिर हैं। जिनकी स्थापत्य कला दर्शनीय है।

